# आज

आज ३.००
तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

गौरवशाली परंपरा का १०७ वाँ वर्ष






वाराणसी, शनिवार ३ अक्तूबर, २०२६ सौर १७, आश्विन कृष्ण ७, २०८३ वि.। | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज ( रीवा संस्करण ), कानपुर ( झांसी संस्करण ), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना ( कोलकाता संस्करण ), रांची ( धनबाद संस्करण ) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये


## बापूकी अहिंसा, शास्त्री के संकल्पको नमन

नयी दिल्ली (आससे)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर गुरुवार को देश ने दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति



सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने राजघाट पर बापू को नमन किया। प्रधानमंत्री ने विजय घाट पहुंचकर शास्त्री जी को भी श्रद्धांजलि दी। राजघाट पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गांधी जी का जीवन सत्य, अहिंसा, करुणा और सेवा का संदेश देता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन (शेष पृष्ठ ९ पर)

# गोल्डेन डे : भारतने लिखी सुनहरी इबारत

### महिला हाकीमें ४४ साल बाद स्वर्ण, मुक्केबाजीमें स्वर्णिम हैटट्रिक, पहलवान सुजीतने जीता सोना, महिला तीरंदाजोंने भी स्वर्ण पर साधा निशाना

**एशियाई खेल**

नागोया (आससे)। भारतीय महिला हाकी टीम ने ४४ साल बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर ओलम्पिक के लिये क्वालीफाई किया जबकि मुक्केबाजों, तीरंदाजों और पहलवान सुजीत कलकल ने अपेक्षा से बेहतर प्रदर्शन करते हुए एशियाई खेलों में शुक्रवार को छह स्वर्ण पदकों के साथ भारत को पदक तालिका में शीर्ष पांच में पहुंचा दिया। भारत को आज कुल १० पदक मिले। भारत अब १६ स्वर्ण, २५ रजत और ३५ कांस्य समेत ७६ पदक जीत चुका है। भारत के पदक चौथे स्थान पर काबिज उजबेकिस्तान (६५) से अधिक हैं लेकिन स्वर्ण की गिनती में पीछे है। हाकी में भारतीय महिलाओं ने चीन को १-० से हरा कर पीला तमगा हासिल किया। इससे पहले दिल्ली एशियाई खेलमें पहली बार शामिल किये गये महिला हाकी में भारत ने स्वर्ण जीता था। भारत के लिए विजयी गोल १०वें मिनट में लालरेम्सियामी ने दागा और अपने २००वें मैच को यादगार बना दिया। वहीं तीरंदाजी में अंकिता भकत, कीर्ति शर्मा और १७ वर्ष की कुमकुम मोहोद ने फाइनल में दस बार की ओलम्पिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को ५-३ से हराकर महिला रिकर्व टीम का स्वर्ण जीता। रिकर्व टीमों के इस शानदार प्रदर्शन से पहले भारतीय कंपाउंड तीरंदाज सभी टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदकों पर कब्जा कर चुके हैं। भारत ने तीरंदाजी में अब तक कुल सात पदक जीत लिए हैं, जिनमें चार स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य शामिल हैं। इसके बाद कुमकुम ने धीरज बोम्मादेवरा के साथ मिलकर मिश्रित रिकर्व टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय जोड़ी को फाइनल में चीन के खिलाफ ३-५ से हार का सामना करना पड़ा। दिन का समापन पुरुष रिकर्व टीम (शेष पृष्ठ ९ पर)




## महाराष्ट्र : ट्रक-पिकअप वैनमें टक्कर, सातकी मौत

अमरावती (एजेंसी)। महाराष्ट्र के अमरावती जिले में समृद्धि हाईवे पर शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से पिकअप वैन को टक्कर मार दी। हादसे में सात लोगों की मौत हो गयी जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, पिकअप में श्रद्धालु देवी दुर्गा की प्रतिमा लेकर जा रहे थे। पिकअप की रफ्तार कम थी और उसके पीछे ट्राली लगी हुई थी। इसी दौरान पीछे से आये तेज रफ्तार ट्रक ने ट्राली को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रॉली पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव का काम शुरू किया। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। सभी घायलों को इलाज के लिए वर्धा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, पिकअप की कम रफ्तार और पीछे लगी ट्राली के कारण ट्रक ड्राइवर का अंदाजा चूक गया, जिससे यह हादसा हुआ।

# ज्ञानेश कुमारके खिलाफ देशभर में विपक्षका विरोध-प्रदर्शन

### ७०० से अधिक प्रदर्शनकारी गिरफ्तार, मांगा मुख्य चुनाव आयुक्तका इस्तीफा




नयी दिल्ली (आससे)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जंतर-मंतर पर शुक्रवार को हुए प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने करीब 700 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। प्रदर्शन स्थल और आसपास के इलाकों में इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी गईं। हिरासत में लिए गए लोगों में आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज, संजीव झा, आतिशी और संजय सिंह के अलावा विभिन्न छात्र संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हैं। विपक्षी राजनीतिक दलों तथा एआईएसए, एसएफआई, एनएसयूआई समेत अन्य छात्र संगठनों के सदस्य मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं (शेष पृष्ठ ९ पर)

## मुंबईमें सीजेपीका प्रदर्शन

मुंबई (आससे)। कॉकरोच जनता पार्टी ने शुक्रवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे के लिए प्रदर्शन किया। इस दौरान स्टेज पर मौजूद सभी लोग गांधी जी की फोटो वाली टी-शर्ट पहनकर पहुंचे। इससे पहले सीजेपी ने 19 जून से 25 जुलाई तक दिल्ली के जंतर-मंतर पर धर्मेंद्र प्रधान (पूर्व शिक्षा मंत्री) के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। 36 दिन के विरोध के बाद प्रधान ने इस्तीफा दे दिया था। (शेष पृष्ठ ९ पर)

# भारतकी स्वाधीनताका मंत्र था खादी-मुख्यमंत्री

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर प्रदेशवासियों को उपहार दिया। उन्होंने कहा कि खादी भारत की स्वाधीनता का मंत्र है, प्रदेश सरकार ने खादी के वस्त्रों पर 30 जनवरी 2027 तक 25 फीसदी की छूट उपलब्ध कराई है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि हर व्यक्ति खादी को जीवन का हिस्सा बनाकर कारीगरों, हस्तशिल्पियों व बुनकरों के हुनर को सम्मान दे। सीएम योगी ने एनेक्सी स्थित पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि दी। उन्होंने इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भी याद किया। सीएम योगी ने कहा कि भारत की स्वाधीनता के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आज 157वीं तथा सादगी, सज्जनता के लिए प्रसिद्ध भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती है। बापू का 'स्वदेशी से स्वावलंबन' भारत की आजादी का मंत्र बना था। आजादी का जो आंदोलन पहले बिखरा था, वह बापू के नेतृत्व में जनांदोलन बना। जिसके कारण ब्रिटिश हुकूमत को भारत छोड़कर भागने को मजबूर होना पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी जी का आत्मनिर्भरता (शेष पृष्ठ ९ पर)



**३० जनवरी तक खादी वस्त्रोंकी खरीदपर २५ प्रतिशत की छूट**

# बलिया : जिउतिया व्रतपर मड़ुआ की रोटी खानेसे ५२ महिलाएं बीमार

### जिलाधिकारीने दिये जांचके आदेश

बलिया (ह.स.)। बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के ग्राम चोकन और आसचौरा गांव में जिउतिया व्रत की तैयारी के दौरान मड़ुआ के आटे से बनी लिट्टी-रोटी खाने के बाद करीब ५२ लोगों की तबीयत बिगड़ गई। जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल है। उल्टी, पेट दर्द, चक्कर और शरीर में झटके की शिकायत होने पर परिजन आनन-फानन में मरीजों को बांसडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर कुछ मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं इसकी जानकारी होते विधायक केतकी सिंह, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी जिला अस्पताल पहुंच गए और मरीजों का हालचाल जाना। ग्रामीणों के अनुसार, शुक्रवार सुबह जिउतिया व्रत की तैयारी के तहत महिलाओं ने स्नान-ध्यान के बाद सोनू वर्मा की दुकान से मड़ुआ का आटा खरीदा था। इसी आटे से घरों में लिट्टी-रोटी तैयार की गई। भोजन करने के कुछ ही देर बाद अलग-अलग घरों में महिलाओं और बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। बीमार लोगों में पिंकी पत्नी पिंटू (26), पुष्पा पत्नी विश्वनाथ (33), शिवम पुत्र अवधेश (10), फूलमती पत्नी राजेश राम (40), सुनीता पत्नी उमेश (36), देवा पुत्र अवधेश (9), सुमन पत्नी प्रमोद (32) और रंजिता वर्मा पत्नी श्यामनंदन वर्मा (35) समेत (शेष पृष्ठ ९ पर)








## यूपी कांग्रेसकी कमान आराधना मिश्रा को

नयी दिल्ली (आससे.)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस में संगठनात्मक बदलाव को लेकर चल रही अटकलों पर शुक्रवार को विराम लग गया। कांग्रेस अध्यक्ष ने रामपुर खास की विधायक एवं कांग्रेस विधायक दल की नेता

### अजय राय की छुट्टी

आराधना मिश्रा 'मोना' को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। सहारनपुर से लोकसभा सदस्य इमरान मसूद को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी ने देवेंद्र निषाद और आलोक प्रसाद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की ओर से जारी नियुक्ति पत्र में मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें पद से हटाने की पुष्टि की गई है।

# गांधी विरोधियोंको सत्ता से करेंगे बाहर-अखिलेश

लखनऊ (आससे.)। अखिलेश यादव ने गांधी जयंती पर भाजपा पर निशाना साधते हुए कई राजनीतिक आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि गांधी के विचारों के विरोधी सत्ता में हैं और संविधान की रक्षा के लिए उन्हें हटाना जरूरी है। वादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ समेत सभी जिला व महानगर कार्यालयों पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई। प्रदेश सपा मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य एवं अहिंसा के रास्ते पर (शेष पृष्ठ ९ पर)

## हनुमान चालीसा पढ़ता रहा, हिम्मत मिलती रही

नयी दिल्ली (आससे.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्लाईदुबई के पायलट स्मित मच्छार से फोन पर बात कर उनके साहस की सराहना की और कहा कि पूरा देश उनके लिए प्रार्थना कर रहा है। हमले के दौरान घायल होने के बावजूद विमान में सवार 170 यात्रियों की जान बचाने के लिए डटे रहे स्मित ने प्रधानमंत्री को बताया कि संकट की उस घड़ी में वह हनुमान चालीसा पढ़ते रहे, जिससे उन्हें हमलावर से लड़ने की हिम्मत और हौसला मिला। स्मित ने प्रधानमंत्री को बताया कि को-पायलट की ओर से जानलेवा हमला किए जाने के दौरान उन्हें एहसास था कि यदि उन्होंने साहस (शेष पृष्ठ ९ पर)

## तरनतारनमें दो पाकिस्तानी घुसपैठिये ढेर

तरनतारन (एजेंसी)। भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर खालड़ा क्षेत्र में गुरुवार देर रात घुसपैठ की बड़ी कोशिश को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने नाकाम कर दिया। राजोके बीओपी के पास भारतीय क्षेत्र में दाखिल होने का प्रयास कर रहे दो घुसपैठियों को बीएसएफ जवानों ने मार गिराया। दोनों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। घटना के बाद शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात करीब 12.35 बजे राजोके बीओपी पर तैनात बीएसएफ जवानों को सीमा पार से संदिग्ध गतिविधि महसूस हुई। नाइट विजन कैमरों के माध्यम से निगरानी करने पर जवानों ने पाकिस्तान की तरफ से तीन से चार संदिग्ध व्यक्तियों को भारतीय क्षेत्र की ओर बढ़ते देखा। (शेष पृष्ठ ९ पर)

# वोटर लिस्टसे नाम हटाये गये तो वापस जुड़वायेंगे

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस ने शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-भारतीय जनता पार्टी पर निर्वाचन प्रणाली पर नियंत्रण का आरोप लगाया और कहा कि वह यह सुनिश्चित करेगी कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत जिन मतदाताओं के नाम अवैध रूप से हटाए गए हैं, उन्हें फिर से मतदाता सूची में शामिल किया जाए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि एक प्रमुख आर्थिक समाचार पत्र में प्रकाशित विश्लेषण के अनुसार, एसआईआर के बाद 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाताओं की संख्या घटकर 2015 के स्तर के करीब पहुंच गई है। उनके मुताबिक, इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाताओं की संख्या 2015 में 81.7 करोड़ से बढ़कर एसआईआर शुरू होने से पहले करीब 95 करोड़ हो गई थी, लेकिन (शेष पृष्ठ ९ पर)

**चुनाव प्रणालीपर आरएसएस-भाजपाका नियंत्रण-कांग्रेस**

# अंतरिक्षमें भारतने कायम की बादशाहत

हैदराबाद (एजेंसी)। भारत ने ऐसा पहला एआई सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजा है, जो सिर्फ तस्वीरें खींचकर धरती पर नहीं भेजेगा, बल्कि उनका एनालिसिस भी स्पेस में ही करेगा। इससे बॉर्डर निगरानी और आपदा में मदद मिलेगी। साथ ही तस्वीरों और डेटा को धरती तक भेजने में लगने वाला समय और खर्च कम होगा। हैदराबाद की कंपनी टेकमीटूस्पेस का एमओआई-1ए सैटेलाइट स्पेसएक्स के ट्रांसपोर्टर-18 मिशन से रात 11.48 बजे लॉन्च किया गया। कंपनी के मुताबिक यह भारत का पहला ऑर्बिटल कंप्यूटिंग सैटेलाइट है। अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और चीन के बाद भारत ऐसी क्षमता वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है। अभी सैटेलाइट से मिलने वाला डेटा पहले धरती पर भेजा जाता है। इसके बाद उसकी जांच और विश्लेषण होता है। नए सैटेलाइट में यह काम अंतरिक्ष में ही किया जा सकेगा। कंपनी टेकमीटूस्पेस के सीईओ रौनक कुमार सामंत राय के मुताबिक अगर किसी सैटेलाइट ने 300 जीबी डेटा जुटाया है और उसमें से केवल 5 जीबी जानकारी काम की है तो एआई जरूरी डेटा की पहचान करके वही जानकारी धरती पर भेज सकता है। इससे डेटा ट्रांसफर का समय और खर्च कम होगा। इस तकनीक का इस्तेमाल बाढ़, जंगलों, फसलों, खनन क्षेत्रों और सीमा या जमीन की निगरानी में किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, बाढ़ की स्थिति में सैटेलाइट तस्वीरों से यह पता लगा सकता है कि पानी कितने इलाके में फैला है और फिर जरूरी जानकारी ही धरती पर भेज सकता है। टेकमीटूस्पेस के फाउंडर और सीईओ रौनक कुमार, जिन्होंने 2023 में कंपनी की शुरुआत की थी। टेकमीटूस्पेस के फाउंडर और सीईओ रौनक कुमार, जिन्होंने 2023 में (शेष पृष्ठ ९ पर)



**एआई सैटेलाइट लांच करने वाला चौथा देश बना**








गांधी-शास्त्री जयंती पर विचार व्यक्त करते डीजे, चित्र पर माल्यार्पण करते व ट्राई साइकिल वितरण का दृश्य। छाया:आज

# गांधी-शास्त्री जयंती पर गूंजा सत्य, अहिंसा और सादगी का संदेश

गाजीपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को जिलेभर में विविध कार्यक्रम आयोजित कर दोनों महापुरुषों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। न्यायालय परिसर से लेकर पुलिस कार्यालय, शिक्षण संस्थानों, खेल मैदान, बैंक और सामाजिक संगठनों तक श्रद्धांजलि, स्वच्छता अभियान, प्रभात फेरी, विचार गोष्ठी और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने गांधी जी के सत्य-अहिंसा और शास्त्री जी के सादगी, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।जनपद न्यायालय के दसकक्षीय सभागार में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की। इसके बाद गांधी जी एवं शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। देवकली प्रतिनिधि के अनुसार- ब्रहम स्थल देवकली मे गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वच्छता अभियान के तहत भाजपा मण्डल अध्यक्ष अखिलेश कुशवाहा के नेतृत्व मे सफाई अभियान चलाया गया। जमानियां प्रतिनिधि के अनुसार- नगर सहित विभिन्न ग्रामीण अंचलों, पुलिस थानों और शिक्षण संस्थानों में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। तहसील मुख्यालय परिसर में एसडीएम निधि के नेतृत्व में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा देने का काम करते हैं। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जय प्रकाश यादव ने गांधी एवं शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों ने गांधी और शास्त्री जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल में गांधी-शास्त्री जयंती पर ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भजन, भाषण, कविता और नाट्य प्रस्तुतियां दीं। निदेशक डॉ. प्रीति सिंह ने विद्यार्थियों से गांधी जी के सत्य-अहिंसा और शास्त्री जी की सादगी एवं ईमानदारी से प्रेरणा लेने की अपील की। प्रधानाचार्य चंद्रसेन तिवारी ने स्वच्छता, सादगी और अनुशासन को जीवन में अपनाने पर जोर दिया।शाह फैज पब्लिक स्कूल में स्वच्छ भारत-स्वच्छ विद्यालय अभियान के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने आमघाट गांधी पार्क में गांधी और शास्त्री जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद गाजीपुर के कार्यालय सभागार में गुरुवार को महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल एवं अधिशासी अधिकारी डॉ. धीरेंद्र कुमार राय ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया। इसके बाद महात्मा गांधी और लाल बहादुर

## चला स्वच्छता अभियान

शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने कहा कि गांधी और शास्त्री के सादा जीवन, उच्च विचार, नैतिकता, मितव्ययिता, राष्ट्रीय एकता, अखंडता, भाईचारे तथा सर्वधर्म समभाव के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं तथा पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आमघाट पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा तथा शास्त्री नगर चौराहे पर लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। समर्पण संस्था शास्त्री नगर गाजीपुर के तत्वाधान में राजेश्वरी विकलांग विद्यालय एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र फ़तेउल्लाहपुर रजादी गाजीपुर के प्रांगण में गांधी जयंती धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सेल एग्री कमोटेटिव लिमटेड फ़तेउल्लाहपुर गाज़ीपुर के प्रापर्टी हेड श्री विनोद कुमार धीर ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम प्रारंभ किया। साथ में संस्था द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दिव्यांगजन को सहायक उपकरण भी वितरण किया गया। जिसमें 25 ट्राई साइकिल 10व्हील चेयर 10 जोड़ी बैसाखी एवं नेत्र हीन छड़ी वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने संस्था संरक्षिका सुश्री सविता सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर के एक नई मिसाल कायम किया है। सैदपुर प्रतिनिधि के अनुसार-महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गैबिपुर स्थित गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी परिसर में एक दिवसीय वृहद स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गौतम सेवा फाउंडेशन एवं %माई भारत के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। बाराचवर प्रतिनिधि के अनुसार- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को विकासखंड बाराचवर के मोहम्मदपुर गांव स्थित महाकालेश्वर नाथ शिव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने सामूहिक रूप से मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। नंदगंज प्रतिनिधि के अनुसार- क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों एवं कोचिंग संस्थानों में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसी क्रम में शहीद स्मारक इंटर कॉलेज नंदगंज में प्रधानाचार्य उदयराज के नेतृत्व में

# पुत्रों की दीर्घायु के लिए मां रखेंगी व्रत

## जिउतिया आज

जमानियां,गाजीपुर। संतान की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना का तीन दिवसीय जीवित्पुत्रिका (जिउतिया) व्रत शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ। गंगा घाटों पर सुबह से ही स्नान के लिए व्रती महिलाओं का तांता लगा रहा। जमानिया के विभिन्न गंगा घाट पर स्नान के बाद महिलाओं ने झारखंडेय मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में विधि-विधान से पूजा की।पर्व के चलते बाजारों में रौनक बढ़ गई। नंदगंज प्रतिनिधि के अनुसार- पुत्रों की दीर्घायु, सुख-समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना को लेकर महिलाएं शुक्रवार की मध्यरात्रि से जीवित्पुत्रिका (जिउतिया) व्रत का संकल्प लेंगी। व्रत को लेकर महिलाओं में उत्साह है और घरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।व्रती महिलाएं मध्यरात्रि के बाद अन्न-जल का त्याग कर निर्जला उपवास शुरू करेंगी। तीन अक्टूबर शनिवार को पूरे दिन और रात व्रत रखने के बाद चार अक्टूबर रविवार की सुबह विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर व्रत का पारण करेगी।

## पीड़ितों को लौटायी उनकी खून-पसीने की कमाई

मोहम्मदाबाद, गाजीपुर। जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं साइबर धोखाधड़ी रोकने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मोहम्मदाबाद की साइबर सेल द्वारा सराहनीय कार्रवाई करते हुए पीड़ितों की ठगी गई धनराशि वापस कराई गई है। थाना मोहम्मदाबाद अंतर्गत ग्राम पहाड़ीपुर निवासी आवेदक जनार्दन सिंह यादव के साथ यूपीआई के माध्यम से 1500/- रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल साइबर पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई थी।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत

बिरनो, गाजीपुर। वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन पर शुक्रवार की तड़के सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले एक युवक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक हवा में उछलकर ओवरब्रिज से नीचे जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस भेज दिया। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस अज्ञात वाहन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। बिरनो थानाध्यक्ष पन्ने लाल यादव ने बताया कि, गन्नापुर निवासी श्रीनाथ राम के 30 वर्षीय पुत्र ललित कुमार प्रतिदिन की तरह शुक्रवार की सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। वह वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन पर माधोपुर मिश्रौली के पास बने ओवरब्रिज पर टहल रहे थे। इसी दौरान वाराणसी की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ललित हवा में उछलकर ब्रिज से नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनो पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।इस संबंध में बिरनो थानाध्यक्ष पन्नेलाल यादव ने बताया कि मृतक के पिता श्रीनाथ राम की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस भेज दिया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

सैदपुर (गाज़ीपुर) पुलिस ने परमानन्दपुर गांव के काली माता मंदिर के पास से अवैध शराब की तस्करी करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी रमन सिंह पुत्र संतोष सिंह के पास से 252 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब, एक सफेद कार और एक एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद हुआ है। यह कार्रवाई 1/2 अक्टूबर 2026 को अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग शराब के ठेके से शराब लाकर कार में लाद रहे हैं, जिसे बिहार तस्करी के लिए ले जाया जाना था। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रताप नारायण यादव और उपनिरीक्षक शिवमणि सेन अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी की। पुलिस को आता देख कार में शराब लाद रहे दो लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

# समूह सखियों के मानदेय भुगतान को लेकर सीडीओ ने दी जानकारी

गाजीपुर। समूह सखियों की ओर से मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर विकास भवन से कलेक्ट्रेट तक किए गए प्रदर्शन के बाद शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी आलोक कुमार ने प्रेस वार्ता कर जिले में कार्यरत विभिन्न श्रेणी की सखियों और उनके मानदेय भुगतान की स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि जिले में छह प्रकार की सखियां अलग-अलग क्षेत्रों में जिम्मेदारियां संभाल रही हैं और इनके माध्यम से महिलाओं को रोजगार के साथ ही ग्रामीण स्तर पर विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। सीडीओ ने बताया कि जिले में 750 समूह सखियां कार्यरत हैं। इन्हें प्रतिमाह दो हजार रुपये मानदेय दिया जाता है। इन सखियों को अगस्त तक का मानदेय भुगतान किया जा चुका है। इसी तरह 169 बैंक सखियां कार्य कर रही हैं, जिन्हें प्रतिमाह चार हजार रुपये दिए जाते हैं। इनका जुलाई तक का भुगतान हो चुका है। शेष भुगतान के लिए शासन से 18 लाख रुपये की मांग भेजी गई है। सीडीओ ने कहा कि शासन की ओर से महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ही विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार के पद सृजित किए गए हैं। इन पदों के माध्यम से महिलाओं को आजीविका से जोड़ने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।



प्रेस वार्ता करते सीडीओ। छाया:आज

# गहमर स्टेशन पर छह से रुकेगी ट्रेन १२१४१/४२

गाजीपुर। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश प्रवक्ता विनीत कुमार तिवारी ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बताया कि गाजीपुर की रेल सुविधाओं से संबंधित उनकी मांगों पर रेल मंत्रालय ने सकारात्मक निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि सांसद नालंदा कौशलेंद्र कुमार ने उनके पत्र पर संज्ञान लेते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत मुलाकात कर मांगों को प्रमुखता से रखा। विनीत तिवारी ने बताया कि पहले दिलदारनगर जंक्शन पर जियारत एक्सप्रेस के ठहराव और इसके बाद सुहेलदेव एक्सप्रेस का रूट बदलने से यात्रियों को राहत मिली। अब उनकी तीसरी मांग के तहत पाटलिपुत्र से छत्रपति शिवाजी टर्मिनल जाने वाली ट्रेन संख्या 12141/42 का गहमर स्टेशन पर ठहराव स्वीकृत हुआ है। उन्होंने बताया कि 6 अक्तूबर 2026 से ट्रेन का गहमर स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

## मनरेगा के १०६ मजदूर कागज में

गाजीपुर। करंडा ब्लॉक की ग्राम सभा सोकनी में मनरेगा से नहर सफाई, बांध निर्माण और कच्ची नाली खुदाई के कार्य में 106 मजदूरों का मस्टररोल जारी होने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि मस्टररोल में मजदूर दर्ज हैं, लेकिन मौके पर एक भी मजदूर काम करता नहीं मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना विकासखंड अधिकारी करंडा को दी। बीडीओ ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और कार्य होने के बाद ही भुगतान किया जाएगा।

# सत्संग के समान फलदायी है भागवत कथा

खानपुर (गाजीपुर)। गौरी में सप्तदिवसीय श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन श्रद्धालुओं को गौ सेवा के बारे में जानकारी दी गई। व्यासपीठ से कथावाचक आचार्य सतानंद जी महाराज ने कहा कि गौमाता के शरीर में तैंतीस करोड़ देवी देवताओं का निवास होता है। सच्ची निष्ठा से गौ सेवा करने मात्र से समस्त देवी देवताओं की उपासना का फल मिल जाता है। संकट या विपत्ति के समय धरती माता भी गाय का रूप धारण करके भगवान के पास जाती हैं और भगवान उनकी पुकार कभी नहीं ठुकराते। गाय का दूध, दही, घी, गोमूत्र और गोबर अत्यंत पवित्र और औषधीय गुणों से भरपूर माने गए हैं। गौमाता की सेवा करते हुए यदि प्रेम और सच्चे भाव से उनके कान में अपनी कोई करुण भावना या मनोकामना कही जाए, तो वह अवश्य पूरी होती है। गौ सेवा और गौदान से मनुष्य के नकारात्मक कर्म कम होते हैं, पितरों को शांति मिलती है। गौ सेवक के जीवन में आध्यात्मिक उन्नति तथा कल्याण प्राप्त होता है। अशोक सिंह, सुशील सिंह ने व्यासपीठ की पूजा कर विधिवत कथा का शुभारंभ कराया। वृंदावन से आये व्यासजी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का संपूर्ण जीवन योग साधना तपस्या एवं योद्धाओं का रहा। भगवान श्रीकृष्ण ने सभी वर्ग का कल्याण करने के लिए गीता का उपदेश दिया। अपनी मधुर वाणी से भगवान कृष्ण व मीरा के जीवन पर आधारित लयबद्ध भजन सुनाए। श्रद्धालुओं से भरा पंडाल भजन सुनकर मंत्र मुग्ध होकर कर नाचने को मजबूर हुए।



सत्संग करते फलाहारी महाराज। छाया:आज

# गांधी जयंती पर शेरमठ में घोड़ों की टापों से गूंजा मैदान, ६० घुड़सवारों ने दिखाया दमखम

करीमुद्दीनपुर/गाजीपुर। थाना क्षेत्र करीमुद्दीनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत शेरमठ में गांधी जयंती के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल घुड़दौड़ प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम प्रधान मुन्ना यादव एवं प्रधान प्रतिनिधि शेरमठ के नेतृत्व में किया गया, जिसमें दूर-दराज के क्षेत्रों से आए करीब 60 घोड़ों ने प्रतिभाग किया। घुड़दौड़ प्रतियोगिता को देखने के लिए आसपास के गांवों के साथ-साथ दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मैदान में घोड़ों की तेज रफ्तार और रोमांचक मुकाबले ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने घोड़ों के साथ शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान फरहान अंसारी, मोतीहारी (बिहार) के घोड़े ने हासिल किया। द्वितीय स्थान महंगू यादव, जमानियां तथा तृतीय स्थान रामदास बाबा, अयोध्या के घोड़े ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी मोहम्मदाबाद एवं क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद सुधाकर पांडेय की उपस्थिति रही। अधिकारियों की मौजूदगी से आयोजन को विशेष गरिमा मिली। दूर-दराज से पहुंचे प्रतिभागियों का ग्राम पंचायत शेरमठ सहित आसपास के ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। आयोजन के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे क्षेत्र में घुड़दौड़ को लेकर चर्चा रही। आयोजन को सफल बनाने में हरिनारायण राय राजापुर, शशिकांत राय राजापुर, नागा पहलवान रामपुर, विकास पहलवान शेरपुर, गुड्डू राय जोगा, अलीम अंसारी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि करीमुद्दीनपुर जालंधर राय, विकास पहलवान, छोटेलाल राय एवं छोटेलाल राय ऊंचाडीह सहित आयोजन मंडल से जुड़े लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजकों ने कहा कि इस तरह के पारंपरिक आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर ग्रामीणों और आयोजक मंडल ने सभी प्रतिभागियों एवं आगंतुकों का आभार जताया।



# रामलीला मैदान में जलजमाव की समस्या दूर कराने की पहल

गाजीपुर। मुहम्मदाबाद स्थित रामलीला समिति धारानगर के रामलीला मैदान में जलजमाव की समस्या को दूर कराने के लिए भाजपा नेता पीयूष राय ने पहल की। बारिश के कारण मैदान में पानी भर जाने से आगामी रामलीला और दशहरा आयोजन को लेकर समिति के पदाधिकारी और स्थानीय लोग चिंतित थे। मामले की जानकारी मिलने पर पीयूष राय ने प्रशासन से समन्वय कर मैदान से जलनिकासी की व्यवस्था कराई। जलनिकासी के बाद समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मैदान का लेवल आसपास की जमीन से काफी नीचे होने के कारण यहां बारिश का पानी जमा हो जाता है। उन्होंने मैदान में मिट्टी भराव की आवश्यकता बताई। इसके बाद पीयूष राय की पहल पर मैदान में 21 ट्रॉली मिट्टी डलवाकर लेवल सुधारने का कार्य कराया गया। इससे जलजमाव की समस्या से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। पीयूष राय ने कहा कि रामलीला और दशहरा आयोजन को देखते हुए मैदान में जलजमाव की समस्या दूर करना जरूरी था। जलनिकासी के साथ मिट्टी भराव कर मैदान को व्यवस्थित कराया गया है, ताकि आगामी आयोजन में लोगों को परेशानी न हो। मैदान के दुरुस्त होने से रामलीला समिति और स्थानीय लोगों ने राहत जताई है। उनका कहना है कि जलजमाव के कारण रामलीला देखने और दशहरा मेले में आने वाले लोगों को परेशानी होती थी। अब व्यवस्था बेहतर होने से आयोजन को लेकर उत्साह बढ़ा है।



पूर्व मध्य रेल

ई- निविदा सूचना

ई-निविदा नोटिस सं.- डी.डी.यू/ईएल/जी./ई.-निविदा/2026-27/12, दिनांक:01.10.2026

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/जी./डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं.:01, कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम:** सं. डी.डी.यू./ईएल/जी/पी/ 2026-27/12 विषय- डी.डी.यू. मंडल के अंतर्गत डिविजन में रेलवे क्वार्टरों के लिए स्मार्ट मीटर लगाने के साथ एलटी/एचटी लाइनों में बदलाव और कन्वर्जन का कार्य करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागत:** रु. 32313804.82 **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 26.10.2026, 15:00 बजे। **ई-निविदा वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in.

सहायक मंडल विद्युत अभियंता (सा.),
पूर्व मध्य रेल, डी. डी. यू.

पीआर/1052/डीडीयू/वि./टी/26-27/32

# जिउतिया व्रतीं महिलाओं ने खाया मड़ुवा की रोटी, ५२ की हालत बिगड़ी

### अस्पताल में भर्ती, पहुंचे डीएम, एसपी, विधायक व सीएमओ



बलिया। बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के आसचौरा गांव में जिउतिया व्रत की तैयारी के दौरान मड़ुआ के आटे से बनी लिट्टी-रोटी खाने के बाद करीब ५२ लोगों की तबीयत बिगड़ गई। जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल है। उल्टी, पेट दर्द, चक्कर और शरीर में झटके की शिकायत होने पर परिजन आनन-फानन में मरीजों को बांसडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर कुछ मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं इसकी जानकारी होते विधायक केतकी सिंह, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी जिला अस्पताल पहुंच गए और मरीजों का हालचाल जाना। ग्रामीणों के अनुसार, शुक्रवार सुबह जिउतिया व्रत की तैयारी के तहत महिलाओं ने स्नान-ध्यान के बाद सोनू वर्मा की दुकान से मड़ुआ का आटा खरीदा था। इसी आटे से घरों में लिट्टी-रोटी तैयार की गई। भोजन करने के कुछ ही देर बाद अलग-अलग घरों में महिलाओं और बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। देखते ही देखते करीब 46 घरों में लोग बीमार पड़ गए। बीमार लोगों में पिंकी पत्नी पिंटू (26), पुष्पा पत्नी विश्वनाथ (33), शिवम पुत्र अवधेश (10), फूलमती पत्नी राजेश राम (40), सुनीता पत्नी उमेश (36), देवा पुत्र अवधेश (9), सुमन पत्नी प्रमोद (32) और रंजिता वर्मा पत्नी श्यामनंदन वर्मा (35) समेत अन्य शामिल हैं। एक ही दुकान से खरीदे गए मड़ुआ के आटे से बनी सामग्री खाने के बाद कई लोगों के बीमार पड़ने से गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीण आटे की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठा रहे हैं। हालांकि, बीमारी की वास्तविक वजह जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। जिला अस्पताल पहुंचने की सूचना मिलते ही स्वास्थ्यकर्मी सक्रिय हो गए। चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का तत्काल उपचार शुरू किया और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें वार्ड में भर्ती कर लिया। फिजिशियन डॉ. विनोद कुमार, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग सिंह और फार्मासिस्ट की टीम मरीजों के इलाज में जुटी रही। जिला चिकित्सालय के सीएमएस एसके यादव ने बताया कि संभवत: फूड प्वाइजनिंग की आशंका जताई जा रही है। चिकित्सकों की टीम उपचार कर रही है। वहीं, बांसडीह सीएचसी के डॉ. बीरबहादुर सिंह के अनुसार, प्रथम दृष्टया मड़ुआ का आटा खाने से फूड प्वाइजनिंग की आशंका है। आटा काफी पुराना होने की बात सामने आ रही है। वास्तविक वजह जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। बेरुआरबारी ब्लाक के आसचौरा गांव में कुल 21 लोग संक्रमण का शिकार हुए। जिसमें 18 महिलाएं, 1 बच्ची, 1 पुरूष व एक बच्चा शामिल है। वहीं बांसडीह ब्लाक के चोकन में 31 लोग से संक्रमित हुए जिनमें 29 महिलाएं दो बच्चे शामिल हैं। घटना के बाद गांव के लोग अस्पताल में डेरा जमाए हुए हैं और गांव की सुरक्षा में पुलिस बल तैनात है। देर शाम तक स्वास्थ्य विभाग की टीम डॉ प्रणय कुणाल के नेतृत्व में गांव में जमी रही बीमार लोगों का इलाज चल रहा है।

## डीएम-एसपी पहुंचे गांव, दिये जांच के निर्देश

बलिया। बांसडीह तहसील क्षेत्र के ग्राम चोकन और आसचौरा में मड़ुआ के आटे की रोटी खाने के बाद बड़ी संख्या में महिलाओं के बीमार होने का



मामला सामने आया है। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके बाद जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने प्रभावित गांवों का दौरा कर घटना की जानकारी ली। अधिकारियों ने बीमार महिलाओं के परिजनों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी प्राप्त की। परिजनों के अनुसार, दुकानदार सोनू वर्मा की दुकान से मड़ुआ का आटा खरीदा गया था। इसी आटे की रोटी बनाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण किए जाने के बाद महिलाओं की तबीयत बिगड़ने की बात सामने आई है। जिलाधिकारी ने बताया कि करीब 45 महिलाएं बीमार हुई हैं। इनमें तीन महिलाएं गंभीर स्थिति में हैं और उनके उपचार के लिए विशेष चिकित्सकीय टीम लगाई गई है। तीन मरीजों का निजी अस्पताल में भी उपचार चल रहा है। जिलाधिकारी ने शारदा हॉस्पिटल पहुंचकर वहां भर्ती तीन मरीजों के उपचार की स्थिति का भी जायजा लिया और चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। घटना के कारणों की जांच के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम सहित संबंधित अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर मड़ुआ के आटे और खाद्य सामग्री की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा है कि जांच में यदि किसी की लापरवाही या दोष सामने आता है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## जिला अस्पताल पहुंचीं विधायक केतकी सिंह, जाना मरीजों का हाल

बलिया। बांसडीह क्षेत्र में नहाय-खाय के अवसर पर मड़ुआ के आटे की रोटी खाने के बाद बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों की तबीयत बिगड़ गई।



फूड प्वाइजनिंग की शिकायत के बाद करीब 70 मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में मरीजों का उपचार चल रहा है। बांसडीह विधायक केतकी सिंह ने शुक्रवार को जिला अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। विधायक ने बताया कि नहाय-खाय के लिए महिलाओं ने परंपरागत रूप से मड़ुआ के आटे की रोटी के साथ शतपुतिया की सब्जी खाई थी। इसके बाद एक-एक कर महिलाओं और बच्चों की तबीयत खराब होने लगी। मरीजों में उल्टी, दस्त, पेट दर्द और कमजोरी की शिकायत बताई गई है। सूचना के बाद प्रभावित लोगों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में इलाज किया जा रहा है। विधायक ने अस्पताल प्रशासन से मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# चोरी के आभूषण के साथ सोनार सहित तीन गिरफ्तार



बलिया। कोतवाली पुलिस ने चोरी के मामले में दो आरोपियों और एक आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब नौ लाख 70 हजार रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर, 21,500 रुपये नकद, एक मोबाइल फोन और बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में चोरी के जेवर खरीदने वाला गाजीपुर का सोनार भी शामिल है। मामले में एक आरोपी अभी वांछित है। पुलिस के अनुसार, आठ अगस्त को जलालपुर स्थित एक बंद मकान से सोने-चांदी के आभूषण और 30 हजार रुपये चोरी होने की शिकायत मिली थी। इस संबंध में कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही थी। सीसीटीवी और अन्य माध्यमों से सामने आए आरोपी राजा खान निवासी आलम पट्टी, गाजीपुर को पुलिस ने बलिया रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से सोने-चांदी के जेवर, 19,500 रुपये और मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ में राजा ने पुलिस को बताया कि उसने साथी विष्णु कश्यप के साथ मिलकर आठ अगस्त को जलालपुर में चोरी की थी। इसके अलावा 21 सितंबर को बांसडीहरोड क्षेत्र की महाबीर कॉलोनी परिखरा में महिला से चेन छीनने और 26 सितंबर को फेफना क्षेत्र के भगवानपुर में घर का ताला तोड़कर जेवर व रुपये चोरी करने की बात भी बताई। पुलिस ने आरोपी राजा की निशानदेही पर उसकी मां रेखा देवी को भी गिरफ्तार किया। उसके पास से सोने की चेन, अंगूठी, पायल, बिछिया और अन्य जेवर बरामद हुए। वहीं चोरी के जेवर खरीदने वाले गाजीपुर निवासी सोनार विशाल अग्रहरि उर्फ सुनील को गिरफ्तार कर उसके पास से सोने की धातु का टुकड़ा, दो हजार रुपये और मोबाइल फोन बरामद किया गया। मामले में विष्णु कश्यप अभी वांछित है।

## अखिलेश यादव नौ को आयेंगे गोसाईपुर

बलिया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आगामी 9 अक्टूबर को सिकंदरपुर तहसील अंतर्गत गोसाईपुर पहुंचकर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्वर्गीय रामगोविन्द चौधरी के तेरहवीं संस्कार कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान वह शोक संतप्त परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त करेंगे तथा दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए सपा बलिया के जिला उपाध्यक्ष/प्रवक्ता सुशील कुमार पाण्डेय कान्हजी ने बताया कि अखिलेश यादव 9 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे लखनऊ के अमौसी हवाई अड्डे से प्रस्थान कर आजमगढ़ पहुंचेंगे। वहां से हेलीकॉप्टर द्वारा लगभग 11:45 बजे गोसाईपुर हेलीपैड पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष गोसाईपुर में लगभग 45 मिनट रुकेंगे।

## चोरी की बाइक लेकर बिहार भाग रहे दो गिरफ्तार

बैरिया (बलिया)। चोरी की मोटरसाइकिल लेकर बिहार जाने की तैयारी कर रहे एक युवक और बाल अपचारी को बैरिया पुलिस ने सोनबरसा चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दोनों बाइक को बिहार ले जाकर बेचने की फिराक में थे। बरामद मोटरसाइकिल बैरिया थाने में दर्ज वाहन चोरी के मुकदमे से संबंधित निकली। क्षेत्राधिकारी बैरिया आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम वाहन चेकिंग कर रही थी। उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार पुलिसकर्मियों के साथ सोनबरसा चौराहे पर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान दोकटी की ओर से अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही दोनों ने बाइक मोड़कर भागने का प्रयास किया। संदेह होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया।पूछताछ में पकड़े गए युवक की पहचान हलचल यादव उर्फ बद्री (22) पुत्र शिवकुमार यादव निवासी दलनछपरा, थाना बैरिया के रूप में हुई। उसके साथ एक बाल अपचारी भी पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में दोनों ने बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने बरामद अपाचे मोटरसाइकिल के संबंध में बैरिया थाने में दर्ज मुकदमे से मिलान कराया, जिसमें बाइक चोरी की पुष्टि हुई। गिरफ्तार युवक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आवश्यक कारवाई में जुट गई।

## ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन




बलिया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और उनके कार्यकाल में हुए एसआईआर को निरस्त करने की मांग को लेकर इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस, भाकपा (माले), माकपा और भाकपा के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को शहर में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सैकड़ों कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन से जुलूस लेकर चित्तू पांडेय चौराहा, विशुनीपुर और ओक्डेनगंज होते हुए चौक पहुंचे। यहां गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद आयोजित सभा में वक्ताओं ने चुनाव प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संस्थाओं को लेकर सवाल उठाए। भाकपा (माले) केंद्रीय कमेटी के सदस्य श्रीराम चौधरी ने कहा कि विपक्षी दलों को एकजुट होकर लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा के लिए आवाज उठानी चाहिए। माकपा जिलामंत्री रामकृष्ण यादव ने चुनावी सूची से मतदाताओं के नाम हटाए जाने के आरोपों की जांच की मांग की। कांग्रेस के उमाशंकर पाठक और भाकपा के लक्ष्मण पांडेय ने भी अपने विचार रखे। प्रदर्शन में बसंत सिंह, लाल साहब, नियाज अहमद, वशिष्ठ राजभर, भागवत बिंद, उषा सिंह, संतोष चौबे, सत्यप्रकाश उपाध्याय, अशोक सिंह, दिनेश यादव, डॉ. प्रमोद यादव सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे। संचालन अशोक पांडेय ने किया।

## रेगुलेटर से हो रहे पानी के रिसाव को प्रशासन ने कराया बंद

बलिया। सरयू नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण जलधारा का दबाव बढ़ता जा रहा है। लगातार चार दिनों से जयनगर रेगुलेटर से हो रहे पानी के रिसाव को प्रशासन ने गुरुवार की देर शाम नियंत्रण कर लिया हैं। देर रात सरयू नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण कई स्थानों पर रिंग बांध के उपर तथा रिसाव से रिहायशी इलाकों में पंहुच गया हैं। सुल्तानपुर गांव में रिंग बंधा के इस पार के इलाके में गलियों में तथा घरों के पास जलजमाव हो गया हैं। गांव में पानी पंहुचने से सुबह हलचल मच गया। सुबह जब अपने दरवाजे पर पानी भरा देखा तो शोर मच गया कि रिंग बंधा टूट गया हैं। ग्रामीण रिंग बंधा की गये और कुछ लोगों ने अधिकारियों को भी इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंचे राजस्व व बाढ़ के कर्मचारियों ने देखा कि सरयू नदी का जलस्तर सुल्तानपुर गांव के रिंग बंधा के लेबल में आ चुका है और हवा के दबाव से कई स्थानों पर पानी बंधा के उस पार भी में गिर रहा है। बाढ़ विभाग ने उक्त स्थानों पर मिट्टी से भरा जिओ बैग डालकर पानी को रोक दिया। एसडीएम पुष्कर मिश्रा ने बताया कि पानी का दबाव काफी बढ़ने और रिंग बंधे के साथ पानी का लेबल समतल होने के कारण कई स्थानों पर पानी बंधे के पार गिर रहा था। जिसे टीम लगाकर जिओ बैग से बंद करवाया गया है। मौके पर लगाया निगरानी की जा रही है।

## संतान की दीर्घायु को आज महिलाएं रखेंगी जीवित्पुत्रिका व्रत

बलिया। आश्विन मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि तीन अक्टूबर शनिवार को महिलाएं संतान की दीर्घायु व सुख समृद्धि की कामना के साथ निर्जला रहकर जीवित्पुत्रिका का व्रत करेंगी। इसको लेकर जनपद के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों में शुक्रवार को पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए काफी भीड़ रही। वैसे गुरुवार से ही जिउतिया गुथवाने, सतपुतिया, नोनी का साग, खड़ा मड़ुआ व इसका आटा आदि पूजा संबंधी सामान खरीदने के लिए बाजार में महिलाओं का तांता लगा रहा। व्रत के एक दिन पूर्व शुक्रवार को व्रती महिलाएं सुबह सबसे पहले खड़ा मड़ुआ, सतपुतिया, नोनी का साग पानी से ग्रहण कीं। इसके बाद मड़ुआ के आटा की रोटी बनाकर उसे भोजन के रूप में ग्रहण कीं। वहीं तीसरे पहर से परंपरानुसार घर-घर में ओठगन, ठेकुआ, पूड़ी, सतपुतिया की सब्जी आदि बनाना शुरू हो गया। घर-घर में जिउतिया व्रत की तैयारी की धूम रही। भोर में चील्हों-सियारों को ठेकुआ-पूड़ी या ओठगन आदि देकर उनका स्मरण करने के बाद शनिवार को महिलाएं संतान की लंबी उम्र के लिए यह निर्जला व्रत करेंगी। वहीं रविवार को विधि-विधान से खड़ा उड़द व चना घोट कर तथा विविध पकवान बनाकर व्रत का पारण करेंगी। जनपद में हर जगह त्योहार का उल्लास-उमंग दिखा।

## पीडीए युवा मिलन कार्यक्रम, शिक्षा, रोजगार पर चर्चा

बलिया। युवाओं को शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय और प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों से जोड़ने के उद्देश्य से लालगंज में 'पीडीए युवा मिलन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र, युवा, छात्रनेता और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान युवाओं ने शिक्षा, बेरोजगारी, रोजगार के अवसर, सामाजिक न्याय और प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंकुर पाण्डेय ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से युवाओं से सीधे संवाद स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान की शुरुआत लखनऊ विश्वविद्यालय से हुई है और इसे प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंचाया जा रहा है। सीटू यादव, संदीप त्यागी, सुजीत पासवान, मुकुल यादव, धनंजय पासवान, अमित, अनिश यादव, छोटू पाण्डेय, विशाल सिंह, मिथिलेश यादव, सुधीर मौर्या और जावेद अली आदि मौजूद रहे।

# गांधी के विचारों को अपनाकर गांवों को बनायें मजबूत-डीएम

### गांधी-लालबहादुर शास्त्री जयंती पर डीएम ने किया ध्वजारोहण



बलिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आपदा विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव आंबेडकर और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। **इसी क्रम में** एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। माल्देपुर से चित्तू पाण्डेय चौराहा मार्ग तक आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। **मनियर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गुरुवार को मनियर थाना परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी ने तिरंगा ध्वज फहराया। **हल्दी।** विकास खंड बेलहरी के ग्राम पंचायत मुडाडीह स्थित पंचायत भवन के प्रांगण में शुक्रवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पीएससी के जवानों ने शस्त्र सलामी देकर मनाई। ग्राम प्रधान संतोष कुमार ने ध्वजारोहण किया। अनिल सिंह, नेहाल कुमार सिंह, चंद्रकेश चौहान, राम धीरज चौहान आदि मौजूद रहे। **रतसड़।** किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रकसा, रतसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वय द्वारा स्वच्छता जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी के कार्यवृत्त से संबंधित क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रुपेश तिवारी, द्वितीय स्थान संध्या यादव तथा तृतीय स्थान अस्मिता यादव ने प्राप्त किया। **पूर।** क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों, सहकारी समितियों एवं सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। **बेल्थरारोड।** गांधी-शास्त्री जयंती के अवसर पर सीयर ब्लॉक परिसर में कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख आलोक कुमार सिंह ने ध्वजारोहण कर किया। ब्लॉक प्रमुख आलोक कुमार सिंह एवं बीडीओ सूर्य प्रकाश के निर्देशन में सफाई कर्मचारियों, पंचायत सहायकों एवं ग्राम पंचायत सचिवों को सम्मानित किया गया। राज किशोर भारद्वाज, रवि भूषण सिंह एवं अमित आनंद को भी प्रमाण पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। **रसड़ा।** महात्मा गांधी की जयंती पर वैश्य समाज के लोगों ने गांधी पार्क स्थित गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अहिंसा एवं शांति के मार्ग पर चलने का दिया संदेश। सुशील गुप्ता, अविनाश सोनी, रविन्द्र गुप्ता, लवकुश प्रसाद मद्धेशिया, राजन आर्य, मंजीत गुप्ता, रंजन गुप्ता आदि उपस्थित रहे। **सिकंदरपुर।** उत्तर प्रदेश तैलिक साहू महासभा की तहसील इकाई सिकंदरपुर की ओर से शुक्रवार को गांधी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। गोपाल गुप्ता के आवास पर हुए आयोजन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। जिलाध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जबकि संचालन जिला महामंत्री प्रमोद गुप्ता ने किया। प्रदेश सचिव मोहन गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, कृष्णानंद गुप्ता, विनोद गुप्ता, रामबाबू गुप्ता आदि मौजूद रहे। **बांसडीह।** गांधी जयंती के शुभ अवसर पर गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती नगर पंचायत बांसडीह के गांधी चौक पर मनाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने गांधीजी की प्रतिमा पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। तहसील परिसर में भी एसडीएम डॉ. पुष्कर मिश्रा ने झंडा फहराया।

## लोकतंत्र बचाओ, वोट बचाओ, देश बचाओ मार्च शुरू

बलिया। जिला कांग्रेस कमेटी बलिया के कार्यालय पर गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की




जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। जयंती समारोह में दिग्विजय सिंह, सच्चिदानंद तिवारी, आरिफ खान, अनुपमा सिंह, उषा सिंह, सत्य प्रकाश उपाध्याय, राजेंद्र चौधरी, संतोष चौबे, विजय मिश्र, अशोक सिंह, विजेंद्र पांडेय 'मुखिया', फुलबदन तिवारी, अबुल फैज, गिरीश कांत गांधी, रमाशंकर यादव, राशिद कमाल, महाप्रसाद चौबे एवं राजकुमार वर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं जयंती समारोह के उपरांत इंडिया गठबंधन की प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इसमें जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक ने घोषणा की कि 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक इंडिया गठबंधन के तत्वावधान में 'लोकतंत्र बचाओ, वोट बचाओ और देश बचाओ मार्च' आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत ब्लॉक स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएंगी तथा जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य लोकतंत्र, मताधिकार और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से श्रीराम चौधरी, रामकृष्ण यादव 'लल्लन' आदि मौजूद रहे।

## गंगा की मैली चादर को स्वच्छ रखना राष्ट्र धर्म

बलिया। सांस्कृतिक थाती गंगा का अनादर कर हम राष्ट्र को ताकतवर नहीं बना सकते। बलिया का कटहलनाला हो चाहे गंगा तटीय इलाके में गंगा में गिरने वाला कोई नाला। यह सीधे पतित पावनी के साथ गहरा विश्वासघात है। उक्त बात गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के प्रणेता रमाशंकर तिवारी ने गुरूवार को जिलाधिकारी को पत्रक सौंपने के पश्चात कही। उन्होंने कहा कि गंगा पिछले कई दशक से हम सबकी नादानी से घायल होकर न्याय एवं निर्णय के लिए भटक रही है। गंगा की मैली चादर को स्वच्छ रखना राष्ट्र धर्म है। गांव वाले जगेंगे तो तो गंगा की निर्मलता प्रमाणित होगी। डा.हरेंद्र नाथ यादव, डा.कमलाकर तिवारी, शशिकांत मिश्र, सत्यप्रकाश उपाध्याय, त्रषि कुमार, श्याराज ठाकुर, आनंद सिंह, शुभम मिश्र आदि मौजूद रहे।

## सनबीम स्कूल में पाक्सो अधिनियम पर जागरूकता सत्र आयोजित




बलिया। सनबीम स्कूल अगरसंडा में बुधवार को बच्चों की सुरक्षा और विधिक जागरूकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पॉक्सो जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया के सचिव चंद्र प्रकाश तिवारी ने शिरकत की और छात्र-छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों व सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस विस्तृत सत्र में कक्षा 6 से 12वीं तक के सैकड़ों विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय निदेशक डॉ कुंवर अरुण सिंह, प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह द्वारा स्मृति चिह्न तथा पुष्पगुच्छ के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। सत्र के दौरान सचिव चंद्र प्रकाश तिवारी ने बच्चों को प्रोटेक्शन ऑफ़ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफ़ेंसेस (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को आपातकालीन स्थितियों में तुरंत मदद प्राप्त करने के लिए उपलब्ध विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग के बारे में भी विस्तार से समझाया। प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह ने चंद्र प्रकाश तिवारी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल पंकज सिंह,विद्यालय प्रशासक संतोष कुमार चतुर्वेदी, हेडमिस्ट्रेस नीतू पांडे, डीन एकेडमिक शहर बानो और कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

## एक नजर इधर भी

### विद्युत आपूर्ति बहाल न हुई तो सपा देगी धरना

सिकन्दरपुर (बलिया)। विधायक प्रतिनिधि डॉ. मदन राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि तूफान 'अर्नव'



को गुजरे कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन तहसील क्षेत्र के अनेक गांवों की बिजली आपूर्ति अब तक बहाल नहीं हो सकी है। इससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। डॉ. मदन राय ने कहा कि बहदुरा, घूरी बाबा का टोला और चांदपुर सहित दर्जनों गांवों में बिजली आपूर्ति ठप है। लगातार बिजली नहीं मिलने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और उनकी दैनिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। इसके बावजूद विभागीय अधिकारी समस्या के समाधान के प्रति गंभीर दिखाई नहीं दे रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित शेड्यूल के अनुसार तहसील क्षेत्र के सभी गांवों में शीघ्र बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो समाजवादी पार्टी सिकन्दरपुर विद्युत उपकेंद्र पर धरना देने के लिए बाध्य होगी।

### अखबार विक्रेता का निधन, शोक

बेल्थरारोड (बलिया)। नगर पंचायत के वार्ड नंबर-5 के कन्नौजिया नगर निवासी समाचारपत्र अभिकर्ता संतोष कुमार कन्नौजिया (46) की शुक्रवार की बीती भोर में करीब चार बजे इलाज के दौरान आजमगढ़ के एक नीजी अस्पताल में निधन हो गया। वे बीते कई माह से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही बेल्थरारोड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि दिनेश कुमार गुप्ता, सभासद सद्दाम सभासद, परवेज हमजा उर्फ गुड्डू, प्रवीण नारायण गुप्ता, अशोक मधुर, विनोद जायसवाल उर्फ पप्पू, सूबेदार भाई, अंचल वर्मा आदि ने शोक जताया। उनका अंतिम दाह संस्कार तुर्तीपार में सरयु नदी के तट पर किया गया। मुखाग्नि उनके इकलौते पुत्र प्रिंस कन्नौजिया ने दिया।

### शहीद स्मारक पर झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

चितबड़ागांव (बलिया)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर भाजपा की ओर से 17 सितंबर से 17



अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को आदर्श नगर पंचायत चितबड़ागांव स्थित शहीद स्मारक परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी एवं नगर पंचायत चेयरमैन अमरजीत सिंह ने झाड़ू लगाकर श्रमदान किया। पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को राष्ट्र निर्माण से जोड़ा था।चेयरमैन अमरजीत सिंह ने कहा कि गांधी और शास्त्री जयंती पर शहीद स्मारक में श्रमदान करना स्वच्छता के साथ राष्ट्रभक्ति और कर्तव्यबोध का संदेश देता है। सर्वानंद तिवारी, अंजनी राय, शिव मंगल सिंह, रोहित राजभर, विनोद तिवारी, राजेंद्र मिश्रा, राम मोहन सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

# लाइसेंसी रिवाल्वर की छीना-झपटी में पुत्र को लगी गोली

## असलहा सहित पिता पुलिस हिरासत में



भेलूपुर थाना क्षेत्र के ककरमत्ता स्थित लोहित रेजिडेंसी न्यू कॉलोनी में शुक्रवार को दोपहर में को पिता-पुत्र के बीच हुए विवाद के दौरान लाइसेंसी रिवॉल्वर की छीना झपटी में गोली चल गयी। गोली ३२ वर्षीय प्रवीण कुमार सिंह को दाहिने हाथ में लगी। इस घटना से परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार महमूरगंज की लोहित रेजिडेंसी न्यू कॉलोनी निवासी बिंदा सिंह लोक निर्माण विभाग में अरुणाचल प्रदेश में अवर अभियंता (जेई) के पद से सेवानिवृत्त हैं। उनके बेटे प्रवीण कुमार सिंह के बीच शुक्रवार को किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान प्रवीण ने अपने पिता की लाइसेंसी रिवॉल्वर ले ली। इसके बाद रिवॉल्वर को लेकर दोनों के बीच छीना-झपटी होने लगी। इसी दौरान रिवॉल्वर से गोली चल गयी और प्रवीण के हाथ में लगने से घायल हो गया। इस मामले में पुलिस ने असलहे सहित पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**ट्रॉमा सेंटर में चल रहा इलाज**

गोली चलने के बाद घर में अफरा-तफरी मच गयी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और घायल प्रवीण को उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। उनका इलाज चल रहा है। भेलूपुर थानाध्यक्ष दुर्गा सिंह ने बताया कि गोली चलने की सूचना दोपहर १.३० बजे मिली। पिता खुद पिस्टल लेकर महमूरगंज पुलिस चौकी पहुंचे। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने बेटे को गोली मार दी है और उसे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि युवक के दाहिने कंधे में गोली लगी है। डॉक्टरों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि घर के विवाद को लेकर पिता और बेटे के बीच कहासुनी हुई थी। पुलिस पिता से पूछताछ कर रही है। मामले में आगे की काररवाई की जायेगी। अफरा-तफरी, प्रवीण के दाहिने हाथ में गोली लगी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। शादी को लेकर घर में होता था विवाद पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि बिंदा कुमार सिंह के दोनों बेटों की अभी शादी नहीं हुई है। इसको लेकर परिवार में अक्सर विवाद होता रहता था। प्रवीण पढ़ाई पूरी करने के बाद घर पर रहते हैं, जबकि उनके छोटे भाई अमित सिंह (३० वर्ष) अरुणाचल प्रदेश में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) में नौकरी करते हैं। पुलिस घटना के कारणों और गोली चलने की परिस्थितियों की जांच में जुटी है।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्धा की मौत

सारनाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत आशापुर रेलवे क्रॉसिंग के समीप शुक्रवार को सुबह ट्रेन की चपेट में आने से लगभग ७५ वर्षीय एक अज्ञात वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को पूर्वाह्न ११ बजे स्थानीय लोगों ने आशापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास हादसा होते देखा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वृद्धा को ट्रैक पर देख ट्रेन आते समय लोगों ने आवाज देकर सचेत करने का काफी प्रयास किया, लेकिन वृद्धा ने ध्यान नहीं दिया और वह रेलवे ट्रैक से नहीं हट सकीं। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक वृद्धा ट्रेन की चपेट में आ चुकी थीं। हादसे की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गयी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुँचकर जांच-पड़ताल शुरू की। मृतका की शिनाख्त के लिए आसपास के लोगों और राहगीरों से पूछताछ की गयी, हालांकि अभी तक उनकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस भिजवा दिया है और महिला की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## सट्टा करने गये दम्पती से धोखे से करा लिया बैनामा

बड़ागांव थानाक्षेत्र के बसनी गांव में एक व्यक्ति के जमीन का सट्टा कराने गये पति, पत्नी ने धोखे से जमीन का बैनामा करा लिया। जानकारी होने पर भू-स्वामी ने न्याय के लिए एसीपी पिंडरा के यहा गुहार लगाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसीपी ने बड़ागांव पुलिस को आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है जिसके सापेक्ष में स्थानीय पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। उपरोक्त गांव निवासी रोहित कुमार सिंह ने एसीपी को दिये गये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि मेरे ही गांव के आशुतोष कुमार सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह से अपने जमीन का सट्टा कराने के लिए तय हुआ था उपरोक्त लोग धोखे से कुट रचित दस्तावेज के द्वारा जमीन का बैनामा करा लिये।

## दहेज में दस लाख नहीं मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला, मुकदमा दर्ज

बड़ागांव थानाक्षेत्र के औसानपुर गांव निवासिनी एक विवाहिता को उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज में दस लाख रुपये की मांग पूरी न करने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर वाराणसी ने बड़ागांव पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है जिसके सापेक्ष में स्थानीय पुलिस ने पति सहित ससुराल पक्ष के पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार उपरोक्त गांव निवासी प्रमोद कुमार सिंह की पुत्री निधी सिंह की शादी जौनपुर जनपद के रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम भानपुर निवासी इंद्र बहादुर सिंह के पुत्र रोहित सिंह के साथ १५ जून २०२१ में संपन्न हुई थी शादी में मायके वालों ने लगभग दस लाख रुपये खर्च किये थे। शादी के कुछ माह बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने रोजगार करने के नाम पर विवाहिता से दस लाख रुपये की मांग किया। मांग पूरी न होने पर पति, ससुर सहित चचिया ससुर धर्मेंद्र कुमार सास निर्मला एवं जेठ राहुल सिंह विवाहिता को मारने पीटने लगे। इतना ही नहीं ससुराल पक्ष के लोगों ने ५ मार्च २०२२ को विवाहिता को मारपीट कर से घर से निकाल दिया तबसे वह मायके में रह रही है।

## अग्निवीर भर्ती योजना की कैडेटों को दी जानकारी

छावनी स्थित सेना भर्ती कार्यालय, वाराणसी की ओर से ९७ यूपी बटालियन एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेटों को अग्निवीर भर्ती योजना की जानकारी दी गयी। स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित दस दिवसीय शिविर में सेना भर्ती कार्यालय के स्टाफ ने कैडेटों को सेना में भर्ती की प्रक्रिया, पात्रता और आवश्यक तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया। सेना भर्ती कार्यालय, वाराणसी के सूबेदार मेजर ने अग्निवीर भर्ती के विभिन्न पहलुओं की तकनीकी एवं उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने कैडेटों की भर्ती प्रक्रिया से संबंधित शंकाओं का समाधान भी किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का हिस्सा बनना देश के युवाओं के लिए गौरव का विषय है। अग्निवीर योजना के तहत युवाओं को सेना में सेवा का अवसर मिल रहा है। समय-समय पर योजना में किये गये बदलावों और भर्ती प्रक्रिया की जानकारी भी कैडेटों से साझा की गयी। इस दौरान कैडेटों को सेना में अधिकारी पद पर भर्ती होने के लिए उपलब्ध विभिन्न अवसरों और प्रक्रियाओं के बारे में भी बताया गया। सेना भर्ती कार्यालय के स्टाफ ने युवाओं को भर्ती के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार तैयारी करने की जानकारी दी। शिविर में सेना भर्ती कार्यालय, वाराणसी के स्टाफ के अलावा ९७ यूपी बटालियन के पीआई स्टाफ, एएनओ और विभिन्न जनपदों से आये एनसीसी कैडेट मौजूद रहे।

## आईजीआरएस निस्तारण में पिंडरा को मिला पहला स्थान

पिंडरा। आईजीआरएस पोर्टल पर की गयी शिकायतों के निस्तारण में पिंडरा तहसील को जनपद में पहला स्थान मिला। इसके पूर्व भी ९ बार यह उपलब्धि हासिल कर चुका है। सितंबर माह में पोर्टल पर समस्याओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने पर ९५ अंकों के साथ प्रदेश में १६ वां स्थान एवं जनपद में पहला स्थान प्राप्त किया। एसडीएम पिंडरा कुंदनराज कपूर ने इसके लिए तहसील के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसका श्रेय दिया और कहाकि बिना इनके सहयोग से नहीं था संभव।

## विश्व शांति और समावेशी विकास का रास्ता गांधीवाद-डाक्टर विनोद पाण्डेय

शक्तिनगर। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की ओर से गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर चुनौतियों के समाधान और समावेशी विकास के लिए गांधीवाद महत्वपूर्ण मार्गदर्शक है। गांधी के सत्य और अहिंसा के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर छोटे लाल प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में अंकिता, हिमांशु, नीरज, सुषमा,




श्रमदान और विचार गोष्ठी आयोजित की गयी। स्वयंसेवकों ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। मुख्य वक्ता डॉक्टर विनोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि विश्व की विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अपर्णा त्रिपाठी ने गांधी को स्वतंत्रता संग्राम का प्रमुख नायक बताते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहे उदय नारायण पाण्डेय ने छात्रों से गांधी और दीपा, पंकज, दीप तिवारी, राहुल सोनी, मानसी जायसवाल, सविता, अमरीश और रविकांत का सहयोग रहा। स्वच्छता पखवाड़े के समापन पर स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

## आटो में छूटा यात्री का बैग, पुलिस ने किया बरामद

दिल्ली जाने के लिए ट्रेन पकड़ने की जल्दबाजी में एक यात्री अपना सामान ऑटो में ही भूल गया। सूचना मिलने के बाद कस्बा चौकी प्रभारी योगेंद्र कुमार ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से ऑटो की पहचान कर यात्री का सामान सकुशल बरामद कर लिया। अमन सिंह पुत्र अजय सिंह, निवासी चुनार, थाना अदलहाट, मिर्जापुर, ऑटो से बनारस स्टेशन पहुंचे थे। ट्रेन पकड़ने की जल्दबाजी में उनका नीले रंग का झोला ऑटो में ही छूट गया, जिसमें उनका जरूरी सामान रखा था। शिकायत मिलने पर कस्बा चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ऑटो की पहचान की।

### सार्वजनिक सूचन

20 कमरों तक के होटल के शमन मानचित्र पर आपत्ति आमंत्रित

वाराणसी विकास प्राधिकरण में श्रीमती शारदा लोहिया पत्नी श्री गोपाल लोहिया एवं श्रीमती सीमा लोहिया पत्नी श्री विनोद कुमार लोहिया द्वारा एस.एम. प्लाट संख्या-230, आराजी संख्या-231 व 232, मौजा तुलसीपुर, वार्ड भेलूपुर में निर्मित 20 कमरों तक के होटल के शमन मानचित्र की स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

महायोजना-2031 के अनुसार उक्त भूमि आवासीय क्षेत्र में है तथा महायोजना मार्ग से प्रभावित नहीं है। प्रचलित प्राविधानों के तहत आवासीय क्षेत्र में 20 कमरों तक के होटल की अनुमति का प्रावधान है। नियमानुसार होटल के शमन मानचित्र पर जनता से आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

हितबद्ध व्यक्ति/संस्था सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति/सुझाव वाराणसी विकास प्राधिकरण के विन्यास अनुभाग में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**नगर नियोजक/प्रभारी अधिकारी ( मानचित्र )**
**वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी**

### वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी

**सार्वजनिक सूचना**

कृपया **श्रीमती सुधा रस्तोगी, श्रीमती पूजा रस्तोगी, श्रीमती सुचिता रस्तोगी द्वारा आराजी सं०-मि० 230, मौजा-तुलसीपुर, परगना-देहात अमानत, वार्ड-भेलूपुर, जिला-वाराणसी** पर व्यावसायिक मानचित्र की स्वीकृति हेतु प्राधिकरण में ऑनलाईन मानचित्र सं.-VDA/BP/MS/26-27/21042 प्रस्तुत किया गया है। प्रश्नगत भूखण्ड का भू-उपयोग वाराणसी महायोजना-2031 मे आवासीय क्षेत्र दर्शित है, प्रश्नगत स्थल महायोजना मार्ग से प्रभावित नहीं है। उक्त आराजी नगर निगम सीमा के अन्तर्गत है। आवासीय भू-उपयोग में भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 के जोनिंग रेगुलेशन्स के अनुसार **व्यावसायिक निर्माण "सामान्य अनुमन्य"** उपयोग की श्रेणी के अन्तर्गत आता है।

**'भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 के प्रस्तर संख्या 15.1.13 (iv) के अनुसार महायोजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित ले-आउट में परिभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनता से आपत्ति / सुझाव आमंत्रित करने के उपरान्त दी जाएगी। अनुमन्य किये जाने हेतु न्यूनतम 15 दिन की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति / सुझाव, उचित माध्यमों से आमंत्रित किये जाने का प्राविधान है।**

अतः उक्त प्राविधान के दृष्टिगत यदि किसी हितवद्ध व्यक्ति / संस्था को प्रश्नगत ऑनलाईन मानचित्र के सम्वन्ध में कोई आपत्ति / सुझाव प्रस्तुत करना हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति / सुझाव विन्यास अनुभाग वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के कार्यालय कक्ष में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय अवधि, के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

Digitally Signed by **PRABHAT KUMAR**
Date: 28-09-2026, 18:11:04

**नगर नियोजक/ प्रभारी अधिकारी (मानचित्र)**
वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी।

### आवश्यकता है

**कौशिल्या देवी बैजनाथ जायसवाल मैना देवी शेर बहादुर सिंह महाविद्यालय, गुवावाँ, भीलमपुर, जौनपुर में** D.EL.ED. पाठ्यक्रम हेतु कला विषय के एक पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी की योग्यता NCTE/SCERT एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार निर्धारित होगी। अभ्यर्थी अपने मूल शैक्षिक अभिलेख एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ दिनांक 20 अक्टूबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। **प्रबन्धक मोबाइल :9919130744**

### सूचना

सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी ने श्रीमती चन्द्रकला सिंह पत्नी पारस सिंह एवं श्रीमती रेनू सिंह उर्फ रेणू कौशलेन्द्र सिंह से मौजा करोमा, परगना अठगावां तहसील पिण्डरा जनपद वाराणसी स्थित आ.नं. 498 रकबा 10620 वर्गफीट का आवासीय भूखण्ड गत 28.09.2026 को क्रय किया। भूखण्ड को मूल विक्रय पत्र जो उपनिबन्धक कार्यालय पिण्डरा वाराणसी में बही सं. 1, जिल्द सं. 2791 पृष्ठ सं. 165 से 196 पर दस्तावेज सं. 1837 पर दिनांक 13.04.2015 को पंजीकृत है, का अन्तिम पृष्ठ/ नजरी नक्शा/ दफा 60, कचहरी वाराणसी 1 स्थित फोटो स्टेट की दुकान नारायण इण्टरप्राइजेज से गुम हो गया है। इसका प्रयोग अवैध माना जायेगा। **श्रीमती सोनी सिंह** पत्नी श्री सुजीत सिंह, म.सं. एस-7/1-सी गोलघर पोस्ट कचहरी वार्ड सिकरौल, जनपद वाराणसी।

### भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस)

अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार

**संविदा आधार पर परामर्शकों की नियुक्ति**

(विज्ञापन सं. इन-स्पेस: 03:2026 दिनांक 03/10/2026)

इन-स्पेस अंतरिक्ष गतिविधियों के संवर्धन एवं प्राधिकरण तथा गैर-सरकारी प्रतिष्ठानों (एनजीई) द्वारा अंतरिक्ष विभाग की स्वामित्व वाली सुविधाओं के उपयोग हेतु अंतरिक्ष विभाग (अं.वि.) के अधीन एक स्वतंत्र नोडल एजेंसी है।

निम्नलिखित पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों से अधिकतम दो (2) वर्ष की अवधि हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। संतोषजनक कार्य-निष्पादन, कार्यात्मक आवश्यकता तथा समय-समय पर संशोधित "इन-स्पेस में परामर्शकों की नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया एवं दिशानिर्देश" के मानक निबंधनों एवं शर्तों के अधीन, इस अवधि को एक बार में एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है, किंतु कुल कार्यकाल अधिकतम पांच वर्ष ही होगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रधान परामर्शक - दशकीय दृष्टिकोण एवं रणनीति | 01 |
| 2. | वरिष्ठ परामर्शक - अध्यक्ष कार्यालय, इन-स्पेस | 01 |
| 3. | वरिष्ठ परामर्शक - जनसंपर्क एवं मीडिया | 01 |
| 4. | वरिष्ठ परामर्शक - विधि निदेशालय, इन-स्पेस | 01 |
| 5. | तकनीकी सहायक - तकनीकी निदेशालय | 02 |
| 6. | कनिष्ठ परामर्शक - तकनीकी निदेशालय | 01 |

विस्तृत विज्ञापन वेबसाइट www.inspace.gov.in के "घोषणाएं" अनुभाग में उपलब्ध है। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 02/11/2026 है। सभी आवेदक अपने आवेदन सीधे इन-स्पेस डिजिटल प्लेटफॉर्म (आईडीपी) पर https://www.inspace.gov.in के माध्यम से प्रस्तुत करें।

इन-स्पेस द्वारा जारी

CBC 49121/11/0003/2627

### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता देवकली पम्प नहर प्रखण्ड-प्रथम, गाजीपुर

**ई-टेण्डरिंग के माधयम से कराये जाने वाले कार्यो की अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-02/अ0अ0/2026-27**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्रीक्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड एवं फाइनेंशियल बिड सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत सिविल कार्यो में दक्ष एवं अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों से दिनांक:-15.10.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक-15.10.2026 को मुख्य अभियन्ता (सोन), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग,उत्तर प्रदेश, वाराणसी द्वारा गठित समिति के द्वारा अधिशासी अभियन्ता देवकली पम्प नहर प्रखण्ड-प्रथम गाजीपुर के कार्यालय में अपरान्ह 3.00 बजे आनलाईन खोली जायेगी। बिड दिनांक-08.10.2026 से 12.00 बजे पूर्वान्ह से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी। किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी होने की दशा में विभाग/खण्ड की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

| लाट संख्या | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 में | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | ताड़ीघाट राजवाहा के किमी0 0.000 से किमी0 27.950 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य। | 14.06 | 00.30 | 21 दिवस | 225.00+18% GST+ 500.00 स्टेशनरी शुल्क मात्र | "सी" या उच्च |
| 02 | नौली राजवाहा के किमी0 0.000 से किमी0 16.400 के मध्य सिल्ट सफाई/स्कैपिंग का कार्य। | 8.13 | 0.17 | 21 दिवस | 225.00+18% GST+ 500.00 स्टेशनरी शुल्क मात्र | "सी" या उच्च |

**निविदा की शर्तें:-**

1- यह निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 की वेबसाइट http.//Upgov.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइट http.//information.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http.//irrigation.up.nic.in परभी उपलब्ध है।
2-यह निविदा सूचना एवं प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
देवकली पम्प नहर प्रखण्ड-प्रथम,
गाजीपुर

उ.प्र.-257368
दिनांक:- 01.10.2026

वेबसाइट- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

### कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो.नि.वि., जौनपुर

(Email ID-sepwdjnp.gzp@gmail.com)

पत्रांक:- 4933/एस.ई.टेण्डर/जौ.गा.वृत्त/26-27 दिनांक:- 28/09/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (एस.बी.डी.)**
**राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बिडिंग**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई-निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से आईटम दर के आधार पर दिनांक-12.10.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक-22.10.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक-22.10.2026 अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की वित्तीय बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोलीढजायेगी एवं यदि कोई शुद्धि-पत्र होगा तो उसे https://etender.up.nic.in पर दिनांक-22.10.2026 के पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण https://etender.up.nic.in पर लागइन करें।:-

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 करोड़ में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृति की प्रत्याशा में। | | | | | | | | | |
| 1 | जौनपुर | जनपद जौनपुर में गोसाईपुर - सेवईनाला- गौराबादशाहपुर आरा अन्य जिला मार्ग के चैनेज 0.000 से 10.400 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। | 13.65 | 27.30 | 10 माह | 5590 | निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, जौनपुर | जौ0-गा0 वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर | वाराणसी क्षेत्र लो0नि0वि0, वाराणसी |

1. बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।
2. शासनादेश संख्या-879(1)/23-7-2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
4. वित्त लेखा अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-16/2020/ए-1-10शा0स0/दस-2020 दिनांक 29.12.2020 एवं अर्द्धशासकीय पत्र सं0-9/4/2020-पी.पी.डी. दिनांक 12.11.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0, लो0नि0विभाग लखनऊ के पत्र संख्या-3951एम0टी0/सामान्य वर्ग/ 60एम0 टी0/2020 दिनांक 13.04.2021 में दी गई व्यवस्था के अनुपालन में कार्य की निविदा हेतु कोई भी धरोहर धनराशि वांछित नहीं है। निविदादाता को निर्धारित प्रारूप पर शपथ-पत्र देना अनिवार्य होगा।

(राजेश राव)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0
जौनपुर

(एस0के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0,
जौनपुर

उ.प्र.:- 257370
दिनांक:- 01.10.2026 वेबसाइट- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

### वर्गीकृत विज्ञापन

**सूचना**

**सूचना**-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2019 अनु.-2007593 का मूल प्रमाण पत्र सह अंक-पत्र वास्तव में खो गया है । **अंशिका राय** पुत्र स्व संजीव राय ग्राम-तरका पोस्ट-अमरुपुर जिला- गाजीपुर उत्तर प्रदेश पिन कोड -233231 मोबाइल नंबर-7380664838

**सूचना**-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल परीक्षा तथा इण्टरमीडिएट की परीक्षा अंक पत्र / प्रमाण पत्र आदि पर मेरा नाम बिकलेश कुमार सिंह ( BIKALESH KUMAR SINGH) दर्ज है, तथा मेरे आधार कार्ड सं0-4670 5529 0381 पर मेरा नाम विकलेश कुमार सिंह (VIKLESH KUMAR SINGH) पुत्र शिवदवन सिंह निवासी ग्राम मवैया,पोस्ट सीखड़,चुनार,मिर्जापुर दर्ज है। भविष्य में मुझे इसी सही नाम **विकलेश कुमार सिंह (VIKLESH KUMAR SINGH )** पुत्र शिव. दवन सिंह से जाना और पहचाना जाए।

**सूचना**

**सूचना**-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं यशवी हेमंतकुमार भट्ट पुत्री हेमंतकुमार गौरीशंकर भट्ट निवासी 14/364 राम मंदिर कालोनी ओबरा सोनभद्र उ.प्र. 231219 ने अपना नाम बदलकर **यशवी भट्ट अग्रवाल** कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**NOTICE**

I Sashilata wife of Army No.15742335X Rank-L/NK Parbhans Pal Serving at 13 EW BN C/O 56 APO,Declared that I have change my name from Shashilata to new name **Sashilata** Vide affidavit in no.54AA 190992 Date-25.09.2026

**पाठकों से**

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

### कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, देवकली, गाजीपुर

पत्रांक-706/ई-निविदा सूचना/2026-27 दिनांक-30.09.2026

**आवश्यक सूचना**

इय कार्यालय के पत्रांक 705 दिनांक-30.09.2026 द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गयी है जो ई-टेण्डर की वेबसाइड http://etender.up.nic.in पर दिनांक-03.10.2026 से दिनांक 16.10.2026 तक उपलब्ध रहेगी। इच्छुक निविदादाता उक्त वेबसाइड के माध्यम से टेण्डर अपलोड कर सकते है। नियम एवं शर्ते वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
विकास खण्ड देवकली, गाजीपुर

### कार्यालय : ग्राम पंचायत, जोगा मुसाहिब विकास खण्ड भाँवरकोल, गाजीपुर

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा खुलने की तिथि 14 अक्टूबर 2026 समय 02:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है।

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग-अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.- एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. वी.सी. पाइप साकेत-प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का ll हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा./ प्रतिबन्ध एवं शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

**पंकज कुमार त्रिपाठी**
सचिव

**राम प्रवेश राय**
ग्राम पंचायत प्रशासक

### कार्यालय : ग्राम पंचायत, रेडमार विकास खण्ड भाँवरकोल, गाजीपुर

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा खुलने की तिथि 13 अक्टूबर 2026, समय 02:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है।

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग-अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.- एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत-प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का ll हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा./ प्रतिबन्ध एवं शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

**पंकज कुमार त्रिपाठी**
सचिव

**माला खरवार**
ग्राम पंचायत प्रशासक

### कार्यालय : ग्राम पंचायत, रेवसड़ा विकास खण्ड भाँवरकोल, गाजीपुर

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा खुलने की तिथि 16 अक्टूबर 2026, समय 02:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है।

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग-अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.- एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत-प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का ll हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा./ प्रतिबन्ध एवं शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

**पंकज कुमार त्रिपाठी**
सचिव

**शारदा देवी**
ग्राम पंचायत प्रशासक

# गांधी-शास्त्री जयंती पर छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

## अनुश्री पीजी कालेज में पौधारोपण कर स्वच्छता, सेवा और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



सुरियावां। अनुश्री पीजी कॉलेज, अभिया रोड कैड़ा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं को स्वच्छता, सेवा, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख रवि चंद्र यादव ने गांधी और शास्त्री के जीवन एवं राष्ट्रसेवा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने सत्य, अहिंसा, स्वदेशी, स्वच्छता और आत्मानुशासन को जीवन का आधार बनाया। वहीं लाल बहादुर शास्त्री सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और दृढ़ नेतृत्व के प्रतीक रहे। उनका 'जय जवान, जय किसान' का संदेश आज भी युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने छात्राओं से शिक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने और स्वच्छता, सेवा व पर्यावरण संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के बाद महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण और स्वच्छता अभियान चलाया गया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाए और परिसर की सफाई में सहभागिता की। सुरियावां ब्लॉक संयोजक नमन और दिलीप सहित परिसर प्रभारी वीना सिंह, डीएलएड प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, रामफल बिंद, विजय श्रीवास्तव, अजय कुमार, रामकुमार प्रजापति आदि मौजूद रहे। मानसी मिश्रा, सिम्पी उपाध्याय, गुंजा गौतम, पूजा मिश्रा, प्रतिभा चौहान, अंजना, मनीषा गौतम और विभा गौड़ समेत छात्राओं ने सहभागिता की। समापन राष्ट्रगान से हुआ।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर स्वच्छता और सेवा का लिया संकल्प

ज्ञानपुर। गांधी-शास्त्री जयंती एवं अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर शुक्रवार को जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी शैलेष कुमार और विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिंद शुक्ल ने ध्वजारोहण किया। महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गांधी जी के प्रिय भजन प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वदेशी, ग्राम स्वराज और स्वच्छता के विचारों को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पंचायतों को मजबूत कर गांवों में विकास की भागीदारी बढ़ाई जा सकती है। सीडीओ ने ग्राम स्वरोजगार, स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने पंचायतों में नवाचार अपनाने की अपील की। जिले में खेल स्टेडियम से देवनाथपुर तक शांति मैराथन रैली निकाली गई। महिला वर्ग की तीन किलोमीटर दौड़ और क्रॉस कंट्री रेस में प्रथम से छठे स्थान तक पहुंचे कुल 12 खिलाड़ियों को ट्रैकसूट व टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर १०० टीबी मरीजों को बांटी पोषण पोटली

ज्ञानपुर। गांधी-शास्त्री जयंती के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की भदोही शाखा की ओर से 100 क्षय रोग मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने मरीजों को पोषण सामग्री प्रदान की। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई। डीएम ने कहा कि गांधी और शास्त्री के विचार आज भी समाज और देश को दिशा देने वाले हैं। रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण सहायता उपलब्ध कराना सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि क्षय रोग मुक्त जनपद के अभियान में सामाजिक संगठनों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। जरूरतमंद मरीजों को उपचार के साथ पोषण संबंधी सहयोग मिलने से अभियान को मजबूती मिलेगी। सीएमओ डॉ. संतोष कुमार चक ने दोनों महापुरुषों के योगदान को याद किया।

## कन्या सुमंगला योजना की जागरूकता वैन रवाना, गांधी जयंती पर डीएम ने कलेक्ट्रेट से दिखायी हरी झंडी

ज्ञानपुर। गांधी जयंती के अवसर पर गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और मिशन शक्ति फेज-5.0 के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता प्रचार वाहन (एलईडी वैन) रवाना किया गया। जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का उद्देश्य बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहित करने के साथ लिंगानुपात में सुधार और बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। उन्होंने अभिभावकों से पात्र बालिकाओं का योजना में अधिक से अधिक पंजीकरण कराने की अपील की। उन्होंने मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के संदेश को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। जागरूकता वाहन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं के लिए संचालित हेल्पलाइन नंबर 181, 1090 और 1098 के संबंध में भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी, जिला प्रोवेशन कार्यालय, महिला शक्ति केंद्र और वन स्टॉप सेंटर की टीम मौजूद रही।

## ३१ नवनियुक्त प्राविधिक सहायकों का सम्मान

ज्ञानपुर। अधीनस्थ कृषि सेवा संघ उत्तर प्रदेश की जनपद शाखा भदोही की ओर से शुक्रवार को कृषि भवन सभागार, घरांव में नवनियुक्त 31 प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों और कृषि विभाग के अधिकारियों ने नवनियुक्त कर्मचारियों का स्वागत करते हुए उन्हें दायित्वों के प्रति सजग रहने की शुभकामनाएं दीं। समारोह में प्रांतीय कोषाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता, मंडली महामंत्री गोविंद लाल यादव, जिलाध्यक्ष विनय कुमार मौर्य, जिला मंत्री शिवाकांत, कोषाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, संगठन मंत्री आनंद कुमार सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा अपर जिला कृषि अधिकारी अजीत कुमार, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए सुजीत कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी हरिओम मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी ईरम और उप कृषि निदेशक डॉ. रामप्रवेश समेत संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## लोकतंत्र बचाओ सप्ताह मनायेगी सपा, वोट बचाओ-देश बचाओ का देगी संदेश

ज्ञानपुर। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट, कंसापुर में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस दौरान पार्टी ने लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के तहत दो से आठ अक्तूबर तक जिले में 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान चलाने का निर्णय लिया। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वतंत्र भारत में ग्राम स्वराज की कल्पना की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार भारत निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। सपा निर्वाचन आयोग के कथित संस्थागत कब्जे और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने, उनके खिलाफ मुकदमा चलाने व गिरफ्तारी की मांग कर रही है। उन्होंने बताया कि इंडिया गठबंधन की बैठक में दो से आठ अक्तूबर तक लोकतंत्र बचाओ सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत विधानसभा वार मार्च निकाला जाएगा। जिला मुख्यालय पर डॉ. भीमराव आंबेडकर और महात्मा गांधी की प्रतिमाओं पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ राष्ट्रगान होगा। इस मौके पर विधायक जाहिद बेग, शोभनाथ यादव, आरिफ सिद्दीकी, अंजनी सरोज, कल्लन यादव, संतोष यादव, शैलेश सिंह मंटू, हसनैन अंसारी, लालचंद बिंद, केशनारायण यादव, रुद्रपति दुबे, अंजनी शुक्ल, नरेंद्र बिंद, सरिता बिंद समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सुरियावां नगर पंचायत में दो स्थानों पर इंटरलाकिंग कार्य का शिलान्यास

सुरियावां। नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए अध्यक्ष विनय चौरसिया ने शुक्रवार को दो स्थानों पर इंटरलॉकिंग कार्य का शिलान्यास किया। श्रीरामलीला समिति की मांग पर रामलीला स्थल के क्षतिग्रस्त पुराने खड़ंजे को ऊंचा कर करीब 30म45 मीटर क्षेत्र में इंटरलॉकिंग कराई जाएगी। कार्य की लागत करीब 4.42 लाख रुपये बताई गई है। इसके अलावा वार्ड आठ में डॉ. समद के सामने स्थित गली में करीब पांच लाख रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग कार्य कराया जाएगा। अध्यक्ष ने नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर अध्यक्ष विनय चौरसिया ने कहा कि नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में जरूरत के अनुसार सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने संबंधित लोगों से निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने को कहा। शिलान्यास के दौरान नगर पंचायत के कर्मचारी, सभासद, ठेकेदार और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



## डीएम ने अस्पताल का किया आकस्मिक निरीक्षण

ज्ञानपुर। महाराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय के मुख्य गेट के बाहर प्रसव होने के प्रकरण के बाद जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने गुरुवार को अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती प्रसूता रानी और नवजात के स्वास्थ्य की जानकारी ली। दोनों स्वस्थ पाए गए और चिकित्सकीय निगरानी में हैं। बताया गया कि करीब 20 वर्षीय रानी का हीमोग्लोबिन पांच ग्राम था। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें एक दिन पहले मिर्जापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। 29 सितंबर की रात करीब 8:30 बजे परिजन उन्हें प्रसव के लिए दोबारा जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल स्टाफ ने स्थिति देखते हुए उन्हें फिर उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर किया। इसी दौरान वाहन की प्रतीक्षा किए बिना परिजन गर्भवती को लेकर अस्पताल से बाहर निकलने लगे। मुख्य गेट के पास ही प्रसव शुरू हो गया। सूचना पर सीएमओ करीब 8:45 बजे मौके पर पहुंचे और प्रसूता को दोबारा अस्पताल में भर्ती कराकर आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई। डीएम ने चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मरीज, विशेषकर गर्भवती महिलाओं को उनकी स्थिति के अनुरूप समयबद्ध उपचार मिले। रेफर मरीजों के लिए परिवहन और समन्वय की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मरीजों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रकरण में उत्तरदायित्व निर्धारित कर संबंधित दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है।

## जिला पंचायत परिसर में फहराया तिरंगा

ज्ञानपुर। गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिला पंचायत परिसर में समारोह आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। इसके बाद महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्ष ने कहा कि गांधी जी ने देश को सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का मार्ग दिखाया, जबकि शास्त्री जी ने 'जय जवान-जय किसान' का संदेश देकर देश के जवानों और किसानों के सम्मान को नई दिशा दी। उन्होंने दोनों महापुरुषों के विचारों को जीवन में अपनाने और भदोही को स्वच्छ एवं विकसित बनाने का आह्वान किया। इसी क्रम में नगर पंचायत ज्ञानपुर कार्यालय में भी जयंती समारोह हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के त्याग व योगदान को याद करते हुए स्वच्छ नगर बनाने का संकल्प दोहराया। समारोह में जिला पंचायत सदस्य, सभासद, अधिकारी-कर्मचारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



## मालवीय विद्याश्रम में मनी गांधी-शास्त्री जयंती

गोपीगंज। पंडित मदन मोहन मालवीय विद्याश्रम कालीदेवी में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को गांधीजी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के सिद्धांतों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि दोनों महापुरुषों का जीवन देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर कांग्रेस ने उठाये जनहित के मुद्दे

भदोही। इंदिरा मिल चौराहे पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व सांसद मसूरिया दीन पासी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जिलाध्यक्ष वसीम अंसारी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद तीनों महापुरुषों के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर विचार गोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के को-ऑर्डिनेटर एवं भदोही प्रभारी दयाशंकर पांडेय ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में अंतर दिखाई देता है। उन्होंने इंदिरा मिल चौराहे पर गांधी प्रतिमा के पास क्षतिग्रस्त चबूतरे का मुद्दा उठाते हुए प्रशासन से तत्काल निर्माण कराने की मांग की। जिलाध्यक्ष वसीम अंसारी ने कहा कि गांधी का सपना समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को समान अधिकार और सम्मान दिलाना था।इस दौरान डॉ. राजेंद्र कुमार दुबे राजन, काशीनाथ भारती, प्रेम बिहारी उपाध्याय, राजेश्वर दुबे, मुशीर इकबाल, संजीव दुबे, मसूद आलम, त्रिलोकीनाथ बिंद, शबाना खातून, स्वालेह अंसारी, सुरेश चौहान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आजमगढ़ में भदोही जिला पंचायत अध्यक्ष, प्रधान सम्मानित

ज्ञानपुर। गांधी जयंती के अवसर पर आजमगढ़ के बीना पारा में आयोजित पंचायत रत्न सम्मान समारोह में भदोही के जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी और महजूदा ग्राम पंचायत के प्रशासक राजमणि पांडेय को पंचायत रत्न 2026 सम्मान से सम्मानित किया गया। देशभर से चयनित 51 पंचायत प्रतिनिधियों में भदोही से दोनों का चयन किया गया था। ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन की ओर से आयोजित समारोह में पंचायतों में बेहतर कार्य, ग्रामीण विकास, जनसुविधाओं और जनहित के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। समारोह में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक चन्द्र अवस्थी के साथ राष्ट्रीय कार्यकारिणी और प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं अनिरुद्ध त्रिपाठी को भी पंचायत क्षेत्र में विकास एवं जनहित के कार्यों में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## त्याहारों को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक

चौरी। आगामी दुर्गा पूजा त्यौहार, रामलीला, भरत मिलाप आदि सकुशल, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देश के क्रम में शुकवार को स्थानीय चौरी थाना परिसर में थानाध्यक्ष कुलदीप मिश्र के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक की गई। बैठक में प्रतिभाग करने वाले लोगों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया व उनसे सुझाव भी मांगे गये। उपस्थित लोगों से त्यौहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने की अपील की गई। वही बैठक में दुर्गा पूजा पंडाल हेतु सुरक्षा के दिशा-निर्देश दिए। बैठक में थानाध्यक्ष कुलदीप मिश्र, विकास जायसवाल, आदित्य यादव, अजय सिंह, हेड मुहर्रिर सरफराज खान, प्रदीप कुमार, नागेश्वर दुबे सहित क्षेत्र के गणमान्य आदि उपस्थित रहे।



## रामलीला में अहिल्या उद्धार और राम-सीता मिलन का मंचन

भदोही। मर्यादपट्टी स्थित श्रीरामलीला मैदान में चल रही रामलीला में बुधवार रात वृंदावन के कलाकारों ने अहिल्या उद्धार, गंगा दर्शन, जनकपुर आगमन, नगर दर्शन, फुलवारी और गौरी पूजन की लीला का भावपूर्ण मंचन किया। प्रसंग के दौरान भगवान राम द्वारा अहिल्या के उद्धार का दृश्य देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। लीला के अनुसार, ऋषि विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को लेकर जनकपुर की ओर जा रहे थे। मार्ग में भगवान राम के चरण स्पर्श से शिला बनी अहिल्या का उद्धार हुआ। विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को अहिल्या के श्राप की कथा सुनाई। इसके बाद गंगा दर्शन के लिए पहुंचने और वहां पूजन कराने का प्रसंग मंचित किया गया। इस प्रसंग ने दर्शकों को भावुक कर दिया।

## जिला अस्पताल के बाहर प्रसूता के प्रसव पर कांग्रेस ने उठाये सवाल

ज्ञानपुर। महाराजा चेतसिंह जिला अस्पताल के बाहर प्रसूता के सड़क पर प्रसव होने के मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने आक्रोश जताया। शुक्रवार को जिलाध्यक्ष वसीम अंसारी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जोरई पहुंचकर पीड़ित महिला और उसके परिजनों से मुलाकात की। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के को-ऑर्डिनेटर एवं भदोही प्रभारी दयाशंकर पांडेय ने परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। दयाशंकर पांडेय ने कहा कि प्रसव पीड़ा में अस्पताल पहुंची महिला को तत्काल उपचार और सम्मानजनक चिकित्सा सुविधा मिलना उसका अधिकार है। यदि उसे उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर करना जरूरी था तो सुरक्षित एंबुलेंस से भेजने की जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासन की थी। प्रतिनिधिमंडल में प्रेम बिहारी उपाध्याय, सुरेश गौतम, त्रिलोकी नाथ बिंद, नाजिम अली, सुरेश चौहान, राकेश पाल, शक्ति मिश्रा, विशाल गौतम समेत अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।नकाली जाएगी।

## गैंगस्टर एक्ट में अभियुक्त गिरफ्तार

चौरी। थाना पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी में लिप्त एक संगठित गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई थी। पुलिस ने गैंग लीडर समेत 5 अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किए थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि अनुराग पटेल उर्फ पद्दू पुत्र राजाराम निवासी पचपटियां (ढीबुई) के खिलाफ थाना चौरी में धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। वही शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष कुलदीप मिश्र हमराहियों के साथ परउपुर तिराहा से गैंगस्टर अभियुक्त अनुराग पटेल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## ५०वें इंडिया कारपेट एक्सपो की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

### ६५ देशों के ४०० से अधिक खरीदारों के पहुंचने की उम्मीद, २०० से अधिक निर्यातक दिखाएंगे उत्पाद

भदोही। चार से सात अक्टूबर तक एक्सपो मार्ट में आयोजित होने वाले 50वें इंडिया कारपेट एक्सपो की तैयारियों का जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने शुक्रवार को स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने विद्युत, अग्निशमन, खाद्य सुरक्षा, पुलिस और सफाई व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को समय से सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आयोजन में देश-विदेश से आने वाले खरीदारों और प्रतिभागियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अग्निशमन विभाग को सुरक्षा मानकों का परीक्षण और विद्युत विभाग को सुरक्षित एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस को पर्याप्त बल की तैनाती, प्रवेश-निकास और पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा। जिलाधिकारी के अनुसार एक्सपो में 65 देशों के 400 से अधिक विदेशी खरीदारों के शामिल होने की संभावना है। अब तक करीब 325 खरीदार पंजीकरण करा चुके हैं। विभिन्न राज्यों के 200 से अधिक कालीन और फ्लोर कवरिंग निर्यातक अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। इस बार ब्रिक्स देशों के खरीदारों पर भी विशेष फोकस रहेगा। उनके लिए अलग बायर्स लाउंज बनाया जा रहा है। सीईपीसी की ओर से ब्रिक्स कारपेट कॉन्क्लेव भी आयोजित होगा, जिसमें कालीन और फ्लोर कवरिंग के व्यापार, बाजार और निर्यात संभावनाओं पर चर्चा होगी। निरीक्षण के दौरान सीईपीसी के उपाध्यक्ष असलम महबूब, कार्यकारी निदेशक डॉ. स्मिता नागरकोटी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी, निर्यातक और आयोजन से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहे।



## गेहूं का एमएसपी बढ़ाने की मांग

ऊंज। भारतीय किसान यूनियन की बैठक शुक्रवार को कुरमैचा गांव में जिला अध्यक्ष श्यामधर सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें सरकार की ओर से रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में की गई वृद्धि पर चर्चा करते हुए गेहूं का समर्थन मूल्य केवल 25 रुपये बढ़ाए जाने पर किसानों ने रोष जताया। वक्ताओं ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के वेतन में महंगाई भत्ते के रूप में समय-समय पर 7 से 10 प्रतिशत तक वृद्धि की जाती है, जबकि किसानों की फसलों के समर्थन मूल्य में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हो रही है। गेहूं की खेती उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में बड़े पैमाने पर होती है। किसानों ने गेहूं के एमएसपी में वृद्धि को लेकर सरकार से पुनर्विचार की मांग की। बैठक में पांच प्रस्ताव पारित किए गए। पहले प्रस्ताव में गेहूं का समर्थन मूल्य कम से कम 70 रुपये बढ़ाकर धान के समर्थन मूल्य के बराबर करने की मांग की गई। बैठक में राजेश सिंह, मंगला प्रसाद सिंह, श्यामधर यादव, घनश्याम सिंह, रमाशंकर, धनी शंकर, राममूर्ति बिंद, डॉ. हरिगेन बिंद, काशी प्रसाद, अनमोल बिंद, जवाहरलाल बिंद, झूरे बिंद, भगवतीदीन बिंद, राजबली बिंद, पप्पू शर्मा, देवी प्रसाद शर्मा, मंगरू रामबिंद आदि मौजूद रहे।

## नारायण के ध्यान से जीवन सुखमय होता है-आचार्य अशोक पांडेय

कस्तूरीपुर। क्षेत्र के बहरैची गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में काशी के आचार्य अशोक पांडेय जी महाराज ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कंस के संहार और धर्म की स्थापना के लिए अवतार लिया था। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति में भाव-विभोर हो गए। आचार्य ने कहा कि जीवन को सुखमय बनाने के लिए नारायण का ध्यान आवश्यक है।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

ज्ञानपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष महबूद खान की अध्यक्षता में ज्ञानपुर स्थित गांधी पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान गांधीजी के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम, ईश्वर-अल्लाह तेरो नाम, सबको सन्मति दे भगवान' का स्मरण भी किया गया। कार्यक्रम में परवेज हाशमी, जितेंद्र, राजेंद्र, महेश आदि मौजूद रहे।

## निधन पर शोक

ज्ञानपुर। नगर निवासी एवं पत्रकारिता जगत से जुड़े राजीव गोयल के अनुज जय विजय गोयल (55) का शुक्रवार सुबह हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। शोक में गोयल गली के व्यापारियों ने अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रखे। बताया गया कि शुक्रवार सुबह अचानक जय विजय गोयल की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें सीने में दर्द की शिकायत हुई। परिजन तत्काल उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज रेफर कर दिया। परिजन उन्हें स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल, प्रयागराज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। निधन की खबर मिलते ही परिजनों, रिश्तेदारों, व्यापारियों और शुभचिंतकों में शोक व्याप्त हो गया। पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों ने भी उनके निधन पर गहरा दुख जताया। बड़ी संख्या में लोग गोयल निवास पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाते हुए शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।

## वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों को वस्त्र और फल बांटे

गोपीगंज। अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर गुरुवार को नगर के खड़हट्टी मोहाल स्थित वृद्धजन आश्रम में बुजुर्गों को वस्त्र और फल वितरित कर सम्मानित किया गया। वृद्ध महिलाओं को साड़ियां भी दी गईं। कार्यक्रम में समाज कल्याण अधिकारी गीता सरोज, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. शुभांकर श्रीवास्तव ने वृद्धजनों को सामग्री वितरित की। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुजुर्गों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी गई। इस मौके पर डॉ. नंदलाल प्रसाद, डॉ. श्रीराम उपाध्याय, चंद्र योगेश, आश्रम प्रबंधक प्रदोष कुमार, राजन पंडा, गौरव श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद रहे।

## जीवित्पुत्रिका आज

गोपीगंज। पुत्रो के दिर्घायु,स्वास्थ और संम्पन्नता की कामना के लिए रखा जाने वाला जीवित्पुत्रिका (जिउतिया) व्रत शनिवार को मनाया जाएगाद्यशुक्रवार को भदोही जनपद के प्रमुख नगर और बाजारो मे काफी भीड़ रही। महिलाओं ने सोने चांदी की जिउतिया,फल,फूल व अन्य पूजन सामग्री की जमकर खरीददारी कीद्यमहिलाए इस दिन निर्जला व्रत रखती हैं,सुबह सुर्योदय के पहले गांव मे स्थित सरोवर के पास एकत्र होकर सामूहिक रुप से जीवित्पुत्रिकी माता की पूजन अर्चन करती है। पर्व की पूर्व संध्या पर नगर व आसपास ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने जमकर खरीदारी कीद्यपूरे नगर मे जगह जगह फल फूल, खिलौना आदि के साथ अन्य पूजन सामग्री की दुकाने सजाई गई थी।

## ससजपा ने मनायी महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

गोपीगंज। सर्व समाज जनहित पार्टी की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। नारायण कटरा स्थित कैंप कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह के साथ पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं अन्य लोगों ने उन्हें नमन करते हुए पुष्प अर्पित किया और उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस मौके पर,सिंटू शुक्ला, सतीश पांडेय,राम अनुज त्रिपाठी,समर बहादुर सिंह,डा.डी.के. श्रीवास्तव, दूधनाथ विश्वकर्मा,राम रसीले कनौजिया,संजय चौबे, सदन,अजय त्रिपाठी,विष्णु मोहन पांडेय, प्रमोद कुमार, रामबाबू,रमेश व अन्य रहे।

## संत विवेकानंद विद्यालय में विद्यार्थियों को दिलाया संकल्प

गोपीगंज। संत विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गेराई के परिसर में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर प्रेरक सभा आयोजित की गई। प्रधानाचार्य अजय त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को दोनों महापुरुषों के जीवन, आंदोलनों और सिद्धांतों की जानकारी दी। उन्होंने गांधीजी के सत्य, अहिंसा, स्वराज और नमक सत्याग्रह के बारे में बताया। कहा कि गांधीजी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को स्वतंत्रता आंदोलन में नई दिशा दी।

## भगवान की भक्ति ही मोक्ष का सुगम मार्ग-अनुराग जी महाराज

ज्ञानपुर। काशी-प्रयाग के मध्य गोपीगंज क्षेत्र के कौलापुर निवासी वरिष्ठ पत्रकार डॉ. लक्ष्मीधर चतुर्वेदी के यहां चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का संगीतमय वर्णन किया गया। कथावाचक अनुराग जी महाराज ने कहा कि भगवान की भक्ति और भजन-कीर्तन ही कलिकाल में मोक्ष का सुगम मार्ग है। उन्होंने कहा कि लीला और क्रिया में अंतर है। दूसरों को सुखी रखने की इच्छा से किया गया कार्य लीला कहलाता है। भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं के माध्यम से गोकुलवासियों को सुख और समृद्धि प्रदान की। माखन चोरी का भावार्थ बताते हुए कहा कि कन्हैया ने माखन नहीं, बल्कि भक्तों के मन की चोरी की थी। कथा के दौरान पूतना वध, कालिया नाग मर्दन और गोवर्धन पूजा की कथा सुनाई गई। उन्होंने बताया कि इंद्र के अहंकार को समाप्त करने के लिए श्रीकृष्ण ने कनिष्ठ अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों को भारी वर्षा से बचाया। उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाएं मानव जाति के कल्याण के लिए हैं। श्रीकृष्ण का राधारानी के प्रति निष्काम प्रेम भी जगत को प्रेम का संदेश देता है। कीर्तन और कथा श्रवण से व्यक्ति में सत्कर्म की प्रेरणा जागृत होती है। इस अवसर पर डॉ अजय शुक्ला रमेश पांडेय दिनेश दुबे श्याममुरारी दुबे राजेंद्र प्रसाद संदीप कमलेश यादव सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे



## संत विवेकानंद विद्यालय में विद्यार्थियों को दिलाया संकल्प

गोपीगंज। संत विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गेराई के परिसर में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर प्रेरक सभा आयोजित की गई। प्रधानाचार्य अजय त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को दोनों महापुरुषों के जीवन, आंदोलनों और सिद्धांतों की जानकारी दी। उन्होंने गांधीजी के सत्य, अहिंसा, स्वराज और नमक सत्याग्रह के बारे में बताया। कहा कि गांधीजी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को स्वतंत्रता आंदोलन में नई दिशा दी। वहीं लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का उल्लेख करते हुए उनके 'जय जवान-जय किसान' के संदेश को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया।कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा

खमरिया। राजकीय हाईस्कूल लालानगर में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ। इसके बाद संस्था प्रधान राम सजन सोनकर के नेतृत्व में गांधी और शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा, राजकुमार पांडेय, विनोद कुमार त्रिपाठी, लोकेश कुमार, चंद्रजीत यादव, भानुप्रताप पांडेय सहित शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

## कांशीराम परिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ पहुंचने की अपील

ज्ञानपुर। बहुजन समाज पार्टी की ओर से शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र 393 ज्ञानपुर के धनतुलसी में बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि मिर्जापुर मंडल के मुख्य प्रभारी अमरेंद्र बहादुर पासी ने पार्टी की ओर से किए जा रहे कार्यों और संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं और जिले के लोगों से पार्टी संस्थापक श्री कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर 9 अक्टूबर को लखनऊ पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागिता करें और संगठन को मजबूत बनाने में योगदान दें।

# शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक याद किये गये गांधी और शास्त्री जी

## रघुपति राघव राजा राम और वैष्णव जन तो तेने कहिए...की रही कलेक्ट्रेट में गूंज, शास्त्री की जीवनी पर पुस्तक वितरित कर उनके विचारों, सिद्धांतों से किया जागरूक

आजमगढ़। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयन्ती पर

**जयंती पर स्मरण**

### जीजीआईसी की छात्राओं और हरिहरपुर घराने के संगीतकारों ने प्रस्तुत किये गांधी के भजन

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोगों ने उन्हें नमन किया। जिलाधिकारी रविंद कुमार ने कलेक्ट्रेट एवं सीडीओ राकेश कुमार पटेल ने विकास भवन पर ध्वजारोहण किया गया। कलेक्ट्रेट गांधी हाल में जीजीआईसी की संगीत शिक्षिका के नेतृत्व में आई छात्राओं एवं हरिहरपुर संगीत घराने के संगीतकों ने गांधी जी का प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम व वैष्णव जन तो तेने कहिए...की प्रस्तुति दी।



जिलाधिकारी ने गांधी, शास्त्री की जीवनी पुस्तक सहित उपहार देकर प्रेरित किया।

**जय मां वैष्णों चिल्ड्रेन स्कूल कोलबाज बहादुर** में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश यादव ने तिरंगा फहराया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य शैलेष कुमार यादव व संचालन एपी यादव ने किया। आभार ज्ञापन चंद्रभान यादव ने किया।

**शिब्ली नेशनल महाविद्यालय** में प्राचार्य प्रो. अफसर अली ने ध्वजारोहण किया तथा सभी ने सामूहिक राष्ट्रगान किया। इस मौके पर डॉ. मोहम्मद खालिद, डॉ. सिद्धार्थ सिंह, डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, डॉ. गीता आदि ने महात्मा गांधी के जीवन, उनके संघर्ष, विचारों, आदर्शों तथा वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

**सर्वोदय पब्लिक स्कूल हरबंशपुर** में प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव, निदेशिका कंचन यादव, प्रधानाचार्या सुकांशा अवस्थी ने महात्मा गांधी व द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन के वृतांत को संक्षिप्त रूप में बताया। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गई।

**लालगंज प्रतिनिधि के अनुसार**-सेंट जेवियर्स हाईस्कूल में प्रबंध निदेशक सुशांत चंद्रा जायसवाल ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण, तिलक एवं दीप प्रज्ज्वलन किया। प्रबंधक पिंटू जायसवाल, प्रधानाध्यापिका सपना शर्मा, समन्वयक नीलम राय, प्रतिमा घाले, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**सेंट जेवियर इंटरनेशनल स्कूल** में सुशांत चंद्रा, प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष तिवारी, पिंटू जायसवाल, अखिलेश पाठक, रमाला तमांग, जॉयदेव मायति, राजेश दीक्षित एवं श्रिया मालेय आदि मौजूद रहीं। **हिंदी सुबोध संस्थान** के प्रधान कार्यालय में कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रबंधक समर बहादुर सिंह ने की। डॉ. सत्येन्द्र सिंह, मुनिन्द्रिका प्रसाद गिरी, विनय शंकर राय, सत्यप्रकाश दीक्षित, राजनाथ यादव, प्रमोद श्रीवास्तव, गौरव कुमार रघुवंशी, सत्येन्द्र सिंह, संजीव सिंह राजू, अमित कुमार साहू , अनूप साहू ,अमन कुमार साहू उपस्थित रहे। **तहसील परिसर** में एसडीएम नेहा मिश्रा के नेतृत्व में ध्वजारोहण किया गया। तहसीलदार



शिव प्रकाश सरोज, नायब तहसीलदार कनक सिंह, गौरव प्रताप सिंह मौजूद रहे। **मेंहनगर प्रतिनिधि के अनुसार**-तहसील परिसर में एसडीएम अशोक कुमार व तहसीलदार शिवेन्द्र कुमार पटेल ने ध्वजारोहण किया। कैलाश नाथ कॉलेज ऑफ फार्मेसी डीहा में प्रबंधक यशवंत सिंह गप्पू, यमुना स्मारक महाविद्यालय सिंहपुर में कमला प्रसाद यादव, नगर पंचायत में चेयरमैन कौशिल्या रामबदन कन्नौजिया तथा स्वामी विवेकानंद उमा विद्यालय में प्रबंधक रणवीर सिंह पप्पू, ब्लाक सभागार में प्रमुख प्रतिनिधि कैलाश यादव व बीडीओ रवि कुमार, कांग्रेस कार्यालय पर हरेन्द्र सिंह मखन्चु ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया।

### कमिश्नरी में महिला अफसरों को दिया सम्मान

आजमगढ़। मण्डलायुक्त ने गांधी जयन्ती के अवसर पर अपनी मौजूदगी में अपर आयुक्तों के माध्यम से कार्यालय भवन पर ध्वजारोहण कराया। मण्डलायुक्त विवेक ने गांधी जयन्ती के अवसर पर महिला सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अपनी मौजूदगी में कार्यालय भवन पर अपर आयुक्त न्यायिक डाक्टर अर्चना द्विवेदी एवं अपर आयुक्त ज्योति राय के माध्यम से संयुक्त रूप से ध्वजारोहरण कराया। तत्पश्चात समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, छात्राओं द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान किया गया।

### रियो वर्ल्ड एकेडमी में चला स्वच्छता अभियान

लालगंज, आजमगढ़। गांधी जयंती के अवसर पर लालगंज स्थित रियो वर्ल्ड एकेडमी विद्यालय में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का नेतृत्व प्रधानाचार्या डाक्टर अपर्णा सिंह, विशाल साहू प्राचार्य गोल्ड क्रेस्ट कॉलेज एवं प्रबंधन समिति के मुखिया संतोष सिंह ने किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक संजय विश्वकर्मा, रोहित मौर्या, अभिषेक सिंह, सूरज चौहान, रामजीत तथा एचएम पूजा मिश्रा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की और छात्रों को स्वच्छता का संदेश दिया। प्रधानाचार्या डाक्टर अपर्णा सिंह ने कहा कि गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। यदि हर विद्यालय के शिक्षक स्वच्छ मानसिकता के साथ किसी कार्य की पहल करते हैं तो बच्चों में ये संस्कार स्वत: पनपते हैं।

# शोक संवेदना के बाद सांसद धर्मेंद्र के मुख से आखिर फूट गये सियासी बोल

फूलपुर, आजमगढ़। कोई भी व्यक्ति राजनीति में हो और उसके मुख से सियासत के बोल न फूटें, ऐसा बहुत कम ही होता है। फिलहाल यहां तो सपा के सदर सांसद धर्मेंद्र यादव शुक्रवार को पूर्व सांसद एवं पूर्व गन्ना शोध संस्थान के उपाध्यक्ष स्व. रामकृष्ण यादव की पत्नी विमला देवी के निधन पर फूलपुर क्षेत्र के आंधीपुर गांव स्थित उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने विमला देवी को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और मनोज कृष्ण यादव, अजय कृष्ण यादव सहित परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया।

धर्मेंद्र यादव ने कहा कि स्व. रामकृष्ण यादव का उनके परिवार से लंबे समय से आत्मीय संबंध रहा। उनका उनके यहां बराबर आना-जाना रहा और बचपन से ही उन्हें उनका स्नेह मिलता रहा। आज वह हमारे

**पूर्व सांसद की पत्नी के निधन की खबर पर पहुंचे थे फूलपुर क्षेत्र के आंधीपुर गांव**

बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी यादें हमेशा दिल में रहेंगी। उसके बाद मीडिया से मुखतिब हुए तो सवालों का जवाब देते हुए कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का समाजवादी सरकार बनने के बाद मार्च के पश्चात समाधान कराया जाएगा।

पंचायत चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि जनपद में पंचायतीराज मंत्री घूम रहे



हैं, इस संबंध में वही सही जवाब दे सकते हैं। वहीं भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह द्वारा सपा प्रमुख अखिलेश यादव की प्रशंसा किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि दूसरी पार्टी में रहते हुए भी यदि वह राष्ट्रीय अध्यक्ष की तारीफ कर रहे हैं तो यह अच्छी बात है। इस अवसर पर पूर्व सांसद के भाई बालकृष्ण यादव, पूर्व विधायक श्याम बहादुर सिंह यादव, विधायक रमाकांत यादव के प्रतिनिधि विजय बहादुर यादव, राजेश यादव, रामकुमार यादव, राज कुमार यादव, ब्रजेश यादव, विक्रम, विवेक, रतिभान यादव, जन्मेजय यादव, विवेक विश्वकर्मा, सौरभ यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### पूर्व चेयरमैन की पत्नी के निधन पर नगर पंचायत में शोक

फूलपुर, आजमगढ़। नगर पंचायत फूलपुर के पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय जितेंद्र नाथ उर्फ जित्तू लाल हलवाई की धर्मपत्नी का 95 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद उपचार के दौरान गुरुवार शाम करीब पांच बजे निधन हो गया। उनके निधन की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और अंतिम यात्रा में शामिल हुए। शुक्रवार को फूलपुर बस स्टॉप स्थित नागा बाबा पोखरे के पास नगर पंचायत अध्यक्ष, सभासदों और कर्मचारियों ने शोकसभा आयोजित की। नगर पंचायत अध्यक्ष रामाशीष बरनवाल, लिपिक रमेश श्रीवास्तव, सभासद आशीष मधेशिया, मनोज गुप्ता, अनिल सोनकर, रिजवान, अरशद खान, ओंकार नाथ गुप्ता, आविद नवी जान, इफ्तेखार अहमद, मोहम्मद रफीक, सुधीर रावत, अंगद सोनकर, गोविन्द यादव आदि उपस्थित रहे।

### नगर पालिका में गांधी-शास्त्री को प्रणाम, स्वच्छता को सम्मान

आजमगढ़। नगर पालिका परिसर में ध्वजारोहण के बाद वंदे मातरम का गायन किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करने के साथ ही स्वच्छता की दिशा में काम करने वालों को सम्मानित किया गया। परिसर में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का वातावरण रहा। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों महान विभूतियों के आदर्शों, विचारों एवं देश के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए स्वच्छता, स्वच्छ भारत मिशन एवं नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता अभियान में लगें अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कर्मचारियों एवं नगरवासियों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ आजमगढ़ के निर्माण में सहयोग करने का संदेश दिया गया। नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई का कार्य भी कराया गया। जयंती के अवसर पर लोगों को स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक किया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीगण एवं कर्मचारिगण को स्वच्छता कार्यक्रम के प्रति जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया गया।

### साइबर ठगी के तीन पीड़ितों को वापस मिली रकम

अतरौलिया, आजमगढ़। साइबर ठगी का शिकार होकर अपनी मेंहनत की कमाई गंवाने वाले तीन लोगों को अतरौलिया पुलिस की साइबर टीम की तत्परता से राहत मिली है। पुलिस ने एमआरएम पोर्टल के माध्यम से त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगी की रकम को सुरक्षित कराकर पीड़ितों के खातों में वापस कराया। रकम वापस मिलने के बाद पीड़ितों ने पुलिस का आभार जताया। पुलिस के अनुसार, ग्राम अतरैठ निवासी दीपेश कुमार मौर्य के खाते से ठगी गई 3,490 रुपये की धनराशि वापस कराई गई। इसी गांव की तबस्सुम बानो के खाते में ठगी की 1,992.96 रुपये की रकम वापस दिलाई गई। वहीं, अतरौलिया निवासी आकांक्षा निषाद के खाते से साइबर ठगी के जरिए निकाली गई 989 रुपये की धनराशि भी सुरक्षित वापस करा दी गई।

### ओमप्रकाश मिश्र की पुण्यतिथि पर नेत्र परीक्षण शिविर

मार्टीनगंज, आजमगढ़। मार्टीनगंज तहसील क्षेत्र के प्रकाश हास्पिटल मोलनापुर अहमद बख्श फुलेश में शुक्रवार को समाजसेवी ओमप्रकाश मिश्र की 16वीं पुण्य तिथि पर नेत्र परीक्षण शिविर और मुफ्त चश्मा वितरण शिविर का शुभारम्भ ओमप्रकाश मिश्र के चित्र पर संस्थान के चेयरमैन कृष्ण कांत मिश्र व वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मनोज कुमार मिश्र मंजुल द्वारा ओमप्रकाश मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।इस अवसर पर डा. गोल्डेन यादव, डा. कुलदीप सिंह, डा. जुबैर, डा. ऐमन द्वारा नेत्र रोगियों की जांच एवं निशुल्क चश्मा का वितरण शांति सेवा ट्रस्ट के सौजन्य से किया गया। कुल 687 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर पूर्व वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ. शशिकांत मिश्र, गिरीश दत्त मिश्र, शत्रुघ्न मिश्र, प्राचार्य डॉ. धीरेन्द्र कुमार मिश्र, प्रधानाचार्य आलोक शुक्ल, डॉ. आरएसएन त्रिपाठी, राम चंद्र मिश्र, प्रदुम्न मिश्र, सुरेश तिवारी, ओमप्रकाश जायसवाल आदि उपस्थित थे।

### दीवानी न्यायालय कर्मचारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

आजमगढ़। वेतन भत्तों में वृद्धि तथा अन्य मांगों को लेकर दीवानी न्यायालय के कर्मचारियों ने गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को तिरंगा यात्रा निकाली। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दुर्गेश श्रीवास्तव ने कहा कि आगामी 25 अक्टूबर को पूरे प्रदेश पर के कर्मचारी लखनऊ में इकट्ठा होकर सत्याग्रह करेंगे। कर्मचारी संघ फॉस्ट ट्रैक अदालतों के कर्मचारियों के वेतन में प्रतिवर्ष दस प्रतिशत की बढ़ोतरी, अप्रेन्टिस पदों को कनिष्ठ सहायक के पद पर समायोजित करने की मांग कर रहा है। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद को पुन: बहाल करने की भी मांग हुई। तिरंगा यात्रा में अरविंद सिंह, आशुतोष सिंह, अभिषेक सिंह, नवीन श्रीवास्तव, त्रिशांत सोनकर, पारसनाथ यादव, घनश्याम गुप्ता, सुनीता सिंह, सीमा सिंह, अमरेश सिंह, संजीव उपाध्याय, दिनेश सिंह, बृजेंद्र श्रीवास्तव, दिव्यांश तिवारी, पुष्पा यादव, अनिल यादव, शिवाकांत यादव, हवलदार यादव, पीयूष बरनवाल आदि शामिल रहे।

### गांधी-शास्त्री जयंती पर मेडिकल कालेज में निकली प्रभात फेरी

आजमगढ़। राजकीय मेडिकल कालेज व सुपर फैसिलिटी अस्पताल में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। प्रधानाचार्य डा. बीडी सिंह ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद चिकित्सा शिक्षकों, कर्मचारियों, नर्सिंग स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने परिसर में प्रभात फेरी निकालकर सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का संदेश दिया। आडिटोरियम हाल में आयोजित कार्यक्रम में डा. शिव प्रकाश, डा. राम मिलन, डा. मनीषा उपाध्याय व डा. इशरत अली अंसारी ने गांधी जी के जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि गांधी जी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के विचार आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। प्रधानाचार्य डा. बीडी सिंह ने गांधी जी एवं शास्त्री जी के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

# खेलते समय पोखरे में गिरी मासूम की डूबने से हुई मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के अलहनी गांव में गुरुवार शाम घर के बाहर खेल रही मासूम बच्ची खेलते-खेलते पोखरे में जा



फाइल फोटो-सोनी

गिरी। परिजनों को इसकी जानकारी तब हुई, जब वह काफी देर तक घर के बाहर दिखाई नहीं दी। तलाश के दौरान शुक्रवार सुबह करीब 5.30 बजे पोखरे में बच्ची का शव उतराया मिला। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। अलहनी गांव निवासी प्रदीप निषाद की सात वर्षीय पुत्री सोनी गुरुवार की शाम करीब पांच बजे घर के बाहर खेल रही थी। खेलते समय वह घर से करीब 100 मीटर दूर स्थित पोखरे के पास पहुंच गई और अचानक पानी में गिर गई। काफी देर तक सोनी के दिखाई नहीं देने पर परिजन उसकी तलाश में जुट गए। गांव के प्रधान ने घटना की सूचना पुलिस को दी। परिजनों और ग्रामीणों ने बच्ची की तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह पोखरे में सोनी का शव उतराया दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर आवश्यक कार्रवाई की। सोनी तीन बहनों और एक भाई में सबसे छोटी थी।

# ई-रिक्शा पलटने से मां के साथ सवार मासूम की मौत

अतरौलिया, आजमगढ़। थाना क्षेत्र अंतर्गत अतरैठ बाजार के पास ई-रिक्शा पलटने से अपनी मां के साथ

**दु:खद**

### मां के साथ दवा लेने जाते समय अतरैठ बाजार के पास हुआ हादसा

सवार चार वर्षीय मासूम की जान चली गई। वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। मासूम की असामयिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन पुलिस को सूचना दिए बगैर शव लेकर घर चले गए।

मूल रूप से अंबेडकर नगर जिले के लालमनपुर निवासी सनोज का चार वर्षीय पुत्र अभय वर्मा अतरौलिया थाना क्षेत्र स्थित पलया गांव में अपने ननिहाल आया हुआ था। वह अपनी मां के साथ दवा लेने के लिए चाचा के ई-रिक्शा से देउरपुर बाजार जा रहा था। ई-रिक्शा जैसे ही अतरैठ बाजार के



फाइल फोटो-अभय

समीप पहुंचा, तभी अचानक सड़क पर सामने आए एक अन्य बच्चे को बचाने के प्रयास में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में अभय के सिर में गंभीर चोट आई। हादसे के बाद आनन-फानन में परिजन व स्थानीय लोग घायल मासूम को लेकर बूढ़नपुर बाजार स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों के अथक प्रयास के बावजूद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### मेंहनगर रामलीला कमेटी के संरक्षक विरेंद्र आर्य का निधन

मेंहनगर, आजमगढ़। कस्बे के वार्ड नंबर एक निवासी एवं रामलीला कमेटी के संरक्षक और पूर्व चेयरमैन के पति 77 वर्षीय विरेंद्र आर्य का शुक्रवार सुबह जिले के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी पत्नी कौशिल्या देवी वर्ष 2007 से 2012 तक नगर पंचायत की चेयरमैन थीं। वह सैकड़ों वर्ष पुरानी रामलीला कमेटी के संरक्षक भी थे और लंबे समय से रामलीला के आयोजन में सहयोग करते आ रहे थे। विरेंद्र आर्य विश्व हिंदू परिषद से भी जुड़े रहे। वर्ष 1992 में राम मंदिर निर्माण आंदोलन के दौरान वह 18 दिनों तक गोरखपुर जेल में रहे थे। उनके तीन पुत्र और एक पुत्री हैं। बड़ा पुत्र इंग्लैंड, दूसरा गुड़गांव और तीसरा पुत्र उनके साथ रहता है, जबकि पुत्री मुंबई में रहती हैं। परिजनों के अनुसार तीनों बाहर रहने वाले बच्चे अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए घर के लिए रवाना हो चुके हैं। उनके पहुंचने के बाद शनिवार को कस्बे के श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# पत्नी को स्कूल छोड़कर लौट रहे राजगीर को कार ने मारी टक्कर

बलरामपुर, आजमगढ़। शहर कोतवाली क्षेत्र के बद्दोपुर गांव के पास गुरुवार को तेज रफ्तार कार की टक्कर से

**बद्दोपुर गांव के पास हुआ हादसा, हायर सेंटर में उपचार के दौरान तोड़ा दम**

घायल बाइक सवार राजगीर की मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के हीरापट्टी निवासी 36 वर्षीय रामजनम चौहान राजगीर का काम करते थे। उनकी पत्नी आरती जहानागंज स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। रोज की तरह गुरुवार सुबह रामजनम बाइक से पत्नी को विद्यालय छोड़ने गए थे। पत्नी को स्कूल छोड़ने के बाद वह बाइक से घर लौट रहे थे। वह बद्दोपुर गांव के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रही तेज



फाइल फोटो-रामजनम

रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में रामजनम गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। स्वजन उन्हें लक्षीरामपुर स्थित विजय सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान कुछ ही देर बाद उनकी मौत हो गई।

# एफआईआर की भ्रामक सूचना पर सड़क पर उतरे ग्रामीण

अतरौलिया, आजमगढ़। एक सप्ताह से बिजली संकट झेल रहे करीब पांच हजार ग्रामीणों को वैकल्पिक व्यवस्था से बिजली मिलने के बाद शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एफआईआर दर्ज होने की भ्रामक सूचना प्रसारित होने से आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण चिश्तिपुर मार्ग पर एकत्र हो गए और विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि उन्हें एफआईआर नहीं, बिजली चाहिए। ग्रामीणों ने बिजली विभाग और मामले को लेकर की जा रही बयानबाजी पर नाराजगी जताई। बताया गया कि करीब एक सप्ताह पूर्व आई आंधी-तूफान में चिश्तिपुर, बरदहवा, देहुला गोसाई, कुलुहिया समेत आसपास के गांवों की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई थी। बिजली का एक खंभा पानी में गिर जाने से करीब पांच हजार की आबादी के सामने बिजली का संकट खड़ा हो गया था। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार शिकायत के बावजूद

**चिश्तिपुर मार्ग पर सैकड़ों लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन**

कई दिनों तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। इससे गर्मी में छोटे बच्चों समेत ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ी और पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हो गई।

ग्रामीणों के लगातार प्रयास के बाद विद्युत विभाग ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत नया खंभा लगाकर बिजली आपूर्ति शुरू कराई। विभाग की ओर से बताया गया कि पानी सूखने के बाद मूल व्यवस्था को भी बहाल किया जाएगा। इसी बीच सोशल मीडिया पर ग्रामीणों के



खिलाफ एफआईआर की कार्रवाई किए जाने की खबर प्रसारित होने लगी। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि हमें बिजली चाहिए, एफआईआर नहीं। इस मौके पर मनोज कुमार वर्मा, प्रधान रामचेत, पूर्व प्रधान सुभाष चंद्र वर्मा, राधेश्याम कनौजिया, सुनील वर्मा, राजेश वर्मा, पुरुषोत्तम गौड़, बेचू कनौजिया, परदेसी गौड़, पुष्पा देवी, तारा विश्वकर्मा, कौशल्या, नीतू गौड़ और संत राजी समेत अन्य ने बिजली संकट को लेकर नाराजगी जताई। इस संदर्भ में जेई मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि पानी में खंभा गिरा था, जिसके लिए मेरे द्वारा वह अन्य अधिकारियों द्वारा लिखित व वीडियो बयान दिया गया कि पानी सूख जाने के बाद पुन: खंभा खड़ा कर दिया जाएगा।

# निराजल व्रत रख माताएं आज करेंगी पुत्र के दीर्घायु की मंगल कामना

## पूजा के लिए जरूरी सामानों की खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ी रही भीड़

आजमगढ़। मां के लिए पुत्र जैसा भी हो, लेकिन उसकी सलामती और मंगल की कामना करना नहीं भूलतीं।

**तीज-त्योहार**

### सरगही के लिए देर रात तक बनती रही इमरती और बिकती रही दही

तभी तो पुत्रवती माताओं की भीड़ पूजा के लिए जरूरी सामानों की खरीददारी के लिए शुक्रवार को बाजारों में उमड़ पड़ी। माताओं के लिए प्रमुख व्रत पर्व जीवित्पुत्रिका इस बार शनिवार को मनाया जाएगा। माताएं दिन भर इसकी तैयारियों में लगी रहीं। बाजारों में जरूरी सामानों की दुकानें सजी रहीं और उस पर खरीददारों की काफी भीड़ रही। पूजा के काम आने वाले फल, फूल के



अलावा कपड़े, चीनी के लड्डू और सोने-चांदी के लाकेट खरीदे गए। दूसरी ओर जंगली बरियार के दातून, नेनुआ के पत्ते, कच्ची तिल आदि जुटाने की चिंता भी रही। इस व्रत से पूर्व मत्स्य दर्शन की भी परंपरा है। कुछ महिलाएं एक दिन पहले तो कोई ऐन व्रत के दिन भोर में सबसे पहले मछली का दर्शन करती हैं और बदले में मत्स्य दर्शन कराने वालों को दान में पैसा देती हैं। इस परंपरा के चलते शुक्रवार की भोर में भी पानी भरे बर्तन में मछली लेकर गांव और शहर की गलियों में बच्चे घूमते नजर आए। उधर इस व्रत का संबंध पितृ पक्ष से भी है। व्रत के पारण के दिन को मातृ नवमी कहा जाता है। परंपरा यह भी है कि जिन माताओं की सास दिवंगत हुई रहती हैं, उन्हें भोजन देकर विदाई दी जाती है। व्रत से पूर्व भोर के जलपान को सरगही कहते हैं जिसमें मिष्ठान खासकर इमरती, दही व केला का सेवन किया जाता है। इसके चलते सुबह से ही हलवाई की दुकानों पर भट्ठियों पर कड़ाहे चढ़े नजर आए। कहीं इमरती छन रही थी, तो कहीं चीनी के लड्डू बनाए जा रहे थे। दही और केला की भी मांग रही। व्रत से पूर्व सतपुतिया की सब्जी खाने की परंपरा के कारण 200 रुपये किलो तक बिकी। उसके बाद भी पहले जैसी सतपुतिया की जगह तरोई जैसी सब्जी ही मिल पाई। **सिधौना प्रतिनिधि के अनुसार**-जीवित्पुत्रिका पर्व को लेकर पर्व के एक दिन पहले सिधौना, मेहनाजपुर सहित आसपास के बाजारों में महिलाओं की भारी भीड़ दिखाई दी। सुबह से ही महिलाएं व्रत की तैयारियों में जुटी रहीं और आवश्यक पूजन सामग्री, फल, फूल तथा अन्य सामानों की खरीदारी करती नजर आईं। दुकानदारों ने भी पर्व को देखते हुए अपनी दुकानों पर विभिन्न प्रकार की पूजन सामग्री और फल-फूल की पर्याप्त व्यवस्था की थी। बाजार में जगह-जगह महिलाओं की भीड़ के कारण काफी रौनक देखने को मिली। पर्व को लेकर घरों में भी तैयारियां जोरों पर रहीं। महिलाओं ने पूजा स्थल की साफ-सफाई करने के साथ ही पूजन सामग्री को व्यवस्थित किया। ग्रामीण अंचलों में पर्व को लेकर विशेष उत्साह और धार्मिक माहौल देखने को मिला।

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे की मरम्मत तेज

अतरौलिया, आजमगढ़। लगातार हुई बारिश के बाद गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर सड़क की मरम्मत और रखरखाव का कार्य तेज कर दिया गया है। कार्यदायी संस्था दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड की ओर से एक्सप्रेसवे के करीब 43 किलोमीटर हिस्से को गड्ढामुक्त कर दिया गया है। इसके साथ ही सड़क की सतह को और बेहतर बनाने के लिए माइक्रो सरफेसिंग मशीन से कार्य कराया जा रहा है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के प्रवेश बिंदु 90 किलोमीटर, वाया पूर्वांचल एक्सप्रेसवे फुलवरिया से लेकर निकासी बिंदु 48.400 किलोमीटर सलारपुर तक सड़क के विभिन्न हिस्सों में बारिश के कारण बने गड्ढों की मरम्मत की गई है। अधिकारियों के अनुसार लगातार बारिश के चलते कुछ स्थानों पर सड़क की सतह प्रभावित हुई थी, जिसे तत्काल दुरुस्त कर आवागमन को सुगम बनाया गया है। सड़क की मजबूती और सतह की गुणवत्ता को बेहतर बनाए रखने के लिए माइक्रो सरफेसिंग मशीन से



कार्य कराया जा रहा है। इससे सड़क की ऊपरी सतह को बेहतर फिनिश मिलने के साथ ही उसकी गुणवत्ता बनाए रखने में मदद मिलेगी। कार्यदायी संस्था के अनुसार, सड़क से उखड़ने वाली गिट्टियों और अन्य सामग्री को आधुनिक मशीनों के माध्यम से समय-समय पर साफ किया जाता रहेगा। इसके लिए एक्सप्रेसवे पर नियमित रूप से मेंटेनेंस कार्य जारी रहेगा, ताकि सड़क की गुणवत्ता और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। पीडी/अधिशासी अभियंता पीपी वर्मा ने बताया कि भारी बारिश से हुए गड्ढों को दुरुस्त कर दिया गया है। स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर पुरानी खबरों के जरिए भ्रांति फैलाई जा रही हैं। रेजिडेंट इंजीनियर सुरेंद्र कुमार ने कहा कि बारिश के कारण गड्ढे बनना स्वाभाविक था, जिन्हें यूपीडा के निर्देश पर तत्काल भर दिया गया है। माइक्रो सरफेसिंग से सड़क की सतह को और बेहतर किया जा रहा है और वर्तमान में मार्ग पूरी तरह गड्ढामुक्त है।

# जनपद में धूमधाम से मनी गांधी- शास्त्री जयंती

**दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर डाला गया प्रकाश**

**सोनभद्र।** जनपद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने गाँधी व शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला। सुबह के समय जनपद के सभी विद्यालयों में प्रभात फेरी निकाली गई, इसके बाद ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया गया। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस लाईन में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, विकास भवन में सीडीओ जागृति अवस्थी सीएमओ कार्यालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी रमेश कुमार, मेडिकल कालेज, राजकीय इंजिनियरिंग कालेज समेत समस्त कालेजों में वहां के प्राचार्यगण ने गाँधी व शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर गाँधी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम, वैष्णव जन तो तेने कहिये पीर पराई जाने रे गाया गया। कलेक्ट्रेट सभागारमे आयोजित कार्यक्रम में दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित गांधी उद्यान में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। कार्यक्रम में गांधी की प्रिय रामधुन रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व की धरोहर हैं। उन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए देश को स्वतंत्रता दिलाने के लिए कठिन संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के संघर्ष, विचारों एवं उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का सम्यक निर्वहन करते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी ने स्वच्छता को अपने जीवन में विशेष महत्व दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने कार्यस्थल की स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए नियमित रूप से साफ-सफाई के लिए संकल्पित हों। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचार एवं आदर्श आज भी पूरी दुनिया को सामाजिक न्याय, अहिंसा, शांति और मानवता का संदेश दे रहे हैं। उनके विचारों ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा देने के साथ-साथ विश्व स्तर पर शांति एवं अहिंसा की प्रेरणा दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी, रोहित यादव, अपर जिलाधिकारी रमेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट आकांक्षा गौतम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल ने भी महात्मा गांधी के जीवन, विचारों एवं आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। गांधी जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपद के चिन्हित 07 क्षय रोगियों को पोषाहार पोटली वितरित की। पोषाहार पोटली प्राप्त करने वालों में जितेन्द्र कुमार सिंह, सुरेन्द्र नाथ, रीता देवी, रामाशंकर विश्वकर्मा, कन्हैया यादव, शान्ति देवी एवं किरन देवी शामिल रहीं। इस अवसर पर अपर अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी रामलाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन न्याय सहायक सुरेश पाठक द्वारा किया गया।



## हादसे के बाद रेणुकूट-म्योरपुर मार्ग पर लगा जाम, घंटों फंसे रहे लोग

**रेणुकूट( सोनभद्र )।** रेणुकूट-म्योरपुर मार्ग पर शुक्रवार रात करीब नौ बजे सड़क हादसे के बाद भीषण जाम लग गया। सड़क किनारे खराब होकर खड़े एक ट्रक में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार दूसरे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ट्रक सड़क पर ही फंस गए, जिससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। हादसे के बाद रेणुकूट-म्योरपुर मार्ग के साथ ही रेणुकूट-हाथीनाला मार्ग पर भी दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सुबह 10 बजे तक मुर्धवा से रेणुकूट के बीच भी जाम लग गया, देखते ही देखते जाम कई किलोमीटर तक पहुंच गया। रात से लगे जाम के कारण राहगीरों, स्थानीय लोगों, वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को शुक्रवार की सुबह भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्कूल बसें भी जाम में फंस गईं, जिससे बच्चों और अभिभावकों को काफी दिक्कत हुई। जाम के चलते कई लोग घंटों तक अपने वाहनों में फंसे रहे। जरूरी काम से जाने वाले लोगों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ी। सुबह के समय मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ने से स्थिति और गंभीर हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था को संभालने का प्रयास किया। शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त दोनों ट्रकों को सड़क से हटाया गया, जिसके बाद काफी मशक्कत के बाद यातायात बहाल हो सका।

## आटो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाहगंज/करमा( सोनभद्र )।** शाहगंज थाना क्षेत्र के सठहीं गांव निवासी एक युवक की परासी गांव के समीप गुरूवार की रात आटो की टक्कर से मौत हो गयी। वाकये की सूचना पाकर मौक पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार शाहगंज थाना क्षेत्र के सठहीं गांव निवासी आनन्द प्रकाश सिंह 25 वर्ष पुत्र जगदीश सिंह राबर्टसगंज से गुरूवार की रात बाइक से घर आ रहा था। इसी दौरान सदर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत परासी गांव के पास सामने से आ रही आटो से टक्कर हो गयी। जिससे आनन्द प्रकाश की मौत हो गयी। घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँच गयी और आटो चालक को अपने कस्टडी में ले लिया। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इस हादसे से परिजनों में जहां कोहराम मचा हुआ है, वहीं इस घटना से गाँव में मातम छा गया है।

### बुझ गया घर का चिराग,चालक हिरासत में

परासी गांव के समीप सामने से आ रही आटो से टक्कर में घर के एकलौते बेटे आनन्द प्रकाश की मौत हो गयी। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

### संदिग्ध हालत में रोलर चालक की मौत

**बभनी( सोनभद्र )।** स्थानीय थाना क्षेत्र में बुधवार की करीब सात बजे एक ट्रक पर रोलर लदा ग्राम घघरी में उतारने जा रहा था। सड़क के किनारे बिजली का खम्भा लगा हुआ है। बिजली का तार गाड़ी में न सटे इसलिए गाड़ी में बैठे मनोज कुमार गाड़ी से उतर कर कुछ दूर किनारे पटरी पर गया और अचानक गिर गया। फिर उठा और आगे गया फिर से गिर पड़ा और फिर नहीं उठा। यह देखकर गाड़ी पर बैठे एक आदमी उत्तर कर देखने गया। तब तक गांव के कुछ लोग एकत्रित हो गए और उसे उठाने लगें। इसकी सूचना परिवार वालों को दे दी गयी। उसके शरीर में कोई हरकत न होने पर आनन फानन में उसे उपचार के लिए म्योरपुर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त मनोज कुमार यादव 28 वर्ष पुत्र महेन्द्र कुमार यादव निवासी ग्राम जमनपुर गोपीगंज जिला भदोही के रूप में की गई है।

## चोरी मामले में बनाये गये फर्जी गवाहों के खिलाफ नहीं हुई कारवाई

**२० दिन तक पीड़ित को घुमाती रही पुलिस**

**सोनभद्र।** करमा थाना क्षेत्र के तिलौली खुर्द गांव में बीते 22 अगस्त की रात हुई लाखों रूपये के चोरी के मामले में बनाये गये फर्जी गवाहों के खिलाफ कार्रवाई न किया जाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह उठने लगा है। करीब एक महीने से ऊपर हुए चोरी की घटना का पुलिस द्वारा अभी तक खुलासा न होने से पीड़ित परिवार का पुलिस पर विश्वास उठने लगा है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने जांचोपरांत करमा थाने के तत्तकालीन थानाध्यक्ष सूर्यभान एवं उपनिरीक्षक जयशंकर यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए पुलिस लाइन से संबंद्ध कर दिया है। पीड़ित ने बताया कि उपनिरीक्षक श्री यादव को चोर का नाम बताने के बाद भी उन्होंने चोर को गिरफ्तार नहीं किया। बताते चले कि बीते 22 अगस्त की रात करमा थाना क्षेत्र के तिलौली खुर्द गांव निवासी गुरू प्रसाद पुत्र मिठाईलाल के घर से लाखों रूपये के आभूषण, तीन हजार रूपये नकद समेत अन्य सामानों की चोरी कर ली गई। उन्होंने चोरी गये सामानों की कीमत करीब छह लाख रूपये बताया है। पीड़ित ने बताया कि घटना की सूचना करमा थाने को दी गई लेकिन पुलिस करीब 20 दिन तक इधर-उधर घुमाते ही रह गई। इसके बाद 10 सितंबर को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर चोरी की घटना को अवगत कराते हुए इस मामले में उचित कार्रवाई किए जाने की गुहार लगायी। पुलिस अधीक्षक इस मामले को गंभीरता से लिए। 12 सितम्बर को थाना दिवस के मौके पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा पहुंचे हुए थे। इसी दौरान फरियादी गुरू प्रसाद ने अपनी समस्याओं को बताया। पुलिस अधीक्षक श्री वर्मा इस मामले को गंभीरता से लेते हुए थाने के तत्तकालीन थानाध्यक्ष सूर्यभान एवं एसआई जयशंकर यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए दोनों को पुलिस लाइन से संबंद्ध करते हुए इसकी जांच के लिए घोरावल सीओ को सौंप दिया।

### हो रही प्रकरण की जांच-एडिशिनल एसपी

अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) ऋषभ रूणवाल ने बताया कि चोरी की घटना के मामले में करमा थानाध्यक्ष सूर्यभान एवं उपनिरीक्षक जयशंकर यादव को जांचोपरांत निलंबित कर दिया गया है। वैसे इसकी जांच घोरावल सीओ को सौंपी गई है। चोरी की घटना का खुलासा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इसकी जांच की जा रही है और जल्द की चोरों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### एक महीने बीत जाने के बाद भी नहीं हुआ चोरी का खुलासा

करमा थाना क्षेत्र के तिलौली खुर्द गांव में बीते 22 अगस्त की रात हुई करीब छह लाख रूपये की चोरी का एक महीने बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा अभी तक खुलासा नहीं किया गया। जिससे पीड़ित निराश व हताहत है।

### जांच रिपोर्ट में दर्शाया गया नहीं हुई कोई चोरी

इसके पूर्व थाने से की गई जांच रिपोर्ट में सुशील कुमार सिंह पुत्र स्व. रामेश्वर सिंह एवं सियाराम पुत्र स्व. सुमेर निवासीगण तिलौली खुर्द थाना करमा गवाह बनाये गये हैं। जांच रिपोर्ट में लिखा हुआ है कि गवाहों से पूछताछ किया गया तो ये लोग बता रहे हैं कि आवेदक के घर पर किसी प्रकार की कोई चोरी नहीं हुई है। आवेदन के परिवार के सभी सदस्य्य करीब छह लोग घर में सो रहे थे। जिससे चोरी होना प्रतीत नहीं हो रहा है। पीड़ित गुरू प्रसाद ने बताया कि ये दोनों गवाह तिलौली कलां के निवासी हैं जबकि जांच रिपोर्ट में तिलौली खुर्द दर्शाया गया है जो कि गलत है।

## एनसीएल परिवार ने महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**बीना( सोनभद्र )।** शुक्रवार को सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जन्म जयंती पर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर एनसीएल के निदेशक मानव संसाधन मनीष कुमार, निदेशक तकनीकी आशुतोष द्विवेदी,मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार जायसवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। एनसीएल निदेशकगण ने सफाई मित्रों को पुरुस्कृत कर उनको सम्मानित किया। 31 अक्टूबर तक चलने वाले 'विशेष अभियान के तहत एनसीएल की सभी परियोजनाओं व इकाइयों में व्यापक स्तर पर सफाई आभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत ई-वेस्ट मैनेजमेंट,निस्तारण तथा चिन्हित स्थानों की साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण,स्वच्छता जागरूकता, स्क्रैप प्रबंधन,लंबित मामलों का निपटान जैसे कार्य प्रमुखता से किए जाएंगे मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। साथ ही इस अवसर पर एनसीएल परिवार ने स्वैच्छिक श्रमदान कर अपने आस पास तथा कार्यालय परिसर को साफसुथरा रखने तथा स्वच्छ भारत हेतु अपना योगदान देने का संदेश दिया। एनसीएल की सभी इकाइयों एवं परियोजनाओं में भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई।

### स्वैच्छिक श्रमदान, सफाईमित्रों का सम्मान, हुआ पौधरोपण

### हौसला बुलंद चोर ने की चोरी

**करमा( सोनभद्र )।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कसया गांव में गुरूवार की रात हौसला बुलंद चोरों ने पुष्पलता पत्नी बच्चा निवासी कसया के घर में धावा बोलकर घर में रखे बाक्स को तोड़कर लाकेट,पैजनी, अगूठी तथा तीस हजार रूपए उठाकर ले गए। जब ले जाने लगे तभी अचानक पुष्प लता की आंख खुल गई वह शोर मचाने लगी। शोर सुनकर घर वाले व पड़ोसी पीछा किया परन्तु चोर भागने में सफल रहा। भुक्तभोगी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई। थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने सांत्वना देते हुए कहा कि चोर बक्से नहीं जाएंगे।

## गांधी-शास्त्रीजी के आदर्श हमारे लिये प्रासंगिक-एसपी

**सोनभद्र।** जनपद पुलिस द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर उनके आदर्शों का स्मरण किया। एसपी ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के बल पर स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और पूरी दुनिया के लिए एक प्रेरणा बने। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान, जय किसान के नारे के साथ देश की सेवा की और सादगीपूर्ण जीवन के माध्यम से नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों से अपील किया कि वे महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों का पालन करें। उन्होंने कहा कि इन महान नेताओं के आदर्श हमारे लिए आज भी प्रासंगिक हैं। पुलिसकर्मियों को भी सत्यनिष्ठा, अनुशासन और सेवा भावना के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए, इसके साथ ही दोनों महापुरुषों द्वारा संस्थापित किए गए मानवीय आदर्शों एवं राष्ट्र प्रथम की भावना का स्वयं के अन्तर्मन एवं कार्यस्थल पर उतारने का संकल्प लें। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल द्वारा पुलिस लाइन सोनभद्र में पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों के साथ दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात फालोवर व सफाईकर्मीयों को कम्बल वितरण किया गया। सभी थानों व चौकियों में पुलिसकर्मियों द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया।



## वामदलों ने धरना देकर की मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग

**सोनभद्र।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर शुक्रवार को वामपंथी दलों के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त वामदल के बैनर तले स्वर्ण जयंती चौक स्थित पार्क में धरना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। धरने के बाद शाम चार बजे राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर को सौंपा गया। वामदलों के नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि उनकी कार्यप्रणाली निष्पक्ष और लोकतांत्रिक नहीं है। नेताओं ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के कारण बड़ी संख्या में मतदाताओं के मताधिकार प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता एवं निष्पक्षता बहाल करने की मांग उठाई। ज्ञापन में मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने, एसआईआर प्रक्रिया में मताधिकार से वंचित मतदाताओं का अधिकार बहाल करने तथा चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की मौजूदा व्यवस्था में बदलाव की मांग की गई। वामदलों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रस्तावित चयन समिति की तर्ज पर प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल करते हुए नई व्यवस्था लागू करने की मांग भी रखी। इसके अलावा प्रमुख सचिव और मंडलायुक्त को संबोधित ज्ञापन के माध्यम से स्वर्ण जयंती चौक पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर तथा कचहरी स्थित चौराहे पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की गई। धरने को माकपा जिला मंत्री नंदलाल आर्य, भाकपा जिला सह सचिव देव कुमार विश्वकर्मा, माले राज्य सचिव सुधाकर यादव, चंदन प्रसाद पासवान और प्रेमनाथ सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। अध्यक्षता पकड़ू सिंह कुशवाहा एवं संचालन ईश्वर दयाल ने किया।

### उपजिलाधिकारी सदर को सौंपा ज्ञापन




## स्वच्छता रैली निकाल दिया सत्य-अहिंसा का संदेश

**शक्तिनगर( सोनभद्र )।** एनटीपीसी शक्तिनगर आवासीय परिसर स्थित संत जोसेफस्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को सत्य, अहिंसा, सादगी, स्वच्छता और राष्ट्रसेवा के आदर्शों से परिचित कराते हुए स्वच्छ भारत का संदेश दिया गया। गांधी जयंती के अवसर पर कक्षा सात के विद्यार्थियों द्वारा विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इस दौरान महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, व्यक्तित्व तथा राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया गया। इसके बाद श्रद्धांजलि सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण ने दोनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के जीवन एवं विचारों पर आधारित प्रभावशाली लघु नाटिका प्रस्तुत की। नाटिका के माध्यम से सत्य, अहिंसा, सादगी, आत्मानुशासन और मानवता जैसे गांधीजी के मूल्यों को प्रस्तुत किया गया।विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर डॉ. विंसेंट परेरा ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस मौके पर कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 67 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। वहीं कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता हुई, जिसमें 23 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील

**बीजपुर( सोनभद्र )।** विकास खंड म्योरपुर क्षेत्र में एनटीपीसी रिहंदनगर बीजपुर द्वारा मानक के विपरीत चलवाए जा रहे भारी-भरकम ओवरलोड गीली राख लदे वाहनों को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। म्योरपुर के ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गोंड़ ने इस गंभीर समस्या को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड़ को एक पत्र सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ब्लॉक प्रमुख ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि एनटीपीसी रिहंदनगर से रोजाना सैकड़ों की संख्या में ओवरलोड भारी वाहन गुजरते हैं जिसके कारण बीजपुर से लेकर बकरिहवा तक की सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील और क्षतिग्रस्त हो चुकी है।

## परियोजना प्रमुख ने रन-फार डीएवी को दिखाया हरी झंडी

बीजपुर(सोनभद्र)। एनटीपीसी रिहंद परिसर स्थित शिक्षा के लिए प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान डीएवी पब्लिक स्कूल में गांधी जयंती के मौके पर रन फॉर डीएवी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनटीपीसी रिहंदनगर के परियोजना प्रमुख कार्यकारी निदेशक संजय असाटी एवं महिला मंडल की अध्यक्षा नीलू असाटी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। परियोजना प्रमुख कार्यकारी निदेशक संजय असाटी एवं महिला मंडल की अध्यक्षा नीलू असाटी ने रन फॉर डीएवी' के लिए रवाना किया। यह दौड़ संगम क्लब से डीएवी स्कूल तक दो किलोमीटर तक चली। बच्चों के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं भी दौड़ में उत्साह से शामिल रहीं परियोजना परिसर के सिक्योरिटी गार्ड सुरक्षा में जगह-जगह मुस्तैदी से तैनात रहे। सभी छात्र-छात्राएं दौड़ते हुए विद्यालय परिसर पहुंचे, जहां विजयी विद्यार्थी संजय सिंह चंदेल, संकल्प गुप्ता, ध्रुव वत्स, रंजू कुमारी, दीपिका कुमारी एवं कुमारी तारा को प्राचार्य राजकुमार ने मेडल एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक प्रचालन पी के नायक , महाप्रबंधक अनुरक्षण हेमेश कुमार वार्ष्णेय, मानव संसाधन विभाग के प्रमुख अपर महाप्रबंधक राजेश बोई पाई, उपमहाप्रबंधक प्रदीप कुमार रंगा रेड्डी,रोशन कुमार, विजय तिवारी, रंजना सिंह मौजूद रहीं।

### सतीश बने नवयुवक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष

बभनी(सोनभद्र)। बभनी विकास खंड के असनहर स्थित श्री हरिशंकर मंदिर प्रांगण में दुर्गा पूजा के लिए नव युवक दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। गुरुवार शाम हुई बैठक में सर्वसम्मति से सदस्यों का चुनाव हुआ और कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। 11 अक्टूबर को कलश यात्रा, कलश स्थापना और प्रतिमा स्थापना की जाएगी। दुर्गा पूजा के दौरान पर्दे पर रामायण का प्रदर्शन होगा। प्रतिमा विसर्जन के दिन भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों में रामलल्लू दुबे, भोला कश्यप (प्रबंधक) सतीश पांडेय (अध्यक्ष) प्रहलाद बियार (उपाध्यक्ष) अभय पांडेय, राजू देव पांडेय (सचिव) परमेन्दर कश्यप (कोषाध्यक्ष) विजय बियार (उप कोषाध्यक्ष) संतोष बियार, सच्चितानंद कश्यप, छोटू बियार, लालचंद, अभिषेक कश्यप (व्यवस्थापक) शामिल हैं।

### नाट्य मंचन के जरिए सरकार की उपलब्धियों, नीतियों का प्रचार

**रेणुकूट( सोनभद्र )।** पिपरी नगर पंचायत स्थित कल्याण मंडप में शुक्रवार को सरकार की नीतियों एवं उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए लखनऊ से आए कलाकारों ने नाट्य मंचन प्रस्तुत किया। कलाकारों ने विभिन्न घटनाओं और समसामयिक मुद्दों को नाटक के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए लोगों को सरकार की ओर से किए गए कार्यों की जानकारी दी। नाट्य मंचन के दौरान पहलगाम आतंकी हमला और उसके बाद चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर सहित विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने अभिनय और संवादों के माध्यम से देश की सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफकार्रवाई तथा सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कलाकारों की प्रस्तुतियों में रुचि दिखाई। भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिराम शाह ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं नार्ट् मंचन के माध्यम से सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को आम लोगों तक सरल एवं प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा सकता है। प्रांतीय परिषद सदस्य राकेश पांडेय तथा विधानसभा संयोजक प्रभाशंकर मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संचालन मंडल महामंत्री आशीष मिश्रा ने किया।

### धूमधाम से मनी बापू की जयंती

**करमा( सोनभद्र )।** स्थानीय विकास खण्ड स्थित सभी ग्राम पंचायतो में दोनों महापुरूषों की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। जयंती पर दोनों महापुरूषों को याद करते हुए प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। स्कूली बच्चों सहित शिक्षकों के साज सज्जा के साथ प्रभात फेरी निकाल कर सत्य अंहिसा ,आपसी सदभाव , मानवता, साफसफाई से रहने का संदेश दिया।

## एनटीपीसी सिंगरौली में गांधी-शास्त्री जयंती पर स्वच्छता का संदेश

**शक्तिनगर( सोनभद्र )।** एनटीपीसी सिंगरौली में भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए गए 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का समापन गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्युत विहार कॉलोनी में विशेष स्वच्छता अभियान से हुई। इसके बाद एनटीपीसी आवासीय परिसर स्थित वनिता समाज द्वारा संचालित टाइनी टॉट्स स्कूल में गांधी एवं शास्त्री जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में एनटीपीसी सिंगरौली के कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख ई. प्रभाकर राव ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके जीवन और आदर्शों को याद किया। उन्होंने सत्य, अहिंसा, स्वच्छता एवं सेवा भावना को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।इस दौरान गांधी जी के जीवन, उनके स्वच्छता संदेश एवं जन-जागरूकता पर आधारित प्रेरणादायक वीडियो का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में वनिता समाज की अध्यक्षा ई. निर्मला राव एवं सदस्याओं ने भी माल्यार्पण कर सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान के दौरान एनटीपीसी परिसर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम में महाप्रबंधक अगम प्रकाश तिवारी, रश्मिरंजन मोहंती, सुनील कुमार मिश्रा, ए.के. सिंह, मानव संसाधन प्रमुख सिद्धार्थ मंडल सहित वरिष्ठ अधिकारी, वनिता समाज की सदस्याएं, कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुलिसकर्मियों ने लिया महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने का संकल्प

**बीजपुर( सोनभद्र )।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को बीजपुर थाना परिसर में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान थाने के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक अविनाश कुमार सिंह ने बापू के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने गांधी जी के जीवन विचारों और उनके द्वारा दिए गए सत्य अहिंसा तथा स्वच्छता के संदेश को याद किया।

## गिरावटकी सुनामी

भारतीय शेयर बाजारमें गिरावटकी सुनामी चलनेसे हाहाकार मचा हुआ है। २००१ के बाद लगभग २५ वर्षोंमें लगातार आठवें सप्ताहतक यह गिरावटका सिलसिला है। बम्बई शेयर बाजारका कुल बाजार पूंजीकरण २६ लाख करोड़से अधिक घटा है। आठ सप्ताहमें सेंसेक्स लगभग ६,५९० अंक और निफ्टी लगभग २,१४९ अंक नीचे आ गया। एक अक्तूबरको सेंसेक्स ७१,९०९.७० और निफ्टी २२,४२१.९५ के स्तरपर बन्द हुआ था। बाजारमें व्यापक कमजोरी दिखायी दे रही है। मिडकैप और स्मालकैप शेयरोंमें भी उल्लेखनीय गिरावट हुई है। शेयर बाजारमें गिरावटके अनेक कारण हैं, जिसमें अमेरिकी बाण्ड यील्डमें तेज वृद्धि भी शामिल हैं। दस वर्षीय ट्रेजरी यील्डका लगभग ५.३ प्रतिशततक पहुंचाना विशेष मायने रखता है। ऊंची बाण्ड यील्डसे सुरक्षित डालर आधारित निवेश अपेक्षाकृत आकर्षक हो जाते हैं और उभरते बाजारोंसे पूंजी बाहर जानेका दबाव बढ़ता है। विदेशी निवेशकोंकी लगातार बिकवालीसे बाजारकी धारणा कमजोर हुई है। सितम्बरमें विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकोंने भारतीय शेयर बाजारसे लगभग ३५,८६१ करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे अक्तूबरकी शुरुआतमें भी बिकवाली तेज रह सकती है। अमेरिकी-इसरायल-ईरान संघर्षके कारण तेलकी कीमतोंमें तेज उछाल आया है। होर्मुज स्ट्रेटमें किसी नये तनावसे तेलकी कीमतोंमें तेजी आ सकती है। महंगा कच्चा तेल और विदेशी पूंजीकी निकासीका रुपयेपर दबाव पड़ता है। डालरके मुकाबले रुपयेमें गिरावटसे स्थितियां चिन्ताजनक हो गयी हैं। वैश्विक तरलतामें कमी आनेसे भारत जैसे बाजारपर प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितताका दुष्प्रभाव शेयर बाजारोंपर पड़ा है। पश्चिम एशियाका संकट कबतक रहेगा, यह अभी अनिश्चित है। महत्वपूर्ण बात यह है कि आठ सप्ताहकी लगातार गिरावट अपने आपमें बाजारके भविष्यकी दिशा तय नहीं करती है। लम्बी गिरावटके बाद भी बाजार कुछ समय और कमजोर रह सकता है। यदि कोई सकारात्मक घटनाक्रम सामने आये तो बाजार तेजीसे सुधर भी सकता है। निवेशकोंके लिए यह दौर घबराकर निर्णय लेनेके बजाय जोखिम प्रबन्धनका है। एक साथ बड़ी राशि लगानेसे बचना चाहिए। कर्ज लेकर शेयर बाजारमें निवेश कदापि नहीं करें। निवेशके पूर्व बाजार विशेषज्ञोंसे अवश्य परामर्श करना उचित रहेगा। बाजारकी गतिपर भी देना होगा।

## प्राणघातक ध्वनि प्रदूषण

ध्वनि प्रदूषणका मानव जीवनपर कितना प्रतिकूल और घातक प्रभाव पड़ता है, इसे उत्तर प्रदेशके बलरामपुरमें स्कूलके पास तेज आवाजमें डीजे और लाउडस्पीकर बजनेके दौरान कक्षा दोकी छात्राके कक्षामें गिरने और बादमें उसकी मृत्युकी घटनाके सन्दर्भमें देखनेकी जरूरत है। यह तो अच्छा हुआ कि इलाहाबाद उच्च न्यायालयकी लखनऊ खण्डपीठने स्वत: संज्ञान लेते हुए ध्वनि प्रदूषणकी बढ़ती समस्या और जुड़े कानूनी प्रावधानोंके पालनकी स्थितिकी जांचके लिए जनहित याचिका दर्ज करनेका निर्देश दिया है। साथ ही राज्य सरकारके अधिवक्ताको बलरामपुरके जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षकसे इस सम्बन्धमें रिपोर्ट प्राप्त करनेका भी निर्देश दिया है। घटना विगत २२ सितम्बरकी है जब स्कूलके पास जुलूसके दौरान बज रहे डीजे म्युजिक सिस्टम और लाउडस्पीकरकी तेज आवाजसे छात्रा अचानक कक्षामें ही गिर गयी थी। छात्राको तत्काल उपचारके लिए ले जाया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। ध्वनि प्रदूषणसे सम्बन्धित एक जनहित याचिकापर सुनवाईके दौरान न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति संजीव शुक्लकी पीठने मासूम छात्राकी मृत्युके मामलेको गम्भीरतासे लिया। हालांकि न्यायालयने छात्राकी मौतका कारण तेज आवाज या डीजेको नहीं माना है लेकिन इस बातसे इनकार भी नहीं किया कि घटनाके समय तेज आवाजमें संगीत बजाया जा रहा था और उसके बाद तत्काल छात्रा कक्षामें गिर गयी। यह ध्वनि प्रदूषणके व्यापक मुद्देपर अलगसे स्वत: संज्ञान वाली जनहित याचिका दर्ज करनेके लिए पर्याप्त है। वैसे तो प्रदूषण हर हालमें पृथ्वीके जीवधारियोंके लिए घातक है, चाहे वह वायु प्रदूषण हो या जल प्रदूषण अथवा ध्वनि प्रदूषण। इसे रोकनेके उपाय होने चाहिए। इसके लिए योजनाएं भी संचालित हैं और कानूनी प्रावधान भी बनाये गये हैं लेकिन इसका कितना अनुपालन होता इसे भी देखा जाना चाहिए। जहांतक ध्वनि प्रदूषणका सवाल है तो शादी-विवाह समारोह, जुलूसमें तेज आवाजमें डीजे बजाना चलन बन गया है, बिना साइलेंसरके तेज रफ्तारमें सड़कोंपर बाइक दौड़ाना युवाओंका शौक बनता जा रहा है लेकिन इनपर जिला प्रशासनकी निगाह नहीं पड़ती। ध्वनिके लिए एक मानक तय किया जाना जरूरी है और इसका अनुपालन कड़ाईसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## लोक संवाद

### कामयाबीका रास्ता

महोदय,-१८९० के दशकमें किंग सी. जीलेट नामक एक व्यक्ति एक बोतलके ढक्कन बनाने वाली कम्पनीमें सेल्समैनका काम करते थे। एक दिन उनके मालिक विलियम पेंटर बोले, किंग, तुम अधिकतर नयी-नयी चीजोंके बारेमें सोचते रहते हो। कुछ ऐसा सोचो न कि तुम्हारा नाम पूरी दुनियामें हो जाय। मालिककी बात जीलेटके मन-मस्तिष्कमें बस गयी। एक दिन वे अपने पुराने उस्तरेसे शेव बना रहे थे। उस्तरा भोथरा था। उसे बार-बार चमड़ेपर रगड़कर धार बनानी पड़ रही थी। तब उनके दिमागमें विचार आया कि शेव बनानेके लिए ऐसा कोई पतला और छोटा-सा उपकरण नहीं बन सकता, जिसे प्रयोग करके फेंक दिया जाय। वे अपने इस विचारको लेकर धातुकर्म विशेषज्ञोंके पास गये। उन्होंने उनके विचारका मजाक उड़ाया और कहा कि इतनी पतली, सस्ती और धारदार स्टील ब्लेड बनाना असंभव है, जिसे प्रयोग करके फेंक दिया जाय। जीलेटने हार नहीं मानी। उन्होंने अपने साथ विलियम निकरसन नामक वैज्ञानिकको लिया और काममें लग गये। वे कई बार असफल रहे, परन्तु आखिर उन्होंने डिस्पोजेबल सेफ्टी रेजरका आविष्कार कर दिया। कुछ ही समयमें उनके द्वारा बनाये गये ब्लेडोंकी पूरे विश्वमें धूम मच गयी और किंग सी. जीलेट प्रसिद्ध हो गये। **-रेणु सैनी, वाया ईमेल।**

# वैश्विक पूंजी युद्धके लिए तैयार रहे भारत

**वैश्वीकरणसे पीछे हटती दुनियामें सीमाओंके पार लोगोंकी आवाजाहीपर पहले ही कई तरहके प्रतिबंध दिख रहे हैं। डोनाल्ड ट्रम्पकी अमेरिकाके राष्ट्रपति पदपर वापसी और नीतिगत दबावके औजारके रूपमें टैरिफके इस्तेमालके बाद वैश्विक स्तरपर वस्तुओं और सेवाओंके व्यापारको भी झटका लगना तय है।**

❑ **टी.एन. निनाद**

वैश्वीकरणके बाद अमीर देशोंकी ओरसे पूंजीकी अंतरराष्ट्रीय आवाजाहीपर प्रतिबंधोंके बाद विकासशील देशोंमें पूंजी नियंत्रण लम्बे समयसे सामान्य बात रही है। इस तरहके बड़े बदलावकी प्राथमिक वजह अमेरिकामें दिखाई दे रही है, जहां कम्पनियोंकी बढ़ती कर्ज जरूरत और अमेरिकाके बजट घाटेके बीच टकराव बढ़ रहा है। तकनीक और कृत्रिम मेधा (एआई) की दौड़में आगे चल रही बड़ी कम्पनियां कुछ समय पहलेतक अपने पूंजीगत खर्चकी जरूरतें अपनी कमाईसे पूरी कर रही थीं। अब ऐसा नहीं है। निवेश योजनाओंमें भारी विस्तारके कारण ये कम्पनियां बाजारसे बड़ी मात्रामें कर्ज उठा रही हैं। अमेरिकामें कारपोरेट बाण्ड जारी किये जानेकी मात्रा दो वर्षोंमें ८० प्रतिशत बढ़ गयी है। दूसरी ओर संघीय बजट घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के सात प्रतिशततक पहुंच गया है और इसके जल्द नियंत्रित होनेके कोई संकेत नहीं दिख रहे। अमेरिकाकी घरेलू बचत इन बढ़ती पूंजी जरूरतोंको पूरा करनेके लिए पर्याप्त नहीं है। यही वजह है कि अमेरिका दशकोंसे दुनियाका सबसे बड़ा कर्ज लेने वाला देश बना हुआ है। लेकिन विदेशोंसे पूंजीकी उसकी बढ़ती जरूरत ऐसे समयमें सामने आ रही है, जब लगभग सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाएं अमेरिकी प्रतिभूतियोंसे दूरी बना रही हैं।



**यदि सरकारों तथा कम्पनियोंकी कर्ज लेनेकी होड़ जारी रहती है तो पूंजीके लिए अभूतपूर्व प्रतिस्पर्धा पैदा होगी। इससे महंगी बढ़ेगी या देशोंके बीच पूंजीके प्रवाहपर प्रतिबंध लगाये जा सकते हैं। इसलिए भारतके लिए विदेशी मुद्रा भंडारको मजबूत करना, बजट घाटे और सरकारी कर्जको कम करके आर्थिक सुरक्षा बढ़ाना तथा देशको निवेशकोंके लिए अधिक आकर्षक बनाना महत्वपूर्ण है। अतिरिक्त विदेशी मुद्रा भंडारका इस्तेमाल रुपयेमें अस्थिरतासे निबटने और जरूरत पड़नेपर पूंजीके बाहर जानेकी स्थितिमें किया जा सकता है। इससे अर्थव्यवस्थाकी बाहरी भुगतान क्षमताको लेकर भरोसा बढ़ेगा।**

चीनने पिछले कुछ वर्षोंमें अमेरिकी प्रतिभूतियोंमें अपनी हिस्सेदारी आधी कर दी है, जबकि अब अमेरिकी प्रतिभूतियोंका सबसे बड़ा धारक जापान भी इससे दूरी बनाना शुरू कर चुका है। बाजारमें कारोबार योग्य अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिभूतियोंमें विदेशी निवेशकोंकी हिस्सेदारी २०१५ में ५० प्रतिशत थी, जो अब घटकर ३० प्रतिशत रह गयी है। केन्द्रीय बैंक जहां अपने डालर भण्डारमें कटौती कर रहे हैं, वहीं उन्होंने अपने विदेशी मुद्रा भंडारमें सोनेकी हिस्सेदारी बढ़ायी है। पिछले साल सोनेने अमेरिकी सरकारी बाण्डको पीछे छोड़ते हुए केन्द्रीय बैंकोंकी रिजर्व परिसंपत्तियोंमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर ली। एक सालमें सोनेकी कीमत २५ प्रतिशत बढ़ चुकी है और भारतीय अब भी सोनेके बड़े खरीदारोंमें शामिल हैं।

अमेरिकी डालरमें बढ़ते कर्ज और इस कर्जको लेकर घटती वैश्विक मांगके बीच इसका स्वाभाविक असर ब्याज दरोंपर पड़ा है। अमेरिकी ट्रेजरीकी ब्याज दरें अब दो दशकोंके उच्चतम स्तरपर हैं और लगातार बढ़ रही हैं। इसके बावजूद नये अमेरिकी कर्जकी नीलामीमें अंतरराष्ट्रीय खरीदारोंकी हिस्सेदारी पहलेके मुकाबले कम हो गयी है। पांच सालकी ट्रेजरी प्रतिभूतियोंपर ब्याज दर महज एक महीनेमें ०.६४ प्रतिशत बढ़ गयी है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट पिछले कुछ सप्ताहसे बाजारको शांत करनेके लिए कई प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उनका कोई खास असर नहीं हुआ है। यदि ऊंची ब्याज दरोंके बावजूद अमेरिकाको दूसरे देशोंसे अपनी जरूरतके मुताबिक पूंजी नहीं मिलती है तो वह डालरकी आपूर्ति बढ़ा सकता है। इससे बाजारमें अधिक पैसा आनेके कारण महंगी बढ़ सकती है और वास्तविक यानी महंगी-समायोजित अर्थोंमें उसके कर्जका बोझ कम हो सकता है। भारत दशकोंसे ऐसा करता रहा है। वास्तवमें पश्चिमी देशोंका कर्ज बढ़नेके साथ पिछले पांच वर्षोंमें अमेरिकामें महंगी पिछले दशककी तुलनामें दोगुनेसे अधिक, यूरोपमें तीन गुना और जापानमें पांच गुना अधिक रही है। इसे कर्जके बोझको नियंत्रित करनेके लिए छेड़े गये महंगी युद्धके रूपमें देखा जा सकता है। एक और संभावना है, हालांकि अभी यह दूरकी बात लगती है, लेकिन पूरी तरह असंभव नहीं है कि अमेरिका व्यापारकी तरह पूंजीके मामलेमें भी दबावकी नीति अपना सकता है। ट्रम्प पहले ही कुछ द्विपक्षीय व्यापार समझौतोंमें निवेश प्रतिबद्धताओंको शामिल कर चुके हैं। आज वह पूंजीके प्रवाहको अमेरिकामें आनेके लिए मजबूर कर रहे हैं, कल पूंजीके बाहर जानेपर भी अंकुश लगाया जा सकता है।

इस आशंकाको देखते हुए कुछ देशोंने रक्षात्मक कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। नीदरलैंडने पिछले कुछ महीनोंमें न्यूयॉर्कसे ७८ टन सोना लंदन स्थानांतरित किया है। इसके पीछे संभावित भूराजनीतिक अस्थिरताको कारण बताया गया। इससे कुछ समय पहले फ्रांसने भी अमेरिकामें रखा अपना पूरा सोना वापस निकाल लिया था। जर्मनीमें भी ऐसा ही करनेकी मांग उठ रही है। कुछ समय पहलेतक जिसकी कल्पना भी मुश्किल थी, अब अमेरिकी पूंजी बाजारके लगातार खुले रहनेको लेकर भरोसेमें मामूली ही सही, लेकिन कमी आने लगी है। इसी बीच यूरोपके विशेषज्ञोंने यूरोपीय पूंजीके अमेरिका जानेको हतोत्साहित करनेकी वकालत की है, क्योंकि यूरोपको अपने भीतर निवेश करनेकी जरूरत है। यूरोपकी ओरसे ऐसा कोई भी कदम उठाये जानेपर वाशिंगटनकी ओरसे जवाबी कारवाईकी संभावना लगभग तय मानी जा रही है। फाइनेंशियल टाइम्समें सितंबरकी शुरुआतमें प्रकाशित एक शीर्षक 'पूंजी युद्ध आ रहे हैं' इस बदलते माहौलको रेखांकित करता है। इन घटनाक्रमोंसे भारतको गम्भीर चिन्ता होनी चाहिए। पिछले कुछ वर्षोंसे पोर्टफोलियो पूंजी भारतसे बाहर जा रही है और रुपयेके मूल्यमें १३ प्रतिशतकी गिरावट आयी है। यह गिरावट भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सक्रिय हस्तक्षेपके बावजूद हुई है। इस बीच बढ़ती ऊर्जा कीमतोंने व्यापार संतुलनपर भी दबाव डाला है। प्रमुख शेयर बाजार सूचकांक भी उस स्तरपर लौट आये हैं, जहां वे करीब ढाई साल पहले थे। पिछली बार शेयर बाजारने इतने लम्बे समयतक निवेशकोंको निराश २००८ के वैश्विक वित्तीय संकटके बाद किया था। इन परिस्थितियोंमें आरबीआईकी सबसे बड़ी पहल अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) को आकर्षक ब्याज दर और मुद्रा सुरक्षाके साथ जमा योजनाकी पेशकश करना रही। हालांकि संभव है कि केन्द्रीय बैंकने इस मामलेमें कुछ ज्यादा ही उदार रुख अपनाया हो। योजनासे अनुमान से दोगुनी राशि १३० अरब डालरसे अधिक जमा हुई। एनआरआई जाहिर तौरपर ऐसे मुफ्तके फायदेको पहचानना जानते हैं। इस योजनाकी आरबीआईपर लागत मुद्रा विनिमय दरमें होने वाले बदलावपर निर्भर करेगी और पूरी योजनाकी अवधिमें यह १० से २० अरब डालरके बीच हो सकती है।

इस योजनाके आलोचकोंने मुख्य रूपसे दो तर्क दिये हैं। पहला, भारतकी विदेशी मुद्रा भंडार स्थिति आरामदायक है, जबकि अतीतमें एनआरआईको आकर्षक जमा योजनाओंकी पेशकश तब की गयी थी जब विदेशी मुद्रा भंडारकी स्थिति इतनी मजबूत नहीं थी। उस समय मिलेनियम बाण्ड और रीसर्जेंट इंडिया बाण्ड जैसी योजनाएं लायी गयी थीं। दूसरा तर्क यह है कि इस बार पेश किये गये नियम जरूरतसे ज्यादा उदार थे। इनमें दूसरा तर्क अधिक ठोस नजर आता है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाजारमें अनिश्चितता और तनावको देखते हुए किसी तरहके अहतियाती कदमकी जरूरत थी। फरवरीके अंतसे अगस्तके अंततकके छह महीनोंमें, जब अमेरिकाने ईरानपर हमला किया था, आरबीआईका विदेशी मुद्रा भण्डार ५० अरब डालरसे कुछ अधिक बढ़ा। इस अवधिमें एफसीएनआर(बी) फॉरेन करेंसी नॉन-रेजिडेंट (बैंक) जमाके रूपमें करीब १३० अरब डालर आये। न तो चालू खातेका घाटा और न ही शुद्ध पूंजी प्रवाह इस अंतरकी पूरी तरह व्याख्या कर सकता है। जाहिर है कि आरबीआईने पूंजीके देशसे बाहर जानेके कारण रुपयेको संभालनेमें बड़ी मात्रामें डालर खर्च किये हैं। ऐसेमें अतिरिक्त डालर हासिल करना किसी नुकसानका सौदा नहीं है। अब दो संभावनाएं बनती हैं। यदि एआईमें निवेशका बुलबुला फूटता है तो वैश्विक स्तरपर भारी उथल-पुथल हो सकती है, क्योंकि अमेरिकी शेयर बाजारका हिस्सा वैश्विक बाजार पूंजीकरणमें दो-तिहाईसे अधिक है। दूसरी ओर यदि ऐसा नहीं होता और सरकारों तथा कम्पनियोंकी कर्ज लेनेकी होड़ जारी रहती है तो पूंजीके लिए अभूतपूर्व प्रतिस्पर्धा पैदा होगी। इससे महंगी बढ़ सकती है या देशोंके बीच पूंजीके प्रवाहपर प्रतिबंध लगाये जा सकते हैं। इसलिए भारतके लिए विदेशी मुद्रा भंडारको मजबूत करना, बजट घाटे और सरकारी कर्जको कम करके आर्थिक सुरक्षा बढ़ाना तथा देशको निवेशकोंके लिए अधिक आकर्षक बनाना महत्वपूर्ण है। अतिरिक्त विदेशी मुद्रा भंडारका इस्तेमाल रुपयेमें अस्थिरतासे निबटने और जरूरत पड़नेपर पूंजीके बाहर जानेकी स्थितिमें किया जा सकता है। इससे उस समय अर्थव्यवस्थाकी बाहरी भुगतान क्षमताको लेकर भरोसा भी बढ़ेगा, जब यह स्पष्ट नहीं है कि वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां किस दिशामें जायंगी।

# पानीके लिए बंगलादेशकी कूटनीति

**भारतीय मानते हैं कि १९७१ में भारतने जो कुर्बानी दी थी, बंगलादेशने उसके लिए आभार नहीं जताया। इस बातसे इनकार नहीं है कि भारतमें चार पार्टियोंवाली समावेशी सरकारके समय दोनों देशोंके रिश्ते बहुत निचले स्तरपर थे।**

❑ **पुष्परंजन**

जिस शेख हसीनाने फिश डिप्लोमेसीकी शुरुआतकी थी, वह अब राजनीतिके जलसे बाहर हैं। हिलसा बंगलादेशकी राष्ट्रीय मछली है। स्थानीय लोग इसे इलिश कहते हैं। स्वादमें बेजोड़ होनेकी वजहसे इसे मछलियोंकी रानी भी माना जाता है। इलिशके बिना 'एई पार बंगला या ओई पार बंगला' की जनता रह नहीं सकती। बीते २६ सितंबर २०२६ को दिल्ली स्थित बंगलादेश हाई कमीशनमें हिलसा फेस्टिवल आयोजित हुआ था, जिसमें कुछ वरिष्ठ राजनेता, राजनयिक, पत्रकार, शिक्षाविद् और सांस्कृतिक हस्तियां शामिल हुईं। उस हिलसा फेस्टिवलमें तवेपर हिलसा फ्राईका मेहमानोंने लुत्फ उठाया। चाणक्यपुरी स्थित दूतावासके मैत्री ऑडिटोरियममें आयोजित इस उत्सवका मुख्य उद्देश्य फूड एवं कलिनरी डिप्लोमेसीके जरिये भारत और बंगलादेशके बीच सांस्कृतिक संबंधोंको प्रगाढ़ करना था। इस अवसरपर ढाकासे प्रकाशित एक विशेष पुस्तक 'ए फिश कॉल्ड इलिश' का विमोचन भी भारतीय हस्तियों द्वारा किया गया। उत्सवमें आये मेहमानोंको हिलसा मछलीसे बने विभिन्न प्रकारके पारम्परिक बंगाली व्यंजन, जैसे सरसों हिलसा, फ्राइड हिलसा आदिके साथ-साथ पारम्परिक बंगलादेशी भोजन परोसा गया। बंगलादेशके उच्चायुक्त एम. रियाज हामिदुल्लाहने इस अवसरपर कहा कि हिलसा सिर्फ एक मछली नहीं है, बल्कि यह बंगलादेशकी पहचान, समाज और अर्थव्यवस्थासे गहराईसे जुड़ी हुई है। यह आयोजन ऐसे समयमें किया गयाए जब दोनों देशोंके बीच हिलसाके व्यापारिक समीकरणोंको लेकर कई कूटनीतिक चर्चाएं चल रही हैं।

वर्ष १९९१ के बादसे बंगलादेश और भारतके बीच संबंधोंमें उतार-चढ़ाव इन दोनों देशोंके राजनेताओंके सत्तामें आने-जानेके साथ बदलते रहे हैं। शायद किसीको याद हो कि १९ मार्च १९९८ को बीजेपी के दोबारा सत्तामें आनेके बाद बंगलादेशके तत्कालीन विदेशमंत्री आनन-फाननमें नयी दिल्ली पहुंचे थे। यह भूलकर कि पार्टी महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि देशका स्थायी हित महत्वपूर्ण है। उन दिनों शेख हसीना सत्तामें थीं। १६ मईसे १ जून १९९६ तक अटल बिहारी वाजपेयीकी १६ दिनोंकी पहली टर्म वाली सरकारको उन्होंने हल्केमें लिया था। भारतमें कई लोग ऐसा मानते हैं कि १९७१ में भारतने जो कुर्बानी दी थी, बंगलादेशने उसके लिए पर्याप्त आभार नहीं जताया। शायद ही कोई इस बातसे इनकार करेगा कि भारतमें चार पार्टियों वाली समावेशी सरकारके समय दोनों देशोंके रिश्ते बहुत निचले स्तरपर थे। उस दौरान विदेश मंत्री स्तरकी किसी द्विपक्षीय यात्राकी बात तो दूर, सरकार प्रमुखकी यात्रातक नहीं हुई थी। केन्द्रमें सत्ता मजबूत होती है तो रिश्ते भी बदलते हैं। शेख हसीना, 'जैसी बही बयार, पीठ तब तैसी कीजिए', वाली राजनेता रही हैं। दक्षिण एशियामें 'हिलसा डिप्लोमेसी' की शुरुआत १९९६ में सद्भावना और सहयोगके इरादेसे हुई थी। बंगलादेशकी पूर्व प्रधान मंत्री शेख हसीनाने १९९६ की ऐतिहासिक गंगा जल बंटवारा संधिसे ठीक पहले, सद्भावनाके एक सोचे-समझे कदमके तौरपर पश्चिम बंगालके मुख्य मंत्री ज्योति बसुको हिलसा मछलीकी एक खेप भेजी थी।

१२ दिसंबर १९९६ को तत्कालीन प्रधान मंत्री शेख हसीना और उनके भारतीय समकक्ष एच. डी. देवेगौड़ाके बीच हुई ३० सालकी इस संधिने जनवरी-मईके सूखे मौसमके दौरान गंगाके पानीके बंटवारेका एक ढांचा तैयार किया था। इस दौरान नदीका बहाव काफी कम हो जाता है। भारत और बंगलादेशके बीच १९९६ में हुई गंगा जल संधि ११ दिसंबर २०२६ को समाप्त हो रही है। वर्ष १९९६ के बाद उभयपक्षीय परिस्थितियां काफी बदली हैं। आबादी बढ़ी है, पानीकी जरूरत बढ़ी है और नदी तथा मौसमसे जुड़ी परिस्थितियोंको लेकर भी नयी चुनौतियां सामने आयी हैं। नयी संधि होती है तो भारत और बंगलादेशकी जरूरतोंके साथ-साथ भारतके अन्दर अलग-अलग राज्योंकी पानीसे जुड़ी जरूरतोंको भी ध्यानमें रखना होगा। गंगा नदी बंगलादेशके लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। देशका लगभग ३७ प्रतिशत भू-भाग, जो चार डिवीजनोंके २६ जिलों और १६३ उप-जिलोंमें फैला है, इस नदीपर निर्भर है, जिसे बंगलादेशमें 'पद्मा' के नामसे जाना जाता है। अब आने वाले दशकोंके लिए ढाका और नयी दिल्लीको एक नयी व्यवस्था तैयार करनी होगी।

तीस्ता जल बंटवारेमें हुई उठा-पटककी कहानी अलग है। तीस्ता नदीके लिए पानीके बंटवारेकी एक अलग व्यवस्थाको २०११ में बंगलादेश और भारतने अंतिम रूप दिया था, लेकिन पश्चिम बंगालकी तत्कालीन मुख्य मंत्री ममता बनर्जीके विरोधके बाद उसपर कभी हस्ताक्षर नहीं हो सके। पद संभालनेके बाद मुहम्मद यूनुसकी अंतरिम सरकारने शुरूमें भारतको हिलसाका एक्सपोर्ट रोक दिया था। हालांकि बादमें यह फैसला बदल दिया गया और २१ सितंबर २०२४ को वाणिज्य मंत्रालयने भारतको ३००० टन हिलसा एक्सपोर्ट करनेकी मंजूरी दे दी। २०२५ में २४२० टन हिलसा भारत निर्यात करनेकी मंजूरी दी गयी थी। २०२६ में इसे आधा घटाकर १२०० टन कर दिया गया है। हिलसाके कम-ज्यादा एक्सपोर्टसे ढाका-नयी दिल्लीके बनते-बिगड़ते कूटनीतिक संबंधोंको हम नाप सकते हैं।

नयी सरकारके गठनके बाद भी बंगलादेश चैनसे नहीं है। ऐन दुर्गा पूजाके समय भारत निर्यात होने वाली हिलसा मछली मुद्दा बनती है। हालांकि बंगाली आबादी हिलसाको अपनी खान-पानकी संस्कृतिका अहम हिस्सा मानती है, लेकिन बंगलादेशमें इसे लेकर चिन्ताएं भी हैं। हर साल दुर्गा पूजासे पहले स्थानीय बाजारमें हिलसाकी कीमतें बढ़ जाती हैं, जिससे मध्यम और निचले वर्गपर और ज्यादा बोझ पड़ता है। कई कॉमन लोगोंके लिए हिलसा मछलीका एक्सपोर्ट अभिशाप भी बन गया है। ममता बनर्जीने चुनावके दिनोंमें कहा था कि बीजेपी सरकार आयी तो मछली-मांसकी मुश्किलें बढ़ेंगी। अब लोग कहने लगे, 'बंगलादेशने फेस्टिव सीजनमें धोखा दिया है।' हिलसाका स्वाद बंगालमें बीजेपीकी सरकारके रहते सर्वसुलभ न हो तो यह राजनीतिक मुद्दा बन सकता है। रणनीतिकार हिलसाको कूटनीतिक हथियारके तौरपर इस्तेमाल करनेसे बाज नहीं आ रहे। हाई कमीशन द्वारा हिलसा फेस्टिवलके कूटनीतिक मायने नयी दिल्ली समझे। 'आप हमें पानी दो-हम आपको हिलसा देंगे।'

## आत्मबोध

### श्राद्ध और श्रद्धा

❑ **धर्मेश कुशवाहा**

संसार अर्थात् प्रकृति निरन्तर परिवर्तनशील है, जिसमें निरन्तर परिवर्तन रूप क्रिया होती रहती है, उसका नाम प्रकृति है ग्रंथोंमें वर्णित है। प्रकर्षेण करणं प्रकृति:। इसलिए संसार तथा उसका अंश शरीर निरन्तर बदलने वाले हैं। इस परिवर्तनशील प्रकृतिमें जब मनुष्यके शरीरसे प्राण अलग होता है तो वह एक संस्कृत का शब्द प्रेत, जिसका अर्थ है प्रइत यानी शरीरसे बाहर निकलना या दिवंगत होना, हो जाता है इससे यही समझमें आता है कि जब मनुष्यके शरीरसे प्राण निकलता है तो प्रेत हो जाता है। प्रेतसे पितृकी तरफ अग्रसर होनेके लिए ग्यारहवें और बारहवें दिन वंशजोंके द्वारा पिंडदान किया जाता जिससे वहीं प्राण पितृमें जाता है और अपने कर्मों अनुसार भोग भोगनेके बाद दूसरे जन्मकी तरफ कर्मानुसार जन्म लेता है। यदि प्राण पितृकी तरफ नहीं जाता है तो इसी लोकमें अपनी अधूरी तृष्णा लेकर भटकता रहता है। इसलिए वर्षमें एक बार पितरोंके लिए पितृपक्षका १६ दिनोंका समय होता है जिसमें पितरोंको तर्पण आदिका कार्य किया जाता है जिससे पूर्वज प्रसन्न होते है और उनको तृप्ति होती है। अब बात आती है कि जिसका मरनेके बाद कोई कर्मकांड न हो तो वह पितृकी तरफ नहीं जायगा वेदांत और कर्मका सिद्धांत सुना है कि अपने जन्ममें ही इतनी ऊर्जा अपने अच्छे कर्मों द्वारा एकत्रित कर लेनेसे स्वयं ही पितृकी तरफ मनुष्य चला जाता है। संत इसके उदाहरण है। महाभारतमें देवव्रतने आजीवन कुंवारा रहनेका प्रण किया और कहे कि हम अपने कर्मोंसे इतनी ऊर्जा प्राप्त करेंगे कि किसीकी पितृकी तरफ भेजनेकी जरूरत नहीं होगी स्वयं चले जायंगे और यही हुआ। प्रेतको पितृमें मिलनको ही श्राद्ध कह्ते है। प्रेत एक अलग है और पितृ एक अलग वातावरण है। श्रद्धासे श्राद्ध बना है। श्रद्धापूर्वक किये गये कार्यको ही श्राद्ध कहते है। श्राद्धसे श्रद्धा जीवित रहती है। श्रद्धाको प्रकट करनेका जो प्रदर्शन होता है, वह श्राद्ध कहलाता है। जीवित बुजुर्गों और गुरुजनोंके प्रति श्रद्धा प्रकट करनेके लिए उनकी अनेक प्रकारसे सेवा पूजा तथा संतुष्टि की जा सकती है। परंतु पितरोंके लिए श्रद्धा एवं कृतज्ञता प्रकट करनेवालेको कोई निमित्त बनाना पड़ता है। यह निमित्त है श्राद्ध। अपने दिवंगत पूर्वजोंके प्रति श्रद्धा प्रकट करने तथा उनके स्नेह एवं आशीर्वाद प्राप्त करनेका यह सर्वोत्तम अवसर है। हिंदु परंपराके अनुसार श्राद्ध पक्षको दिवंगत आत्माओंसे आशीष लेनेका महापर्वके रूपमें भी माना गया है। इसलिए श्राद्धमें श्रद्धा जरूरी है।

# सवालोंके घेरेमें चुनाव आयोगकी विश्वसनीयता

❑ **रोहित माहेश्वरी**

भारतके चुनाव आयोगको अपने मुख्य चुनाव आयुक्तके खिलाफ अनियमितताओंके नये आरोपोंकी एक श्रृंखलाके बाद विश्वसनीयताके एक और संकटका सामना करना पड़ रहा है। विश्वके सबसे बड़े लोकतंत्रमें सबसे भरोसेमंद सार्वजनिक संस्थानोंमेंसे एक, तीन सदस्यीय आयोगकी अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार कर रहे हैं और इसमें सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी आयुक्तके रूपमें शामिल हैं। यह ताजा विवाद इंडियन एक्सप्रेस अखबारमें छपी एक रिपोर्टके बाद सामने आया है, जिसमें कहा गया है कि पिछले कुछ महीनोंमें, मुख्य चुनाव आयुक्त कुमारसे उनके दो सहयोगियोंने वोटर डेटाबेसकी सत्यनिष्ठा, नये मतदाताओंके नामांकनके तरीकेमें बदलाव और मतदाता सूचीकी सुरक्षाको लेकर बार-बार सवाल किये हैं।पिछले कुछ वर्षोंमें चुनाव आयोगकी विश्वसनीयताको लेकर देशका विपक्ष लगातार सवाल उठाता रहा है। ताजा खुलासोंने विपक्षी दलों और आलोचकोंको भी नया बल प्रदान किया है, जो बार-बार दावा करते रहे हैं कि एसआईआरका इस्तेमाल भाजपाके लाभके लिए उनके वोटरोंको बाहर करनेके लिए किया जा रहा है और भारतमें चुनाव अब स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं रहे हैं। हालांकि चुनाव हारनेपर विपक्ष द्वारा चुनाव आयोगपर आरोप-प्रत्यारोप लगानेका सिलसिला पुराना है। लेकिन पिछले कुछ सालोंमें भारतका चुनाव आयोग विश्वसनीयताकी कसौटीपर खरा नहीं उतर पा रहा है। जिसकी तपिश भारतीय लोकतंत्रकी साखपर भी पड़ती है।

निस्संदेह, चुनाव आयोगका दायित्व लोकतंत्रमें पारदर्शी चुनाव कराना और नागरिकोंके वोट देनेके महत्वपूर्ण अधिकारकी रक्षा करना होता है। लेकिन पिछले कुछ समयसे इस संवैधानिक संस्थाकी विश्वसनीयताको विवादित स्पेशल इंटेंसिव रिविजन यानी एसआईआरसे जुड़ी विसंगतियोंने भारी ठेस पहुंचायी है। हालमें दिल्लीके एक अंग्रेजी अखबारकी पड़तालमें पता चला है कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशीने अक्तूबर २०२५ से अगस्त २०२६ के बीच कमसे कम चौदह बार उन फैसलोंपर आपत्ति जतायी, जो उनकी जानकारीमें लाये बिना लिये गये थे।सूत्रोंके मुताबिक इन दो चुनाव आयुक्तोंकी चिन्ताओंमें फॉर्म-६ में बदलाव, वोटर लिस्ट डेटाबेसका सेंट्रलाइजेशन, फील्ड अधिकारियोंकी इसतक सीमित पहुंच और वोटरोंके नाम हटानेकी प्रक्रिया शामिल थी। निस्संदेह इस प्रकरणसे मुख्य चुनाव आयुक्तकी स्थिति असहज हो गयी है। इसके बाद अक्सर चुनाव आयोगपर हमलावर रहा, कांग्रेसके नेतृत्व वाला विपक्ष और ज्यादा हमलावर हो गया है। विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्तको हटानेकी मांग कर रहा है। इंडी गठबंधनने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमारके खिलाफ एसआईआर प्रक्रियाके दौरान मतदाताओंके नाम काटे जाने और कथित चुनावी अनियमितताओंके विरोधमें बड़े पैमानेपर देशव्यापी आन्दोलन और प्रदर्शनका ऐलान किया है। विरोध आन्दोलनके तहत आगामी दोसे आठ अक्तूबरतक विपक्षी पार्टियां देशभरमें जिलास्तरीय लोकतंत्र बचाओ मार्च निकालकर चुनावी धांधलियोंके प्रति जागरूकता फैलायंगी। गठबंधनके सभी सांसद छह अक्तूबरको दिल्लीमें चुनाव आयोग मुख्यालयतक विरोध मार्च निकालेंगे।

भाजपा नेताओंका तर्क है कि जब विपक्षी दल चुनाव जीतते हैं, तब उन्हें ईवीएम और चुनाव प्रक्रियामें कोई कमी नहीं दिखती, लेकिन हारनेपर वे इन संवैधानिक संस्थाओंपर आरोप लगाते हैं। नेताओंका कहना है कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल उन्हीं ईवीएम और प्रक्रियाओंसे कई राज्योंमें सरकारें बना चुके हैं, फिर भी हार मिलनेपर इन्हें ब्लैक बॉक्स या पक्षपाती करार देते हैं। सत्तापक्षका आरोप है कि विपक्षके ऐसे बयान लोकतांत्रिक संस्थाओं और चुनाव आयोगकी विश्वसनीयताको कमजोर करनेके लिए फैलाये जा रहे हैं।

विपक्ष खासकर कांग्रेस कभी ईवीएम तो कभी चुनाव आयोगपर सवाल उठाती रही है। यहांतक कि मीडिया और न्यायपालिकाकी भूमिकापर भी राहुल गांधीने अविश्वास व्यक्त किया है। संभव है कि इसमें आंशिक सचाई हो, लेकिन पूरा सच तो यह हो नहीं सकता। असलमें राहुल गांधी भूल जाते हैं कि हारका ठीकरा जिस ईवीएमपर फोड़ रहे हैं, उसकी शुरुआत तो उन्हींकी पार्टीकी सरकारने की थी। २०१४ के लोकसभा चुनावके वक्त तो कांग्रेसके नेतृत्व वाली ही यूपीएकी सरकार थी। तब भी कांग्रेस ४४ सीटोंपर क्यों सिमट गयी!भारतीय लोकतंत्रमें चुनाव प्रक्रियाका संचालन करने वाली संवैधानिक संस्था चुनाव आयोगके चुनाव आयुक्तोंके बीच उजागर हुए इस मतभेदको प्रशासनिक छोटी-मोटी बात कहकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ये प्रकरण चुनावकी विश्वसनीयता और जवाबदेहीके मूल मुद्देसे जुड़ा है। वोटर रजिस्ट्रेशनको आसान बनानेके लिए बने फॉर्म-६ में, रजिस्ट्रेशन ऑफ इलेक्टर्स रूल्स-१९६० में कानूनी रूपसे सही तरीकेसे संशोधन किये बिना बदलाव कर दिये गये। इन बदलावोंके चलते नागरिकोंको भारी परेशानीका सामना करना पड़ा है। विडंबना यह है कि जो फॉर्म-६ वोटर रजिस्ट्रेशनको आसान बनानेके लिए बना था, उसे बेहद जटिल बना दिया गया, जिसमें यह जानकारी देनी अनिवार्य कर दी गयी कि क्या वोटरके माता-पिताका नाम पिछली एसआईआर सूचीमें शामिल था। उल्लेखनीय है कि एसआईआरकी जटिलताको महसूस करते हुए पिछली बारकी प्रक्रियाकी जिम्मेदारी चुनाव आयोगके कर्मचारियोंने निभायी थी। लेकिन इस बार यह जवाबदेही वोटरोंके सिरपर डाल दी गयी। एक सामान्य मतदाता कैसे याद रखें कि करीब चौथाई सदी पहले उसने या उसके माता-पिताने किस बूथपर वोट डाला था। इस संबंधमें जानकारी जुटानेके लिए लोग दर-दरकी ठोकरें खाते रहे हैं। इस जानकारीसे मैपिंग न हो पानेके कारण पूरे देशमें करोड़ों मतदाताओंके नाम वोटर लिस्टसे निकाल दिये गये। पश्चिम बंगालमें, ड्राफ्ट वोटर लिस्टसे लाखों नाम हटानेपर नागरिकों एवं विपक्षने कड़ा प्रतिरोध किया। अबतक तय की गयी दसमेंसे नौ अपीलोंमें वोट बहाल होनेकी रिपोर्टसे पता चलता है कि विसंगतियोंको जरूरतसे ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया था। इस समस्याका समाधान करनेकी प्रक्रियाकी कछुआ चालका पता इस बातसे चलता है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त ट्रिब्यूनलको बंगालमें लंबित ३७ लाख अपीलोंका निस्तारण करनेमें करीब बारह साल लग सकते हैं।

भारतीय लोकतंत्रके हितमें जरूरी है कि चुनाव आयोगको गोपनीयताका पर्दा अविलंब हटाना चाहिए। उसे संबंधित रिकॉर्ड प्रकाशित करने चाहिए। सही मायनेमें चुनाव आयोगको अपने निर्णय लेनेकी प्रक्रियाके बारेमें पारदर्शी तरीकेसे बताना चाहिए। साथ ही चुनाव आयोगको अपने आयुक्तों द्वारा उठाये गये हर अहम सवालका जवाब भी देना चाहिए। चुनाव आयोगका नैतिक दायित्व है कि वह सरकारके बजाय नागरिकोंके हितोंके प्रति जवाबदेह हो। आयोगका फर्ज है कि वह स्पष्ट जवाब देशके नागरिकोंको दे। साथ ही हर भारतीयको एक ऐसा चुनावी सिस्टम दे, जो समावेशी और नागरिकोंकी सुविधाके अनुकूल हो। इस मुद्देपर जमकर राजनीति हो रही है। चूंकि अगले साल उत्तर प्रदेश सहित सात राज्योंमें विधानसभा चुनाव होने है। ऐसेमें इस मुद्देकी गूंज सुनाई देती रहेगी। एक स्वस्थ लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्थाके लिहाजसे इस मुद्देपर राजनीतिकी बजाय चुनाव आयोगकी कार्यप्रणालीपर गम्भीरतासे विचार-विमर्श इसलिए होना चाहिए, ताकि इस संवैधानिक संस्थाकी निष्ठा और कार्यप्रणालीपर कोई अंगुली न उठाने पाये।

# इक्रा ने कमजोर मानसून के कारण कृषि वृद्धि दर का अनुमान घटाया



नयी दिल्ली। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन क्षेत्र की वृद्धि दर के अनुमान को 1.3 प्रतिशत से घटाकर लगभग एक प्रतिशत कर दिया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की बारिश इस साल दीर्घकालीन औसत (एलपीए) के मुकाबले 87 प्रतिशत पर आने को देखते हुए वृद्धि दर घटाई गई है। यह औसत 2015 के बाद सबसे कम है। इक्रा ने मानसून पर अपनी समीक्षा रिपोर्ट में कहा कि कम और असमान बारिश ने खरीफ बुवाई को पहले ही प्रभावित किया है। यह सितंबर के अंत तक पिछले वर्ष के स्तर से 1.2 प्रतिशत कम रही। जलाशयों के विशेष रूप से दक्षिणी और कुछ उत्तरी राज्यों में घटे जलस्तर ने आगामी रबी सत्र को लेकर चिंता बढ़ा दी है। एजेंसी ने कहा, फसल उत्पादन और कृषि आय पर कमजोर मानसून के संभावित असर को लेकर इक्रा सतर्क बनी हुई है। इसके साथ ही चेतावनी दी गई कि कृषि आय में कमी वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी छमाही में ग्रामीण मांग को सुस्त कर सकती है और खाद्य मुद्रास्फीति के लिए जोखिम पैदा कर सकती है। जून-सितंबर के दौरान अल नीनो के प्रभाव के कारण बारिश दीर्घकालीन औसत के मुकाबले 87 प्रतिशत रही। बारिश का वितरण भी अत्यधिक असमान रहा। पूर्व और पूर्वोत्तर क्षेत्र में एलपीए के मुकाबले 74 प्रतिशत तथा दक्षिणी राज्यों में 76 प्रतिशत बारिश दर्ज की गई। दूसरी ओर उत्तर-पश्चिम भारत में 94 प्रतिशत बारिश हुई। मध्य भारत एकमात्र प्रमुख क्षेत्र रहा जहां सामान्य बारिश दर्ज की गई, जो एलपीए का 97 प्रतिशत है। सितंबर के अंत तक खरीफ का रकबा 11.07 करोड़ हेक्टेयर रहा, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में लगभग 1.2 प्रतिशत कम है। चावल के रकबे में 3.6 प्रतिशत और कपास के रकबे में एक प्रतिशत की गिरावट आई, जिसकी कुछ हद तक भरपाई दलहन और मोटे अनाज के रकबे में हुई वृद्धि से हुई।

## कार्ल्सबर्ग की भारतीय इकाई समेत चार कंपनियों को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

नयी दिल्ली। डेनमार्क की शराब कंपनी कार्ल्सबर्ग ग्रुप की भारतीय इकाई कार्ल्सबर्ग इंडिया लिमिटेड, टीएमसी ट्रांसफॉर्मर्स (इंडिया) लिमिटेड, उजिन फार्मा लिमिटेड और मातंगी रबड़ लिमिटेड को प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को इन चारों कंपनियों के आईपीओ दस्तावेज मई से जुलाई के बीच मिले थे। नियामक ने 28 सितंबर से एक अक्टूबर के बीच उनके आईपीओ प्रस्तावों की समीक्षा पूरी की। सेबी की वेबसाइट से यह जानकारी मिली है। सेबी की मंजूरी मिलने के बाद कंपनियां लागू नियामकीय आवश्यकताओं के अधीन अपने सार्वजनिक निर्गम की तैयारियां आगे बढ़ा सकती हैं। डेनमार्क की प्रमुख शराब कंपनी कार्ल्सबर्ग समूह की भारतीय इकाई कार्ल्सबर्ग इंडिया लिमिटेड ने एक जुलाई को सेबी के पास गोपनीय तरीके से आईपीओ के दस्तावेज जमा किए थे। टीएमसी ट्रांसफॉर्मर्स (इंडिया) लिमिटेड के प्रस्तावित 550 करोड़ रुपए के आईपीओ में पूरी तरह नए शेयर जारी किए जाएंगे और इसमें बिक्री पेशकश (ओएफएस) का कोई हिस्सा नहीं है। उजिन फार्मा के प्रस्तावित आईपीओ में 1.18 करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि प्रवर्तक 72.82 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश करेंगे। सेबी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, मातंगी रबड़ लिमिटेड को भी उसके प्रस्तावित आईपीओ के लिए नियामक की मंजूरी मिल गई है।

## भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि सितंबर में सात महीने के उच्च स्तर पर

नयी दिल्ली। देश के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि सितंबर में सात महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। नए ऑर्डर और उत्पादन में तेजी इसकी मुख्य वजह रही। बृहस्पतिवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। भारतीय विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में सितंबर में फिर तेजी आई, जिसे घरेलू एवं निर्यात मांग में मजबूती से बढ़ावा मिला। इसके अलावा, कारोबारी धारणा चार महीने के उच्चस्तर पर पहुंच गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितंबर में दो से अधिक अंक बढ़कर 55.1 हो गया, जो अगस्त में 52.8 था। यह सात महीने में क्षेत्र की स्थिति में सबसे मजबूत सुधार का संकेत है। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) में 50 से ऊपर का आंकड़ा विस्तार जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी की मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजल भंडारी ने कहा, भारतीय कारखाना क्षेत्र ने तिमाही का अंत मजबूत स्थिति के साथ किया। पीएमआई सितंबर में बढ़कर 55.1 हो गया, जो अगस्त में 52.8 था। घरेलू और विदेशी मांग में मजबूती से बिक्री एवं उत्पादन को बढ़ावा मिला। मई के बाद रोजगार में सबसे तेज गति से फिर वृद्धि हुई और विनिर्माताओं का आने वाले महीनों को लेकर भरोसा भी बढ़ा। कीमतों के मोर्चे पर कच्चे माल की लागत और बिक्री कीमतों में वृद्धि की गति तेज हुई लेकिन महंगाई की दर ऐतिहासिक मानकों के हिसाब से अब भी हल्की रही। कंपनियों ने उत्पादन प्रक्रिया में इस्तेमाल करने और भंडार बढ़ाने के लिए अधिक सामग्री खरीदी। कुल खरीद में अगस्त के मुकाबले तेज गति से वृद्धि हुई। भंडारी ने कहा, कंपनियों ने अनुमानित बिक्री की तैयारी के लिए अधिक सामग्री खरीदी और भंडार बढ़ाया। तैयार माल के भंडार में करीब 12 साल में दूसरी सबसे बड़ी वृद्धि दर्ज की गई, जो कम भंडार रखने की प्रवृत्ति से स्पष्ट बदलाव का संकेत है।

## महंगाई की चिंता के बीच जून तिमाही में शहरी परिवारों ने एफएमसीजी खर्च घटाया

नई दिल्ली: चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में रोजमर्रा के इस्तेमाल वाले एफएमसीजी उत्पादों पर शहरी परिवारों के खर्च में कमी आई। ईंधन और खाद्य वस्तुओं की कीमतों से जुड़ी चिंता के बीच लोगों ने गैर-जरूरी चीजों की खरीदारी कम कर दी। वर्ल्डपैनल (पूर्व में कंतार) की चौथी वार्षिक खर्चा रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल-जून तिमाही में शहरी परिवारों का तिमाही खर्च सालाना आधार पर चार प्रतिशत घट गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में इसमें 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इस अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि समृद्ध और कम समृद्ध शहरी परिवारों के खर्च में चार प्रतिशत की कमी आई। समृद्ध शहरी परिवारों का औसत तिमाही खर्च 81,759 रुपए रहा जबकि कम समृद्ध शहरी परिवारों का खर्च 49,832 रुपए रहा। इसके विपरीत, ग्रामीण परिवारों का खर्च 15 प्रतिशत बढ़कर 53,760 रुपए प्रति तिमाही हो गया। जून तिमाही में परिवारों का औसत खर्च 13 प्रतिशत बढ़कर 59,857 रुपए हो गया। इस साल खर्च में पूरी वृद्धि ग्रामीण परिवारों की तरफ से की गई, जबकि शहरी परिवारों का खर्च घट गया। घरेलू बजट में किराने के सामान का हिस्सा पिछले साल के 23.5 प्रतिशत से घटकर 22 प्रतिशत रह गया। वहीं, टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का हिस्सा करीब छह प्रतिशत हो गया जो पहले दो प्रतिशत से कम था। रिपोर्ट ने इसका एक कारण जीएसटी ढांचे में अनुकूल बदलाव को बताया। करीब 6,000 शहरी और ग्रामीण परिवारों पर आधारित रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर 2025 में थोड़ा सुधरने के बाद आर्थिक स्थिति को लेकर लोगों की धारणा फिर कमजोर हुई है। करीब 56 प्रतिशत लोगों ने कहा कि स्थिति मुश्किल है लेकिन संभाली जा सकती है, जबकि 16 प्रतिशत ने कहा कि उन पर कोई असर नहीं पड़ा है। अगले तीन महीनों में अपनी स्थिति और खराब होने की आशंका जताने वालों का अनुपात दिसंबर के नौ प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत हो गया। रिपोर्ट कहती है, %%86 प्रतिशत खरीदारों ने कहा कि वे किराना खरीदते समय केवल जरूरी सामान लेते हैं, जबकि 74 प्रतिशत ने बजट के भीतर खरीदारी करने की बात कही। एक साल पहले यह आंकड़ा 69 प्रतिशत था।%% अध्ययन में कहा गया कि ईंधन और गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव भी खरीदारों की प्रमुख चिंताओं में शामिल रहा। करीब 59 प्रतिशत परिवारों ने ऊर्जा कीमतों में उतार-चढ़ाव को सबसे बड़ी वैश्विक चिंता बताया। करीब 64 प्रतिशत लोगों ने कहा कि इन परिस्थितियों ने उनकी खरीदारी या खर्च करने की आदत बदली है, जबकि 48 प्रतिशत ने गैर-जरूरी खरीदारी कम कर दी। %खर्चा% रिपोर्ट का चौथा संस्करण अप्रैल महीने में किए गए अध्ययन पर आधारित है। इसमें घर में एफएमसीजी खरीदारी से संबंधित निर्णय लेने वाली गृहिणियों से प्रतिक्रिया ली गई। अध्ययन में परिवारों के खर्च, खरीदारी के व्यवहार में बदलाव, उसके कारणों, मौजूदा धारणा और भविष्य की उम्मीदों को शामिल किया गया। इस बार एलपीजी संकट और पश्चिम एशिया युद्ध के असर पर भी एक अलग खंड जोड़ा गया।

# फेस्टिव सीज़न से पहले लगा झटका- महंगे होंगे टीवी, एसी और फ्रिज

नयी दिल्ली। त्योहारों की खुशियों के बीच भारतीय ग्राहकों के लिए एक थोड़ी परेशान करने वाली खबर है। अगर आप इस फेस्टिव सीज़न में घर के लिए नया टीवी, एयर कंडीशनर , वॉशिंग मशीन या रेफ्रिजरेटर खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो आपको पहले के मुकाबले ज़्यादा पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेज बनाने वाली प्रमुख कंपनियों ने अपने प्रॉडक्ट्स के दाम 3प्रतिशत से लेकर 10 प्रतिशत तक बढ़ा दिए हैं।

गर्मियों के बाद भी एसी की कीमतों में सबसे बड़ा उछाल देखा जा रहा है– डैकिन – एसी के दामों में 8 प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक की सीधी बढ़ोतरी की है।

ब्लू स्टार- एसी और डीप फ्रीज़र की कीमतों में 5 प्रतिशत से 8 प्रतिशत का इजाफा किया है।

हायर, एलजी और बुस्च- अपने रूम एसी मॉडल्स पर लगभग 5 प्रतिशत तक दाम बढ़ा चुके हैं।



पश्चिम एशिया में चल रही जंग इसकी एक मुख्य वजह है, इस जंग की वजह से कच्चे माल और कमोडिटी चेन की लागत बढ़ी है और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत गिरने से आयात भी महंगा हो गया है। त्योहारों के मौसम में महंगाई का असर टीवी खरीदने वालों पर भी पड़ सकता है। हायर इंडिया ने एलईडी टीवी की कीमतों में 2-3 प्रतिशत की बढ़ोतरी का ऐलान किया है। वहीं, सुपर प्लास्ट्रोनिक्स अक्टूबर के बाद टीवी की कीमतें लगभग 7 प्रतिशत बढ़ाने की योजना बना रही है। यह कंपनी थॉमसन, कोडक और ब्लाउपंक्ट जैसे टीवी ब्रांड बनाती और बेचती है। कंपनी के अप्लायंसेज की कीमतें पहले ही 4-5 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं। स्क्रीन साइज़ के आधार पर, छोटे स्क्रीन वाले टीवी की कीमतों में 20 प्रतिशत तक और बड़े स्क्रीन वाले टीवी की कीमतों में 10 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वॉशिंग मशीन खरीदने वालों को भी ज़्यादा पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। हायर इंडिया ने वॉशिंग मशीन समेत कुछ कैटेगरी में कीमतों में 2-3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की पुष्टि की है। दूसरी कंपनियां भी वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर और एलईडी टीवी की कीमतों में लगभग 3-4 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर रही हैं। हालाँकि, अभी सभी कंपनियों ने कीमतें बढ़ाने का ऐलान नहीं किया है। रेफ्रिजरेटर भी उन कंज्यूमर गुड्स की लिस्ट में शामिल हैं जिनकी कीमतें बढ़ रही हैं। कुछ कंपनियां रेफ्रिजरेटर की कीमतों में लगभग 3-4 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर रही हैं। हालांकि, इस कैटेगरी की सभी कंपनियों ने अभी कीमतें बढ़ाने का फैसला नहीं किया है। इसलिए, ग्राहकों को ब्रांड और मॉडल के आधार पर अलग-अलग कीमतें देखने को मिल सकती हैं। कंपनियों के मुताबिक, कीमतों में बढ़ोतरी की मुख्य वजह रॉ मटीरियल की बढ़ती लागत है। कॉपर, स्टील और एल्युमीनियम की कीमतों के साथ-साथ कच्चे तेल से बनने वाले उत्पादों और ढुलाई की लागत भी बढ़ी है। वेस्ट एशिया संकट ने भी कमोडिटी की कीमतों, सप्लाई चेन और करेंसी की चाल पर दबाव बढ़ाया है। ब्लू स्टार के मुताबिक, पिछले साल के फेस्टिव सीजन की तुलना में लागत में लगभग 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। कंपनी ने कहा कि ग्राहकों को जीएसटी से लगभग 10 प्रतिशत का फायदा मिल रहा है, इसलिए कुल असर लगभग 5 प्रतिशत होने की उम्मीद है।

## अमेजन और फ्लिपकार्ट पर बिना सरकारी मंजूरी बिक रहे थे सीसीटीवी कैमरे

नयी दिल्ली। आज के समय में घर, दुकान, ऑफिस और अन्य जगहों की निगरानी के लिए इंटरनेट से जुड़े सिक्योरिटी कैमरों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। इन कैमरों की मदद से लोग दूर रहते हुए भी अपने घर या कारोबार पर नजर रख सकते हैं। हालांकि, अब ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बिक रहे कुछ सिक्योरिटी कैमरों को लेकर सुरक्षा और सरकारी मंजूरी से जुड़े सवाल खड़े हो गए हैं। मामला अमेजन और फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध कुछ इंटरनेट से जुड़े ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों से जुड़ा है। जांच में दावा किया गया है कि इन दोनों ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में ऐसे कैमरों की लिस्टिंग मिली, जिनकी सरकारी मंजूरी को लेकर सवाल सामने आए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जांच के दौरान अमेजन और फ्लिपकार्ट पर करीब 770 इंटरनेट से जुड़े सीसीटीवी कैमरों की लिस्टिंग सामने आई। इनमें से 700 से अधिक कैमरों के नाम ब्यूरो आफ इण्डियन स्टैण्डर्ड के मंजूर रिकॉर्ड में नाम नहीं था। यह मामला इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इंटरनेट से जुड़े कैमरे केवल सामान्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस नहीं होते। ये कैमरे लगातार वीडियो रिकॉर्ड कर सकते हैं और इंटरनेट के जरिए यूजर को दूर बैठे लाइव फुटेज उपलब्ध कराते हैं। ऐसे में इनके सुरक्षा मानकों और नियामकीय मंजूरी का महत्व काफी बढ़ जाता है। बिना जरूरी मंजूरी वाले कैमरों की बिक्री से जुड़ी जानकारी सामने आने के बाद अमेजन और फ्लिपकार्ट ने अपने प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध ऐसे उत्पादों की जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार, जिन कैमरों के पास आवश्यक सरकारी मंजूरी नहीं होगी, उन्हें प्लेटफॉर्म से हटाने की कार्रवाई की जा सकती है। इंटरनेट से जुड़े कैमरों का इस्तेमाल बढ़ने के साथ साइबर सुरक्षा का मुद्दा भी महत्वपूर्ण हो गया है। अगर कोई कैमरा पर्याप्त सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करता है, तो उसके डेटा और नेटवर्क सुरक्षा को लेकर जोखिम पैदा हो सकता है।

## भारत में संरचनात्मक रूप से जरूरत से अधिक विनिर्माण क्षमता नहीं- गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि जी20 अध्यक्षता द्वारा चिन्हित क्षेत्रों में भारत में संरचनात्मक रूप से जरूरत से अधिक विनिर्माण क्षमता नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की विनिर्माण क्षमता घरेलू और वैश्विक, दोनों जरूरतों को पूरा करती है। वर्ष 2026 में जी20 की अध्यक्षता अमेरिका कर रहा है। उन्होंने साथ ही कहा कि औद्योगिक क्षमता अपने आप में कोई समस्या नहीं है।

हालांकि, अगर उत्पादन भौगोलिक रूप से कुछ क्षेत्रों में छिपी हुई सब्सिडी और सहायता के कारण केंद्रित होता है, तो इससे विकृतियां पैदा हो सकती हैं। मंत्री ने कहा कि उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाना एक वैध उद्देश्य है लेकिन इसे विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों से बाहर के उपायों या विकासशील देशों पर समायोजन का बोझ डालने के बहाने के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। विकासशील देशों को औद्योगीकरण के लिए नीतिगत गुंजाइश बनाए रखने की जरूरत है।

गोयल ने कहा, भारत की विनिर्माण क्षमता उसकी घरेलू और वैश्विक जरूरतों को पूरा करती है और जी20 अध्यक्षता द्वारा चिन्हित क्षेत्रों में भारत में संरचनात्मक रूप से जरूरत से अधिक क्षमता नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत जी20 के कई सदस्यों की इस चिंता को साझा करता है कि कुछ देशों में व्यापार को विकृत करने वाली सहायता से डंपिंग और अनुचित रूप से कम कीमत पर सामान बेचने की स्थिति पैदा होती है। भारत साक्ष्य आधारित डब्ल्यूटीओ उपायों, जिनमें डंपिंग रोधी और प्रतिकारी शुल्क शामिल हैं, के जरिये ऐसी गतिविधियों से निपटता है। ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं क्योंकि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (यूएसटीआर) ने 11 और 12 मार्च को अलग-अलग धारा 301 जांच शुरू की थी। बंधुआ मजदूरी और जरूरत से अधिक औद्योगिक क्षमता से जुड़ी चिंताओं को लेकर यह जांच 60 देशों के खिलाफ की जा रही है। बंधुआ मजदूरी से संबंधित एक जांच पूरी हो चुकी है और भारत समेत कुछ देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाया गया है। दूसरी जांच के अंतिम निष्कर्ष अभी आने बाकी हैं। अमेरिका ने इस्पात, कपड़ा, एल्युमीनियम, वाहन, बैटरी, सीमेंट, रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा उत्पाद, कांच, मशीन टूल्स, मशीनरी, अलौह धातु, कागज, प्लास्टिक, प्रसंस्कृत खाद्य एवं पेय पदार्थ, रोबोटिक्स, उपग्रह, सेमीकंडक्टर, जहाज, सौर मॉड्यूल और परिवहन उपकरण जैसे क्षेत्रों में जरूरत से अधिक क्षमता का मुद्दा उठाया है। वाणिज्य मंत्रालय ने बयान में गोयल के हवाले से कहा, %%भारत कई सदस्यों की इस चिंता को साझा करता है कि कुछ देशों में व्यापार की स्थिति बिगाड़ने वाली सहायता से डंपिंग और अनुचित रूप से कम कीमत पर सामान बेचने की स्थिति पैदा होती है और भारत साक्ष्य के आधार पर डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) के उपायों, जैसे डंपिंग रोधी और प्रतिकारी शुल्क के जरिये इससे निपटता है, जिनकी न्यायिक समीक्षा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसकी अर्थव्यवस्था घरेलू मांग से संचालित है और 1.4 अरब लोगों की जरूरतों को पूरा करती है।

## दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। फ्लोर मिलों की मांग बढने से गेहूं के भाव 10 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। हाजिर में माल की कमी के कारण बिकवाली घटने से जौ के भाव 90 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। देश में खाद्यान्न उत्पादनों में कमी की आशंका के चलते स्टाकिस्टों की लिवाली बढने से दलहनों में मसूर-अरहर-चना-काबली चने के भाव 50/300 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। आवक कमजोर होने से सरसों में भी 100 रुपये की सुर्खी रही। जबकि मांग कमजोर होने से सोया व बिनौला तेल के भाव 50/200 रुपये प्रति क्विंटल नीचे आ गए। आवक कमजोर होने तथा ग्राहकी निकलने से गुड़ में भी 100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। ग्राहकी निकलने से चीनी के भाव भी 20/50 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। किराना जिंसों में उठाव न होने से धनिया व हल्दी के भाव 100/200 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। जबकि बिकवाली कमजोर होने से मगजतरबूज की कीमतों में 70 रुपये किलो की बढ़ोतरी हुई।

**अनाज-दाल**

सरकार द्वारा 2027-28 के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य 25 रुपये बढ़ाकर 2610 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया। फ्लोर मिलों की मांग बढने तथा निचले स्तर पर बिकवाली कमजोर होने से गेहूं 10 रुपये तेज होकर 2960/2985 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। गेहूं में तेजी का रुख होने के कारण बिकवाली घटने से गेहूं उत्पादों के भाव भी 10 रुपये बढकर आटा 1625/1630, मैदा 1685/1695 तथा सूजी के भाव 1725/1785 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। ग्राहकी निकलने तथा राइस मिलों की बिकवाली कमजोर होने से बासमती चावल के भाव 100 रुपये बढकर 1121 सेला 10400/10500 रुपये, स्टीम 11100/11200 तथा 1509 चावल सेला 8500/8600 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। माल्ट वालों की मांग बढने से जौ 60/90 रुपये बढकर 2900/2950 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। डॉलर की तुलना में रुपया लुढकने के कारण आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से दलहनों में अरहर 225/400 रुपये उछलकर 9375/9400 रुपये तथा देसी 9950/10000 रुपये प्रति क्विंटल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। चना भी 150 रुपये बढकर राजस्थानी 7150/7160 रुपये तथा काबली चना 300 रुपये बढकर महाराष्ट्र का 8300/8500 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। दहलनों में तेजी का रुख होने के कारण बिकवाली घटने से अरहर दाल 400 रुपये बढकर 12500/13400 रुपये तथा चना दाल 150/200 रुपये बढकर 8150/8700 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। पूछपरख बढने से विदेशी मटर 50 रुपये तेज होकर 4750/4800 रुपये तथ देसी मटर 100 रुपये बढकर 5100/5200 रुपये प्रति क्विंटल हो गया।

**तेल-तिलहन**

देश की विभिन्न मंडियों में 2.5 लाख से घटकर 2 लाख बोरी के लगभग रह जाने तथा तेल मिलों की मांग बढने से सरसों 100 रुपये तेज होकर 8450/8500 रुपये प्रति क्विंटल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। आपूर्ति कमजोर होने से सरसों तेल के भाव भी 17050 रुपये प्रति क्विंटल पर टिके रहे। जबकि रिफाइंड वालों की मांग कमजोर होने से बिनौला तेल 200 रुपये घटकर 14500 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। राइसब्रान ऑयल भी मांग कमजोर होने से 13000 रुपये प्रति क्विंटल पर दबा रहा। शिकागो तेल वायदा के माइनस में होने के कारण आयातकों की बिकवाली आने से कांदला में सोया रिफाइंड 50 रुपये घटकर 13950 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। औद्योगिक मांग कमजोर होने से अरंडी तेल भी 50 रुपये मुलायम होकर 15800/15900 रुपये प्रति क्विंटल रह गया।

**गुड़-चीनी**

उत्तर प्रदेश की मंडियों से नए मालों की आवक न बढने तथा ग्राहकी निकलने से गुड़ के भाव 100 रुपये बढकर पेड़ी 6000/6100 रुपये तथ ढैया 6200/6300 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। बिकवाली कमजोर होने से शक्कर व खांडसारी की कीमतें भी पूर्व स्तर पर टिकी रहीं। यूपी की कॉपरेटिव व प्राइवेट मिलों द्वारा मिल डिलीवरी चीनी के भाव 4450/4600 रुपये के भाव में सेल दिए जाने से स्थानीय बाजार में मिल डिलीवरी चीनी 4500/4600 रुपये तथा हाजिर में इसके भाव 4900/5000 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

**किराना-मेवे**

ग्राहकी कमजोर होने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली से हल्दी 200 रुपये घटकर ईरोड गट्ठा 18700/18800 रुपये तथा सेलम फली के भाव 19600/19800 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। धनिया भी उठाव कमजोर होने से बादामी 100 रुपये घटकर 16100/16300 रुपये तथा ग्रीन मालों के भाव 17300/17500 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। जबकि हाजिर में माल कमी तथा मांग बढने से मगजतरबूज 70 रुपये बढकर 600/610 रुपये प्रति किलो के उच्च स्तर पर पहुंच गया। छिटपुट मांग बनी रहने तथा आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से मेवों की कीमतों में स्थिरता रही।

**सर्राफा**

विदेशों के मंदे समाचार आने से सोने के भाव 1200 रुपये प्रति 10 ग्राम तथा चांदी के भाव 1000 रुपये प्रति किलो घट गए। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में निवेशकों की लिवाली सुस्त पडने से सोना 35 डॉलर घटकर 4160 डॉलर प्रति ओंस रह जाने के कारण सोना 1200 रुपये टूटकर क्लिोबार 151600 तथा स्टैंडर्ड 152400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। उठाव न होने से 8 ग्राम वाली गिन्नी भी 1000 रुपये घटकर 112000 रुपये गई। विदेशों में चांदी भी 85 सेंट घटकर 6050 सेंट रह जाने से चांदी हाजिर 1000 रुपये घटकर 230000 रुपये प्रति किलो रह गई। स्टोरिया लिवाली के अभाव में चांदी वायदा दिसंबर 227000 से घटकर 225000 रुपये पर आ गया।

## नई खबर...

### अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 8से

बहुप्रतीक्षित अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 की शुरुआत 8 अक्टूबर से हो रही है, जो ग्राहकों के लिए प्रमुख ब्रांडों के स्मार्टफोन्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी, होम व किचन, दैनिक जरूरतों और अन्य विस्तृत श्रेणियों में शानदार डील्स लेकर आ रहा है। ग्राहक देश भर में तेज़ और सुविधाजनक डिलीवरी के साथ-साथ साल की सबसे कम कीमतों और शानदार डील्स के साथ अपनी त्योहारी ज़रूरतों की खरीदारी कर सकते हैं। सौरभ श्रीवास्तव, वाइस प्रेसिडेंट, अमेज़न इंडिया ने कहा, इस अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में लाखों सेलर्स और सैमसंग, एप्पल, सोनी, एलजी, शाओमी, नाइकी और लोरियल पेरिस सहित प्रमुख ब्रांड्स लाखों प्रोडक्ट्स पर ग्राहकों के लिए साल की सबसे कम कीमतें ला रहे हैं। ग्राहक 10त्न इंस्टेंट एसबीआई बैंक डिस्काउंट, अमेज़न पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के साथ अनलिमिटेड 5 प्रतिशत कैशबैक, कूपन्स, नो-कॉस्ट ईएमआई, एक्सचेंज ऑफर्स और प्राइम मेंबर्स के लिए अतिरिक्त बचत के साथ और भी अधिक लाभ उठा सकते हैं। यह डिलीवरी के मामले में हमारा अब तक का सबसे तेज़ अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल होगा, खासकर प्राइम मेंबर्स के लिए। हमारे पास अमेज़न नाउ के ज़रिए कुछ ही मिनटों में डिलीवर होने वाले हज़ारों प्रोडक्ट्स हैं, सेम-डे डिलीवर होने वाले 10 लाख से अधिक प्रोडक्ट्स का बड़ा चयन है, नेक्स्ट-डे डिलीवर होने वाले 40 लाख से अधिक प्रोडक्ट्स हैं और अनलिमिटेड फ्री प्राइम डिलीवरी वाले लाखों अन्य प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं। हमने हाल ही में अपने ऑपरेशंस नेटवर्क के सबसे बड़े विस्तार की घोषणा की है, जिससे स्टोरेज क्षमता 50 प्रतिशत बढ़कर 64 मिलियन क्यूबिक फीट हो गई है, जिससे पूरे देश में तेज़ और अधिक भरोसेमंद डिलीवरी संभव हो सकेगी। 150 से अधिक नए डिलीवरी स्टेशनों के साथ नेटवर्क विस्तार में हमारे निवेश ने पिछले एक साल में 30 प्रतिशत अधिक शहरों तक सेम-डे डिलीवरी पहुंचाने में मदद की है, जिससे देश भर के ग्राहकों को तेज़ और अधिक विश्वसनीय डिलीवरी स्पीड मिल रही है।

### अडानी समूह महाराष्ट्र में 2.6 लाख करोड़ की परियोजनाओं पर कर रहा काम- प्रणव अडानी

मुंबई। अडानी एंटरप्राइजेज के निदेशक प्रणव अडानी ने कहा है कि अडानी समूह महाराष्ट्र में 2.6 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं को पूरा कर चुका है या उन पर काम जारी है। समूह ने राज्य में कुल मिलाकर ऊर्जा, विमानन, शहरी पुनर्विकास, डेटा सेंटर और कोयला गैसीकरण सहित विभिन्न क्षेत्रों में छह लाख करोड़ रुपए से अधिक की निवेश प्रतिबद्धता जताई है। राज्य की निवेश संवर्धन इकाई %इन्वेस्ट महाराष्ट्र% की शुरुआत के अवसर पर अडानी ने बृहस्पतिवार को कहा कि समूह का निवेश खाका दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यू.ई.एफ.) में की गई प्रतिबद्धताओं और महाराष्ट्र सरकार के साथ साझेदारी के जरिये तैयार किया गया था। उन्होंने कहा, दावोस में विश्व आर्थिक मंच और राज्य के साथ साझेदारी के माध्यम से अडानी समूह ने ऊर्जा, विमानन तथा एयरो-डिस्ट्रिक्ट्स, शहरी पुनर्विकास, डेटा सेंटर और कोयला गैसीकरण जैसे महत्वपूर्ण और उभरते क्षेत्रों में छह लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। इनमें से 2.6 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं या उन पर काम चल रहा है। अडानी ने कहा कि ये निवेश ऐसे समय में हो रहे हैं जब महाराष्ट्र 2030 तक 1,000 अरब (एक ट्रिलियन) डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है, जिसमें मुंबई महानगर क्षेत्र (एम.एम.आर.) के केंद्रीय भूमिका निभाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, %%महाराष्ट्र के साथ हमारी साझेदारी कई दशकों पुरानी है लेकिन हाल में की गई हमारी प्रतिबद्धताएं इसके स्वरूप, विस्तार और दृढ़ता के लिहाज से एक नई ऊंचाई को दर्शाती हैं। यह ऐसे समय में हुआ है जब राज्य का 2030 तक एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य है और इस लक्ष्य को हासिल करने में मुंबई महानगर क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। अडानी ने कहा कि समूह के नियोजित निवेश ऊर्जा, विमानन और एयरो-डिस्ट्रिक्ट्स, शहरी पुनर्विकास, डेटा सेंटर और कोयला गैसीकरण के दायरे में फैले हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में समूह के हवाईअड्डा और बिजली कारोबार का जिक्र भी किया, जिसमें छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का प्रबंधन और नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का विकास शामिल है। उन्होंने कहा कि नवी मुंबई हवाईअड्डे से आगे चलकर सालाना नौ करोड़ से अधिक यात्रियों के आवागमन संभालने की उम्मीद है। अडानी कहा कि अडानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड के माध्यम से समूह मुंबई में 30 लाख से अधिक घरों और प्रतिष्ठानों को बिजली की आपूर्ति करता है, जिसमें उसकी 60 प्रतिशत से अधिक बिजली आपूर्ति नवीकरणीय ऊर्जा से हासिल की जाती है।

### नाइकी को लगा बड़ा झटका, 13 साल के निचले स्तर पर पहुंचा शेयर

नयी दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े स्पोर्ट्सवियर ब्रांड में शामिल नाइकी (ह्वद्मद्ग) के लिए हाल का दौर चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। गुरुवार के कारोबार में कंपनी का शेयर 6 फीसदी तक टूट गया और 13 साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया। कंपनी के कमजोर कमाई आंकड़ों ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। नाइकी के शेयर अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से करीब 82त्न तक नीचे आ चुके हैं। इस गिरावट के साथ कंपनी के बाजार मूल्य में लगभग 230 अरब डॉलर की कमी आई है। माइकल जॉर्डन , टाइगर वुड्स, सेरेना विलियम्स और क्रिस्टियानो रोनाल्डो जैसे बड़े खिलाड़ियों से जुड़ा यह ब्रांड कभी स्पोर्ट्सवियर बाजार में अपनी मजबूत पकड़ के लिए जाना जाता था। अब कंपनी को बिक्री में कमजोरी और बदलती उपभोक्ता पसंद जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में नाइकी ने अपने कारोबार की रणनीति में बड़े बदलाव किए। कंपनी ने ऑनलाइन बिक्री और सीधे ग्राहकों तक पहुंचने पर ज्यादा जोर दिया और कई पारंपरिक रिटेल साझेदारों से दूरी बनाई। स्पोर्ट्स रिटेल इंडस्ट्री के एनालिस्ट और सलाहकार मेट पोवेल के मुताबिक, कंपनी के कुछ रणनीतिक फैसलों ने उसकी मौजूदा मुश्किलों को बढ़ाया। इनमें रिटेलर्स के साथ रिश्तों में कमी और सीमित संस्करण वाले उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाना शामिल है। कंपनी ने नए उत्पादों के विकास की बजाय अपने डिजिटल कारोबार को मजबूत करने पर भी काफी जोर दिया। इस बीच प्रतिस्पर्धी ब्रांड्स ने नए डिजाइन और तेजी से बदलते फैशन ट्रेंड्स के जरिए बाजार में अपनी जगह मजबूत कर ली। नाइकी के लिए चीन एक महत्वपूर्ण बाजार रहा है लेकिन वहां मांग में कमजोरी ने कंपनी की मुश्किलें बढ़ाई हैं। कमजोर बिक्री के बीच कंपनी ने लागत घटाने और कर्मचारियों की संख्या कम करने जैसे कदम उठाए हैं। उधर, आन और होका जैसे नए और तेजी से बढ़ते फुटवियर ब्रांड्स ने रनिंग और लाइफस्टाइल सेगमेंट में अपनी मौजूदगी बढ़ाई है। कई स्टोर्स में इन ब्रांड्स की बढ़ती हिस्सेदारी नाइकी के लिए बढ़ती प्रतिस्पर्धा को दर्शाती है।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर याद किये गये उनके आदर्श

**मुगलसराय।** मानस नगर स्थित समाजवादी पार्टी के कैंप कार्यालय पर शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस मौके पर सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रमुख बाबूलाल यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के लोगों को गांधी और शास्त्री जी के आदर्शों से सीख लेते हुए चोरी नहीं करने की शपथ लेनी चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के लोग यह संकल्प लें कि वे भविष्य में चंदा चोरी नहीं करेंगे, वोट चोरी नहीं करेंगे और आरक्षण चोरी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास सबसे महत्वपूर्ण है। इसकी रक्षा करना सभी राजनीतिक दलों और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। **इलिया प्रतिनिधि के अनुसार**-राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस शुक्रवार को हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। सामाजिक संस्थानों स्कूल-कालेजों पर राष्ट्र का प्रतीक तिरंगा ध्वज फहराया गया। एवं गांधी व शास्त्री के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। स्थानीय थाने पर थानाध्यक्ष हरिनारायण पटेल, सैदूपुर चौकी पर इंचार्ज अनिल कुमार पांडेय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटवा माफी पर डॉ चंद्रगुप्त,मृत्युंजय पांडेय महिला महाविद्यालय बरहुआ पर प्रबन्धक चन्द्रशेखर पाण्डेय, ने राष्ट्र का प्रतीक तिरंगा ध्वज फहराया। तथा गांधी जी की सिद्धांतों पर चलने का लोगों ने संकल्प दोहराया। इस दौरान बच्चों व शिक्षकों ने स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को अपने घरों एवं आसपास में साफ-सफाई रखने शौचालय का निर्माण कर शौचालय का इस्तेमाल करने के लिए प्रभातफेरियां निकालकर जागरुक किया। तथा वापस विद्यालय आकर बच्चों नेविभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। **चकिया प्रतिनिधि के अनुसार**-स्थानीय नगर स्थित गांधी प्रतिमा पर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर शुक्रवार को विभिन्न संगठनों व राजनीतिक दलों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमे माल्यार्पण व ध्वजारोहण उप जिलाधिकारी विकास मित्तल ने मां काली जी परिसर में भाजपा जिला अध्यक्ष काशीनाथ सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा जागेश्वर नाथ धाम और मुजफ्फरपुर हनुमान जी मंदिर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव ने स्वच्छता का दायित्व निभा रहे सफाई कर्मियों स्वच्छता ग्राहीयो को सम्मान देकर ही अभिनाय मजबूत भी किया जा सकता है इसीलिए गांधी जयंती पर सफाई कर्मियों का सम्मान पर भाजपा ने उनका सम्मान बढ़ाया है। **बबुरी प्रतिनिधि के अनुसार**- स्थानीय राइजिंग सन वर्ल्ड स्कूल में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती विभा सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन एम.डी. शाह आलम. डायरेक्टर श्रीमती परवीन रुस्तम-प्रधानाचार्या विभा सिंह एवं वाइस प्रिंसिपल मुकेश कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके पश्चात महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में शिक्षकों ने दोनों महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गांधी जी ने सत्य-अहिंसा का संदेश दिया तो शास्त्री जी ने सादगी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश की। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। **कमालपुर प्रतिनिधि के अनुसार**-स्थानीय कस्बा में शुक्रवार 02 अक्टूबर महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री जयंती पर शाहू समाज के लोगों ने नगर अध्यक्ष श्रीकांत साहू उर्फ गोपाल के नेतृत्व में प्रात:काल कस्बा में प्रभात फेरी निकाल कर बापू और शास्त्री के प्रति लोगों को जागरूक किए। पूर्व निर्धारित समय से कस्बा के नंदलाल साहू के मकान साहू समाज के लोग काफी संख्या में इकट्ठा हुए। शिवदयाल साहू हाथ में राष्ट्रीय ध्वज लिए हुए आगें चल रहे थे और उनके पीछे साहू समाज के लोग महात्मा गांधी अमर रहे अमर रहेएलाल बहादुर शास्त्री अमर रहे अमर रहे, 02अक्टूबर जिंदा बाद जिंदा बाद,भारत माता की जय के गगन भेदी नारे से पूरा कस्बा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री मय हो गया। गगन भेदी नारे के साथ बापू की भजन रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम। गाते हुए चल रहे थे। प्रभातफेरी की आवाज सुनकर कस्बा के लोग बालकनी से देखने लगे और जिंदा बाद, जिंदा बाद बोलने को आतुर हो गए। प्रभात फेरी अंदर बाजार से होते हुए राष्ट्रीय इंटर कालेज तक पहुंच कर मुख्य सड़क मार्ग से चलकर नंदलाल साहू के





## गांधी जयंती पर कलेक्ट्रेट परिसर में गूंजे बापू के विचार

**चंदौली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और 'जय जवान, जय किसान' के प्रणेता लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित संगोष्ठी में जिलाधिकारी ने बापू की विचारधाराओं और जीवन-दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों व नागरिकों को संबोधित किया। संबोधन के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी जी का जीवन केवल इतिहास का पन्ना नहीं, बल्कि हम सभी के लिए एक जीवंत मार्गदर्शिका है। सत्य, अहिंसा और सादगी के जिन सिद्धांतों के बल पर बापू ने देश को आजादी दिलाई, वे आज के युग में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। जिलाधिकारी ने बापू के पदचिन्हों और विचारों पर चलने का आह्वान करते हुए कहा सत्य और अहिंसा को आचरण में उतारें केवल बोलने में ही नहीं, बल्कि अपने दैनिक कार्यव्यवहार और प्रशासनिक सेवाओं में ईमानदारी और पारदर्शिता बनाए रखना ही बापू को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने गांधी जी के स्वच्छता संबंधी विचारों को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखना हर नागरिक का दायित्व है। उन्होंने जनपदवासियों से स्वच्छता अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।



## सांप काटने से शिक्षक की मौत

**धानापुर।** थाना क्षेत्र के सोनहुली गांव में एक जहरीले सांप के काटने से शिक्षक मनई राम (55) की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार सोनहुली गांव निवासी मनई राम पेशे से प्राइवेट शिक्षक गुरुवार रात करीब 10 बजे अपने घर के समीप स्थित मड़ई में सो रहे थे, तभी एक जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। उसके बाद तत्काल परिजन उन्हें डेढावल चौकी के एक निजी होम्योपैथी डॉक्टर के पास ले गए। मगर इलाज के दौरान उनकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उन्हें सकलडीहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे,लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि मनई राम अमादपुर के हरदेव इंटर कॉलेज में प्राइवेट शिक्षक थे। वह परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में एक बेटा और पांच बेटियां हैं, जिनमें से दो की शादी हो चुकी है। उनकी मौत से परिजनों में गहरा सदमा है।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर मंडल रेल प्रबंधक ने किया नमन

**मुगलसराय।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल मुख्यालय स्थित पूर्व मध्य रेल इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने महात्मा गांधी जी के चित्र एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मंडल रेल प्रबंधक के साथ शाखा अधिकारियों एवं रेलकर्मियों ने भी दोनों महान विभूतियों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। विदित हो कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी इस रेलवे इंटर कॉलेज के छात्र रहे हैं। 02 अक्टूबर 1904 को मुगलसराय (अब पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर) में जन्मे शास्त्री जी ने 1917 तक कक्षा 6 तक की अपनी प्रारंभिक शिक्षा तत्कालीन रेलवे बेसिक स्कूल से प्राप्त की थी। यही विद्यालय आगे चलकर रेलवे इंटर कॉलेज के रूप में जाना गया। विद्यालय के पुराने छात्र रजिस्टर में उनके प्रवेश से संबंधित विवरण आज भी दर्ज होने की जानकारी उपलब्ध है। शास्त्री जी के नाना मुंशी हजारी लाल भी इसी विद्यालय से जुड़े थे और प्रधानाध्यापक एवं अंग्रेजी शिक्षक के रूप में कार्यरत रहे थे। प्रारंभिक शिक्षा के बाद शास्त्री जी आगे की पढ़ाई के लिए वाराणसी चले गए। इस प्रकार पूर्व मध्य रेल इंटर कॉलेज शास्त्री जी के प्रारंभिक जीवन और शिक्षा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण स्थान है।

## संक्षिप्त

### रामनाथ खरवार बने अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष

**चकिया।** भारतीय जनता पार्टी ने सोनहुल गांव निवासी समाजसेवी रामनाथ खरवार को उत्तर प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की अनुमति से मिली इस जिम्मेदारी की जानकारी के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। गुरुवार को विधायक कैलाश आचार्य और भाजपा जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह रामनाथ खरवार के पैतृक आवास पहुंचे। नेताओं ने उन्हें माला पहनाकर अभिनंदन किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

### चोरों ने काली माता मंदिर को बनाया निशाना

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के खंडवारी गांव सभा और हिनौता में बीती रात चोरों ने काली माता के सोने की नथिया सहित कई आभूषण, चांदी के सामान आदि चुरा ले गए । दोनों जगहों पर लोग पूजा करने पहुंचे तो सब सामान गायब देख सन्न रह गये। ग्रामीणों ने चोरी की सूचना बलुआ पुलिस को दिया । पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। खंडवारी गांव सभा में टीले पर काली माता का मंदिर है । चोरों ने चैनल और दरवाजे का ताला तोड़कर मां का चांदी का चरण पादुका, सोने का नथ, सोने का आँख, सोने का बाली, चांदी का गिलास, चांदी का कटोरी, डब्बा में कुछ नकद था । चोर चुरा ले गए। ग्रामीणों के सूचना पर पहुंची बलुआ पुलिस ने जांच पड़ताल किया ।

### धान की खड़ी फसल के बीच नाली, बाहा खुदाई शुरू

**सकलडीहा।** विकास खंड के 104 गांव के 33 गांवों में जी राम जी विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन के तहत चल रहे कार्यों को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। भोजापुर, धनउर, डेढ़गांवा, उकनीवीरम सराय, टिमिलपुर, नईकोट और मनिहरा समेत 33 गांवों में करीब 1,914 श्रमिक कार्य कर रहे है। जिसमें वृक्षारोपण, पटरी मरम्मत कार्य चल रहे है। वही करीब एक सप्ताह पहले हुई बारिश के बाद कई इलाकों में पानी जमा हो गया था। दूसरी ओर खेतों में धान की फसल भी खड़ी है। इसके बावजूद कई स्थानों पर नाली व बाहा खुदाई का कार्य चालू है। ग्रामीणों का आरोप है कि जलभराव और खड़ी धान की फसल की स्थिति को देखते हुए कार्यस्थल का उचित निरीक्षण नहीं किया गया। उनका कहना है कि यदि मौके की स्थिति का पहले आकलन किया जाता तब कार्य की सही जानकारी मिलती। सरकारी योजना के तहत कराए जा रहे कार्य निर्धारित मानकों और ग्रामीण जरूरतों के अनुरूप हैं या नहीं।

### कांग्रेस ने सादगी,सत्य के महानायकों को किया नमन

**चंदौली।** 2 अक्टूबर को जिला कांग्रेस कमेटी चंदौली द्वारा काँग्रेस कार्यालय चंद्रा त्रिपाठी कांग्रेस भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती। व मासिक बैठक जिला कांग्रेस कमेटी चंदौली के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव देवेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बापू और शास्त्री जी की जयंती पर देश भर में 'जय जगत' और 'जय जवान जय किसान' के नारे गूंज रहे हैं। आज पूरा देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी (बापू) की 157वीं जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती को अगाध श्रद्धा, उत्साह और नई ऊर्जा के साथ मना रहा है। सत्य, अहिंसा और सादगी के इन दो महान प्रतीकों के जयंती पर आज पूरा देश उनको नमन कर रहा है।

### पूर्व विधायक राजेश बहेलिया के घर पहुंचे हंसराज विश्वकर्मा

**चकिया।** प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं कुटीर उद्योग राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने गुरुवार को चकिया क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मगरौर गांव पहुंचकर चकिया के पूर्व विधायक स्वर्गीय राजेश बहेलिया को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने उनकी पत्नी पूर्व ब्लाक प्रमुख आभा बहेलिया सहित परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और उनका हालचाल जाना। राज्यमंत्री के चकिया पहुंचने पर सहदुल्लापुर तिराहे पर विधायक कैलाश आचार्य और भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व विधायक शिव तपस्या पासवान,शहाबगंज मंडल अध्यक्ष रिंकू विश्वकर्मा, राघवेंद्र प्रताप सिंह, सुभाष सोनकर, उमेश चौहान, रवि गुप्ता, निखिल सिंह और बादल सोनकर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके पश्चात राज्यमंत्री विभूति नगर में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अनीता शर्मा के आवास पहुंचे। उन्होंने परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछा और केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं तथा उपलब्धियों पर चर्चा की। इसके बाद राज्यमंत्री वार्ड नंबर छह सिविल लाइन पूर्वी की सभासद मीना विश्वकर्मा के आवास पहुंचे, जहां स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों के लोगों ने उनका स्वागत किया।

### गांधी, शास्त्री जयंती पर कवि सम्मेलन

**सैयदराजा ।** नगर पंचायत स्थित शहीद स्मारक के प्रांगण में शुक्रवार की अपराह्न राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध कवि.कवित्रियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से देशभक्त गांधी जी के सत्य-अहिंसा के विचारों तथा शास्त्री जी के सादगीपूर्ण जीवन को प्रस्तुत किया। रांची से चंदन प्रजापति, जमशेदपुर से अंकिता सिन्हा, अन्नू मिश्रा, मनोज द्विवेदी,कृष्णा मिश्रा सहित अन्य कवियों की प्रस्तुति पर श्रोताओं ने तालियों से उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि विधायक सैयदराजा ने कहा कि गांधी और शास्त्री जी का जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

## जल निगम की टूटी पाइप की नहीं हुई मरम्मत

**सकलडीहा ।** हाइवे निर्माण कराने वाली कार्यदायी संस्था की लापरवाही के कारण जल निगम की पाइप बीते पांच दिनों से टूटी पड़ी है। जिससे पेयजल समस्या से सकलडीहा तेन्दुईपुर नागेपुर सहित आधा दर्जन गांव के लोग पेयजल समस्या से जूझ रहे है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी कोरमपूर्ति कर रहे है। समस्या का समाधान नही होने पर व्यापारियों ने आन्दोलन की चेतावनी दिया है। वही जाम की समस्या से सुबह से शाम लोग परेशान है। जल जीवन मिशन के तहत सकलडीहा, नागेपुर, ईटवा, तेन्दुई, ताजपुर, बलारपुर सहित आधा दर्जन से अधिक गांव के लोग नियमित पेयजल की समस्या से जूझ रहे है। बीते पांच दिनों पूर्व सकलडीहा सघन तिराहा पर हाइवे निर्माण कराने वाली कार्यदायी संस्था की लापरवाही के कारण जल निगम की पाइप क्षतिग्रस्त होगई है। जिसकी शिकायत जल निगम और पीडबल्यूडी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से करने के बावजूद भी विभागीय अधिकारी एक दूसरे पर टाल मटोल कर रहे है।

## किसान सभा का बेमियादी धरना

चकिया। किसानों और वनवासियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में शुक्रवार को गांधी पार्क में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया। गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण के बाद धरने की शुरुआत हुई। आंदोलनकारियों ने सात सूत्रीय मांगों को पूरा किए जाने की मांग उठाई। सभा में वन अधिकार कानून को पूरी तरह लागू करने और वन अधिकार के दावों के निस्तारण में 75 वर्ष पुराने भूमि अभिलेखों की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि कानून में निर्धारित तीन पीढ़ी यानी 75 वर्ष के आधार पर वनवासियों के दावों का निस्तारण किया जाना चाहिए। इसके अलावा तेंदूपत्ता, महुआ, सूखी लकड़ी, लघु वन उपज और मछली पकड़ने समेत वनवासियों के सामुदायिक अधिकारों के लिए सामुदायिक दावों की प्रक्रिया शुरू करने पर जोर दिया गया। धरने में वन अधिकार कानून के गलत तरीके से किए जा रहे क्रियान्वयन पर रोक लगाने,बिजली के निजीकरण पर अंकुश लगाने तथा स्मार्ट और प्रीपेड मीटर लगाने की प्रक्रिया बंद करने की मांग भी उठी। जलभराव से प्रभावित किसानों को फसल क्षति के एवज में 30 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने तथा नहरों और माइनरों की सफाई कराने की मांग की गई। आंदोलनकारियों ने वृक्षविहीन पहाड़ियों पर पत्थर खनन की अनुमति देने और सीलिंग की जमीन गरीब भूमिहीनों को आवंटित करने की मांग भी रखी।

## एसजी पब्लिक स्कूल में मनी गांधी-शास्त्री जयंती

**मुगलसराय।** रविनगर स्थित एसजी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी जी एवं शास्त्री जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने महात्मा गांधी के विचारों एवं आदर्शों को याद किया। विद्यालय की संगीत शिक्षिका हरप्रीत कौर ने गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए की प्रस्तुति दी। इसके बाद रघुपति राघव राजा राम भजन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक देवाशीष गोस्वामी, राजेंद्र प्रसाद सहित अन्य शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रशांत कुमार तिवारी ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार सत्य और अहिंसा पर आधारित थे। गांधी जी अहिंसा को जीवन का विशेष गुण मानते थे। उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में सकारात्मक सोच,नैतिक मूल्यों और आपसी सद्भाव को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अहिंसा का उद्देश्य किसी को दबाना या शर्मिंदा करना नहीं, बल्कि प्रेम और सहनशीलता के माध्यम से हृदय परिवर्तन करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। साथ ही समाज को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए खादी और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहित करने पर भी बल दिया। इस मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।




## भक्ति से ही भगवान की होगी प्राप्ति-वैष्णनवाचार्य

**चहनियां।** लक्ष्मनगढ़ में आयोजित सप्त दिवसीय संगीत मय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन की कथा सुनाते हुए वृदावन से पधारे कथा वाचक श्री वैष्णनवाचार्य जी महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म लीला की कथा का श्रवण कराया। कथा की शुरुआत कथा के आयोजक प्रकाश पाण्डेय ने कथा वाचक को माल्यार्पण करके और भागवत पुराण की आरती उतार करके किया। कथा वाचक ने कहा कि जब घमंड में मदमस्त गजराज ने ईश्वर को भाव से याद किया तो भगवान ने उसकी रक्षा किया। दैत्य गुरु शुक्राचार्य जी द्वारा सचेत करने के बावजूद राजा बली ने अपने संकल्प के अनुसार विष्णु के वामन अवतार की मांग को पूर्ण किया। जो राजा बली के भक्ति रूपी संकल्प को दर्शाता है। समुद्र मंथन की कथा का विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि जब देवता बिपत्ति में थे तो उस समय उन्होंने असुरों के साथ विवाद को संवाद से समाप्त करते हुए अमृत को भी निकाल लिया। इस प्रकार कंस के आतंक से जब पूरी सृष्टि कराहने लगी तब भगवान को धर्म और भक्ति की स्थापना के लिए कृष्ण रूप में माँ देवकी की गोंद में अवतार लेना पड़ा। इस दौरान मुख्य रूप से अवधेश उपाध्याय, सुनील तिवारी, आलोक पाण्डेय,गोल्डीस पाण्डेय, दुर्गेश पाण्डेय, राहुल मिश्रा,अभिषेक पाण्डेय सोनू, ओमप्रकाश यादव,रमेश मिश्रा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## सत्य, अहिंसा के मार्ग से देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प

**सकलडीहा।** तहसील मुख्यालय सहित विभिन्न संस्थान और विद्यालयों में शुक्रवार को गांधी जंयती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादूर शास्त्री की जंयती मनायी गई। इस दौरान अधिकारियों और समाजसेवियों की ओर से महात्मा गांधी और लाल बहादूर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। एसडीएम आकांक्षा सिंह ने कहा कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को विकसीत भारत बनाया जा सकता है। इस दिन को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अर्न्तराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मान्यता दी गई है। वही प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादूर शास्त्री देश के दूसरे प्रधानमंत्री रहे। जिनकी सादगी और ईमानदारी को लोग आज भी याद करते है। उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा देकर किसानों का सम्मान बढ़ाया था। इसके पूर्व सकलडीहा कोतवाली, डायट, सीओ कार्यालय सहित परिषदीय विद्यालय में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादूर शास्त्री की जंयती पर बच्चों को मिठाई वितरण किया गया। सभी ने उनके मार्ग दर्शन में चलने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर सीओ कृष्ण मुरारी शर्मा, तहसीलदार अभिजीत प्रतप सिंह, नायब तहसीलदार दिनेश चन्द्र शुक्ल प्रोफेसर दया शंकर सिंह यादव, प्रोफेसर दया निधि सिंह यादव,डायट प्राचार्य विश्व दीपक त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक अरूण रत्नाकर, हिमांशु पांडेय, चन्द्रधर दीक्षित सहित अन्य रहे।




## ताबड़तोड़ कारवाई से शराब तस्करों में खलबली

**सकलडीहा।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को पकड़ा है। इनमें एक बालिग आरोपी के साथ दो नाबालिग भी शामिल हैं। पुलिस ने सकलडीहा रेलवे स्टेशन के पास से आरोपी रोशन कुमार श्रीवास्तव 21 को 48 कैन बीयर के साथ गिरफ्तार किया। बरामद शराब की कुल मात्रा 24 लीटर बताई गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी भोजपुर, बिहार का रहने वाला है। पूछताछ में उसने बताया कि वह यूपी की लाइसेंसी दुकानों से बीयर खरीदकर ट्रेन के माध्यम से बिहार ले जाता था और वहां महंगे दामों पर बेचकर मुनाफा कमाता था। मामले में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है, जबकि दोनों नाबालिगों को संरक्षण में लिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भूपेंद्र कुमार निषाद के नेतृत्व में पुलिस टीम शामिल रही। टीम में गोपाल तिवारी, राकेश यादव और हृदेश चक्रवर्ती समेत पुलिसकर्मी शामिल थे।

## जीवित्पुत्रिका व्रत पर व्रती महिलाओं को ग्राम प्रधान ने बांटे फल

**इलिया।** क्षेत्र के बसाढ़ी गांव में शुक्रवार को जीवित्पुत्रिका व्रत के अवसर पर ग्राम प्रधान मनोहर केसरी ने व्रती महिलाओं के बीच फल का वितरण किया। संतान की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर माताओं द्वारा रखे जाने वाले इस कठिन व्रत के बीच ग्राम प्रधान की पहल से महिलाओं के चेहरों पर प्रसन्नता की झलक दिखाई दी। ग्राम प्रधान मनोहर केसरी ने कहा कि जीवित्पुत्रिका व्रत माताओं की अटूट ममता, त्याग और संकल्प का प्रतीक है। संतान की लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन की कामना के लिए माताएं कठिन निर्जला व्रत रखती हैं। ऐसे में व्रती महिलाओं की सेवा और सहयोग करना सामाजिक जिम्मेदारी के साथ-साथ मानवीय संवेदना भी है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए उन्होंने पूजा-अर्चना एवं व्रत के लिए केला सहित विभिन्न फल व्रती महिलाओं को वितरित किए। फल पाकर महिलाओं ने ग्राम प्रधान के प्रति आभार जताया। गांव में इस दौरान आपसी सौहार्द और सेवा भाव का वातावरण देखने को मिला। जीवित्पुत्रिका व्रत भारतीय लोक परंपरा में मातृत्व की गहरी संवेदना से जुड़ा पर्व है। मां की ममता जब तपस्या का रूप लेती है तो व्रत केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं रह जाता,बल्कि संतान के प्रति उसके निश्छल प्रेम और त्याग की अभिव्यक्ति बन जाता है। बसाढ़ी गांव में फल वितरण की पहल ने इसी मानवीय भावना को और मजबूती दी। इस अवसर पर नंदू पासवान,मनीष केसरी, बनारसी पासवान, इकरामुल अंसारी, रमेश केशरी, राजबंश राम, इंदू देवी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### धूमधाम से मना जन्मदिवस

**सैयदराजा ।** नगर पंचायत जीटी रोड स्थित सैयदराजा किड्स पब्लिक स्कूल में शुक्रवार 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम सैयदराजा किड्स पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सुशील शर्मा गांधी जी एवं शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किए। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने इस अवसर पर स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई मे अहम योगदान देते हुए संदेश दिया की स्वच्छ रहेगे तो स्वस्थ रहेंगे । सैयदराजा किड्स पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सुशील शर्मा ने यह बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी बहुत ही स्वच्छता प्रिय व्यक्ति थे। वह स्वच्छता के प्रतीक माने जाते हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने महात्मा गांधी जी एवं शास्त्री जी के बारे में अपने विचार व्यक्त किये तथा उनसे संबंधित कई जानकारियां उपस्थित छात्र-छात्राओं को दी।

## धानापुर क्षेत्र में हो रही चोरियों से दहशत

**धानापुर।** थाना क्षेत्र मे चोरो के हौसला बुलंद है कई दिनों से चोरी कि घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है शुक्रवार कि बीती रात्रि चोरो ने धानापुर थाना क्षेत्र के आवाजापुर गाँव के सिवान मे नवनिर्मित मकान मे चोरो ने चोरी कि घटना को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम सभा आवाजापुर निवासी धर्मेंद्र सिंह उर्फ़ मलिंगा के घर मे छत के रास्ते घुसे चोरो ने आलमारी और बक्सा तोड़कर नकदी और गहने पर हाथ साफ कर दिया है। चोरी हुए गहना मे सोने कि चेन, दो जोड़ी सोना का झूमका, सोने कि बाली, चांदी का सिक्का, चादी का गिलास,चम्मच, कटोरी,चांदी कि थाली, पान सोपाड़ी,तीन सोने कि अंगूठी,नकदी दस हजार रूपये आभूषण कि कीमत दस लाख रूपये से ज्यादा बतायी जा रही है रात्रि मे ही 2:30 बजे जब धर्मेंद्र पेशाब करने के लिए जगे तो घर मे सामान बिखरा देख अवाक रह गए स्थानीय लोगों ने बताया कि धर्मेंद्र कि माता किरन सिंह के ऊपर नींद का स्प्रे भी मारा गया जिससे गहरी नींद मे सोने के बाद चोरी कि घटना हुई एक महीना पहले देवी माँ के मंदिर से चोरी हुई थी इसके दो दिन पूर्व ही पूर्व धानापुर थाना क्षेत्र के बिरना गांव में चोरों ने भानु मौर्य के घर को भी निशाना बनाया था। ग्रामीणों का कहना है कि धानापुर थाना क्षेत्र में चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही है। कुछ दिन पूर्व ही ब्लॉक मुख्यालय के पास हनुमान मंदिर में चांदी का मुकुट और नरौली काली मंदिर में 20 किलो का घंटा और चांदी की आंखें चोरों ने गायब कर दिया कई दिन से चोरी की घटनाएं धानापुर थाना क्षेत्र में बढ़ रही है और कोई चोर अभी तक पुलिस के हाथ नहीं लगा है। जिससे क्षेत्रीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है थाना प्रभारी के आने के बाद धानापुर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का काफी इजाफा हो चुका है।

## हैंडबाल टूर्नामेंट खिलाड़ियों का दूसरे दिन भी जलवा

**चंदौली।** सीबीएसई द्वारा संचालित विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के सारीरिक संवर्धन हेतु आयोजित पांच दिवसीय सीबीएसई नेशनल गर्ल्स हैंडबॉल टूर्नामेंट 2026 अंडर 14 अंडर 17 अंडर 19 का आयोजन जनपद चंदौली के जे एस पब्लिक स्कूल कासिमपुर में 1 अक्टूबर से शानदार प्रारंभ उद्घाटन के साथ प्रारंभ हुआ। जिसके मुख्य अतिथि राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार हंसराज विश्वकर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में आए देश विदेश की कुल 26 टीमों ने भाग किया है। जिन्हें दो पोलों में बांटकर। खेल को खेलाया जा रहा है। प्रत्येक टीम एक दूसरे से लीग मैच के लिए खेल रही है। इसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल का मैच खेला जायगा। सबकी सुविधा विद्यालय प्रांगण मे हो रहे इस नेशनल गर्ल्स हैंडबॉल टूर्नामेंट 2026 का सीधा प्रसारण यू ट्यूब चैनल पर लाइव भी चलाया जा रहा है। प्रात:काल स्वच्छ आसमान तले भगवान भास्कर की उपस्थिति में खेल का प्रारंभ हुआ। सभी खिलाड़ी अपनी पूरी ऊर्जा उत्साह और जोश के साथ एक दूसरे से भिड़ने को तैयार दिखे। अंडर-14 में पहला मैच जीआईएस पीएस रायपुर और नोजगे पब्लिक स्कूल राजस्थान के बीच जिसमें नोजगे ने मैच को एकतरफा मोड़ देकर 16-2 से अपने नाम कर लिया। हजारीलाल स्कूल दिल्ली और इन्डियन स्कूल ओमान में दिल्ली ने एकतरफा 18-1 से अपने नाम किया। खिलाडियों ने इस विद्यालय की सुन्दरता व समुचित उत्तम व्यवस्था की भूरिभूरि प्रशंसा की उत्तम खान पान व खेल के निर्णायक मंडल द्वारा उचित निर्णय के साथ खेल को खेलाना उन्हे प्रभावित कर रहा था।



# हर्षोल्लास मनी महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री जयंती



जौनपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर जनपद में पूर्ण गरिमा, धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जनपद भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विभिन्न विभागों, शिक्षण संस्थानों, नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों द्वारा जयंती समारोह में सहभागिता की गई।

कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान राम-धुन एवं विचार गोष्ठियों के माध्यम से दोनों महापुरुषों के जीवन, आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया। जिलाधिकारी ने दोनों महापुरुषों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके आदर्शों एवं विचारों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी निर्णय अथवा कार्य को करते समय यह विचार अवश्य किया जाना चाहिए कि उसका सामान्य व्यक्ति के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ेगा। प्रशासनिक कार्यों का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ पहुंचाना होना चाहिए। यही स्वतंत्रता के वास्तविक मूल्यों में से एक है। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों और विविधताओं वाला देश है। महापुरुषों के विचार हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। लाल बहादुर शास्त्री सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत किया तथा कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के महत्व को देश के सामने रखा। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ट, नगर मजिस्ट्रेट महिपाल सिंह, पूर्व कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शिवमोहन श्रीवास्तव तथा वर्तमान अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन, आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपड़ किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशीष त्रिपाठी द्वारा किया गया। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम के उपरांत खरका तिराहा स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया द्वारा सैयद अलीपुर स्थित वृद्धाश्रम में विद्यालय के बच्चों के साथ बुजुर्गों को फल वितरित किए गए तथा उनके स्वास्थ्य एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई। कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गई। इसी क्रम में प्रातः 09:00 बजे जनपद के सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। जिले की मलिन बस्तियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। साफ-सफाई के साथ चूने का छिड़काव कराया गया। विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया गया साथ ही गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपजिलाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अनीता सहित अन्य अधिकारीगण और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**पवांरा संवाददाता के अनुसार :** थाना परिसर में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार व थाने के समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं। उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धान्तों को अपनाकर समाज में शान्ति व भाईचारा मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को गांधी जी के आदर्शों को अपनाने को कहा और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा। **तेजीबाज़ार संवाददाता के अनुसार :** शुक्रवार को क्षेत्र के बिभिन्न परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में गांधी जी और शास्त्री जी का जन्मदिन बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। प्राथमिक विद्यालय तेजीबाजार की प्रधानाध्यापिका संध्या सिंह ने विद्यालय प्रांगण में बुधवार के दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। **बरसठी संवाददाता के अनुसार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर को बरसठी थाना परिसर सहित क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई। **नौपेड़वा संवाददाता के अनुसार :** विकासखंड बक्सा क्षेत्र के अंतर्गत नौपेड़वा बाजार की लकड़ मंडी में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के पावन अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकास सेवा समिति, नौपेड़वा बाजार जौनपुर के बैनर तले तमाम गणमान्य लोग एकत्रित हुए। **जफराबाद संवाददाता के अनुसार :** क्षेत्र के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं में शुक्रवार को गांधी जी और शास्त्री जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी गई। सिरकोनी ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लॉक प्रमुख बंसराज सिंह, खण्ड विकास अधिकारी विकास कुमार सिंह, अनिल सिंह, मुन्ना सिंह, प्रभाकर कुमार आदि ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके अलावा रघुपति राघव कीर्तन का पाठ भी किया गया। इसके अलावा जफराबाद थाने में थानाध्यक्ष कमलनयन दूबे, एसआई प्रभाकर सिंह, मिथिलेश कुमारी, अरविंद यादव, अमित यादव, शैलेन्द्र कुमार यादव सहित अन्य लोगो ने गांधी जी व शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। उसके बाद थानाध्यक्ष कमलनयन दूबे ने सभी को कर्तव्य व जिम्मेदारी का शपथ दिलाया। **पराऊगंज संवाददाता के अनुसार :** कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. रविशंकर ने कहा कि गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आजादी दिलाई, वहीं शास्त्री जी ने जय जवान-जय किसान का नारा देकर देश को नई दिशा दी। वाचस्पति त्रिपाठी ने दोनों युगद्रष्टा के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इन महापुरुषों के जीवन के बारे में जितना जानेंगे उतना विशाल होता चला जाता है। ये महापुरुष आज के युवाओं के लिए प्रेरणा है। प्राचार्य प्रो. राघवेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुज कुमार शुक्ला ने किया। इस मौके पर डॉ पूनम सिंह, डॉ. विनय कुमार पाठक, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रीनिवास तिवारी डॉ. विद्यानिवास मिश्र, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. देवेश सिंह सहित समस्त कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। **शाहगंज संवाददाता के अनुसार :** गांधी जयंती के अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी वेद प्रकाश जायसवाल रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि वेद प्रकाश जायसवाल ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात छात्राओं एवं उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान किया। छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताएं प्रस्तुत करने के साथ ही महात्मा गांधी की प्रिय प्रार्थना 'रघुपति राघव राजा राम' का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम के दौरान वेद प्रकाश जायसवाल ने छात्राओं को कहानी सुनाकर गांधी जी के जीवन एवं उनके विचारों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यालय की साफ-सफाई, सजावट एवं 2 अक्टूबर के कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विद्यालय की बेहतर व्यवस्था और छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्होंने प्रधानाचार्य, वार्डन एवं शिक्षकों को बधाई दी तथा सभी को गांधी जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आदित्य सिंह खुदौली (प्रधानाचार्य), वार्डन एकता, नीलम, शिक्षिका किरण मौर्य, प्रियंका सिंह, अंकित शुक्ला, हर्षित यादव, रूमा मौर्य, कल्पना सिंह, प्रियंका वर्मा सहित विद्यालय की छात्राएं एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर

**गड्ढे में कूदकर बचाई जान, गो वंश तस्करी का मामला, मुकदमा दर्ज**

डोभी। चंदवक थाना क्षेत्र के वाराणसी आजमगढ़ राजमार्ग पर पड़ने वाले कनौरा गांव से गाय लादकर जा रही पिकअप को रोकने के दौरान चालक पर युवक को कुचलने के प्रयास का आरोप लगा है। युवक ने सड़क किनारे गड्ढे में कूदकर जान बचाई। टक्कर से उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने पिकअप को घेरकर एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि दो आरोपियों को छुड़ाकर ले जाने का आरोप है। कनौरा निवासी रोनित सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे सूचना मिली कि पिकअप से गाय को देवगांव की ओर ले जाया जा रहा है। पुलिस को सूचना देने के बाद वह गिरिराज कुमार, साहिल और चंद्रशेखर गौड़ के साथ बाइकों से पिकअप का पीछा करने लगे। आजमगढ़-वाराणसी मार्ग पर पीएसीएफ गोदाम के पास उन्होंने वाहन रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि पिकअप में बैठे व्यक्ति ने चालक से वाहन चढ़ाकर मारने को कहा। चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। इसके बाद दोबारा कुचलने का प्रयास किया, जिससे बचने के लिए रोनित गड्ढे में कूद गए। शोर सुनकर ग्रामीणों ने पिकअप को घेर लिया। तहरीर के अनुसार, वाहन में चालक ताहिर पुत्र नूर मोहम्मद, बंधु पुत्र बद्दू निवासी रामपुर कंजहित, थाना देवगांव आजमगढ़ एक अज्ञात व्यक्ति सवार था। इसी दौरान संतोष सिंह उर्फ पुल्लू निवासी चेवार देवगांव आजमगढ़ ने बंधु और अज्ञात युवक को छुड़ाकर ले जाने का आरोप है। बजरंगनगर पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप व पकड़े गए ताहिर को थाने ले गई। रोनित ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। चन्दवक पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# गांधी व शास्त्री जयंती पर नगर पालिका ने लिया स्वच्छता का संकल्प

**नगर पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने सफाई कर्मियों को किया सम्मानित**

**दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर व सरोज बस्ती में चला वृहद स्वच्छता अभियान**

मुंगराबादशाहपुर। महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शुक्रवार, 2 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा जनभागीदारी कार्यक्रम के तहत नगर में स्वच्छता और श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि उमर वैश्य की अध्यक्षता में आयोजित इस बहुआयामी कार्यक्रम में लोगों को स्वच्छता का संदेश देते हुए नगर को सुंदर और स्वच्छ बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बहोरिकपुर मोहल्ला स्थित ऐतिहासिक दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर एवं वार्ड गुड़हाई की सरोज बस्ती में वृहद स्वच्छता अभियान चलाकर किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य के नेतृत्व में सभासदों एवं नगर पालिका अधिकारियों द्वारा स्वयं हाथों में झाड़ू थामकर सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर



चेयरमैन कपिल मुनि ने लोगों को अपने घरों तथा आस पास स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करते हुए इसे राष्ट्र निर्माण में योगदान बताया। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। सफाई अभियान के उपरांत नगर पालिका के स्वामी विवेकानंद सभागार में एक भव्य गोष्ठी सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि उमर वैश्य, अधिशासी अधिकारी अखिलेश तिवारी तथा उपस्थित अधिकारियों एवं सभासदों द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए चेयरमैन कपिल मुनि ने आधुनिक भारत के निर्माण में दोनों महान विभूतियों के अतुलनीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के अहिंसा और सत्य के मार्ग तथा शास्त्री जी के जय जवान, जय किसान के उद्घोष एवं दृढ़ संकल्प से दुनिया का सबसे बड़ा परिवर्तन भी संभव है। उनके जीवन और आदर्शों से सीख लेकर ही हम एक सशक्त और स्वच्छ समाज की स्थापना कर सकते हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि उमर वैश्य एवं अधिशासी अधिकारी अखिलेश तिवारी द्वारा नगर को चमकाने वाले सफाई कर्मियों का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अधिशासी अधिकारी अखिलेश तिवारी, राजस्व निरीक्षक रामानुज शुक्ला, सभासद गण, कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मवेशियों से लदी ट्रॉली का टायर फटा, चार की मौत

**हिंदू संगठनों ने किया चक्का जाम**

मुंगराबादशाहपुर। मुंगराबादशाहपुर-सुजानगंज रोड बाईपास के समीप शुक्रवार को मवेशियों से लदे एक वाहन का टायर फटने से हड़कंप मच गया। क्षमता से अधिक मवेशियों को ठूंस-ठूंसकर ले जाया जा रहा था, जिससे दम घुटने के कारण चार मवेशियों की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। घटना से आक्रोशित बजरंग दल व विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर सड़क जाम कर दिया। जिसे लेकर पुलिस से तीखी नोंक-झोंक हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मुंगराबादशाहपुर विकास खण्ड की ट्राली में 14 मवेशियों को भरकर बड़ागांव से उकनी गौशाला ले जाया जा रहा था। बाईपास के पास ट्राली का टायर फट गया जिससे ट्राली असंतुलित हो गई। स्थानीय लोगों ने जब देखा तो ट्राली में क्षमता से अधिक कुल 14 मवेशी भरे हुए थे। जिनमें दम घुटने से चार मवेशियों की जान जा चुकी थी, जबकि अन्य की हालत गंभीर थी। जिन्हें तुरंत बाहर निकाला गया। घटना की सूचना फैलते ही बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठनों के दर्जनों कार्यकर्ता मौके पर एकत्र हो गए। कार्यकर्ताओं ने वाहन चालक और मवेशियों के परिवहन में लापरवाही बरतने वाले सचिन नामक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर चक्का जाम कर दिया। लगभग एक घंटे तक चले इस विरोध प्रदर्शन के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी गजानंद चौबे ने भारी पुलिस बल के साथ प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोक झोंक भी हुई। प्रदर्शन करने वालों में रोहित सिंह, अमित दुबे, रवि दुबे, सौरभ पांडे, मनीष मिश्रा, भरत तिवारी, बिज्जू सिंह, संजय पाण्डेय, शिवम प्रजापति, राकेश दुबे, राजू दुबे और आशीष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। अंत में थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद कार्यकर्ताओं ने जाम समाप्त किया और चालक को पुलिस के हवाले कर दिया।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर विशेष बैठक आयोजित



केराकत। ग्राम पंचायत भीतरी, विकासखंड केराकत स्थित पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण विकास एवं आजीविका मिशन सहित केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ग्रामीणों को स्वरोजगार, आजीविका एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लोगों को इनका लाभ दिलाने पर जोर दिया गया। योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की बात कही गई। बैठक में पंचायत में होने वाले आगामी विकास कार्यों को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरा कराने की रणनीति पर चर्चा हुई। साथ ही ग्राम सभा के विकास में ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक के दौरान महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने तथा ग्राम पंचायत भीतरी को आदर्श एवं विकसित पंचायत बनाने का संकल्प लिया गया।

## अधेड़ मृतक की हुई पहचान

**पारिवारिक कलह से तंग आ चुके रामराज ने की आत्महत्या**

सरायख्वाजा। गुरुवार को सुबह ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने वाले अधेड़ व्यक्ति की पहचान शुक्रवार को उसके परिवार वालों ने रामराज गौतम ग्राम निवासी धौरइल के रूप में किया। ज्ञातव्य है कि उक्त अधेड़ व्यक्ति रामराज गौतम अपने पारिवारिक विवादों से घिरे होने के कारण जीवन से ऊबकर गुरुवार को भोर में घर से गायब हो गया। सुबह-सुबह परिवार के लोग खोजबीन शुरू किया लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया उधर किसी अनहोनी की शंका से परिवार चिंता में डूबा हुआ था। देर शाम तक खोजबीन के बाद किसी ने ख़बर दी की एक अज्ञात बूढ़ा आदमी के ट्रेन से कटकर मेहरावां में मौत हो गई है। परिवार के तथा गांव के लोग थाने पहुंच कर जानकारी ली पुलिस ने परिवार वालों को साथ लेकर पोस्टमार्टम मर्चरी हाउस में पहुंच गए तो पत्नी और गांव वालों ने रामराज गौतम के रूप में पहचान लिया। पिता के मौत की ख़बर पाकर बेटा भी दिल्ली से घर आ गया।

## नीलदीप एकेडमी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, ३५० मरीजों का परीक्षण

सिकरारा। सीहीपुर स्थित नीलदीप एकेडमी में शुक्रवार को विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। विभिन्न रोगों के चिकित्सकों ने कुल साढ़े तीन सौ मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उचित सलाह दी। गंभीर रोगियों को बेहतर उपचार के लिए वाराणसी के आरजे शंकरा आई अस्पताल रेफर किया गया। शिविर का शुभारंभ संस्थान के प्रबंधक प्रदीप सिंह सफायर, निदेशक नीलम सिंह व वरिष्ठ भाजपा नेता सूर्य प्रकाश सिंह मुन्ना ने मां सरस्वती के पूजन-अर्चन व दीप प्रज्वलन कर किया। सुबह नौ बजे से ही दूर-दराज से आए मरीज पंजीकरण काउंटर पर जुटने लगे। शिविर में जिले के प्रख्यात जनरल फिजिशियन डा. अरुण कुमार मिश्र, डा. विवेक श्रीवास्तव जनरल फिजिशियन, डा. अमित सिंह जनरल फिजिशियन, डा. बृजेश कुमार नाक, कान, गला, डा. डीपी सिंह दंत रोग, डा. अतुल सिंह दंत रोग, डा.एलके सिंह होमियोपैथी व डा. साहिल श्रीवास्तव पेडिया रोग विशेषज्ञ ने मरीजों की जांच की। इस मौके पर प्रधानाचार्य डा. राज सिंह, रजनीश सिंह, राहुल द्विवेदी, रिंकू यादव सहित विद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। अंत में प्रबंधक व निदेशक ने सभी चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# स्वच्छता संकल्प अभियान, किया सफाई कर्मचारियों को सम्मानित

**महात्मा गांधी ने स्वच्छता को राष्ट्र निर्माण से जोड़ा था : राजीव श्रीवास्तव**
**स्वच्छता केवल सड़क और पार्क की सफाई तक सीमित नही बल्कि स्वच्छ विचार -सै. मो. मुस्तफा**

जौनपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर लायन्स क्लब जौनपुर मेन द्वारा गांधी पार्क, खरका तिराहा पर विशेष स्वच्छता संकल्प कार्यक्रम चलाया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई गई। इस दौरान सदस्यों ने बापू के बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया तथा लोगों को स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की स्वच्छता शपथ ली। इस अवसर पर नगर में प्रतिदिन साफ-सफाई कर शहर को स्वच्छ रखने वाले नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारियों नियाज़, फिरोज, राहुल, अमित, सलीम, वाजिद, मोहम्मद मेराज, विनोद व आशीष को सम्मानित किया गया। इस दौरान अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि महात्मा गांधी जी ने स्वच्छता को राष्ट्र निर्माण से जोड़ा था। स्वच्छ भारत का सपना तभी साकार हो सकता है, जब प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को केवल अभियान न मानकर अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनका सम्मान करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। चीफ सेक्रेट्री सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि महात्मा




गांधी जी की जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाना उनके विचारों और आदर्शों को व्यवहार में उतारने का सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सड़क और पार्क की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वच्छ विचार, स्वच्छ व्यवहार और स्वच्छ वातावरण मिलकर एक बेहतर समाज का निर्माण करते हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे अपने घर, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर सचिव रितेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र मौर्य, रविन्द्र प्रताप सिंह, संदीप गुप्ता, डॉ. सुशील अग्रहरी, संजय श्रीवास्तव, अवधेश गिरि, नित्यानंद पाण्डेय, नीरज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## वैज्ञानिक खेती का गुण सीखने को ६३ किसानों का दल पंतनगर के लिए रवाना

जौनपुर। सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजना के तहत अंतर राज्यीय कृषक भ्रमण/प्रशिक्षण के लिए जिले के समस्त 21 विकास खण्डों से चयनित 63 किसानों का दल शुक्रवार को गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के लिए रवाना हुआ। कृषि भवन परिसर से उप परियोजना निदेशक (आत्मा) डा. रमेश चंद्र यादव ने बस को हरी झंडी दिखाकर कृषकों के दल को रवाना किया। किसानों का यह दल तीन से नौ अक्टूबर तक गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड में कृषि की आधुनिक तकनीकियों का प्रशिक्षण प्राप्त करेगा। इस दौरान तीन से छह अक्टूबर तक आयोजित होने वाले अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी में किसान प्रतिभाग करेंगे।

# सामूहिक प्रयास से पीयू नई ऊंचाइयों पर पंहुचेगा : वाइसचांसलर

**पीयू का 39वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया**

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर का 39वां स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री एवं विश्वविद्यालय के संस्थापक वीर बहादुर सिंह की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने स्वागत करते हुए कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह का ऑनलाइन प्राप्त संदेश प्रस्तुत किया। कुलपति ने संदेश में कहा कि विश्वविद्यालय की 39 वर्षों की विकास यात्रा सामूहिक परिश्रम, समर्पण एवं सहयोग का परिणाम है। सामूहिक प्रयासों से विश्वविद्यालय को विकास और उपलब्धियों की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं सेवा तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध, नवाचार, अनुशासन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को विश्वविद्यालय की प्राथमिकता बताया। कुलपति ने कहा कि शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं समर्पण से निर्वहन करें, तो विश्वविद्यालय की उपलब्धियां और अधिक गौरवपूर्ण होंगी। उन्होंने विद्यार्थियों से अध्ययन के साथ खेल एवं शारीरिक गतिविधियों को जीवन का हिस्सा बनाने तथा ज्ञान, संस्कार, आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ आचार्य प्रो. मानस पांडेय ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा एवं राष्ट्रहित की भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी राज नारायण सिंह एवं उनकी टीम द्वारा रामधुन प्रस्तुत की गई। एनसीसी कैडेट्स ने साइकिल यात्रा निकालकर स्वच्छता, अनुशासन, स्वास्थ्य एवं राष्ट्रसेवा का संदेश दिया। अंत में मुख्य कुलानुशासक प्रो. अजय प्रताप सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एक नज़र इधर भी

### पंखे में फंदा फंसाकर झूल गयी विवाहिता, मौत

मुंगराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के गौरैयाडीह गांव में शुक्रवार को एक विवाहिता की लाश घर के कमरे में पंखे से फंदे के सहारे लटकती मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची मुंगराबादशाहपुर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गौरैयाडीह गांव निवासी प्रीति दुबे (30) पत्नी प्रभात दूबे का मायका फूलपुर प्रयागराज में है। परिजनों के अनुसार प्रीति की शादी प्रभात दुबे के साथ वर्ष 2017 में हुई थी। शुक्रवार सुबह परिवार के लोगों को जानकारी हुई कि प्रीति कमरे में पंखे से कपड़े के सहारे फंदे पर लटकी हुई है। आनन-फानन में उसे नीचे उतारा गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का सूक्ष्मता के साथ निरीक्षण कर परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली। विवाहिता की मौत की सूचना उसके मायके वालों को भी दी गई। मृतका के पिता राजेंद्र दुबे ने ससुरालीजनो के खिलाफ तहरीर दी है। बताया कि उनकी बेटी की मौत संदिग्ध है। इस संबंध में थानाध्यक्ष गजानंद चौबे का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

### केराकत के लाल को मिला राष्ट्रपति वीरता पदक

**लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया सम्मानित**



केराकत। केराकत की माटी में जन्मे और गौतम बुद्ध नगर कमिश्नरेट में एडीसीपी पद पर तैनात स्वतंत्र कुमार सिंह को राष्ट्रपति वीरता पदक से लोकभावन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नवाजा गया। यह पदक साहस और शौर्य के लिए दिया जाता है। प्रदेश के गाजियाबाद जनपद में कुख्यात अपराधियों से चल रही मुठभेड़ की कार्यवाही के दौरान अपराधियों की एक गोली उनकी बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगने के बावजूद भी उन्हों ने कार्यवाही जारी रखी थी। इस घटना के उपरांत ही स्वतंत्र कुमार सिंह को राष्ट्रपति वीरता पदक के लिए चयनित किया गया था। इसके पूर्व वर्ष 2021 में भी इनको कानून व्यवस्था में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्लैटिनम प्रशंसा चिन्ह देकर सम्मानित किया गया था। जौनपुर जनपद की केराकत तहसील मुख्यालय से सटा हुआ गांव सराय बीरू स्वतंत्र कुमार सिंह की मातृभूमि है, जहां इनका जन्म एक प्रतिष्ठित क्षत्रिय परिवार में हुआ था। दादा स्वर्गीय दीपनारायण सिंह कई कार्यकाल तक ब्लॉक प्रमुख के पद को सुशोभित करते रहे तो पिता सन्तकुमार सिंह उर्फ गोपाल सिंह व माता सरिता सिंह भी ब्लॉक प्रमुख रहे हैं। स्वतंत्र कुमार सिंह को मिले इस सम्मान को क्षेत्र के लोग इसे केराकत की माटी के सम्मान के साथ ही उनके शौर्य, साहस तथा कर्तव्य के प्रति उनके समर्पण का सम्मान मान रहे हैं।

### मंत्री दारा सिंह चौहान हास्पिटल पहुंच व्यक्त की शोक संवेदना



मड़ियाहूं। कारागार कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान नगर में स्थित आस्था हास्पिटल के डायरेक्टर डा. राजेश चौहान के भाई के निधन के उपरांत शोक संवेदना किया। विगत 9 अगस्त को आस्था हास्पिटल के डायरेक्टर डा. राजेश चौहान के भाई और कमला हास्पिटल मछलीशहर के डायरेक्टर डा. आरबी चौहान के चचेरे भाई डा. अशोक कुमार चौहान की मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के जंगी रोड बाजार में पिक अप वाहन से टक्कर लगने से मृत्यु हो गई थी। डा. अशोक जमुआ बाजार के चक इंग्लिश गांव में अपनी डिस्पेंसरी डालकर प्रैक्टिस करते थे,इसकी जानकारी होने पर कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान आज शोक संवेदना व्यक्त करने मड़ियाहूं नगर पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मछलीशहर डा अजय कुमार सिंह, कमला हास्पिटल डा. आर बी चौहान, डा. राजेश चौहान, स्कंद पटेल,राज कृष्ण शर्मा, परविन्द चौहान, बाघ सिंह चौहान, गुलजारी चौहान, चंदन केशरी, चंदन सिंह चौहान, उपेन्द्र चौहान, नीतेश सेठ, अजीत चौहान, मनीष चौहान, फखरुद्दीन, सुरेन्द्र चौहान, संजय सिंह, गिरीजा सरोज सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बंदी के दिन आबकारी निरीक्षक ने दुकानों का किया भ्रमण

पवांरा। महात्मा गांधी जयन्ती के उपलक्ष्य में शासन के निर्देश पर शराब की दुकानें बन्द रही। बंदी सुनिश्चित करने के लिए आबकारी निरीक्षक मछलीशहर देविका शुक्ला ने टीम संग पवांरा, मछलीशहर, सुजानगंज व मुंगराबादशाहपुर थानाक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली शराब की दुकानों पर पूर्णरुप से बंदी सुनिश्चित करने के लिए दिनभर दुकानों का भ्रमण करती रहीं कि कहीं चोरी-छिपे दुकान खोलकर शराब की बिक्री तो नहीं की जा रही है और जांच में कहीं दुकान खुली नहीं पायी गयी। उन्होंने कहा कि बंदी के दौरान कहीं दुकान खुली पायी गयी तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि दुकान पर यदि कोई सेल्समैन बाहरी व मिलावटी शराब बेचते हुए पाया जायेगा तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। दुकान निर्धारित समय पर खुलनी व बंद होनी चाहिए।

### गांधी-शास्त्री जयंती पर स्वच्छता अभियान



बदलापुर। नगर पंचायत बदलापुर की ओर से सेवा संकल्प अभियान एवं स्वच्छता सेवा के तहत गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पंचायत कार्यालय में विधायक रमेशचंद्र मिश्र एवं चेयरमैन सीमा सिंह की उपस्थिति में दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के विचार समाज को सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान नगर के सफाई मित्रों को सम्मानित भी किया गया। इसके अलावा वार्ड नंबर 3 स्थित बरौली कुटी परिसर में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान परिसर की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत प्रतिनिधि वैभव सिंह, अनिल सिंह 'मुन्ना', हरिलाल, मोदनवाल सहित नगर पंचायत के कर्मचारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस मुठभेड़ में एक गो-तस्कर घायल

**अवैध असलहा, कारतूस सहित तस्करी में प्रयुक्त वाहन बरामद**

तेजीबाजार। अपराध और अपराधियों की रोकथाम तथा गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ शुक्रवार की रात्रि (भोर में) हैदरपुर क्षेत्र में गस्त कर रहे थे कि मुखबिर द्वारा पूरामुहब्बत के मखदूमपुर में गौ तस्कर के होने की सूचना दी गयी जहां मौके से पुलिस ने एक गौ तस्कर को गिरफ्तार किया। जबकि अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष सतेंद्र भाई पटेल ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली की अभियुक्त मखदूमपुर मोड़ पर पहुंचा हैं, पुलिस को देखते ही अपराधियों ने फायर शुरू कर दिया, आत्मरक्षार्थ पुलिस के द्वारा फायर किया गया, जिसमें एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी जिससे घायल होकर वह गिर पड़ा, जबकि उसके अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए, गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान छोटू उर्फ सर्फुद्दीन निवासी चंदौली जिले के रेवसा गांव थाना अलीनगर के रूप में हुई हैं, इसके पास से अवैध असलहा, कारतूस और गौ तस्कर में प्रयुक्त पिकअप मोटर साइकिल बरामद कर लिया गया है अब उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

# जयंती पर गांधी, शास्त्री जी को किया याद

मीरजापुर। भरूहना स्थित विंध्यवासिनी महाविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत तिरंगा फहराने के साथ हुई। जिले के वरिष्ठ समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉ. नीरज त्रिपाठी ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया। इसके बाद महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में दोनों महापुरुषों के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया। अपने संबोधन में डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री भारतीय इतिहास के ऐसे महान व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने अपने विचार और आचरण से देश को नई दिशा दी। गांधी जी ने सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और मानवता का संदेश दिया, जबकि शास्त्री जी ने सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा का उदाहरण पेश किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दोनों महापुरुषों के विचारों की प्रासंगिकता और बढ़ गई है। युवा पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अनुशासन, सत्यनिष्ठा, परिश्रम और सामाजिक जिम्मेदारी को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाना तभी सार्थक होगा, जब उनके आदर्शों को व्यवहार और कर्म में उतारा जाए। कार्यक्रम के अंत में प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों ने गांधी और शास्त्री के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## गांधी जयंती पर चला स्वच्छता अभियान

मीरजापुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मीरजापुर नगर के लालडिग्गी पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान महात्मा गांधी की प्रतिमा परिसर की साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया गया और उनके विचारों को याद किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नितिन विश्वकर्मा ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया और 'महात्मा गांधी अमर रहें', 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाए। नितिन विश्वकर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा को अपने जीवन का आधार बनाकर देशवासियों में स्वतंत्रता की चेतना जगाई। स्वदेशी और स्वावलंबन को लेकर उनके विचार आज भी समाज को दिशा देते हैं। उन्होंने कहा कि गांधी जी के स्वच्छता के संदेश को जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाना जरूरी है। जिला कार्यसमिति सदस्य मृत्युंजय त्रिपाठी ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया था। उनके विचारों को व्यवहार में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में नगर महामंत्री कृष्ण कुमार सिंह, नगर उपाध्यक्ष रुपेश यादव, अजय रंजक, सभासद सत्यनारायण जायसवाल, नगर मंत्री राहुल चंद्र जैन, गोपाल अग्रवाल, पुनीत मिश्रा, अमरेश सोनकर, राजेश पांडेय, पप्पू लाल, आनंद किशोर, रितेश, हेमंत श्रीवास्तव, मनीष त्रिपाठी, राकेश मौर्य, आनंद वर्मा, नितिन गुप्ता, गोलू चौधरी, बाबूलाल मौर्य, वीरेंद्र सोनी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



श्रद्धांजलि अर्पित करते डायरेक्टर। छाया:आज

## साहू समाज ने बापू को दी श्रद्धांजलि

मीरजापुर। भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा, मिर्जापुर और साहू समाज युवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में बथुआ स्थित गांधी घाट पर महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने महात्मा गांधी के योगदान और उनके विचारों पर प्रकाश डाला। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर बापू के आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के जिला अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ने कहा, महात्मा गांधी द्वारा कही हुई बात अगर आपको समझ नहीं आ रही है, तो आप यह समझिए कि आपमें उनकी बात को समझने की समझ नहीं पैदा हुई है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के सत्य, अहिंसा और सरल जीवन के विचार आज भी प्रासंगिक हैं।



संबोधित करते कथावाचक। छाया:आज

# भगवत नाम संकीर्तन मन, वाणी को करता है पवित्र-विष्णु शंकर

नरायनपुर। विकास खंड नरायनपुर के बैकुंठपुर भीतरी बाजार में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन गुरुवार को वाराणसी से आये भागवत कथा मर्मज्ञ पं. विष्णु शंकर महराज ने संगीतमय कथा का वाचन किया। कथा में ध्रुव प्रसंग,भक्त प्रहलाद चरित्र,कपिल अवतार, नरसिंह अवतार ,जड़ भरत की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि भगवत नाम संकीर्तन मन वाणी को पवित्र कर देता है। साधु-संत महात्मा का दर्शन हो जाय तो सभी विध्न बाधा दूर हो जाते हैं। उन्होंने जड़ भरत व राजा रहूगण प्रसंग में बताया कि सिंधु सौबीर देश के राजा रहूगण कपिल मुनी के आश्रम अध्यात्म ज्ञान प्राप्त करने पालकी से जा रहे थे ।पालकी उठाने वाले एक के बीमार होने पर सिपाहियों ने बल पूर्वक जड़ भरत को पालकी ढोने में लगा दिया। जड़ भरत के पैर संभाल कर चलने से पालकी का संतुलन बिगड़ जाता था, जिस पर राजा रहूगण ने जड़ भरत को क्रोध में अपशब्द कहा। लेकिन जड़ भरत ने वेदान्त का उपदेश दिया तो राजा की आंख खुल गयी। जड़ भरत ने समझाया कि यह शरीर पंच महाभूतों से बना मिट्टी का ढांचा है। उन्होंने राजा रहूगण से कहा तुम किसके प्रति अहंकार कर रहे हो किसको दंड देने की बात कर रहे हो। पीड़ा शरीर को होती है आत्मा को नहीं। आत्मा अमर है और इन भौतिक चीजों से परे है। मैं ब्राह्मण के अपमान से डरता हूं अन्य किसी से नही डरता। दिव्य ज्ञान की बात सुन रहूगण पालकी से उतर कर जड़ भरत के पैरो पर गिर गया कहा राजमद के कारण पहचान नहीं पाया। भागवत कथा के बीच में गाये भजन कीर्तन पर उपस्थित महिला पुरुष मंत्र मुग्ध हो गये ।तबला पर जितेन्द्र व बैजो पर संतोष बाबा संगत कर रहे थे ।आचार्य गण अजय पाठक, अमित पाठक, सहयोगी ब्राह्मण तपेश मिश्रा, राहुल मिश्रा आदि ने विधि विधान से संकल्प व आरती कराकर प्रसाद वितरण कराया। इस दौरान यजमान एडवोकेट प्रेमनाथ जायसवाल, मंगला जायसवाल, दिनेश, विजय जायसवाल, महेश, दिलीप जायसवाल, अशोक, अनीता, सावित्री, मालती आदि तमाम महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# गांधी, शास्त्री की जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम

मीरजापुर। डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निर्देशिका महोदया श्रीमती अपराजिता सिंह एवं प्रधानाचार्या द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने जय जवान, जय किसान के नारों से पूरे परिसर को गुंजायमान कर दिया। शास्त्री के इस नारे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को देश के जवानों और किसानों के योगदान के बारे में बताया गया। स्वच्छ भारत अभियान के तहत बच्चों ने एक कदम स्वच्छता की ओर विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। गांधी के तीन बंदरों के सिद्धांत बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो, बुरा मत कहो पर आधारित एक सुंदर गतिविधि भी बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसे सभी ने बहुत सराहा। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो एवं रघुपति राघव राजा राम पर भजन संध्या प्रस्तुत की। अंत में सभी बच्चों एवं शिक्षकों ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की शपथ ली। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से रिटायर्ड रेलकर्मी की मौत

छानबे। क्षेत्र में शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसे में एक वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा जिगना थाना क्षेत्र के रन्नोपट्टी गांव के सामने मांडा रोड और जिगना रेलवे स्टेशन के बीच हुआ। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। रन्नोपट्टी गांव निवासी राम सुमेर बिंद (70) रेलवे विभाग से सेवानिवृत्त थे। उनके बेटे अमर बहादुर बिंद ने बताया कि राम सुमेर की रोजाना सुबह टहलने और सड़क किनारे चाय पीने जाने की दिनचर्या थी। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे भी वह घर से निकले थे। सड़क की ओर जाने के लिए वह रेलवे लाइन पार कर रहे थे। इसी दौरान डाउन लाइन पर गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गए। ट्रेन की चपेट में आने से राम सुमेर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सहायक स्टेशन मास्टर जिगना की सूचना पर जिगना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि रन्नोपट्टी गांव के सामने ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# हर्षोल्लास, श्रद्धा के साथ मनी गांधी जी की जयंती

मीरजापुर । डॉ. सरला सर्राफ पब्लिक स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को देशभक्ति के रंग में सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बापू के जीवन मूल्यों सत्य, अहिंसा, दया, सेवा और सादगी पर आधारित सुंदर पोस्टर, स्लोगन तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों ने चरखा चलाकर एवं बापू के विचारों वाले प्लेकार्ड्स प्रदर्शित कर सभी को बापू के संदेशों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन दिनेश चंद्र सर्राफ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के विचार और उनके द्वारा दिखाया गया सत्य व अहिंसा का मार्ग आज भी पूरे विश्व के लिए प्रासंगिक है। बापू का जीवन ही उनका संदेश है। यदि हम उनके बताए मार्गों पर चलें, तो समाज में शांति, सद्भाव और प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। युवाओं को बापू के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। ?विद्यालय के डायरेक्टर आयुष कुमार सर्राफ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गांधी जयंती केवल एक पर्व नहीं, बल्कि बापू के उच्च विचारों और नैतिक मूल्यों को याद करने और उन्हें आत्मसात करने का दिन है। डायरेक्टर प्रीती सर्राफ ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में सत्य, अहिंसा, प्रेम और सेवा भावना जैसी सीख बेहद आवश्यक है। हमारे बच्चे ही देश का भविष्य हैं और जब वे बापू के सिद्धांतों को अपनाएंगे, तभी एक उन्नत भारत का सपना साकार होगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के अतिथियों, शिक्षकों एंव विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर आकांक्षा गुप्ता, शुभांगी, मुस्कान गुप्ता, आस्था गुप्ता, रवि यादव, महेंद्र गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे ।

## कांशीराम परिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ पहुंचने की अपील

ज्ञानपुर। बहुजन समाज पार्टी की ओर से शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र 393 ज्ञानपुर के धनतुलसी में बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि मिर्जापुर मंडल के मुख्य प्रभारी अमरेंद्र बहादुर पासी ने पार्टी की ओर से किए जा रहे कार्यों और संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं और जिले के लोगों से पार्टी संस्थापक श्री कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर 9 अक्टूबर को लखनऊ पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागिता करें और संगठन को मजबूत बनाने में योगदान दें।

## संक्षेप

### कन्या सुमंगला योजना की जागरूकता वैन रवाना, गांधी जयंती पर डीएम ने कलेक्ट्रेट से दिखायी हरी झंडी

ज्ञानपुर। गांधी जयंती के अवसर पर गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और मिशन शक्ति फेज-5.0 के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता प्रचार वाहन (एलईडी वैन) रवाना किया गया। जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का उद्देश्य बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहित करने के साथ लिंगानुपात में सुधार और बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। उन्होंने अभिभावकों से पात्र बालिकाओं का योजना में अधिक से अधिक पंजीकरण कराने की अपील की। उन्होंने मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के संदेश को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। जागरूकता वाहन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं के लिए संचालित हेल्पलाइन नंबर 181, 1090 और 1098 के संबंध में भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी, जिला प्रोवेशन कार्यालय, महिला शक्ति केंद्र और वन स्टॉप सेंटर की टीम मौजूद रही।

### ३१ नवनियुक्त प्राविधिक सहायकों का सम्मान

ज्ञानपुर। अधीनस्थ कृषि सेवा संघ उत्तर प्रदेश की जनपद शाखा भदोही की ओर से शुक्रवार को कृषि भवन सभागार, घरांव में नवनियुक्त 31 प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों और कृषि विभाग के अधिकारियों ने नवनियुक्त कर्मचारियों का स्वागत करते हुए उन्हें दायित्वों के प्रति सजग रहने की शुभकामनाएं दीं। समारोह में प्रांतीय कोषाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता, मंडली महामंत्री गोविंद लाल यादव, जिलाध्यक्ष विनय कुमार मौर्य, जिला मंत्री शिवाकांत, कोषाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, संगठन मंत्री आनंद कुमार सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा अपर जिला कृषि अधिकारी अजीत कुमार, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए सुजीत कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी हरिओम मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी ईरम और उप कृषि निदेशक डॉ. रामप्रवेश समेत संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत परिसर में फहराया तिरंगा

ज्ञानपुर। गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिला पंचायत परिसर में समारोह आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। इसके बाद महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्ष ने कहा कि गांधी जी ने देश को सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का मार्ग दिखाया, जबकि शास्त्री जी ने 'जय जवान-जय किसान' का संदेश देकर देश के जवानों और किसानों के सम्मान को नई दिशा दी। उन्होंने दोनों महापुरुषों के विचारों को जीवन में अपनाने और भदोही को स्वच्छ एवं विकसित बनाने का आह्वान किया। इसी क्रम में नगर पंचायत ज्ञानपुर कार्यालय में भी जयंती समारोह हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के त्याग व योगदान को याद करते हुए स्वच्छ नगर बनाने का संकल्प दोहराया। समारोह में जिला पंचायत सदस्य, सभासद, अधिकारी-कर्मचारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### मालवीय विद्याश्रम में मनी गांधी-शास्त्री जयंती

गोपीगंज। पंडित मदन मोहन मालवीय विद्याश्रम कालीदेवी में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. अरुण कुमार और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को गांधीजी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के सिद्धांतों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से अवगत कराया।

### वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों को वस्त्र और फल बांटे

गोपीगंज। अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर गुरुवार को नगर के खड़हट्टी मोहाल स्थित वृद्धजन आश्रम में बुजुर्गों को वस्त्र और फल वितरित कर सम्मानित किया गया। वृद्ध महिलाओं को साड़ियां भी दी गईं। कार्यक्रम में समाज कल्याण अधिकारी गीता सरोज, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. शुभांकर श्रीवास्तव ने वृद्धजनों को सामग्री वितरित की। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुजुर्गों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी गई।

### जीवित्पुत्रिका आज

गोपीगंज। पुत्रो के दिर्घायु,स्वास्थ और संम्पन्नता की कामना के लिए रखा जाने वाला जीवित्पुत्रिका (जिउतिया) व्रत शनिवार को मनाया जाएगाद्यशुक्रवार को भदोही जनपद के प्रमुख नगर और बाजारो मे काफी भीड़ रही। महिलाओं ने सोने चांदी की जिउतिया,फल,फूल व अन्य पूजन सामग्री की जमकर खरीददारी कीद्यमहिलाए इस दिन निर्जला व्रत रखती हैं,सुबह सुर्योदय के पहले गांव मे स्थित सरोवर के पास एकत्र होकर सामूहिक रुप से जीवित्पुत्रिकी माता की पूजन अर्चन करती है।

## त्याहारों को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक

चौरी। आगामी दुर्गा पूजा त्यौहार, रामलीला, भरत मिलाप आदि सकुशल, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देश के क्रम में शुकवार को स्थानीय चौरी थाना परिसर में थानाध्यक्ष कुलदीप मिश्र के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक की गई। बैठक में प्रतिभाग करने वाले लोगों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया व उनसे सुझाव भी मांगे गये। उपस्थित लोगों से त्यौहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने की अपील की गई। वही बैठक में दुर्गा पूजा पंडाल हेतु सुरक्षा के दिशा-निर्देश दिए। बैठक में थानाध्यक्ष कुलदीप मिश्र, विकास जायसवाल, आदित्य यादव, अजय सिंह, हेड मुहर्रिर सरफराज खान, प्रदीप कुमार, नागेश्वर दुबे सहित क्षेत्र के गणमान्य आदि उपस्थित रहे।

# ५०वें इंडिया कारपेट एक्सपो की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

## ६५ देशों के ४०० से अधिक खरीदारों के पहुंचने की उम्मीद, २०० से अधिक निर्यातक दिखाएंगे उत्पाद

भदोही। चार से सात अक्टूबर तक एक्सपो मार्ट में आयोजित होने वाले 50वें इंडिया कारपेट एक्सपो की तैयारियों का जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने शुक्रवार को स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने विद्युत, अग्निशमन, खाद्य सुरक्षा, पुलिस और सफाई व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को समय से सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आयोजन में देश-विदेश से आने वाले खरीदारों और प्रतिभागियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अग्निशमन विभाग को सुरक्षा मानकों का परीक्षण और विद्युत विभाग को सुरक्षित एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस को पर्याप्त बल की तैनाती, प्रवेश-निकास और पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा। जिलाधिकारी के अनुसार एक्सपो में 65 देशों के 400 से अधिक विदेशी खरीदारों के शामिल होने की संभावना है। अब तक करीब 325 खरीदार पंजीकरण करा चुके हैं। विभिन्न राज्यों के 200 से अधिक कालीन और फ्लोर कवरिंग निर्यातक अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। इस बार ब्रिक्स देशों के खरीदारों पर भी विशेष फोकस रहेगा। उनके लिए अलग बायर्स लाउंज बनाया जा रहा है। सीईपीसी की ओर से ब्रिक्स कारपेट कॉन्क्लेव भी आयोजित होगा, जिसमें कालीन और फ्लोर कवरिंग के व्यापार, बाजार और निर्यात संभावनाओं पर चर्चा होगी। निरीक्षण के दौरान सीईपीसी के उपाध्यक्ष असलम महबूब, कार्यकारी निदेशक डॉ. स्मिता नागरकोटी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी, निर्यातक और आयोजन से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# डीएम ने अस्पताल का किया आकस्मिक निरीक्षण

ज्ञानपुर। महाराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय के मुख्य गेट के बाहर प्रसव होने के प्रकरण के बाद जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने गुरुवार को अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती प्रसूता रानी और नवजात के स्वास्थ्य की जानकारी ली। दोनों स्वस्थ पाए गए और चिकित्सकीय निगरानी में हैं। बताया गया कि करीब 20 वर्षीय रानी का हीमोग्लोबिन पांच ग्राम था। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें एक दिन पहले मिर्जापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। 29 सितंबर की रात करीब 8ः30 बजे परिजन उन्हें प्रसव के लिए दोबारा जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल स्टाफ ने स्थिति देखते हुए उन्हें फिर उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर किया। इसी दौरान वाहन की प्रतीक्षा किए बिना परिजन गर्भवती को लेकर अस्पताल से बाहर निकलने लगे। मुख्य गेट के पास ही प्रसव शुरू हो गया। सूचना पर सीएमओ करीब 8ः45 बजे मौके पर पहुंचे और प्रसूता को दोबारा अस्पताल में भर्ती कराकर आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई। डीएम ने चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मरीज, विशेषकर गर्भवती महिलाओं को उनकी स्थिति के अनुरूप समयबद्ध उपचार मिले। रेफर मरीजों के लिए परिवहन और समन्वय की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मरीजों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# लोकतंत्र बचाओ सप्ताह मनायेगी सपा, वोट बचाओ-देश बचाओ का देगी संदेश

ज्ञानपुर। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट, कंसापुर में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस दौरान पार्टी ने लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के तहत दो से आठ अक्तूबर तक जिले में 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान चलाने का निर्णय लिया। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वतंत्र भारत में ग्राम स्वराज की कल्पना की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार भारत निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। सपा निर्वाचन आयोग के कथित संस्थागत कब्जे और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने, उनके खिलाफ मुकदमा चलाने व गिरफ्तारी की मांग कर रही है। उन्होंने बताया कि इंडिया गठबंधन की बैठक में दो से आठ अक्तूबर तक लोकतंत्र बचाओ सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत विधानसभा वार मार्च निकाला जाएगा। जिला मुख्यालय पर डॉ. भीमराव आंबेडकर और महात्मा गांधी की प्रतिमाओं पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ राष्ट्रगान होगा। इस मौके पर विधायक जाहिद बेग, शोभनाथ यादव, आरिफ सिद्दीकी, अंजनी सरोज, कल्लन यादव, संतोष यादव, शैलेश सिंह मंटू, हसनैन अंसारी, लालचंद बिंद, केशनारायण यादव, रुद्रपति दुबे, अंजनी शुक्ल, नरेंद्र बिंद, सरिता बिंद समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

सुरियावां। अनुश्री पीजी कॉलेज, अभिया रोड कैड़ा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं को स्वच्छता, सेवा, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख रवि चंद्र यादव ने गांधी और शास्त्री के जीवन एवं राष्ट्रसेवा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने सत्य, अहिंसा, स्वदेशी, स्वच्छता और आत्मानुशासन को जीवन का आधार बनाया। वहीं लाल बहादुर शास्त्री सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और दृढ़ नेतृत्व के प्रतीक रहे। उनका 'जय जवान, जय किसान' का संदेश आज भी युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने छात्राओं से शिक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने और स्वच्छता, सेवा व पर्यावरण संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के बाद महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण और स्वच्छता अभियान चलाया गया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाए और परिसर की सफाई में सहभागिता की। सुरियावां ब्लॉक संयोजक नमन और दिलीप सहित परिसर प्रभारी वीना सिंह, डीएलएड प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, रामफल बिंद, विजय श्रीवास्तव, अजय कुमार, रामकुमार प्रजापति आदि मौजूद रहे। मानसी मिश्रा, सिम्पी उपाध्याय, गुंजा गौतम, पूजा मिश्रा, प्रतिभा चौहान, अंजना, मनीषा गौतम और विभा गौड़ समेत छात्राओं ने सहभागिता की। समापन राष्ट्रगान से हुआ।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर स्वच्छता और सेवा का लिया संकल्प

ज्ञानपुर। गांधी-शास्त्री जयंती एवं अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर शुक्रवार को जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी शैलेष कुमार और विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिंद शुक्ल ने ध्वजारोहण किया। महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गांधी जी के प्रिय भजन प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वदेशी, ग्राम स्वराज और स्वच्छता के विचारों को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पंचायतों को मजबूत कर गांवों में विकास की भागीदारी बढ़ाई जा सकती है। सीडीओ ने ग्राम स्वरोजगार, स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने पंचायतों में नवाचार अपनाने की अपील की। जिले में खेल स्टेडियम से देवनाथपुर तक शांति मैराथन रैली निकाली गई। महिला वर्ग की तीन किलोमीटर दौड़ और क्रॉस कंट्री रेस में प्रथम से छठे स्थान तक पहुंचे कुल 12 खिलाड़ियों को ट्रैकसूट व टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया।

## बिहार समाचार

### जब्त ट्रकों से तार चोरी मामले में चार गिरफ्तार

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले के नासरीगंज-दाउदनगर मोड़ के पास सड़क किनारे वर्षों से खड़े जब्त ट्रकों से तार और पार्ट्स चोरी के मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि गश्ती के दौरान कुछ लोगों को जब्त ट्रक से तार चुराते देखा गया, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई कर सभी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में सभी ने चोरी की बात स्वीकार की। पुलिस ने उनके पास से चोरी किया गया तार भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपित औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इनमें नगर परिषद वार्ड-8 के मो. कमल अंसारी, मो. सद्दाम, वार्ड-6 के मो. राजा बाबू और मो. परवेज आलम शामिल हैं। चारों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। बताया जाता है कि इसी स्थान पर पिछले वर्ष भी जब्त ट्रकों से तेल चोरी का मामला सामने आया था।

### बिहार एमएलसी चुनाव में चार सीटों पर फ्रेंडली फाइट

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार में एमएलसी चुनाव को लेकर राजद ने अपनी पुरानी चल फिर से दोहरा दिया है। जहां कांग्रेस की उम्मीदवार खड़े थे राजद ने वहां अपना प्रत्याशी खड़ा कर दिया है। पटना स्नातक, दरभंगा स्नातक और कोसी स्नातक सीट पर कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार खड़ा कर दिया इस चुनाव में भी फ्रेंडली फाइट देखने को मिलेगी। कांग्रेस की लिस्ट में दरभंगा शिक्षक सीट से मौजूद एमएलसी मदन मोहन झा को दोबारा टिकट दिया गया है। श्री झा बिहार के अध्यक्ष रह चुके हैं। उनका मुकाबला जदयू के घनश्याम राय से होगा। प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज से एसपी राय मैदान में हैं। इस चुनाव में राजद और कांग्रेस के बीच एमएलसी चुनाव में चार सीटों पर फ्रेंडली फाइट देखने को मिलेगी। कांग्रेस ने पटना शिक्षक सीट से संजय यादव को टिकट दिया है, जबकि राजद से संजीव कुमार सिंह मैदान में हैं। वहीं पटना स्नातक सीट पर कांग्रेस के असदुल्लाह खान को उम्मीदवार बनाया गया है यहां राजद उम्मीदवार दिलीप कुमार से उनका मुकाबला होगा। इसी तरह कोशी स्नातक सीट पर कांग्रेस ने मनोज कुमार जायसवाल को टिकट दिया है। इस सीट पर राजद से नितेश कुमार मैदान में हैं। दरभंगा स्नातक सीट पर भी कांग्रेस और राजद में दोस्ताना मुकाबले होगा। इस सीट से कांग्रेस ने रजनीकांत पाठक को टिकट दिया है, जबकि राजद से अनिल झा चुनाव लड़ने जा रहे हैं।

### रोहतास के थानों में चाइल्ड हेल्प डेस्क का उद्घाटन

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। जिले के विभिन्न थानों में शुक्रवार को चाइल्ड हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया। रोहतास पुलिस द्वारा जारी सूचना के अनुसार इस पहल का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण एवं उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु उन्हें सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना है। जिले के अगरोर, संझौली, नौहट्टा, धर्मपुरा, अमझोर और कक्षवां थाना सहित अन्य थानों में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। थानों में तैनात महिला पुलिसकर्मियों को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। डेस्क पर बच्चों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी बच्चों के प्रति अपराध, गुमशुदगी या शोषण जैसे मामलों में अब पीड़ित बच्चे या उनके परिजन सीधे चाइल्ड हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं।

## संक्षिप्त

### इबोला से कांगो में 4,000 से अधिक लोगों की मौत, संक्रमण ने बढ़ाई स्वास्थ्य विभाग की चिंता

बुनिया (एजेंसी)। कांगो में इबोला के प्रकोप से मरने वालों की संख्या 4,000 के पार पहुंच गई है और अधिकारियों के सामने वायरस के प्रसार को रोकने की चुनौती बनी हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अब तक इबोला के 8,300 पुष्ट मामलों में 4,018 लोगों की मौत हो चुकी है। यह संख्या पुष्ट मामलों की लगभग आधी है और इसे इतिहास में इबोला का सबसे तेजी से फैलने वाला प्रकोप बताया जा रहा है। कांगो ने 15 मई को इस प्रकोप की घोषणा की थी। यह दुर्लभ बुंडिबुग्यो वायरस के कारण हुआ है, जिसके लिए अभी कोई ज्ञात उपचार या टीका उपलब्ध नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने हाल में वायरस के नए स्वास्थ्य क्षेत्रों में तेजी से भौगोलिक प्रसार को लेकर चिंता जताई है। संगठन के अनुसार, इससे पहले से सीमित संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।

### अश्लील वीडियो से युवती को ब्लैकमेल करने वाला युवक गिरफ्तार

नयी दिल्ली (आससे)। राजधानी में एक युवती को कथित अश्लील वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करने के आरोप में पुलिस ने 25 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पीड़िता का पड़ोसी है और दोनों एक-दूसरे को कई वर्षों से जानते हैं। आरोप है कि पीड़िता के नाबालिग रहने के दौरान करीब सात महीने तक आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बना लिया। पीड़िता इस वर्ष बालिग हुई और उसकी शादी भी हो गई, लेकिन आरोप है कि आरोपी इसके बाद भी वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करता रहा। एक बार उसने कथित तौर पर वीडियो पीड़िता के पति को भी भेज दिया, जिसके बाद दंपती के बीच विवाद हुआ। परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता का लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में मेडिकल परीक्षण कराया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना के समय पीड़िता नाबालिग होने के कारण आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा 4और 6 तथा बीएनएस की धारा 63(1) और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस डिजिटल साक्ष्यों और वीडियो से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, वाराणसी से- ओम प्रकाश शर्मा द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त, स्थानीय कार्यकारी सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर: बैंक रोड, प्रयागराज: 3,लीडर रोड, कानपुर: बांसमण्डी, झांसी: झोंकन बाग, लखनऊ: 1,जापलिंग रोड, आगरा: महात्मा गांधी रोड, बरेली: रोड नं. 3 परसाखेड़ा, पटना: फ्रेजर रोड, रांची: नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, जमशेदपुर: न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पृ.सं. 899678131022438
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com

सूर्योदय : ०५.५१
सूर्यास्त : ०५.४४

तापमान
अधि. : ३३.०
न्यून. : २५.०

# लखनऊ के १२ निजी अस्पतालों में २६ औषधि निरीक्षकों की टीम ने किया औचक निरीक्षण

लखनऊ (आससे.)। मरीजों को गुणवत्तापूर्ण दवाएं उचित दरों पर उपलब्ध कराने और अस्पतालों की फार्मेसियों में दवाओं की खरीद-बिक्री व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश (यूपीएफएसडीए) का प्रदेशव्यापी विशेष अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में विभाग की टीमों ने 30 सितंबर से 01 अक्टूबर 2026 के बीच लखनऊ के 12 निजी अस्पतालों की फार्मेसियों का औचक निरीक्षण किया। इस अभियान में 26 औषधि निरीक्षकों की टीमों ने अस्पतालों की फार्मेसियों में फार्मासिस्ट की उपलब्धता, मेडिकल ऑक्सीजन, जीवनरक्षक दवाओं के बिलिंग एवं स्टॉक रिकॉर्ड, कोल्ड-चेन मेंटेनेंस, भंडारण व्यवस्था, औषधियों की गुणवत्ता तथा अस्पतालों द्वारा दवाओं की खरीद और मरीजों को बिक्री की दरों की प्राथमिकता से जांच की निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि अत्यधिक उपयोग में आने वाली तथा कुछ जीवन रक्षक औषधियों के क्रय मूल्य और मरीजों से वसूले गए विक्रय मूल्य में बड़ा अंतर है।

अस्पताल द्वारा इन औषधियों को प्रिंटेड एमआरपी से काफी कम कीमत पर खरीदा जाता है, लेकिन मरीजों को लेबल पर अंकित एमआरपी पर या उस पर मामूली छूट देकर बेचा जा रहा है। जांच टीम द्वारा ऐसी औषधियों को चिन्हित करके उनकी गुणवत्ता विश्लेषण हेतु 38 नमूने संग्रहित किए गए। साथ ही, दवाओं के प्रिंटेड एमआरपी और अस्पतालों को आपूर्ति करने वाली थोक फर्मों/स्टॉकिस्ट द्वारा वसूले गए मूल्य यानी पीटीआर के बीच अंतर की भी जांच आगे बढ़ाई जा रही है।अभियान के तहत डॉ. के.एन.एस. मेमोरियल हॉस्पिटल विकास खंड 2, शेखर हॉस्पिटल इंदिरा नगर, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल विराज खंड, तलवार स्किन इंस्टिट्यूट इंदिरा नगर, मेदांता लखनऊ, ग्लोब हॉस्पिटल निराला नगर, अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कानपुर रोड, अवध हॉस्पिटल एंड हार्ट सेंटर आलमबाग, विवेकानंद हॉस्पिटल निराला नगर, चरक हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर दुबग्गा, मिडलैंड हॉस्पिटल महानगर तथा रीजेंसी मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल खुर्रम नगर की फार्मेसियों का निरीक्षण किया गया। अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कानपुर रोड में जांच के दौरान जहां औषधियों की बिक्री के लिए ड्रग्स रूल्स, 1945 के नियम के अनुरूप बिक्री बीजक जारी किए जाने की स्थिति मिली, वहीं औषधियों से संबंधित स्टॉक लेजर, मरीजों की आईपीडी फाइलें और शेड्यूल एच1 औषधियों के क्रय-विक्रय से संबंधित अनिवार्य रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किए गए।

### एनडीए कोटे से जयंत चौधरी को दोबारा राज्यसभा भेजने की तैयारी

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर बड़ा उलटफेर देखने को मिल सकता है। राष्ट्रीय लोकदल रालोद के अध्यक्ष और केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी जयंत सिंह को एनडीए के कोटे से दोबारा उच्च सदन राज्यसभा भेजने की सुगबुगाहट तेज हो गई है। आगामी राजनीतिक समीकरणों और विपक्ष की रणनीतियों को भांपते हुए यह कदम उठाया जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों पर 16 अक्टूबर 2026 को होने वाले चुनावों की घोषणा के बाद से राज्य में राजनीतिक पारा सातवें आसमान पर है।जून 2022 में जब समाजवादी पार्टी और रालोद के बीच गठबंधन था, तब रालोद के पास केवल 9 विधायक होने के बावजूद सपा ने अपने कोटे से जयंत चौधरी को राज्यसभा भेजा था।

### गलती से छुआ इमरजेंसी डोर, बज उठा अलार्म

हैदराबाद (एजेंसी)। हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक 35 वर्षीय यात्री को विमान से उतार दिया गया, क्योंकि उसने गलती से विमान के आपातकालीन निकास द्वार का हैंडल छू लिया था, जिससे सेंसर अलार्म बज गया।पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार को तब हुई, जब हैदराबाद से कडप्पा जाने वाली उड़ान राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) से उड़ान भरने वाली थी। आरजीआईए पुलिस चौकी के एक पुलिस अधिकारी ने बताया यात्री ने सीट एडजस्ट करते समय गलती से निकास द्वार का हैंडल छू लिया, जब विमान रुका हुआ था, जिससे सेंसर अलार्म बज गया। एयरलाइन कर्मचारियों ने उसे विमान से उतार दिया। यात्री को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# सहारनपुर में अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्कर गैंग के तीन गिरफ्तार

लखनऊ (आससे.)। यूपी एसटीएफ ने पश्चिमी यूपी में सक्रिय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवैध हथियार तस्करी करने वाले गिरोह के 3 सक्रिय सदस्यों को सहारनपुर से गिरफ्तार कर बड़ा जखीरा बरामद किया।एसटीएफ की फील्ड इकाई मेरठ ने थाना मिर्जापुर क्षेत्र में बिजलीघर तिराहे से शेरपुर पैली जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी कर काले रंग की बिना नंबर की स्कॉर्पियो में सवार बदमाशों को पकड़ा।पकड़े गये बदमाशों असद मौहम्मा पिलखनतला निकट चंडीगढ़ पैलेस थाना मंडी सहारनपुर (मूल ग्राम महेश्वरी कलां मिर्जापुर) व इकराम निवासी बड़ी महेश्वरी थाना चिलकाना व दानिश पुत्र असलम खान निवासी कस्बा नकुड़ के पास से 1 पम्प एक्शन गन 12 बोर व 2 बन्दूक 12 बोर व 1 बन्दूक 315 बोर व 3 एयर गन और 1 तमंचा 12 बोर तथा 1 तलवार व 425 जिंदा कारतूस 12 बोर व 2 मोबाइल और तस्करी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो कार बरामद की। पूछताछ में खुलासा हुआ कि असद का गांव में 200 बीघा जमीन और पुश्तैनी मकान है, जहां डेयरी चलाता है। दानिश उसकी गाड़ी पर ड्राइवरी करता है और 2 साल से साथ में तस्करी में शामिल है। इकराम असद का नौकर और घर में डेयरी का काम देखता है। यह लोग अमृतसर पंजाब के मरहट्टा गन हाउस से 30-40 हजार में बन्दूक खरीद कर यहां 80 हजार से 1 लाख में बेचते थे। इस नेटवर्क से सहारनपुर और आसपास के जिलों में सप्लाई होती थी इससे पहले भी एसटीएफ इसी मामले में अनिल बालियान उर्फ अनिल बजी और गन हाउस मालिक शेजपाल सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ थाना मिर्जापुर पर धारा 3/4/5/25/25(8) आर्म्स एक्ट व 3(5) बीएनएस में केस दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई स्थानीय पुलिस कर रही है।यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह और उपनिरीक्षक जयवीर सिंह के नेतृत्व में हुई।

**एसटीएफ को मिली बड़ी सफलता**

# वाहनों की ओवरलोडिंग पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नयी दिल्ली (आससे)। ओवरलोडिंग करके जा रहा कोई ट्रक या अन्य वाहन जुर्माना भर कर आगे बढ़ जाय अब ये नहीं हो सकता। जुर्माना भर कर ओवरलोड वाहन को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि ओवरलोडिंग सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। शीर्ष अदालत ने ओवरलोडिंग के खतरे बताते हुए उस पर रोक की मांग वाली अर्जी में दिये सुझावों को स्वीकार कर लिया है। जिसके मुताबिक निर्धारित सीमा से अधिक भार लेकर चलने वाले वाहन को अतिरिक्त भार उतारे बिना आगे जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। कोई ओवरलोड वाहन जुर्माना भर कर आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। ये आदेश न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की पीठ ने सड़क सुरक्षा और मोटरवाहन नियमों के अनुपालन से संबंधित मामले में सुनवाई के दौरान गत 28 सितंबर को दिये। कोर्ट ने वकील केसी जैन की अर्जी में ओवरलोडिंग वाहनों से सड़क सुरक्षा को होने वाले गंभीर खतरे और इस पर रोक लगाने के लिए दिये गए सुझाव और की गई मांगे स्वीकार कर ली। कोर्ट ने अर्जी में की गई मांगों पर सभी राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों, एनएचएआई और संबंधित सड़क प्राधिकरणों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। मामले पर सुनवाई के दौरान जैन ने अर्जी पर स्वयं बहस करते हुए न सिर्फ ओवरलोडिंग की समस्या का उल्लेख किया बल्कि यह स्पष्ट किया कि वर्तमान में केवल पेनाल्टी या अतिरिक्त शुल्क वसूल करके ओवरलोड वाहनों को आगे जाने देना सड़क सुरक्षा के उद्देश्य को पूरा नहीं करता। उन्होंने अनुरोध किया कि ओवरलोड वाहनों को रोका जाए, अतिरिक्त भार उतरवाया जाए, वाहन का पुनः भार मापा जाए और निर्धारित सीमा के भीतर आने के बाद ही उसे जाने दिया जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि एनएचएआई द्वारा तैयार की गई ओवरलोडिंग संबंधी मानक कार्यप्रणाली (एसओपी) जो कि केरल हाई कोर्ट में एक संबंधित मामले पर सुनवाई के दौरान पेश की गई थी, को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए।

### राज्यसभा चुनाव : सपा और भाजपा दोनों को अतिरिक्त वोटों की दरकार

**सपाके पास कम हैं आठ वोट, तीन सीटें जीतनेके लिए चाहिए १११**

लखनऊ (आससे.)। यूपी की राजनीति में राज्यसभा चुनाव की बिसात बिछते ही सियासी आंकड़ों का खेल दिलचस्प हो गया है। राज्यसभा की 10 सीटों पर होने वाले चुनाव में बीजेपी के पत्ते अभी बंद हैं। दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी ने अपने दो उम्मीदवारों का नामांकन दाखिल कर तीसरे उम्मीदवार को जीतने की मुहिम तेज कर दी है।सपा को तीन उम्मीदवारों को जिताने के लिए 111 विधायकों के वोट की जरूरत है इस जादुई आंकड़े को हासिल करने के लिए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पार्टी के बागी विधायकों को वापस लौटने का न्यौता दिया है। सपा के सिंबल पर विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक भाजपा और उसके सहयोगी दलों के विधायकों के लिए पार्टी के दरवाजे खोलने की बात भी सपा खेमे से होने लगी।सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी के अनुसार पार्टी तीसरे उम्मीदवार को मैदान में जल्दी उतारेगी।पता चला है कि बुंदेलखंड से भाजपा के एक विधायक के पिता को अखिलेश यादव तीसरा उम्मीदवार बनाए जाने के लिए पार्टी विधायकों के चर्चा कर रहे है। इस नेता को मैदान में नहीं उतारा तो दलित या मुस्लिम समाज के किसी नेता को सपा मुखिया चुनाव मैदान में उतारेंगे।उत्तर प्रदेश के राज्यसभा चुनाव में विधायकों की मौजूदा संख्या के आधार पर सात सीटें भाजपा और दो सीटें सपा आसानी से जीत सकती है। अब राज्यसभा चुनाव की असल लड़ाई 10वीं सीट को लेकर है, जिसका पेच ऐसा फंसा है कि सपा और भाजपा दोनों के लिए चुनौतियां कम नहीं हैं।चुनावी आंकड़ों के अनुसार भाजपा को अगर एनडीए के खाते में आठवीं सीट डालनी है तो एनडीए को एकजुट रखना होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपनी सहयोगी दलों के सभी विधायकों के साथ रघुराज प्रताप उर्फ राजा भैया के दोनों विधायकों का भी वोट हासिल करना होगा। यह कार्य आसान नहीं है क्योंकि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के दो विधायक ढुलमुल हैं।

# सबसे कम समय में आईएसएस पहुंचे नासा के अंतरिक्ष यात्री

वॉशिंगटन (एजेंसी)। चार अंतरिक्ष यात्री गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गए। उन्हें वहां पहुंचने में करीब आठ घंटे लगे, जो किसी अमेरिकी मिशन के लिए अब तक का सबसे तेज समय है। नए दल में कनाडा के एक अंतरिक्ष यात्री भी शामिल है। स्पेसएक्स ने नासा के दल को कमांडर जेसिका वॉटकिन्स के नेतृत्व में अंतरिक्ष स्टेशन भेजा। इस दल के प्रक्षेपण में तीन सप्ताह की देरी हुई थी, क्योंकि ड्रैगन कैप्सूल की ईंधन प्रणाली में रिसाव को ठीक किया जा रहा था।

गुरुवार को भी सुबह घने बादलों के कारण उलटी गिनती रुकने का खतरा बना रहा, लेकिन आखिरकार आसमान साफ हो गया ताकि सुरक्षित प्रक्षेपण किया जा सका। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर इन अंतरिक्ष यात्रियों का प्रवास छह महीने लंबा होगा, लेकिन वहां तक पहुंचने में लगा समय अब तक का सबसे कम रहा। यह न केवल एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के लिए, बल्कि नासा समेत किसी भी अमेरिकी अंतरिक्ष संगठन के लिए सबसे तेज यात्रा है। अंतरिक्ष यात्रियों के प्रक्षेपण के समय अंतरिक्ष स्टेशन की अनुकूल स्थिति के कारण यह तेज यात्रा संभव हो सकी। केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से देर सुबह हुए प्रक्षेपण के साथ वॉटकिन्स पृथ्वी की कक्षा में किसी दल का नेतृत्व करने वाली पहली अश्वेत महिला बन गईं। भूविज्ञानी वॉटकिन्स ने करीब एक दशक पहले नासा के मंगल मिशन क्यूरियोसिटी रोवर के साथ काम किया था।

वह 2022 में लंबे प्रवास के बाद दूसरी बार अंतरिक्ष स्टेशन पहुंची हैं। प्रक्षेपण के बाद वॉटकिन्स ने रेडियो संदेश में कहा कि इस शानदार सफर के लिए धन्यवाद। दल के अन्य सदस्य पहली बार अंतरिक्ष यात्रा कर रहे हैं। इनमें नासा के ज्यूक डेलानी, जो सेवानिवृत्त मरीन हैं; कनाडा के जोशुआ कुट्रिक, जो रॉयल कैनेडियन एयर फोर्स में कर्नल हैं; और रूस के सर्गेई टेटेर्यातनिकोव शामिल हैं, जो पहले पनडुब्बी में सेवा दे चुके हैं। वे उन चार अंतरिक्ष यात्रियों की जगह लेंगे, जो फरवरी से कक्षीय प्रयोगशाला में रह रहे हैं।

### 'रिलिफ' योजना की समयसीमा बढ़ी

नयी दिल्ली (आससे)। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और खाड़ी क्षेत्र में समुद्री परिवहन पर इसके असर को देखते हुए, सरकार ने निर्यात संवर्धन मिशन के तहत 'रिलिफ' योजना के घटक-दो की समयसीमा बढ़ा दी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, इस योजना के तहत निर्दिष्ट क्षेत्रों में आगामी खेप के लिए निर्यातकों को ईसीजीसी कवर लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिसमें 95 प्रतिशत जोखिम कवरेज मिलता है। योजना का उद्देश्य बढ़ी माल ढुलाई लागत, ऊंचे बीमा प्रीमियम और युद्ध संबंधी निर्यात जोखिम से प्रभावित भारतीय निर्यातकों को सहायता देना है। मंत्रालय ने कहा कि समयसीमा बढ़ाने से निर्यात कारोबार को सुचारु बनाए रखने और मौजूदा भू-राजनीतिक एवं लॉजिस्टिक अनिश्चितताओं के बीच निर्यातकों को सहयोग देने में मदद मिलेगी।

## शेष

**भारतकी...**

व स्वावलंबन का मंत्र ही विकसित भारत की आधारशिला बनेगा, इसीलिए पीएम मोदी जी 'लोकल टू ग्लोबल' की चर्चा करते हैं। उनका मानना है कि गांवों, कारीगरों, हस्तशिल्पियों, बुनकरों द्वारा बनाए गए उत्पादों को प्रोत्साहित करना और प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना भारत की स्वाधीनता के महानायकों के प्रति कृतज्ञता भी है। सीएम योगी ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी का नाम आते ही हर भारतीय के मन में श्रद्धा का भाव उमड़ पड़ता है। वह अपनी सादगी, सज्जनता के लिए सदैव प्रसिद्ध रहेंगे। वह जितने संवेदनशील थे, उतना व्यक्तित्व उतना ही संघर्षशील भी था। उन्होंने जो कहा, वह करके दिखाया। जो किया, उतना ही बोला। मुख्यमंत्री ने कहा कि शास्त्री जी का ध्येय था कि भारत खाद्यान्न आत्मनिर्भरता में लक्ष्य प्राप्त करे और देश की सीमाओं पर लड़ रहे जवानों के प्रति हर भारतीय के मन में सम्मान का भाव पैदा हो। शास्त्री जी का 'जय जवान-जय किसान' का नारा स्वाधीन भारत का मंत्र बना।

**बलिया....**

अन्य शामिल हैं। एक ही दुकान से खरीदे गए मडुआ के आटे से बनी सामग्री खाने के बाद कई लोगों के बीमार पड़ने से गांव में हड़कंप मच गया। जिला चिकित्सालय के सीएमएस एसके यादव ने बताया कि संभवतः फूड प्वाइजनिंग की आशंका जताई जा रही है। चिकित्सकों की टीम उपचार कर रही है। वहीं जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि घटना के कारणों की जांच के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम सहित संबंधित अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर मडुआ के आटे और खाद्य सामग्री की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा है कि जांच में यदि किसी की लापरवाही या दोष सामने आता है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**हनुमान चालीसा...**

नहीं दिखाया तो विमान में सवार यात्रियों की जान खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने स्थिति को समझते हुए कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया, जिसके बाद कुछ यात्री कॉकपिट में पहुंचे और हालात संभालने में मदद की। स्मित ने कहा कि वह घायल थे, लेकिन उनके दिमाग में सिर्फ एक बात थी कि यात्रियों को मरने नहीं देना है। उन्होंने बताया कि संकट के दौरान वह लगातार हनुमान चालीसा पढ़ते रहे। भगवान हनुमान ने उन्हें हिम्मत और हौसला दिया।

**वोटर लिस्ट...**

एसआईआर के बाद यह संख्या घटकर 81.8 करोड़ रह गई है। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर के मसौदा मतदाता सूची चरण में 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं और वास्तविक संख्या इससे भी अधिक है, क्योंकि 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रक्रिया अभी जारी है। रमेश ने महाराष्ट्र का उदाहरण देते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव और एसआईआर के बीच मतदाताओं की संख्या में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, लेकिन एसआईआर के बाद इसमें 21 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने दिल्ली में भी एसआईआर के बाद मतदाता संख्या में 2014 के स्तर की तुलना में 16 प्रतिशत की कमी का दावा किया। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि निर्वाचन प्रणाली पर आरएसएस-भाजपा का नियंत्रण निर्वाचन आयोग के माध्यम से स्थापित किया गया है।

**अंतरिक्ष...**

कंपनी की शुरुआत की थी। कंपनी ने 2028 में अंतरिक्ष में बड़ा डेटा सेंटर बनाने की योजना भी बनाई है। इसके लिए 100-100 किलो वजन वाले ज्यादा क्षमता के सैटेलाइट भेजने की तैयारी है। इनमें बड़ी संख्या में ग्राफिक्स प्रोसेसर और करीब 100 टेराबाइट स्टोरेज रखने की योजना है। कई सैटेलाइट को जोड़कर अंतरिक्ष में ही डेटा का विश्लेषण करने की सुविधा विकसित करने का लक्ष्य है।

**गांधी विरोधियों...**

चलकर आजादी के आंदोलन को तेज किया। आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों के विरोधी सत्ता में हैं। ये नकारात्मक और दरारवादी सोच के लोग नाथूराम गोडसे को मानते हैं। ये वर्चस्ववादी लोग बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान को नहीं मानते हैं। इन ताकतों को हराकर सत्ता से हटाना है।अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग गांधीजी से नफरत करते थे, वे आज भी उनके विचारों से नफरत करते हैं। आज लोकतंत्र और संविधान पर हमले हो रहे हैं। लूट, खसोट, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। 2027 का विधानसभा चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। समाजवादी पार्टी भाजपा को सत्ता से हटाएगी। उन्होंने कहा कि 2024 में समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन ने भाजपा को हराया है। इस बार पीडीए की ताकत के सामने भाजपा कहीं नहीं टिक पायेगी। समाजवादी पार्टी के पीडीए में प्रेम, दया, अपनापन है। समाजवादी पार्टी हर दुखी, पीड़ित, अपमानित के साथ खड़ी है।

**ज्ञानेश कुमारके...**

और बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए जाने के विरोध में सीईसी के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, आतिशी, अनुराग ढांडा और कुलदीप कुमार को जनपथ मेट्रो स्टेशन के पास हिरासत में लिया गया। राज्यसभा सांसद संजय सिंह को नॉर्थ एवेन्यू में रोका गया। भारद्वाज ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद उन्हें और संजीव झा को हिरासत में लिया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से आंदोलन जारी रखने की अपील की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एसएफआई के करीब 700 लोगों ने जंतर-मंतर पहुंचने की कोशिश की, जिन्हें अशोक रोड गोलचक्कर पर रोक दिया गया। इनमें से कई को हिरासत में लिया गया। पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि जंतर-मंतर और आसपास के इलाकों से करीब 700 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। मालूम हो कि विपक्ष के इंडिया गठबंधन ने आठ अक्टूबर तक देशभर के जिलों में 'लोकतंत्र बचाओ' मार्च निकालने की घोषणा की है। इससे पहले विपक्षी सांसद छह अक्टूबर को दिल्ली में चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च करेंगे।

**मुंबईमें...**

सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा जब भारत के प्रधानमंत्री अमेरिका जाते हैं, तब भी वहां कहा जाता है कि ये गांधी के देश से आए हैं। गांधी देश की आत्मा हैं, आंबेडकर रीढ़ की हड्डी और नेहरू दिमाग हैं। कॉकरोच जनता पार्टी ने यह भी कहा कि मुंबई पुलिस ने हमारा प्रदर्शन शांतिपूर्ण होने दिया। मुंबई तो सिर्फ ट्रेलर है, जो करना है कर लो, फाइनल तो हम जंतर-मंतर पर ही खेलेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि हजारों नौजवान वोट चोरी के खिलाफ अपने संवैधानिक अधिकार के साथ शांतिपूर्वक सड़कों पर हैं। उनकी मांग साफ है कि ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें और लोकतंत्र बचे।

**बापूकी...**

खड़गे ने कहा कि गांधी ने देश को आजादी के लिए प्रेरित किया, जबकि शास्त्री ने सादगी और शालीनता से देश की सेवा की। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने शास्त्री जी को नमन करते हुए कहा कि उनका 'जय जवान, जय किसान' का संदेश और देश के प्रति समर्पण हमेशा प्रेरणा देता रहेगा।

**गोल्डेन डे:...**

के रजत पदक के साथ हुआ। धीरज, संजय भोगे और नीरज चौहान की भारतीय तिकड़ी को फाइनल में दक्षिण कोरिया से १-५ से शिकस्त मिली। मुक्केबाजी में लवलीना बोरगोहेन (७५ किग्रा), परवीन हुड्डा (६५ किग्रा) और अंकुश पंघाल (८० किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश के लिए स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई। कुश्ती में सुजीत कलकल ने पुरुषों के ६५ किलोग्राम वर्ग में अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए २-९ से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्वर्ण पदक जीता और इस दौरान ओलम्पिक चैम्पियन को भी हराया। सेलिंग में नेत्रा कुमानन महिलाओं की डिंगी में और सेपकटेकरा में पुरुषों की चौकड़ी कांस्य जीतने में कामयाब रही।

**तरनतारन...**

जवानों ने उन्हें रुकने की चेतावनी दी, लेकिन संदिग्ध आगे बढ़ते रहे। इसके बाद बीएसएफ जवानों ने फायरिंग की, जिसमें दो घुसपैठिए मारे गए। कारवाई के बाद दोनों के शवों को सुरक्षा बलों ने कब्जे में ले लिया। उनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। प्रारंभिक तौर पर दोनों के पाकिस्तान से संबंधित होने की बात सामने आ रही है, लेकिन बीएसएफ ने अभी तक इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। अधिकारियों ने मामले की जानकारी पाकिस्तानी रेंजर्स को भी दी है। सीमा क्षेत्र में पिछले कुछ समय से ड्रोन के माध्यम से नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी की घटनाएं सामने आती रही हैं।

**विमल जैन** हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

## आज का राशिफल शनिवार, 3 अक्टूबर 2026

मेष- स्वनिर्णय लाभकारी, आकस्मिक लाभ, सुसमाचार की प्राप्ति, निराशा का समापन।
वृषभ- व्यापार में नवपरिवर्तन, सलाह से कामयाबी, उच्चाधिकारियों से संपर्क, शत्रु परास्त।
मिथुन- धनसंचय में रुचि, मंगल आयोजन संपादित, बौद्धिक क्षमता में वृद्धि, यात्रा सार्थक।
कर्क- मानसिक बेचैनी, गलतफहमी के शिकार, विपरीत घटनाएं घटित, लाभ में कमी।
सिंह- शुभकार्य संपन्न, कठिनाइयों का निराकरण, दाम्पत्यजीवन सुखद, कर्ज की अदायगी।
कन्या- समय भाग्य पक्ष में, धनागम का सुयोग, परिजनों का सहयोग, प्रसन्नता का वातावरण।
तुला- परिश्रम से सफलता, प्रेमसम्बन्धों में मधुरता, घरेलू वातावरण सुखद, यात्रा से खुशी।
वृश्चिक- कार्यक्षमता में कमी, प्रतिष्ठा पर आघात, इच्छापूर्ति में बाधा, राजकीय पक्ष से उलझनें।
धनु- व्यवसाय में धननिवेश, नवसम्पर्क उपयोगी, मानसम्मान में वृद्धि, धार्मिक यात्रा, सुखद।
मकर- जनकल्याण में रुचि, आर्थिकपक्ष बेहतर, मनोरंजन में रुझान, मनोविनोद के अवसर।
कुम्भ- नवयोजना की शुरुआत, मानसिक राहत, सुसमाचार की प्राप्ति, प्रसन्नता का माहौल।
मीन- व्यवसायिक हानि, स्वास्थ्य प्रतिकूल, अनावश्यक खर्च, सम्बन्धों में कटुता, निराशा।

## आज है जिनका जन्मदिन 3अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 3 का स्वामी ग्रह बृहस्पति एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। कठोर अनुशासन प्रिय व्यक्ति होंगे। धर्म-अध्यात्म के प्रति विशेष आस्था रहेगी। स्वयं की प्रगति देखकर में अहं की भावना भी जाग्रत होगी। अपना काम निकलवाने में कुछ भी करने को तैयार रहेंगे। बात ही बात में अपरिचितों को भी वश में कर लेने में सक्षम होंगे। सामाजिक-राजनैतिक गतिविधियों में अधिक रुचि लेंगे। भोग-विलासिता व मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय करेंगे। निजी स्वार्थ को अधिक महत्व देंगे। आपके विचारों में उग्रता का समावेश रहेगा। ईर्ष्यालु भी होंगे। यही समय का सही उपयोग करने में सक्षम होंगे। साहित्यिक कार्यों व संगीत में भी आपकी रुचि रहेगी। विनोदी स्वभाव के होंगे। दाम्पत्य जीवन मधुर रहेगा। सदैव कुछ नया करने की सोचेंगे। साथ ही वाद-विवाद से दूर ही रहने का प्रयत्न करेंगे। इष्ट देवी-देवता की पूजा एवं अर्चना नियमित रूप से करें। दैनिक जीवन में सफेद एवं क्रीम रंग का प्रयोग अधिकतम करें। सुख-समृद्धि व सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

**आपके लिए शुभ**

मंत्र : ॐ बृं बृहस्पतये नमः
व्रत : बृहस्पतिवार
दिन : रविवार, मंगलवार एवं गुरुवार
दिनांक : 3, 12, 21, 30
अंक : 1, 7
मास : मार्च, अक्टूबर एवं अक्टूबर
वर्ष : 3, 12, 21, 30, 39, 48, 57, 66
रंग : सफेद एवं क्रीम
जन्मरत्न : पोखराज उपरत्न : गोल्डेन टोपाज
जड़ी : बेल की जड़ दिशा : ईशान
वर्ष का महत्वपूर्ण समय—19 फरवरी से 20 मार्च, 21 नवम्बर से 20 दिसम्बर

**यन्त्र**

| | | |
|---|---|---|
| 10 | 5 | 12 |
| 11 | 9 | 7 |
| 6 | 13 | 8 |

## सुडोकू ४०७२

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | | | 3 | |
| | | | | 4 | | | | |
| 9 | | | 7 | | | 6 | | |
| | 3 | | | | 6 | | | |
| | 4 | | | | | | 8 | |
| | | | 1 | | 9 | | | |
| | | | | | | 1 | | |
| 1 | | | | | | 9 | | 7 |
| | 8 | | | | | | | |

हल ४०७१

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 8 | 6 | 2 |
| 9 | 6 | 8 | 2 | 7 | 5 | 1 | 4 | 3 |
| 1 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 | 4 |
| 6 | 3 | 5 | 4 | 1 | 9 | 2 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 |
| 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 | 5 | 8 | 6 |
| 3 | 1 | 6 | 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 8 | 5 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 | 7 |



# ४४ साल बाद आया स्वर्ण

## महिला हाकी: लालरेमसियामी के गोल से चीन को हरा कटाया ओलम्पिक का टिकट



**काकामिगाहारा (एजेन्सियां)।** भारतीय महिला हाकी टीम ने एशियाई खेल में शुक्रवार को चीन को कड़े संघर्ष में १-० से हरा कर ४४ साल बाद स्वर्ण पदक जीत लिया। भारत ने एशियाई खेलों में एकमात्र स्वर्ण १९८२ में दिल्लीी में जीता था जब महिला हाकी को पहली बार इन खेलों में शामिल किया गया था। उसके बाद से भारत १९९८ और २०१८ में फाइनल में पहुंचा लेकिन क्रमशः दक्षिण कोरिया और जापान से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा लेकिन सलीमा टेटे की अगुआई वाली इस टीम ने इस बार स्वर्ण जीतने का मौका नहीं छोड़ा। इसी के साथ उसने लांस एंजिलिस २०२८ ओलम्पिक के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। भारत और चीन के बीच अब तक २९ मुकाबले हुए हैं जिनमें से १२ चीन ने और १२ ही भारत ने जीते जबकि पांच मैच ड्रा रहे हैं। भारतीय टीम ने चीन के खिलाफ पहले क्वार्टर से दबाव बनाया। बलजीत कौर को छठे मिनट में ग्रीन कार्ड मिला लेकिन भारत ने चीन पर दबाव बनाया और भारत के लिए २००वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहीं लालरेमसियामी ने १०वें मिनट में मैदानी गोल दागा। इस तरह भारत ने शुरुआत में ही १-० की बढ़त बना ली। भारत को इसके बाद पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन भारतीय टीम बढ़त दोगुना करने से चूक गयी। हालांकि पहला क्वार्टर समाप्त होने तक भारतीय टीम ने बढ़त बनाये रखी। चीन ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक खेल दिखाया और लगातार भारत पर दबाव बनाए रखा। चीन ने तब राहत की सांस ली जब उसे पेनल्टी स्ट्रोक मिला। चीन के लिए बराबरी हासिल करने के यह शानदार मौका था लेकिन भारतीय महिला टीम की अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया ने दमदार बचाव कर चीन को बराबरी करने से रोक दिया। इसके बाद भी चीन का आक्रामण जारी रहा लेकिन भारतीय डिफेंस ने शानदार प्रदर्शन कर चीन की हर कोशिश को नाकाम किया। दूसरे क्वार्टर में भारत अधिक डिफेंसिव होकर खेल रहा था। हाफ टाइम तक भारत १-० से आगे रहा। इस दौरान २८वें मिनट में वेन डान को ग्रीन कार्ड दिखाया गया। भारत के पास बढ़त को बरकरार रखने की चुनौती थी। भारतीय खिलाड़ियों ने चीन के हर हमले को नाकाम किया और अंत तक बढ़त बनाए रखी। चीन ने आखिरी कुछ मिनटों में रणनीति में बदलाव किया और अपने गोलकीपर को बाहर बैठाया। चीन ने इस तरह अटैकिंग में एक अतिरिक्त खिलाड़ी को उतारा लेकिन उसकी रणनीति सफल नहीं हुई क्योंकि भारत ने अंत में डिफेंस से ज्यादा अटैकिंग करने पर ध्यान दिया। जैसे ही अंतिम सीटी बजी भारतीय खेमा खुशी से झूम उठा। इससे पहले फाइनल एक घंटे विलंब से शुरू हुआ क्योंकि टीमों की बसें रास्ते में ट्रैफिक में फंस गयी। एक अधिकारी ने बताया कि रास्ते में एक हादसे की वजह से यह जाम लगा था हालांकि इसका टीम बसों से कोई सरोकार नहीं था। इस जाम की वजह से खिलाड़ी स्टेडियम देर से पहुंचे। मैच भारतीय समयानुसार अपराह्न ३.३० बजे से शुरू होना था, लेकिन ये ४.३० बजे से शुरू हुआ।

## सेपकटकरा : पुरुष टीम को कांस्य

**नागोया (एजेन्सियां)।** भारतीय टीम शुक्रवार को एशियाई खेलों की सेपकटकरा प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में मेजबान जापान से ०-२ से हार गयी जिससे उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। जापान ने उसे अन्तिम चार के मुकाबले में १५-१२, १५-१३ से हरया। भारतीय टीम ने दूसरे सेट में जापान को कड़ी चुनौती दी लेकिन आखिर में वह जीत हासिल करने में कामयाब नहीं हो पाई। इससे पहले भारत ने अपने सभी मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उसने ग्रुप चरण में लाओस (२-०), वियतनाम (२-०) और म्यांमार (२-१) को हराया था। दूसरी ओर जापान ने ग्रुप बी में दूसरा स्थान हासिल किया था। उसकी शुरुआत इंडोनेशिया से १-२ की हार से हुई थी। इसके बाद उसने सिंगापुर और कोरिया को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस बीच भारतीय महिला टीम को ग्रुप ए के अपने शुरुआती मुकाबले में थाईलैंड से ०-२ से हार का सामना करना पड़ा। थाईलैंड ने १५-१०, १५-४ से जीत दर्ज की। वही महिला टीम को क्वाड्रेंट ग्रुप मुकाबले में थाईलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही भारत का अभियान समाप्त हो गया। टीम अपने तीनों ग्रुप मैच हारकर सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गयी



## स्वर्ण, रजत जीत रचा इतिहास

### तीरंदाजी

**नागोया (एजेन्सिया)।** भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम ने शुक्रवार को दबाव के बीच शानदार प्रदर्शन करते हुए १० बार की ओलम्पिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को ५-३ से हराकर एशियाई खेलों में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। अनुभवी अंकिता भकत, कीर्ति शर्मा और १७ वर्षीय कुमकुम मोहोड़ ने तेज हवा के कारण चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच धैर्य बनाए रखते हुए मौजूदा चैम्पियन दक्षिण कोरिया को पछाड़कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इसके बाद कुमकुम ने धीरज बोम्मादेवरा के साथ मिलकर मिश्रित रिकर्व टीम स्पर्धा में भी ऐतिहासिक रजत पदक हासिल किया। फाइनल में भारतीय जोड़ी को चीन के हाथों ३-५ (३४-३८, ३५-३७, ३७-३६, ३७-३७) से हार का सामना करना पड़ा। पूरे दिन शानदार प्रदर्शन कर रही कुमकुम फाइनल में अपने सर्वश्रेष्ठ लय में नहीं दिखीं। उन्होंने केवल एक बार १० अंक हासिल किए जबकि कई बार आठ और एक बार सात अंक भी हासिल किये। वहीं चीन की मेंगकी ली ने पांच बार १० अंक हासिल कर अपनी टीम की जीत पक्की की। महिला रिकर्व टीम की यह जीत उसके लगातार बेहतर होते प्रदर्शन का परिणाम है। भारतीय टीम ने मई में शंघाई में पांच साल के इंतजार को खत्म करते हुए विश्वकप स्वर्ण पदक जीता था। उस खिताबी सफर में भी भारत ने सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया को हराया था। शंघाई में स्वर्ण जीतने वाली भारतीय टीम में इस बार भी लगभग वही खिलाड़ी थीं। पूर्व विश्व नंबर एक दीपिका कुमारी की जगह कीर्ति को टीम में शामिल किया गया। दीपिका चयन ट्रायल के जरिए एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थीं। दक्षिण कोरिया के खिलाफ फाइनल में शुरुआती दो सेट बेहद करीबी रहे। दोनों सेट क्रमशः ५४-५४ और ५६-५६की बराबरी पर समाप्त हुए। इसके बाद तोक्यो ओलम्पिक स्वर्ण पदक विजेता टीम की सदस्य कांग चेयंग के साथ ओ येजिन और ली युनजी वाली कोरियाई टीम तीसरे सेट में लड़खड़ा गयी। उसके तीरंदाजों ने लगातार तीन बार आठ अंक हासिल किए और कुल ५२ अंक ही बना सके। भारत ने मौके का फायदा उठाते हुए ५५ अंक जुटाये और सेट जीतकर ४-२ की बढ़त बना ली। चौथे सेट में दक्षिण कोरिया ने ५४ अंक बनाए। भारत की ओर से कीर्ति ने शुरुआत में आठ अंक हासिल किए, लेकिन समीक्षा के बाद उनके तीर को नौ अंक दिया गया जिससे भारत का स्कोर भी ५४ हो गया। इस सेट में दोनों टीमों का स्कोर बराबर रहने के बावजूद भारत ने मैच अपने नाम किया और मजबूत दक्षिण कोरियाई टीम को हराकर ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीत लिया। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने सेमीफाइनल में चीन को ५-१ से हराकर पहली बार एशियाई खेलों के महिला रिकर्व फाइनल में जगह बनाई थी। कुमकुम और धीरज ने इससे पहले मिश्रित रिकर्व स्पर्धा के सेमीफाइनल में जापान को ५-३ से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। भारतीय जोड़ी ने धीमी शुरुआत करते हुए पहला सेट ३७-३८ से गंवाया लेकिन दूसरे सेट में बराबरी हासिल की। इसके बाद तीसरा सेट जीतकर भारत ने स्कोर ३-३ कर दिया। चौथे सेट में जापान की ओर से सात अंक का एक खराब निशाना भारतीय जोड़ी के लिए निर्णायक साबित हुआ। धीरज और कुमकुम ने ३७-३५ से सेट जीतकर रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में पहली बार एशियाई खेलों के फाइनल में भारत की जगह पक्की की। महिला रिकर्व टीम का स्वर्ण एशियाई खेलों में भारत का तीरंदाजी में चौथा स्वर्ण है। इससे पहले पुरुष कंपाउंड, महिला कंपाउंड और मिश्रित कंपाउंड टीमों ने भी स्वर्ण पदक जीते थे। भारतीय महिला रिकर्व टीम ने २०२३ के हांगझोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। दिन का समापन पुरुष रिकर्व टीम के रजत पदक के साथ हुआ। धीरज, संजय भोगे और नीरज चौहान की भारतीय तिकड़ी को फाइनल में दक्षिण कोरिया से १-५ से शिकस्त मिली।



## स्वर्ण के लिए भिड़ेंगे भारत और पाकिस्तान

**नागोया (एजेन्सियां)।** विश्व चैम्पियन भारत शनिवार को एशियाई खेलों के पुरुष क्रिकेट के स्वर्ण पदक मुकाबले में पाकिस्तान की युवा टीम के विरुद्ध अपने अनुभवी सितारों से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। दोनों देशों के बीच यह मुकाबला एशियाई खेलों की पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का अब तक का सबसे अधिक राजनीतिक तनाव वाला फाइनल होगा। पिछले साल एशिया कप के दौरान शुरू हुई हाथ न मिलाने की परंपरा के कारण इस मुकाबले से पहले या बाद में भी खिलाड़ियों के एक-दूसरे से हाथ मिलाने की संभावना बेहद कम है। हालांकि वालीबाल, टेबल टेनिस और हाकी में भारत-पाकिस्तान के खिलाड़ी अपने मुकाबलों के बाद हाथ मिलाते और गले मिलते नजर आए हैं। एशियाई खेलों में क्रिकेट का स्तर शीर्ष अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं जैसा नहीं है लेकिन भारत-पाकिस्तान मुकाबले और स्वर्ण पदक की अहमियत दोनों देशों के लिए काफी अधिक है। लगातार वर्षा के कारण दोनों टीमों को मैदान पर सीधे सेमीफाइनल मुकाबले में उतरना पड़ा। दोनों टीमों ने अपने-अपने सेमीफाइनल आसानी से जीतकर फाइनल में जगह बनाई। इस तरह दोनों को स्वर्ण पदक के लिए सिर्फ दो मुकाबले जीतने पड़े हैं। भारत के अंतरिम मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण और नये टी-२० कप्तान श्रेयस अय्यर के लिए भी यह मुकाबला चुनौतीपूर्ण होगा। पाकिस्तान की अगुआई साहिबजादा फरहान कर रहे हैं और टीम में पीएसएल में अच्छा प्रदर्शन कर चुके कई खिलाड़ी हैं। हालांकि उसके पास भारतीय टीम की तरह बड़े अंतरराष्ट्रीय सितारों की फौज नहीं है। वहीं भारत ने इस प्रतियोगिता के लिए अपनी मुख्य टीम भेजी है और जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज भी टीम का हिस्सा हैं। मुकाबले के स्थल निशिन सिटी के कोरोगी पार्क की पिच की परिस्थितियां पाक साहिबजादा फरहान, माज सदाकत, हसन नवाज, साइम अयूब और अराफात मिन्हास जैसे खिलाड़ियों को मुकाबला करने का मौका दे सकती हैं।

# स्वर्णिम हैटट्रिक







## मुक्केबाजी: लवलीना बोरगोहेन, परवीन और अंकुश का स्वर्ण पर पंच

**निशियो (एजेन्सियां)।** भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (७५ किग्रा) और परवीन हुड्डा (६५ किग्रा) और अंकुश पंघाल (८० किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को यहां एशियाई खेलों में अपने-अपने वर्ग के फाइनल में जीत से देश के लिए स्वर्ण पदकों की हैटट्रिक लगायी। भारत ने इस तरह मुक्केबाजी में एशियाई खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए छह पदक जीते जिसमें तीन स्वर्ण शामिल रहे। देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ग्वांग्झू २०१० चरण में रहा था जिसमें दल ने दो स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य से कुल नौ पदक जीते थे। इस जीत के साथ लवलीना और परवीन एशियाई खेलों में मुक्केबाजी का स्वर्ण जीतने वाली भारतीय महिला मुक्केबाजों की विशिष्ट श्रेणी में शामिल हो गयी। उनसे पहले महान मुक्केबाज एमसी मैरीकाम ने २०१४ के इंचियोन एशियाई खेलों में ५१ किग्रा फ्लाइवेट वर्ग का स्वर्ण पदक जीता था। भारत की सबसे सफल मुक्केबाजों में शामिल ओलम्पिक पदक विजेता लवलीना ने अपने २९वें जन्मदिन को खास बनाते हुए चीन की बाओ जियी को ५-० के सर्वसम्मत फैसले से हराया। उन्होंने इसके साथ ही पिछले एशियाई खेलों में जीते रजत पदक का रंग बदल दिया। आमतौर पर अपने रक्षात्मक अंदाज अपनाने वाली लवलीना ने इस मुकाबले में आक्रामक शुरुआत की और शुरुआती दौर में ही कुछ सटीक मुक्के जड़े। बाओ ने भी पलटवार में कोई कमी नहीं छोड़ी। चीन की खब्बू मुक्केबाज ने कुछ अच्छे जवाबी हमले किये, लेकिन लवलीना ने राउंड के आखिरी हिस्से में जोरदार वापसी करते हुए कुछ सटीक और दमदार पंच लगाए और ३-२ से पहला राउंड अपने नाम किया। दूसरे राउंड में पिछड़ने के बाद बाओ ने आक्रामक रुख अपनाते हुए दूरी कम करने की कोशिश की। लवलीना ने उन्हें दूर रखते हुए अपने मुक्कों के लिए जगह बनाने की रणनीति अपनाई। राउंड के आखिरी हिस्से में भारतीय मुक्केबाज ने सही दूरी तलाश ली और लगातार सटीक प्रहार करते हुए जजों के स्कोरकार्ड पर ४-१ से बढ़त बना ली। अंतिम राउंड में भी यही सिलसिला जारी रहा। बाओ ने बड़ी संख्या में मुक्के चलाये, लेकिन उन्हें साफ तरीके से निशाने पर लगाने में परेशानी हुई। लवलीना ने मजबूत डिफेंस के साथ अपने मौके का इंतजार किया और सही समय पर पलटवार किया। बढ़त मजबूत करने के बाद लवलीना ने मुकाबले के अंतिम क्षणों में रफ्तार धीमी कर दी और अनावश्यक रूप से भिड़ने से बचते हुए बाओ को दूरी पर रखा तथा मुकाबला अपने नाम कर लिया। पिछले एशियाई खेलों में लवलीना को चीन की एक अन्य मुक्केबाज ली कियान के खिलाफ फाइनल में हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। इस बार उन्होंने उस नतीजे को दोहराने का कोई मौका नहीं दिया। लवलीना ने जीत के बाद कहा आज मेरा जन्मदिन है। यह मेरे लिए बेहद खास जन्मदिन है और मैं बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। मैंने सोचा था कि जन्मदिन पर खुद को स्वर्ण पदक का तोहफा दूंगी। पहली बार मैंने खुद को कोई तोहफा दिया है। मैंने अपना सब कुछ झोंक दिया। एक पल के लिए भी नहीं सोचा कि मैं हार सकती हूं। इसके बाद परवीन ने ६५ किग्रा के फाइनल में परवीन ने पेरिस ओलम्पिक की कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपै की नियेन चिन चेन को कड़े मुकाबले में ३-२ के विभाजित फैसले से हराकर सुनहरी कामयाबी हासिल की। परवीन ने शुरुआत शानदार तरीके से की और पहला राउंड ५-० से अपने नाम किया। हालांकि चेन ने दूसरे राउंड में जोरदार वापसी की और सभी पांच जजों ने यह राउंड उनके पक्ष में दिया। निर्णायक तीसरे राउंड में परवीन ने धैर्य बनाए रखा और ३-२ से राउंड जीत लिया। इस तरह उन्हें स्प्लिट निर्णय में ३-२ से विजेता घोषित किया गया। अब बारी अंकुश की थी जिन्होंने फाइनल में दक्षिण कोरिया के किम मिनसियोंग को ४-० से हराया। फाइनल में अंकुश ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने पहले राउंड में तेजी और सटीक पंचों के दम पर किम पर दबाव बनाया। भारतीय मुक्केबाज ने यह राउंड ४-१ से अपने नाम किया। किम को पहले राउंड में चेतावनी के कारण एक अंक की कटौती भी झेलनी पड़ी। दूसरे राउंड में अंकुश का प्रदर्शन और प्रभावी रहा। उन्होंने अपने एक-दो पंचों के साथ मौके बनाये और कोरियाई मुक्केबाज के हमलों का जवाब काउंटर पंच से दिया। किम ने कुछ अच्छे पंच लगाये लेकिन अंकुश की रक्षात्मक तकनीक और काउंटर अटैक के सामने वह लगातार पिछड़ते गए। दूसरे राउंड में सभी पांच जजों ने अंकुश को बढ़त दी। तीसरे राउंड में भी अंकुश ने अपनी रणनीति में बदलाव नहीं किया। उन्होंने डिफेंस और अटैक का बेहतरीन संतुलन बनाए रखा। किम के हमलों से बचते हुए भारतीय मुक्केबाज ने सही समय पर काउंटर पंच लगाए। अंकुश ने तीसरा राउंड भी ४-१ से जीत लिया। इस तरह मुकाबले का फैसला ४-० से उनके पक्ष में रहा। चार जजों ने अंकुश को ३०-२६ से विजेता माना, जबकि एक जज ने दोनों मुक्केबाजों का स्कोर २८-२८ रखा। अंकुश की यह जीत इसलिए भी खास रही क्योंकि उन्होंने एशियाई खेलों के ८० किग्रा वर्ग में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता।

## पिछड़ कर सोने का दांव लगा गये सुजीत कलकल

### कुश्ती



नागोया (एजेन्सियां)। सुजीत कलकल ने पुरुषों के ६५ किलोग्राम वर्ग में अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए शुक्रवार को यहां एशियाई खेलों की कुश्ती प्रतियोगिता में २-९ से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्वर्ण पदक जीता और इस दौरान ओलम्पिक चैम्पियन को भी हराया। इससे यह लगने लग गया था कि २३ वर्षीय सुजीत एशियाई खेलों में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहेंगे लेकिन ताजिकिस्तान के अब्दुलमजीद कुदिएव ने भारतीय खिलाड़ी के लिए चुनौती खड़ी कर दी। सुजीत एक समय २-९ से पीछे चल रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी करते हुए लगातार आठ अंक बनाकर १०-९ से जीत हासिल की। कुदिएव ने पहले पीरियड में आर्म लाक का इस्तेमाल करके सुजीत को हमला करने का मौका नहीं दिया। एक बार जब सुजीत ने अपने प्रतिद्वंद्वी की शैली को समझ लिया तो उन्होंने उसे कोई आक्रामक चाल चलने नहीं दी। जहां कुदिएव ने ताकत के मामले में भारतीय पहलवान की बराबरी की वहीं सुजीत ने अपनी फुर्ती से अपने प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ दिया और बार-बार ताजिकिस्तान के पहलवान के पीछे जाकर टेक-डाउन मूव किये। एक के बाद एक सफल मूव ने अंतर ८-९ तक कम कर दिया और मुकाबले के खत्म होने में करीब २० सेकेंड बाकी थे तभी सुजीत ने निर्णायक टेक-डाउन किया और अपनी एक अंक की बढ़त का बचाव करते हुए विजेता बने। इससे पहले सुजीत ने अफगानिस्तान के सैयद उमर जजई को १३-३ हराया और क्वार्टर फाइनल में ईरान के अब्बास इब्राहिमजादेहसवादकुही के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए बिना कोई अंक गंवाये तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। इसके बाद उन्होंने सेमीफाइनल में जापान के ओलम्पिक चैम्पियन कोतारो कियोका को ३-३ से हराया। स्कोर बराबर रहने के बाद सुजीत को अधिक अंक हासिल करने वाला दांव लगाने के कारण विजेता घोषित किया गया। यह एशियाई खेलों में सुजीत का पहला स्वर्ण है और २३ वर्षीय भारतीय ने पिछले १२ महीनों में अंडर-२३ विश्व चैम्पियनशिप, एशियाई चैम्पियनशिप, जगरेब ओपन, तिराना खिताब जीते हैं। हालांकि उन्हें एकमात्र झटका जून में मंगोलियन ओपन में लगा था जहां घुटने की चोट के कारण उन्हें हटना पड़ा। लेकिन इसके अलावा सुजीत अपराजित रहे। फाइनल तक के सफर में ओलम्पिक चैम्पियन को हराने के बाद हासिल की गयी एशियाई खेलों की यह जीत उनके दावे को और मजबूत करती है कि वह केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया का सबसे प्रभावशाली ६५ किग्रा पहलवान है। पिछले एशियाई खेलों के चरण में भी वह एक योग्य दावेदार था लेकिन तदर्थ समिति ने उसे ट्रायल में बजरंग पूनिया को चुनौती देने की अनुमति नहीं दी। समिति ने बजरंग को सीधे प्रवेश दिया था। सुजीत ने अदालत में तदर्थ समिति के फैसले को चुनौती भी दी थी लेकिन उसे राहत नहीं मिल सकी।

## क्रिकेट : भारत करना चाहेगा क्लीन स्वीप

**मुल्लांपुर (एजेन्सियां)।** पहले दो मैच में जीत हासिल करके क्लीन स्वीप की दहलीज पर खड़ी भारतीय टीम को वेस्टइण्डीज के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी गेंदबाजी की गुत्थी सुलझानी होगी जिसमें अनुभवी रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर नजर रहेगी। भारत ने शृंखला में दबदबा बनाये रखा है लेकिन उनके प्रदर्शन के बजाय चर्चा पिच के बल्लेबाजी के अनुकूल होने पर केंद्रित रही है, क्योंकि पिछले एकदिनी में ८०० से अधिक रन बने थे। इन परिस्थितियों की आलोचना करने वालों में भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर भी शामिल हैं जो बल्ले और गेंद के बीच संतुलन देखना चाहते हैं। शृंखला में पहले ही अजेय बढ़त ले चुकी भारतीय टीम अब अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन गेंदबाजी कमजोर रही है। दोनों मैचों में पहले १० ओवरों में सिर्फ एक विकेट मिला है और दोनों पावरप्ले में १७७ रन लुटाये गये। गिल बल्ले से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। शृंखला में वह पहले ही एक शतक और एक दोहरा शतक लगा चुके हैं। गिल की नाबाद २२३ रन की पारी की मदद से भारत ने पिछले मैच में रेकार्ड ४०६ रन का लक्ष्य हासिल किया था। रोहित शर्मा और विराट कोहली को भी इस शृंखला में उपयोगी पारियां खेलने का मौका मिला। लेकिन अब तक केवल चार भारतीय बल्लेबाजों को ही बल्लेबाजी का मौका मिला है।

## नेत्रा ने डिंगी सेलिंग में दिलाया कांसा

**नागोया (एजेन्सियां)।** भारत की सेलर नेत्रा कुमानन ने शुक्रवार को एशियाई खेल में महिलाओं की डिंगी में कांस्य पदक जीत लिया। काइयोह याट हार्बर में दो रेस की फाइनल सीरीज के बाद नेत्रा ने १४ अंक के साथ फिनिश किया। थाईलैंड की सोफिया मोंटगोमरी ने पांच अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि सिंगापुर की जानिया एंग न १३ अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। एशियन गेम्स में भारत का सेलिंग में यह तीसरा पदक है। इससे पहले पुरुषों की स्किफ में मनु फ्रांसिस और प्रिंस कुरिसिंकल नोबल ने सिल्वर और महिलाओं की स्किफ में हर्षिता तोमर और शीतल वर्मा ने कांस्य पदक जीता था। नेत्रा ने सप्ताह की शुरुआत में हुई क्वालिफिकेशन सीरीज से सात रीकैलकुलेटेड अंक के साथ फाइनल में एंट्री की। फाइनल एक में नेत्रा छठे स्थान पर रहीं लेकिन फाइनल दो जीतकर (एक पाइंट जोड़कर) जवाब दिया जिससे वह ओवरआल तीसरे स्थान पर पहुंच गयी। नेत्रा १४ नेट अंक (क्वालीफिकेशन सीरीज और फाइनल से सात-सात अंक) के साथ हांगकांग की स्टेफनी नार्टन के बराबर रहीं लेकिन पूरी सीरीज में बेहतर हेड-टू-हेड रेकार्ड रखने के बाद टाई-ब्रेक में कांस्य पदक जीता। नेत्रा ने २०२१ में ओलम्पिक के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली भारतीय महिला सेलर बनकर इतिहास रचा था। इसके बाद उन्होंने पेरिस ओलम्पिक २०२४ के लिए फिर से कवालिफाई किया था। दूसरी तरफ दो बार के ओलम्पियन विष्णु सरवनन पुरुषों की डिंगी में २१ अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। कोरिया गणराज्य के हा जी-मिन ने नौ नेट अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि मलयेशिया के खैरुलनिजाम मोहम्मद अफेंडी १४ नेट अंक के साथ पोडियम पर आखिरी पायदान पर रहे। सरवनन ने हांगझोऊ एशियन गेम्स २०२३ में कांस्य पदक जीता था। भारत का कैनो स्लैलम कैंपेन बिना किसी पदक के खत्म हुआ। कुल पांच भारतीयों ने पांच पदक स्पर्धा पुरुषों का कयाक एकल, पुरुषों का कयाक क्रास, महिलाओं का कैनो एकल, महिलाओं का कयाक एकल और महिलाओं का कयाक क्रास में हिस्सा लिया। भारत का सबसे अच्छा परिणाम पुरुषों के कयाक एकल में आया, जिसमें प्रद्युम्न सिंह राठौड़ १० फाइनलिस्ट में १२५.२१ के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहे, जिसमें छह सेकेंड की टाइम पेनल्टी शामिल थी।



## चहल ने लिया प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास

**लंदन (एजेन्सियां)।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने पिछले महीने लाड्र्स के प्रतिष्ठित मैदान पर नार्थम्पटनशर की ओर से मिडलसेक्स के खिलाफ अपना आखिरी इंग्लिश काउंटी चैम्पियनशिप मैच खेलने के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। भारत के लिए ७२ एकदिनी और ८० टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके चहल लाल गेंद की क्रिकेटमें अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पाए। उन्होंन ४९ प्रथम श्रेणी मैच खेले जिनमें छह बार पांच या इससे अधिक विकेट लेनेके कारनामे सहित १४८ विकेट लिए। नार्थम्पटनशरकी तरफ से अपने अंतिम प्रथम श्रेणी सत्रमें चहल ने पांच मैचोंमें २१ विकेट लिए जिसमें डरहम के खिलाफ एक मैचमें नौ विकेट लेना भी शामिल है। चहलने सोशल मीडियापर पोस्ट कर कहा मैंने अपना आखिरी प्रथम श्रेणी मैच लाड्र्समें खेला था। यह कहते हुए मैं भावुक हो रहा हूं क्योंकि टेस्ट क्रिकेट खेलना मेरा सपना था। एक ऐसा सपना जिसे मैंने कई साल तक संजोकर रखा। भले ही यह पूरा न हुआ हो लेकिन मैं अपने अब तक के सफरसे संतुष्ट हूं। मेरे लिए लाल गेंद का क्रिकेट केवल एक अन्य प्रारूप नहीं था। यहीं मैंने धैर्य, जज्बा, दृढ़ता और घंटों तक मैदान पर रहकर हर रन और हर विकेट के लिए संघर्ष करने के आनंद का मतलब सीखा। चहल कभी भी भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं बना पाये, हालांकि एक बार उन्हें दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ खेलनेके लिए भारत ए टीममें चुना गया था। उस समय तत्कालीन कोच शास्त्री और कप्तान कोहली को कलाईके स्पिनर की सख्त जरूरत थी।

# बापू-शास्त्री जी के विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान

## जयन्ती पर डीएम ने कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय ध्वज को दी सलामी

मऊ। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत के उपरांत जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन द्वारा राष्ट्रध्वज सलामी दी गई। इसके पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन, अपर जिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार एवं प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण किया गया। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित





कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला प्रोब. ेशन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने भी महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, संघर्ष, विचारों एवं आदर्शों पर अपने विचार व्यक्त किए। एआरटीओ कार्यालय और राजकीय पशु चिकित्सालय मुंशीपुरा में भी बापू-शास्त्री जी की जयन्ती मनायी गयी। इसी क्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर विकास भवन परिसर में गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकास भवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में झंडारोहण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन, विचारों, आदर्शों एवं राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण को नमन किया गया। इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव ने महात्मा गांधी के जीवन एवं उनके विचारों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

# एसडीएम ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का लिया जायजा

मधुबन(मऊ)। तहसील क्षेत्र के देवरांचल में घाघरा नदी के बढ़ते जलस्तर और संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए उपजिलाधिक. ारी दीपक सिंह ने प्रशासनिक टीम के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का मोटरबोट के माध्यम से स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तटबंधों की स्थिति, जलभराव और आस पास के आबादी वाले इलाकों की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। एसडीएम ने राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग , विकास और पंचायत विभाग सहित सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को 24 घंटे निगरानी रखने और बिना पूर्व अनुमति मुख्यालय न छोड़ने के सख्त निर्देश दिए।



## अमिला की दो सौ साल पुरानी रामलीला ११ से

अमिला (मऊ)। अमिला की ऐतिहासिक और करीब दो सौ वर्ष पुरानी श्री ठाकुर द्वारा रामलीला 11 अक्टूबर को प्रारम्भ होगी।

# नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक धर्मेन्द्र रिटायर

## सहयोगियों ने की कार्यप्रणाली की सराहना

मऊ। पालिका में बहुविकल्पी गुणों के धनि वरिष्ठ लिपिक धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय विगत 30 नवम्बर को सेवानिवृत्त हो गये। उनके सेवानिवृत्त होने पर पालिका के बैठक कक्ष में एक अक्टूबर को उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें पालिकाध्यक्ष अरशद जमाल, अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी एवं वरिष्ठ पालिकाधिकारियों व उनके कार्यालय सहयोगियों के बीच उन्हें अंगवस्त्र, पवित्र धार्मिक पुस्तक भगवत गीता भेंट कर और माला



पहनाकर सम्मानित करते हुये विदाई दी गयी। इस मौके पर लेखाकार त्रिलोकनाथ मिश्रा, अवर अभियंता सिविल मनोज कुमार सोनकर, अवर अभियंता जल पंकज कुमार वर्मा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सत्य प्रकाश व राजीव कुमार शुक्ला, जलकल लिपिक कमलेश कुमार पाण्डेय, सेवानिवृत्त निर्माण लिपिक धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय समेत सम्बन्धित विभागाध्यक्ष एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। राजेश श्रीवास्तव ने विदाई समारोह का संचालन किया।

## उद्देश्यों से भटक गयी है शिक्षा-भगवान भाई

मऊ। माउंट आबू राजस्थान से आये प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य हैं चरित्र का निर्माण करना, असत्य से सत्य की ओर ले जाना, बंधन से मुक्ति की ओर जाना लेकिन आज की शिक्षा भौतिकता की ओर ले जा रही है। कार्यक्रम में बीके प्रीति बहन जी, बीके प्रेम भाई, रुद्र नारायण, साधना सिंह, अनीता सिंह, अंजू, सिस्टर रूबी और सभी शिक्षक स्टाफ भी उपस्थित रहे।

# घोसी में एसडीएम ने किया ध्वजारोहण

घोसी(मऊ)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती शुक्रवार को घोसी में श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। तहसील परिसर, घोसी कोतवाली और नगर पंचायत में आयोजित कार्यक्रमों में ध्वजारोहण कर दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान सत्य, अहिंसा, सादगी, ईमानदारी, स्वच्छता और राष्ट्रसेवा के उनके विचारों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया गया।घोसी तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी अशोक सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद उन्होंने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उपजिलाधिकारी ने कहा कि गांधीजी का सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का संदेश तथा शास्त्री जी की सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा आज भी समाज को दिशा देती है। नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्ना गुप्ता ने ध्वजारोहण के बाद दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि स्वच्छ नगर बनाना केवल नगर पंचायत की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है।

## मधुबन में भी गांधी जयन्ती की धूम

मधुबन(मऊ)। सरकारी स्कूली में बच्चों को गाँधी जी के जीवन और उन के विचारों के साथ सत्य अहिंसा के सिद्धांतों के बारे में बताया गया। गांवों में साफ-सफाई कर तथा स्वच्छता का सन्देश दिया गया। वहीं रामपुर थाना की चौकी ढढवल पटराव के चौकी प्रभारी अशोक कुमार तिवारी ने गाँधी जी के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया।



















# १८ वर्ष से कम के युवकों को अन्तरंग सम्बन्ध बनाने की मान्यता नहीं

## जिला न्यायाधीश ने प्रभात फेरी को दिखायी हरी झंडी

मऊ। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मऊ संजय कुमार यादव के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मऊ द्वारा दिनांक 25 सितम्बर 2026 से विद्यालयों में जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत विभिन्न बोर्डों के हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित कर यह संदेश दिया गया कि 18 वर्ष से कम आयु में अंतरंग संबंध के लिए दी गई सहमति को कानून में मान्यता प्राप्त नहीं है।इस अभियान का समापन 02 अक्टूबर को जिला न्यायालय, मऊ में आयोजित महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती समारोह के



साथ हुआ। न्यायाधीश, मऊ द्वारा विद्यालयी छात्र-छात्राओं की प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिसमें बच्चों ने अधि. नियम के प्रति जागरूकता का संद. ेश दिया। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय मऊ निरंजन चंद्र पांडेय, अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम बक़ार शमीम रिज़वी, अपर जनपद न्यायाधीश अनिल वर्मा, अपर जनपद न्यायाधीश दीप नारायण तिवारी, अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय प्रदीप राम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नसीहा वसीम, सिविल जज रजत यादव, प्रीति यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रवीण यादव, अपर सिविल जज ममता यादव, सिविल जज (महिला अपराध) काजल श्रीवास्तव तथा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शम्सुल हसन एवं महामंत्री लक्ष्मीकांत यादव सहित न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, पुलिस अधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं न्यायालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रतनपुरा में मनायी गयी बापू-शास्त्री जी की जयन्ती

रतनपुरा (मऊ)। गांधी एवं शास्त्री जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को रतनपुरा स्थित पंचायत भवन परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहाद. ुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशासक जय किशोर गुप्त उर्फ टुनटुन तथा संचालन ग्राम पंचायत अधिकारी हरिकेश राम ने की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन किया।

### नहाते समय बालक डूबा

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। भीरा पश्चिम निवासी रेहान उम्र 12वर्ष नहाते समय तमसा नदी में डूब गया। देर सायं तक खोज-बीन होती रही।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने बांटे दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण

मऊ। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में नगर पालि. का कम्युनिटी हाल, मऊ में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय द्वारा पात्र दिव्यांग. जनों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस दौरान 15 मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, 66 ट्राइसाइकिल, 66 जोड़ी बैसाखी, 38 एमआर किट, 22 व्हील चेयर, 15 स्मार्टकेन, 28 कान की मशीन तथा 18 लेप्रोसी किट सहित अन्य



सहायक उपकरण वितरित किए गए।

## रानीपुर में गांधी जयन्ती पर पशुओं को खिलाये फल

रानीपुर (मऊ)। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान के तहत मण्डल रानीपुर के मिर्जापुर गौशाला पर सफाई अभियान पानी टैंक सफाई तथा पशुओं को फल खिलाकर एवं गाँधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर के मनाया गया। मंडल अध्यक्ष पंकज सिंह, ग्राम प्रधान दिनेश राजभर ,सचिव कृष्ण कुमार ,महामंत्री विशाल सिंह, कृष्णा मिश्रा, योगेंद्र प्रताप सिंह, अमिताभ सिंह, राधे जायसवाल, भानुप्रताप सिंह, उर्मिला पासी, विनय सिंह उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पिस्तौल-कारतूस के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

चिरैयाकोट(मऊ)। एसओ विजय प्रकाश मौर्य ने मुख्तार अंसारी गैंग के हिस्ट्रीशीटर सुधीर सिंह को कट्टा-कारतूस और मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। टीम में उप निरीक्षक मुन्दू भारती,का.विकास कुमार सिंह,विराट पटेल,रविकान्त आदि शामिल रहे।

### जेल से छूटकर आये पति पर पत्नी ने फिर कराया एफआईआर

मधुबन (मऊ)। रामपुर थाना क्षेत्र के मर्यादपुर बाजार में जेल से छूट कर आये बबलू उर्फ सहबाज द्वारा पत्नी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर देने के मामले में रामपुर थाना पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर पति के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### दहेज उत्पीड़न में पांच पर एफआईआर

मधुबन (मऊ)। स्थानीय थाना क्षेत्र के अधवारा निवासी बन्दना राजभर ने उपजिलाधिकारी मधुबन से शिकायत किया था। उपजिलाधिकारी के निर्देश पर पुलिस ने पति सहित कुल पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की धराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# साइबर ठगी के चार पीड़ितों के पैसे पुलिस ने कराये वापस

मधुबन(मऊ)। स्थानीय थाना की पुलिस को साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में चलाए जा रहे साइबर फ्राड रोकथाम अभियान के तहत साइबर टीम ने त्वरित कारवाई करते हुए तीन पीड़ितों के डूबे हुए कुल 27,642 रुपये उनके बैंक खातों में वापस करा दिए हैं। पुलिस की इस तत्परता की लोगों जमकर सराहना कर रही है। तीन अलग-अलग शिकायतों पर हुई कारवाई क्षेत्राधिकारी मधुबन और प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में साइबर टीम ने तीन अलग-अलग साइबर पोर्टल शिकायतों पर काम किया। पुलिस ने ठगी गई रकम को होल्ड करवाकर पीड़ितों के खातों में रिफंड कराया। इनमें बेला गदायन पट्टी निवासी प्रशांत यादव को दो किश्तों में 14,038 रूपए वापस कराया गया। धरमपुर विशुनपुर निवासी छट्ठू यादव का 12,000 व पंच. महला निवासी मिथिलेश राजभर का 1,604 रूपए शुक्रवार को वापस कराया गया। यह पूरी कारवाई साइबर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर की गई। इस कामयाबी में मुख्य रूप से अपराध निरीक्षक हरेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक दीप नारायण, कम्प्यूटर आपरेटर पवन कुमार सिंह, कांस्टेबल अजीत कुमार पाल, महिला कांस्टेबल बिन्दु पटेल और प्रतिमा सिंह शामिल रही। **घोसी संवाददाता के अनुसार**- मोबाइल हैक होने का झांसा देकर बड़राव निवासी गिरीश चंद्र राय से हुई साइबर ठगी के मामले में थाना घोसी की साइबर टीम ने त्वरित कारवाई करते हुए 2.04 लाख रुपये वापस करा दिए। पीड़ित से कुल 2 लाख 33 हजार 613 रुपये की ठगी की गई थी।

## रिटायर होकर लौटे सेना के जवान का स्वागत

अमिला (मऊ)। सबरहद विरैचा निवासी योगेंद्र मोहन के सेना से रिटायर होने के बाद घर पहुँचने पर स्वागत किया गया।

## वृद्धाश्रम पहुंचे सीडीओ

मऊ। सीडीओ विवेक कुमार श्रीवास्तव ने मुहम्मदाबाद के वृद्धाश्रम में वृद्ध जनों से मिलकर उनकी सुविधाओं का जायजा लिया और फल भी बांटे।

## मेला स्थल पर चला बुलडोजर

मुहम्मदाबाद गोहना(मऊ)। बनियापार के मेले स्थल से बुल्डोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया गया।

## दौड़ में उत्सव और रोमी अव्वल

मऊ। गांधी जयन्ती पर बालक वर्ग में उत्सव कुमार और बालिका वर्ग में रोमी राजभर ने दौड़ में बाजी मारी।

## किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री बने देवेश

दोहरीघाट(मऊ)। देवेश राय को भाजपा किसान मोर्चा का प्रदेश मंत्री बनाये जाने से कार्यकर्ताओं में खुशी व्याप्त है।

## डीएम-एसपी ने किया मार्च

मऊ। आगामी त्योहारों को लेकर डीएम आनंद वर्द्धन ने एसपी कमलेश बहादुर के साथ कल देर शाम जनपद मुख्यालय स्थित महत्वपूर्ण दुर्गा पूजा पंडालों के लिए चिन्हित स्थलों, विसर्जन मार्गों एवं रामलीला मंचन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया।

# याद किये गये बापू-शास्त्री जी

मधुबन(मऊ)। तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सरकारी-गैर सरक. ारी संस्थानों, विद्यालयों, ग्राम पंचायतों और प्रशासनिक कार्यालयों में ध्वजारोहण, माल्यार्पण, गोष्ठी और स्वच्छता अभियान का आयोजन हुआ। सुबह सभी संस्थानों में बापू और शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि गांधी जी के सत्य, अहिंसा, शांति के विचार आज भी प्रासंगिक हैं, वहीं शास्त्री जी की सादगी, कर्तव्यनिष्ठा और उनके नारे 'जय जवान-जय किसान' को आत्मसात करने की जरूरत है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण कुंवर सिंह (शुभम) ने विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर बापू के आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प दिलाया। मधुबन नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि शंकर मद्धेशिया ने गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया। तहसील के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में विशेष कार्यक्रम हुए। इसमें श्रीकृष्णा अम्बेडकर महाविद्यालय शहीद मार्ग मधुबन, श्रीमती इंदिरा गांधी पीजी कालेज डुमरी मर्यादपुर, शहीद इंटर कालेज मधुबन, शहीद अछैवर मल्ल महिला महाविद्यालय मधुबन, सुभागी देवी इंटर कालेज मधुबन, आईडी इंटर कालेज चचाईपार, फतहपुर गर्ल्स इंटर कालेज फतहपुर तालरतोय, जूनियर हाईस्कूल मधुबन में बच्चों ने महापुरुषों की वेशभूषा धारण कर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत दुबा. री में स्वच्छता अभियान चलाकर 'स्वच्छ भारत' का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रबंधक हरिश. चंद्र यादव, प्रबंधक प्रमोद कुमार मल्ल, प्रबंधक धीरेंद्र मल्ल, प्राचार्या सुनीता सिंह, प्रधानाचार्या चन्द्रकांती शुक्ला, प्रबंधक डा. संजीव कुमार मल्ल, प्रबंधक ओमप्रकाश यादव, सपन कन्नौजिया, सभासद राजकुमार राजभर, हरिमोहन सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। अंत में मिष्ठान वितरण किया गया।

# उम्रका असर है, हड्डियोंमें अब होता है दर्द-अजय देवगन



**अजय देवगन इस वक्त अपनी अपकमिंग फिल्म दृश्यम 3 को लेकर चर्चा में हैं। अजय देवगन ने कहा- चाहे गोलमाल हो या दृश्यम हो, वहां विजय सलगांवकर या गोपाल या सिंघम चला है, लोग इन किरदारों से जुड़ते हैं, तभी आप सीक्वल बना सकते हैं। उन्होंने कहा है- मैंने इतने स्टंट किए हैं उसका असर अब नजर आता है, हड्डियां अब दर्द होती हैं।**

रीजनल सिनेमा हो या हॉलिवुड, बाकी क्षेत्रों की फिल्मों के मुकाबले हिंदी फिल्में बनाना कहीं ज्यादा मुश्किल है। यह कहना है बॉलिवुड के सुपरस्टार अजय देवगन का। इंडस्ट्री में 35 साल लंबा सफर तय कर चुके निर्माता-निर्देशक अजय देवगन फिक्की फ्रेम्स में अपनी अपकमिंग फिल्म दृश्यम 3 को लेकर बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, मैं किसी दूसरे सिनेमा का क्रेडिट कम नहीं कर रहा। आप पारंपरिक सिनेमा कहें या इंटरनैशनल, हर जगह फिल्म बनाना मुश्किल काम है, पर मुझे लगता है कि हिंदी फिल्म बनाना सबसे मुश्किल है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि आपको पता ही नहीं होता कि आपकी टारगेट ऑडियंस कौन है। जब आप पंजाबी, तेलुगु या तमिल फिल्म बनाते हैं, तो आपको अपना दर्शक वर्ग पता होता है, क्योंकि वह एक खास जगह के लिए बनाई जा रही है। आपको वहां के दर्शकों की नब्ज पता होती है तो आप उसी हिसाब से फिल्म बनाते हैं। जबकि, हिंदी में हर 80-90 किमी के बाद भाषा बदल जाती है, लोग की सोच बदल जाती है। यहां मास और क्लास का फर्क है। शहरी दर्शक, छोटे शहरों के दर्शक, सबअर्ब्स के दर्शक, तो होता क्या है कि एक वर्ग के दर्शकों को फिल्म पसंद आती है, तो दूसरे को नहीं आती, जिससे बिजनेस उतना बड़ा नहीं हो पाता। यहां हमें हर किसी को टारगेट करना पड़ता है, इसलिए मुझे लगता है कि हिंदी फिल्म लिखना और बनाना सबसे मुश्किल काम है। यहां दृश्यम के सीक्वल की सफलता पर बात करते हुएअजय देवगन ने कहा, मेरा मानना है कि सीक्वल नहीं किरदार चलते हैं। आप किसी भी सीक्वल को उठाकर देख लो, वो चाहे गोलमाल हो या दृश्यम हो, वहां विजय सलगांवकर या गोपाल या सिंघम चला है। जब लोग इन किरदारों से जुड़ते हैं, तभी आप सीक्वल बना सकते हैं। आप किसी फिल्म का सीक्वल सिर्फ इसलिए सीक्वल नहीं बना सकते क्योंकि वह बहुत कमाल की थी और लोगों ने उसे खूब पसंद किया। लोगों को उन किरदारों से प्यार होना चाहिए। क्या इतने लंबे समय तक एक किरदार को बार-बार निभाते हुए अजय उनसे अटैचमेंट भी महसूस करते हैं? इस सवाल पर उनका कहना था, नहीं, मैं किरदार के साथ अटैच नहीं होता हूं। हां, आप उस किरदार को पसंद करने लगते हैं लेकिन अगर ऐक्टर्स अपने किरदारों से अटैच होने लगेंगे तो वे पागल हो जाएंगे। तो आपको पता ही नहीं चलेगा कि आप असल जिंदगी में कौन हैं। आप अपनी असल जिंदगी में भी किरदार ही निभाने लगेंगे। तो आपको उससे डिटैच होना जरूरी है। बदलते वक्त के साथ खुद को री-इन्वेंट करने के सवाल पर उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि हम खुद को री-इन्वेंट कर रहे हैं। असल में हम दर्शकों की सोच के साथ बस कदमताल करने की कोशिश कर रहे हैं। कोविड महामारी के बाद हमें यह समझ में आया कि उस दौरान जब दर्शक घरों में बैठे थे, उन्होंने इंटरनैशनल और हर भाषा का भारतीय सिनेमा खूब देखा। फिर जब चीजें सामान्य हुईं और हमने दोबारा फिल्में रिलीज करनी शुरू कीं तो हमें अहसास हुआ कि दर्शक हमसे काफी आगे निकल चुके हैं और अब हमें उनके साथ कदम मिलाने की जरूरत है। हम वही कोशिश कर रहे हैं और दर्शक जिस तेजी से बदल रहे हैं, उनके साथ कदम मिलाना मुश्किल है। वे लगातार आगे बढ़ रहे हैं। इसलिए हमें लगातार सुधार करना होगा, सीखना होगा और अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाना होगा, क्योंकि दर्शक हमसे ज्यादा समझदार हैं। हम उन्हें बेवकूफ नहीं बना सकते। अजय देवगन की चर्चित फ्रेंचाइजी दृश्यम की तीसरी और आखिरी कड़ी जल्द आने वाली है। अजय ने बताया कि यह हिंदी फिल्म मलयालम सिनेमा के दिग्गज मोहनलाल स्टारर फिल्म से बिल्कुल अलग है। यह पूरी नई कहानी है। मुझे भले ही एक्शन फिल्मों के लिए जाना जाता रहा हो। इस फिल्म में भले ही मैंने एक्शन ना किया हो लेकिन उम्र के साथ एक ठहराव और आत्मविश्वास आया है। इसलिए किरदार वही है, लेकिन उसे निभाने का तरीका थोड़ा अलग महसूस हो सकता है। पर यहां मैं कहना चाहूंगा कि बेशक चेहरे से उम्र का पता नहीं चलता लेकिन जब आप जब सुबह सोकर उठते हैं हड्डियां दर्द होती हैं तो उम्र का पता चलता है। पहले जो मैंने इतने स्टंट किए हैं उसका असर अब नजर आता है।

**किरदार वही है, लेकिन उसे निभाने का तरीका थोड़ा अलग महसूस हो सकता है। पर यहां मैं कहना चाहूंगा कि बेशक चेहरे से उम्र का पता नहीं चलता लेकिन जब आप जब सुबह सोकर उठते हैं हड्डियां दर्द होती हैं तो उम्र का पता चलता है। पहले जो मैंने इतने स्टंट किये हैं उसका असर अब नजर आता है।**

# फिल्म नयी नवेली कॉमेडी, रहस्य, फैंटेसी और एक्शनका जबरदस्त मेल- यामी गौतम

मेकर्स ने अभिनेत्री यामी गौतम की आगामी फिल्म नई नवेली का ट्रेलर आज जारी कर दिया है, जिसके बाद फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। जानिए कैसा है फिल्म का ट्रेलर। फिल्म में यामी गौतम धर एक बिल्कुल अलग और अनदेखे अंदाज में नजर आने वाली हैं। ट्रेलर की शुरुआत एक शादी से होती है। परिवार वालों को लगता है कि उनके घर में एक साधारण बहू आई है। लेकिन आगे चलकर धीरे-धीरे नए-नए रहस्य सामने आने लगते हैं।

**शादी की रस्में, परिवार के सदस्यों की नोक-झोंक और अलग-अलग तरह के किरदार कहानी को मजेदार बनाते हैं। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, परिवार के बीच छिपे कई राज सामने आने लगते हैं।**



परिवार के एक सदस्य को लगता है कि भाभी डायन है, लेकिन शुरुआत में कोई नहीं मानता। धीरे-धीरे बहू का असली रूप देखने को मिलता है। हालांकि ट्रेलर से फिल्म की कहानी पूरी तरह समझ नहीं आती है, क्योंकि ट्रेलर के आखिरी में रावण का भी जिक्र होता है और एक्शन सीन्स भी नजर आते हैं। 'नई नवेली' में यामी गौतम मोहिनी का किरदार निभा रही हैं। फिल्म की कहानी मेरठ की पृष्ठभूमि पर आधारित है। ट्रेलर की शुरुआत एक आम भारतीय परिवार और उसकी नई बहू से होती है। शादी की रस्में, परिवार के सदस्यों की नोक-झोंक और अलग-अलग तरह के किरदार कहानी को मजेदार बनाते हैं। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, परिवार के बीच छिपे कई राज सामने आने लगते हैं। फिल्म में 'भाभी डायन है' वाला रहस्य भी कहानी का अहम हिस्सा है। हालांकि, ट्रेलर को देखकर साफ है कि मामला सिर्फ एक डायन तक सीमित नहीं है। कहानी धीरे-धीरे एक ऐसी दुनिया में पहुंचती है, जहां कॉमेडी, रहस्य, फैंटेसी और एक्शन का जबरदस्त मेल देखने को मिलेगा। फिल्म का निर्देशन बालाजी मोहन ने किया है। इसकी कहानी हिमांशु शर्मा और दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा फिल्म के निर्माता हैं। फिल्म का संगीत जी.वी. प्रकाश कुमार ने दिया है। 'नई नवेली' 16 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# रिस्क लेकर यहां तक पहुंचा हूं- आयुष्मान खुराना



आयुष्मान खुराना आज बॉलीवुड के उन एक्टर्स में गिने जाते हैं, जिन्होंने अपनी अलग तरह की फिल्मों से इंडस्ट्री में पहचान बनाई। लेकिन इस मुकाम तक पहुंचने का सफर आसान नहीं था। चंडीगढ़ से निकले आयुष्मान ने थिएटर किया, रेडियो जॉकी बने, एमटीवी पर वीजे रहे और कई ऑडिशन दिए। उन्हें इंडियन आइडल-2 में भी रिजेक्शन मिला। 2012 में 'विक्की डोनर' से फिल्मी करियर शुरू हुआ। पहली फिल्म हिट हुई। इसके बाद लगातार तीन फिल्में नहीं चलीं। फिर 'दम लगा के हईशा' से करियर ने दोबारा रफ्तार पकड़ी। इसके बाद 'बरेली की बर्फी', 'शुभ मंगल सावधान', 'अंधाधुन', 'बधाई हो', 'आर्टिकल 15', 'ड्रीम गर्ल' और 'बाला' जैसी फिल्मों ने उन्हें अलग पहचान दिलाई। आयुष्मान खुराना का जन्म 14 सितंबर 1984 को चंडीगढ़ में हुआ। उनकी शुरुआती पढ़ाई चंडीगढ़ के सेंट जॉन्स हाई स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने डीएवी कॉलेज, चंडीगढ़ से इंग्लिश लिटरेचर की पढ़ाई की और पंजाब यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन स्टडीज से पत्रकारिता में पोस्ट ग्रेजुएशन किया। उनके पिता पी. खुराना जाने-माने ज्योतिषी थे, जबकि मां पूनम खुराना ने हिंदी में एमए किया था। परिवार का माहौल पढ़ाई, साहित्य और कला से जुड़ा रहा। आयुष्मान ने कॉलेज के दिनों में थिएटर किया और दो थिएटर ग्रुप भी बनाए। एक्टिंग की दुनिया में आने से पहले आयुष्मान ने डॉक्टर बनने का सपना देखा था। उन्होंने 11वीं में साइंस ली थी और कर्नाटक के एक डेंटल कॉलेज में उन्हें सीट भी मिल गई थी। लेकिन तभी उनका रुझान थिएटर की तरफ बढ़ा। उन्होंने मेडिकल की पढ़ाई छोड़कर आर्ट्स और थिएटर चुना। डीएवी कॉलेज में उन्होंने थिएटर ग्रुप बनाए और स्ट्रीट प्ले किए। थिएटर में काम करते हुए आयुष्मान ने सामाजिक मुद्दों को समझा। यही अनुभव आगे चलकर उनकी फिल्मों के विषयों में भी दिखाई दिया। 2004 में आयुष्मान ने एमटीवी रोडीज सीजन-2 जीता। इसके बाद उन्हें पहचान मिलने लगी, लेकिन उन्होंने तुरंत मुंबई जाकर फिल्मों में किस्मत नहीं आजमाई। पोस्ट ग्रेजुएशन के दौरान उन्होंने रेडियो में काम शुरू किया। बाद में वे एमटीवी के वीजे बने और कई शो होस्ट किए। फिल्मों में आने से पहले आयुष्मान ने अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान जैसे सितारों का इंटरव्यू भी लिया था। फिल्मफेयर को दिए इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि इन सितारों से बातचीत ने उन्हें समझने में मदद की कि स्टार भी आम इंसानों की तरह होते हैं।'विक्की डोनर' के बाद आयुष्मान की 'नौटंकी साला!','बेवकूफियां' और 'हवाईजादा' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाईं। खुद आयुष्मान ने माना कि 'विक्की डोनर% के बाद वह काफी कन्फ्यूज थे। उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि किस तरह की फिल्में करनी चाहिए। उन्होंने बाद में बताया कि तीन लगातार फिल्मों के अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के बाद उनका नजरिया बदला।

**कभी रेडियो जॉकी और टीवी होस्ट रहे आयुष्मान ने रिजेक्शन और उतार-चढ़ाव के बावजूद जोखिम उठाए और अपनी प्रतिभा से बॉलीवुड में खास मुकाम बनाया।**

# शोहरतकी ऊंचाइयों तक पहुंचने वाले दिग्गज एक्टर संजीव कुमार



हिंदी सिनेमा में कुछ सितारे ऐसे रहे हैं, जिनकी अदाकारी ने उन्हें हमेशा के लिए अमर कर दिया. संजीव कुमार उन्हीं नाम में से एक है. कभी पर्दे पर कभी गंभीर तो कभी बेहद सहज अंदाज में नजर आने वाले संजीव कुमार ने अपनी जिंदगी में पैसों की तंगी भी देखी और शोहरत के शिखर तक भी पहुंचे. शुरुआती दिनों में हालात ऐसे थे कि परिवार की जरूरतें पूरी करने के लिए उन्हें जैसी फिल्में मिलती थीं, वे कर लेते थे. लेकिन जब कामयाबी मिली तो ये दिग्गज एक्टर अपने दोस्तों की मदद के लिए बिना हिसाब-किताब के लाखों रुपये देने लगा. असल में वो कंजूस नहीं बल्कि दरियादिल थे. संजीव कुमार को बॉलीवुड में हरी भाई के नाम से भी जाना जाता था। शोले, आंधी, त्रिशूल, कोशिश और मौसम जैसी फिल्मों में अपनी अदाकारी से उन्होंने खास पहचान बनाई. लेकिन इस मुकाम तक पहुंचने का उनका सफर आसान नहीं था. फिल्म पत्रकार हनीफ जावेरी ने मेरी सहेली पॉडकास्ट पर बातचीत के दौरान संजीव कुमार के शुरुआती स्ट्रगल के बारे में खुलकर बात की. बातचीत में बताया, जब संजीव फिल्मों में काम तलाश रहे थे, तब उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब थी। उनकी मां, पिता के घाटे में चल रहे कारोबार को संभाल रही थीं। संजीव के पास पहनने के लिए केवल दो जोड़ी कपड़े थे. ऐसे में परिवार की आर्थिक मदद करने के लिए उन्होंने मिलने वाले काम को करने का फैसला किया। हनीफ ने बताया कि संजीव को शायद यह भी अंदाजा नहीं था कि वे जिन फिल्मों में काम कर रहे हैं, वे सी-ग्रेड श्रेणी की हैं। उस वक्त उनके लिए काम मिलना और पैसे कमाना ज्यादा जरूरी था। संजीव कुमार को लेकर अकसर कहा जाता था कि वे काफी कंजूस थे. लेकिन हनीफ जावेरी ने इस धारणा को गलत बताया। उनके मुताबिक, संजीव ने अपने दोस्तों को करीब 96 लाख रुपये उधार दिए थे, जो उन्हें कभी वापस नहीं मिले। उन्होंने अपने ड्राइवर की शादी का खर्च भी उठाया था और एक दोस्त को कार तक गिफ्ट की थी। उन्होंने बताया इतना ही नहीं, संजीव कुमार ने अपनी वसीयत में ड्राइवर के बेटे की पढ़ाई के लिए भी दो लाख रुपये रखे थे। हनीफ ने कहा कि जो व्यक्ति दूसरों पर इस तरह पैसा खर्च करता हो, उसे कंजूस कहना सही नहीं है. लेकिन संजीव बस फिजूलखर्ची के खिलाफ थे। हनीफ ने बताया कि संजीव कुमार की दोस्ती शत्रुघ्न सिन्हा के साथ बेहद गहरी थी। जब शत्रुघ्न को पैसों की जरूरत पड़ी तो संजीव ने खुद आगे बढ़कर उनकी मदद की. उन्होंने करीब पांच से सात लाख रुपये दिए थे। यह मदद उन्होंने बिना किसी औपचारिक मांग के की थी। इसी तरह, बोनी कपूर को भी जरूरत के वक्त संजीव ने पैसे दिए थे. इस लेन-देन का कोई दस्तावेज नहीं बनाया गया था और संजीव के परिवार को भी इसकी जानकारी नहीं थी। संजीव के निधन के बाद बोनी कपूर ने वह रकम उनके परिवार को लौटा दी। संजीव कुमार की पर्सनल जिंदगी भी काफी चर्चा में रही। उनकी जिंदगी में हेमा मालिनी और नूतन के साथ रिश्तों के किस्से जुड़े रहे। बाद में सुलक्षणा पंडित भी उनसे प्यार करने लगी थीं, हालांकि, हनीफ जावेरी के मुताबिक, संजीव सुलक्षणा को पसंद करते थे, लेकिन उनसे शादी नहीं करना चाहते थे। हनीफ ने बताया कि संजीव को लगता था कि उनकी जिंदगी ज्यादा लंबी नहीं होगी। उनके परिवार में पुरुषों की मौत 50 साल की उम्र से पहले हो गई थी। इसके अलावा, सुलक्षणा से मिलने तक उन्हें दो बार हार्ट अटैक आ चुका था। इसी वजह से उन्हें डर था कि वे भी कम उम्र में दुनिया छोड़ देंगे। वह किसी से शादी करके उसकी जिंदगी दुखों से नहीं भरना चाहते थे। उन्होंने बताया कि यही संजीव की शादी न करने की सबसे बड़ी वजह थी. संजीव कुमार ने 6 नवंबर 1985 को महज 47 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। पर्दे पर अपनी हर सांस से किरदारों में जान फूंकने वाले इस अजीम कलाकार की दास्तान सिर्फ शोहरत, कामयाबी और तालियों तक सीमित नहीं थी। उनकी असली जिंदगी संघर्षों के कांटे, रिश्तों की गहराई, बेपनाह दर्द और दिल खोलकर लुटाए गए प्यार की एक ऐसी मिसाल है, जो भारतीय सिनेमा के इतिहास में हमेशा अमर रहेगी।

**संजीव कुमार यानी हरी भाई ने कभी बेहद तंगहाली में भी दिन गुजारे थे। काम की तलाश में उन्हें छोटे बजट की फिल्मों का हिस्सा बनना पड़ा। लेकिन वक्त बदला और संजीव बॉलीवुड के बड़े सितारों में शामिल हो गया। खास बात ये रही कि दौलत आने के बाद भी उनका दिल छोटा नहीं हुआ। दोस्तों की मदद में उन्होंने लाखों रुपये खर्च किये।**

खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शवेदा कैप्सूल


सुविचार
दिन का आरंभ हमेशा सकारात्मक विचारों से करें, ताकि पूरा दिन सकारात्मक हो।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg amazon Flipkart



## अपनी जिंदगी

### इच्छा, दुःख और लाभ से मुक्ति

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

सुख, दु:ख, इच्छा और लाभ -ये केवल बाह्य परिस्थितियाँ नहीं, वरन मानवीय मन के आंतरिक रुझान और वृत्तियाँ हैं। जीवन की वास्तविक साधना इन चारों वृत्तियों के प्रति आसक्ति के परित्याग में निहित है। जब मनुष्य सुख को बलपूर्वक पकड़ने की चेष्टा करता है, तब वही सुख दु:ख में परिणत हो जाता है। अत: सुख की चाह का त्याग ही श्रेयस्कर है, जिससे दु:ख स्वत: लुप्त हो जाता है। दु:ख के आगमन पर विचलित हुए बिना, त्याग और समर्पण के माध्यम से उससे दूरी बनाना ही स्वाभाविक मार्ग है। मानव मन की एक विकृति यह भी है कि वह दु:ख में भी एक प्रकार के विकृत रस का अनुभव करने लगता है। लोग चिकित्सकों द्वारा किसी गंभीर व्याधि की घोषणा पर आंतरिक संतुष्टि का अनुभव करते हैं अथवा चलचित्रों में दुखांत दृश्यों को देखकर आनंद पाते हैं। अत: दु:ख का भी समूल त्याग आवश्यक है। इच्छा का निरंतर चिंतन मन में एक ज्वर उत्पन्न करता है, जो वर्तमान के आनंद को नष्ट कर देता है। इच्छा भविष्य का छलावा है, जबकि आनंद वर्तमान की स्थिति है। सांसारिक गृहस्थों हेतु इच्छाओं का दमन करने के स्थान पर, उन्हें ईश्वर या गुरु के चरणों में समर्पित कर देना ही मन को शांत करने का उपाय है। समर्पण से ही इच्छाओं की तृप्ति और मन की स्थिरता संभव है। लाभ का निरंतर चिंतन मनुष्य को लोभी और जड़ बनाकर प्रसन्नता से वंचित कर देता है। लाभ के त्याग का अर्थ व्यापार में स्वेच्छा से हानि उठाना नहीं, अपितु लोभ के मानसिक ज्वर से मुक्त होकर धर्म और बुद्धिमानी से व्यवहार चलाना है, क्योंकि यह नश्वर शरीर अंतत: मिट्टी में विलीन होने वाला है। आध्यात्मिक प्रगति में काले प्रतीक्षमाणे अर्थात् धैर्यपूर्वक काल की प्रतीक्षा का विशेष महत्त्व है। किसी शिक्षक या गुरु द्वारा निर्दिष्ट नियमों और विधियों का धैर्य पूर्वक अभ्यास किया जाना चाहिए। चेतना में निष्कपट विश्वास होना चाहिए। जीवंत प्रतीक्षा मन की जड़ता को नष्ट कर देती है। प्रतीक्षा के सिद्धांत का पालन करते हुए, हमें अपने जीवन को व्यर्थ के कार्यों में नहीं गंवाना चाहिए। एक सच्चा प्रेमी और साधक सदैव उपयोगी कर्मों में लीन रहकर संपूर्ण वातावरण को शांति, सामरस्य और प्रेम के परमाणुओं से शुद्ध करता है, जिससे समाज में व्याप्त क्रोध और दु:ख की ऊर्जा स्वत: विलीन होने लगती है।

**आध्यात्मिक प्रगति में काले प्रतीक्षमाणे अर्थात् धैर्यपूर्वक काल की प्रतीक्षा का विशेष महत्त्व है। किसी शिक्षक या गुरु द्वारा निर्दिष्ट नियमों और विधियों का धैर्य पूर्वक अभ्यास किया जाना चाहिए। चेतना में निष्कपट विश्वास होना चाहिए। जीवंत प्रतीक्षा मन की जड़ता को नष्ट कर देती है। प्रतीक्षा के सिद्धांत का पालन करते हुए, हमें अपने जीवन को व्यर्थ के कार्यों में नहीं गंवाना चाहिए। एक सच्चा प्रेमी और साधक सदैव उपयोगी कर्मों में लीन रहकर संपूर्ण वातावरण को शांति, सामरस्य और प्रेम के परमाणुओं से शुद्ध करता है, जिससे समाज में व्याप्त क्रोध और दु:ख की ऊर्जा स्वत: विलीन होने लगती है।**

# फिल्म 'हनुमान अंश' के पार्ट २ की तैयारी

महज डेढ़ करोड़ रुपए से कुछ ज्यादा के बजट में बनी 'हनुमान अंश' ने जिस तरह दर्शकों के बीच अपनी जगह बनाई, उसने फिल्म की अगली कड़ी की संभावनाओं को लेकर भी उत्सुकता बढ़ा दी है। बातचीत में फिल्म की निर्माता अनुप्रिया नागर ने बताया कि इसे आगे ले जाने का विचार सफलता मिलने के बाद पैदा नहीं हुआ, बल्कि फिल्म शुरू करने से पहले ही इसे एक फ्रेंचाइजी के रूप में विकसित करने की योजना थी। यहां तक कि शुरुआती स्तर पर तीन फिल्मों के बारे में सोचा गया था। हालांकि, दूसरे पार्ट की स्क्रिप्टिंग अभी शुरू नहीं हुई है और निर्देशक के दूसरी फिल्म साइन करने के कारण इसमें कुछ समय लग सकता है। इसके बावजूद अनुप्रिया नागर का कहना है कि कहानी और महाराज जी के जीवन से जुड़ी इतनी सामग्री है कि एक फिल्म में सब कुछ समेटना संभव नहीं। फिल्म बनाने से पहले ही हमारे मन में इसे फ्रेंचाइजी के तौर पर विकसित करने की बात थी। महाराज जी की इतनी सारी कहानियां हैं, उनके जीवन से जुड़ी इतनी अद्भुत लीलाएं हैं कि एक फिल्म में सब कुछ बताना संभव नहीं है। इसलिए शुरुआत में ही हमने तीन फिल्मों के बारे में सोचा था। लेकिन अभी मैं यह नहीं कह सकती कि दूसरी फिल्म कब आएगी। फिलहाल हमारा पूरा ध्यान पहली फिल्म को उसका पूरा न्याय देने पर है। हम अभी भी उसके साथ जुड़े काम कर रहे हैं। दूसरी फिल्म का विचार पूरी तरह मौजूद है, लेकिन उसकी राइटिंग अभी शुरू नहीं हुई है।हमारे डायरेक्टर ने एक दूसरी फिल्म साइन कर ली है, इसलिए स्वाभाविक तौर पर थोड़ा समय लगेगा। हमारी टीम ने अभी दूसरी फिल्म को लेकर पूरी तरह बैठकर चर्चा भी नहीं की है। जब तक वह बातचीत नहीं होती, तब तक तारीख बताना सही नहीं होगा। सच कहूं तो मैं भी इंतजार कर रही हूं कि कब महाराज जी बताएंगे कि यह फिल्म कब आएगी। मेरी सोच इस मामले में बहुत स्पष्ट है। मुझे लगता है कि पहली फिल्म जिस बजट में बनी, उसे उसी बजट में बनना चाहिए था। अगर हमने उसमें 10 या 20 करोड़ रुपए लगा दिए होते तो जरूरी नहीं कि फिल्म बेहतर बनती। हम जिस दौर की कहानी कह रहे हैं, उसमें सिर्फ किरदार ही महत्वपूर्ण नहीं हैं। लैंडस्केप, विजुअल टेक्सचर, वातावरण और उस समय की दुनिया भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। इसलिए हमारे लिए सबसे जरूरी चीज ऑथेंटिसिटी है। अगर समाज ने हमें इतना प्यार और सपोर्ट दिया है तो हम फिजूलखर्ची नहीं कर सकते।

